RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 134
लखनऊ, शुक्रवार, 5 मार्च, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सर्जरी के बाद अमिताभ बच्चन ने कविता पोस्ट की
विविध-12

# बढ़ी चिंता: 17 हजार के पार कोरोना के नए मामले

● पिछले आठ हफ्ते में सबसे ज्यादा, 89 लोगों की मौत

● सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में महाराष्ट्र, दूसरे स्थान पर केरल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लखनऊ के एक अस्पताल में कोरोना का टीका लगवाती एक बुजुर्ग महिला।

**दोबारा** जोर भर रहे कोरोना ने सरकार और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। देशभर में गुरुवार को 17000 से अधिक नए केस दर्ज किए गए। मरीजों का यह आंकड़ा आठ सप्ताह में सबसे अधिक हैं। यही नहीं, कोविड संक्रमण से 88.76 मौतें सिर्फ छह राज्यों में हुई हैं। इसी के साथ कुल मामलों की संख्या जहां 1,11,56,923 पहुंच गई, वहीं मरने वालों का आंकड़ा भी 1,57,435 हो गया है। बीते 24 घंटों में पूरे देश में 89 लोगों की जान इस महामरी से गई है। सबसे अधिक 42 मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। फिर केरल में 15 और तीसरे नंबर पर पंजाब में 12 जानें गई हैं। हालांकि, 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इस अवधि में एक भी मौत की खबर नहीं है। विशेषज्ञों ने बताया कि जनवरी के शुरुआती सप्ताह में केस बढ़ने शुरू हुए थे। उसके बाद से सक्रिय मामलों की दर धीरे-धीरे बढ़ रही है और अब यह वृद्धि दर 1.55 प्रतिशत तक हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों में बताया गया है कि बीते एक दिन में 14,031 रोगियों को अस्पतालों से छुट्टी मिली है और वर्तमान में 1,73,413 सक्रिय मरीज हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने में बरती जा रही लापरवाही कोरोना के केस बढ़ने का एक कारण हो सकती है। हालांकि राज्य सरकारों का तर्क अलग है। वे कहती हैं कि विवाह समारोहों तथा स्थानीय निकाय चुनाव की सरगर्मियों के कारण कोरोना की लहर ने तेजी पकड़ी है। अधिकारियों ने कहा कि फरवरी के मध्य में औसत दैनिक केस 9,000 से 12,000 के बीच थे, जबकि मृत्यु 78 से 120 के दरम्यान रही थी। बीते माह 9 फरवरी को देश में 9,110 नए कोरोना केस दर्ज किए गए थे, जो इस साल अब तक का सबसे कम आंकड़ा है। पिछले साल, तीन जून को सबसे कम 9,633 मामले दर्ज किए गए थे। जिन 23 राज्यों और केंद्र षासित प्रदेशों में पिछले 24 घंटों में कोविड के कारण एक भी मौत नहीं हुई, उनमें मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, ओडिषा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड, झारखंड, पुदुचेरी, असम, लक्षद्वीप, नागालैंड, सिक्किम, लद्दाख, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, दमन-द्वीप एंड दादर एवं नागर हवेली तथा अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं। कोरोना टीकाकरण जब 16 जनवरी को शुरू हुआ था तो उसके बाद स अब तक देशभर में 1,66,16,048 लोगों को वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है। इस बीच, हैदराबाद में किए गए ताजा सीरो प्रवलेंस सर्वे से पता चला है कि शहर में लगभग 54 प्रतिषत आबादी तक वायरस का संक्रमण पहुंच गया है और इस बड़ी आबादी ने वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित कर ली है। यह अध्ययन सेलुलर और आणविक जीवविज्ञान (सीसीएमबी), आईसीएमआर, राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) और दवा निर्माता कंपनी भारत बायोटेक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। सीसीएमबी के निदेशक डॉक्टर राकेश मिश्रा ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि हैदराबाद की आबादी धीरे-धीरे हर्ड इम्यूनिटी की ओर बढ़ रही है। इससे निष्चित रूप से टीकाकरण अभियान को गति मिलेगी।

## वैक्सीन के वर्गीकरण का कारण बताए केंद्र: कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से कोविड-19 का टीका पाने के लिए विशिष्ट वर्गीकरण किए जाने के पीछे का कारण बताने को कहा है। केंद्र सरकार ने चरणबद्ध तरीके से टीकाकरण को मंजूरी दी है। इसके तहत पहले चरण में चिकित्साकर्मियों तथा अग्रिम मोर्चे के कर्मियों का टीकाकरण किया गया है। अब दूसरे चरण में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। इसके अलावा, 45 वर्ष से 60 साल की आयु वर्ग के उन लोगों को टीका दिया जा रहा है, जिन्हें पहले से कोई गंभीर बीमारी है। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक को कोरोना टीके की विनिर्माण क्षमता की जानकारी देने का भी निर्देश दिया है।

## पूर्व के वैरिएंट से ज्यादा संक्रामक है यूके स्ट्रेन

कोविड-19 पर नई रिपोर्ट

● देश में यूके, दक्षिण अफ्रीकी और ब्राजीलियाई स्ट्रेन के केस बढ़कर 242 पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** के नये स्ट्रेन पूर्व के अन्य वैरिएंट से ज्यादा संक्रामक हैं। बीते साल नवंबर में उभरे यूके स्ट्रेन ने ये साबित कर दिया है। यह खुलासा एक ताजा अध्ययन में हुआ। इस अध्ययन ने भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है, क्योंकि देश में यूके, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के स्ट्रेन से संक्रमित मरीजों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 242 हो गई। साइंस जर्नल में प्रकाशित एक नए मॉडलिंग अध्ययन के अनुसार, नए कोविड-19 स्ट्रेन अधिक संक्रामक हैं और तेजी से फैलते हैं। चिंता की बात यह भी है कि इन स्ट्रेन से पीड़ित रोगियों पर टीका भी ज्यादा कारगर नहीं हो सकता है। हालांकि, इस अध्ययन का आधार व्यापक नहीं है, क्योंकि इस सर्वे में अपेक्षाकृत कम संख्या में मरीजों को जोड़ा गया है और टीकाकरण अभियान को भी उतने अधिक प्रभावी ढंग से शामिल नहीं किया गया, जितना होना चाहिए था।

शोध में कहा गया है कि यदि शिक्षण संस्थानों को आंषिक रूप से बंद करने और टीकाकरण अभियान में तेजी लाने समेत बचाव के कड़े नियम नहीं लागू किए गए तो पिछले साल के मुकाबले इस साल इंग्लैंड में कोविड-19 से पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती और मौतों का आंकड़ा बहुत अधिक होगा। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि नया स्ट्रेन कोविड-19 के पहले से मौजूद वैरिएंट की तुलना में 43-90 प्रतिशत अधिक संक्रामक है।

## गोरखपुर में पहली बार आठ हजार करोड़ का निवेश: योगी



गोरखपुर में बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा आयोजित वृहद ऋण वितरण शिविर में एक बच्चे को गोद में उठाए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खाद कारखाना के रूप में गोरखपुर में पहली बार आठ हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है। खाद कारखाना शुरू होने के साथ ही स्किल डेवलपमेंट सेंटर भी शुरू किया जाएगा। खाद कारखाना से किसानों को समय से यूरिया मिलेगी तो युवाओं को रोजगार।

स्किल डेवलपमेंट सेंटर से युवाओं को खाद कारखाना के साथ ही बाहर भी रोजगार मिलेगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का भी काम अंतिम चरण में है। खाद कारखाने के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1990 में खाद कारखाना बंद हुआ था। 26 वर्ष बाद वर्ष 2016 में नए खाद कारखाने का शिलान्यास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया था। किसानों को समय से खाद एवं रसायन के लिए देश पर ही निर्भर रहने के लिए प्रधानमंत्री ने क्षमता विकसित की।

वर्ष 2018 में खाद कारखाना का काम शुरू हुआ। एक वर्ष से देश और दुनिया महामारी से जूझ रहे हैं। इसके बाद भी हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की प्रगति संतोषजनक है। जो काम बचे हैं उन्हें कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर पूरा किया जाए। प्रयास होगा कि प्रधानमंत्री को गोरखपुर आमंत्रित कर खाद कारखाना को राष्ट्र को समर्पित कराया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रेल मंत्रालय के सहयोग से उर्वरक (शेष पेज 9)

## मुन्ना बजरंगी गिरोह का शार्प शूटर साथी सहित मुठभेड़ में ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वाराणसी** में सात वर्ष पूर्व डिप्टी जेलर की हत्या कर सनसनी फैला देने वाले माफिया डॉन मुन्ना बजरंगी गिरोह के शार्प शूटर वकील पांडे और एचएस अहमद को एसटीएफ ने प्रयागराज जिले में हुई मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। अपराधियों के कब्जे से 9 एमएम और 30 बोर की एक-एक पिस्टल, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

विगत लगभग डेढ़ दशक से उप्र के विभिन्न जिलों व झारखण्ड आदि प्रान्तों में आतंक का पर्याय बने कुख्यात दुर्दान्त अपराधी वकील पाण्डेय उर्फ राजीव पाण्डेय उर्फ राजू व उसके साथी कुख्यात एवं दुर्दान्त अपराधी अमजद उर्फ अंगद उर्फ पिण्टू उर्फ डाक्टर के खिलाफ डकैती, लूट, हत्या एवं सुपारी किलिंग की सनसनीखेज घटनाओं के तमाम मुकदमे दर्ज हुए हैं। माफिया मुन्ना बजरंगी व माफिया दिलीप मिश्रा के कहने पर अभियुक्त वकील पांडेय अपने गैंग के मनबढ़ सदस्यों अमजद, अमन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अभिनव सिंह जैसे लगभग एक दर्जन सहअभियुक्तों के साथ अपने आपराधिक कृत्यों से आतंक का पर्याय बन गया था। उन लोगों की लगभग डेढ़ से दो दर्जन आपराधिक घटनाओं की फेरहिस्त में वर्ष 2013 में वाराणसी के थाना कैण्ट की बहुचर्चित घटना, जिसमें अर्दली बाजार, वाराणसी जाते समय तत्कालीन डिप्टी जेलर अनिल कुमार त्यागी की चुनौतीपूर्ण दिनदहाड़े निर्मम हत्या कर जेल प्रशासन को भयग्रस्त करते हुए चुनौती दी गयी कि मुन्ना बजरंगी व मुख्तार अंसारी गैंग के कैदियों के साथ अगर जेल में सख्ती हुई तो इसी तरह का परिणाम होगा।

17 जून 2020 को सोशल मीडिया पर एक लेटर वायरल हुआ था जो विजय मिश्र विधायक ज्ञानपुर, भदोही द्वारा अपने लेटर पैड पर गृह मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को सम्बोधित करते हुए दिया गया। जिसमें उन्होंने वकील उर्फ राजीव पाण्डेय से अपनी जानमाल का खतरा बताते हुए कार्रवाई करने की अपेक्षा की थी। 28 मई 2020 को माफिया दिलीप मिश्रा (शेष पेज 9)

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर 25 हजार का ईनाम घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ के विभूतिखंड स्थित कठौता चौराहे के पास बीती छह जनवरी 2021 को जनपद मऊ जिले के मोहम्मदाबाद गोहना निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह हत्याकांड के मामले में साजिश रचने के आरोपी पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर गुरुवार को डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। अदालत की सख्ती और डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन द्वारा गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित होने पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की मुसीबत और बढ़ गई है। वहीं जानकारों की मानें तो धनंजय पर ईनाम घोषित होते ही उसे पकड़ने के लिए लखनऊ के अलावा जौनपुर, आजमगढ़, वाराणसी, गाजीपुर, गोरखपुर सहित कई जिलों में जाल बिछा दिया है। सनद रहे कि बीती छह जनवरी 2021 की शाम राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड क्षेत्र स्थित कठौता चौराहे के पास असलहों से लैस बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर जनपद मऊ जिले के मोहम्मदाबाद गोहना निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख (शेष पेज 9)

## कुछ ओटीटी प्लेटफार्म अश्लील सामग्री करते हैं प्रसारित: कोर्ट

● शीर्ष अदालत ने कहा-ऐसे कार्यक्रमों पर नजर रखने के लिए एक तंत्र जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि ओवर दी टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर कई बार किसी न किसी तरह की अश्लील सामग्री दिखाई जाती है और इस तरह के कार्यक्रमों पर नजर रखने के लिए एक तंत्र की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की पीठ ने सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह सोशल मीडिया के नियमन संबंधी सरकार के हालिया दिशा-निर्देशों के बारे में शुक्रवार को जानकारी दें। इसी दिन अमेजन प्राइम की इंडिया प्रमुख अर्पणा पुरोहित की अग्रिम जमानत के लिए याचिका पर भी सुनवाई हो सकती है। पुरोहित ने अपनी याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 25 फरवरी के आदेश को चुनौती दी है जिसमें वेब श्रृंखला तांडव को लेकर उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में दिए गए अग्रिम जमानत के उनके अनुरोध को अदालत ने अस्वीकार कर दिया था। पीठ ने कहा, संतुलन कायम करने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री भी दिखाई जा रही है। पुरोहित की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अपनी मुवक्किल के खिलाफ मामले को हैरान करने वाला बताया और कहा कि वह तो अमेजन की एक कर्मचारी हैं, न कि निर्माता या कलाकार लेकिन फिर भी उन्हें देशभर में वेब श्रृंखला तांडव से जुड़े करीब दस मामलों में आरोपी बना दिया गया। तांडव, नौ कड़ियों वाली एक राजनीतिक वेब श्रृंखला है जिसमें बालीवुड अभेनता सैफ अली खान, डिंपल कपाडिया और मोहम्मद जीशान अय्यूब ने अभिनय किया है।

## 61 अनुपयोगी कानून समाप्त, विधानमंडल का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा व विधान परिषद में बजट पास होने के बाद विधानमंडल का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं विधान सभा में गुरुवार को भारी हंगामें और विपक्ष के बायकाट के बीच सरकार ने उप्र निरसन विधेयक 2021 पारित किया। इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद से अनुपयोगी 61 कानून समाप्त हो गए हैं। गुरुवार को विधानसभा के बजट सत्र का अंतिम दिन था। बजट सत्र के अंतिम दिन उप्र निरसन विधेयक 2021 को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यसूची में लाए जाने के विरोध में संपूर्ण विपक्ष ने सदन से वाकआउट किया। विपक्ष का कहना था कि जब आज की बैठक में संपूर्ण बजट पारित हो गया है और दलीय नेताओं द्वारा नेता सदन और संसदीय कार्यमंत्री के प्रति आभार जताया जा चुका है, तब इस तरह का विधेयक लाए जाने का कोई औचित्य नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार (शेष पेज 9)

## दरोगा ने अपनी सर्विस पिस्टल से गोली मार कर जान दी

● सचिवालय के गेट नंबर सात पर हुई घटना, मौके से मिले सुसाइड नोट में अपनी बीमारी को बताया वजह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



मृतक दरोगा की फाइल फोटो

**घरेलू** कलह, डिप्रेशन या विभागीय प्रताड़ना। वजह कोई भी रही हो लेकिन राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित सचिवालय के गेट नम्बर-7 पर बंथरा थाने में तैनात दारोगा निर्मल कुमार चौबे (53) ने खुद को सर्विस पिस्टल से सीने पर गोली मार ली और खून से लथ-पथ होकर गिर पड़े।

यह देख सचिवालय के आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते वहां पर तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायल एसआई को सिविल अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के अलावा संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था नवीन अरोरा सहित कई पुलिस अधिकारी सिविल अस्पताल पहुंचे। मौके से मिले सुसाइड नोट में लिखा है कि बीमारी से परेशान होकर जा रहा हूँ मेरे बच्चों का ख्याल रखा जाए। फिलहाल अभी तक पुख्ता रूप से यह पता नहीं चल सका है कि दरोगा ने यह कदम क्यों उठाया।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक बंथरा थाने में तैनात दरोगा निर्मल कुमार चौबे मूल रूप से जनपद वाराणसी के रहने (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,846 | ⬇ | 598 | |
| निफ्टी | 15,080 | ⬇ | 164 | |
| सोना | 44,372 | ⬇ | 217 | /10g |
| चांदी | 66,598 | ⬇ | 1217 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### परिसीमन आयोग का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, असम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए पिछले साल मार्च मे स्थापित किए गए परिसीमन आयोग को कार्य पूरा करने के लिए विस्तार दिया गया है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। अधिसूचना में कहा गया कि आयोग के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया गया है और अब यह केवल जम्मू कश्मीर संघ शासित क्षेत्र मे परिसीमन का कार्य देखेगा। आयोग को पूर्वोत्तर के चार राज्यों की लोकसभा और विधानसभा सीटों के पुनर्गठन और जम्मू कश्मीर में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का काम सौंपा गया था।

## अनुराग, तापसी पन्नू व अन्य पर की गई छापेमारी के बाद 650 करोड़ की गड़बड़ी मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि आयकर विभाग द्वारा दो फिल्म निर्माण कंपनियों, दो प्रतिभा प्रबंधन कंपनी और एक मशहूर अभिनेत्री के ठिकानों पर की गई छापेमारी में 650 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय अनियमित्ताओं का पता चला है।

हालांकि, उसने किसी का नाम नहीं लिया। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और फिल्मकार अनुराग कश्यप व उनके साझेदारों के घरों और कार्यालयों पर बुधवार को छापेमारी की थी। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी फैंटम फिल्म्स के खिलाफ कर चोरी की जांच का एक हिस्सा है। यह छापेमारी मुंबई, पुणे और हैदराबाद में 30 स्थानों पर की गई जिसमें सेलिब्रिटी और प्रतिभा प्रबंधन कंपनी केडब्ल्यूएएन और ऐक्सीड के कुछ अधिकारी भी शामिल हैं।

छापेमारी की कार्रवाई के एक दिन बाद बिना किसी का नाम लिए सीबीडीटी ने कहा कि जिन कंपनियों के परिसरों की तलाशी ली गई, वे फिल्म, वेब सीरीज के निर्माण और अभिनय, निर्देशन (शेष पेज 9)

## हाईकोर्ट ने यूपी में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्युनल के गठन पर लगाई अंतरिम रोक

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने बगैर इजाजत उत्तर प्रदेश में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्युनल के गठन पर अंतरिम रोक लगा दी है। कहा है कि अदालत की अनुमति के बिना केंद्र सरकार व जीएसटी काउंसिल द्वारा उत्तर प्रदेश में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्युनल का गठन नहीं किया जाएगा। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को तय की है। बुधवार को इसी तरह हाईकोर्ट की इलाहाबाद खंडपीठ ने एजूकेशन ट्रिब्युनल के गठन पर रोक लगा दी थी। चीफ जस्टिस गोविंद माथुर एवं जस्टिस रितुराज अवस्थी की पीठ ने यह आदेश अवध बार एसोसिएशन की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में 14 मार्च, 2020 को जारी जीएसटी काउंसिल के प्रस्ताव को चुनौती दी गई हैं। इस प्रस्ताव के जरिए काउंसिल (शेष पेज 9)

## बेंगलुरु, शिमला रहने के लिए सबसे बेहतर शहर

जीवन सुगमता सूचकांक

● दिल्ली को मिला 13वां स्थान, पुणे को दूसरी और अहमदाबाद को तीसरी रैंक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शिमला नगर का प्रतीकात्मक फोटो

**सरकार** के जीवन सुगमता सूचकांक में 111 शहरों में से बेंगलुरू को रहने के लिए देश का सबसे सुगम शहर चुना गया है। इस सूचकांक में पुणे दूसरे और अहमदाबाद तीसरे स्थान पर रहा।

चेन्नई, सूरत, नवी मुंबई, कोयंबटूर, वडोदरा, इंदौर और ग्रेटर मुंबई भी शीर्ष 10 शहरों में शामिल रहे। 10 लाख से अधिक की आबादी की इस श्रेणी में जीवन सुगमता सूचकांक में शामिल 49 शहरों में दिल्ली 13वें और श्रीनगर सबसे निचले स्थान पर रहा। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को यह सूचकांक जारी किया। सूचकांक के अनुसार, 10 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शिमला शीर्ष पर रहा। इस श्रेणी में भुवनेश्वर दूसरे और सिलवासा तीसरे स्थान पर रहा। काकीनाडा, सेलम, वेल्लोर, गांधीनगर, गुरुग्राम, दावणगेरे और तिरुचिरापल्ली इस श्रेणी में शीर्ष 10 शहरों में शामिल रहे। कुल 62 शहरों की इस श्रेणी में मुजफ्फरपुर सबसे निचले पायदान पर रहा। 10 लाख से अधिक की आबादी की श्रेणी में जीवन सुगमता सूचकांक में गाजियाबाद 30वें, प्रयागराज 32वें, पटना 33वें, मेरठ 36वें और फरीदाबाद 40वें पायदान पर रहा। शहरों के प्रदर्शन को चार व्यापक मापदंडों पर मापा गया है, जिसमें शासन एवं सामाजिक, भौतिक और आर्थिक बुनियादी ढांचा शामिल हैं।

देश के 111 शहरों में किए गए नागरिक धारणा सर्वेक्षण में 32.2 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। पुरी ने कहा, ये शहर विकास का प्रारूप बनकर उभरे हैं जोकि अन्य को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे। वर्ष 2018 में जारी जीवन सुगमता सूचकांक में पुणे को रहने के लिहाज से देश का सबसे अच्छा शहर माना गया था। तब दूसरे स्थान पर नवी मुंबई और तीसरे पर ग्रेटर मुंबई था जोकि वर्ष 2020 के सूचकांक में क्रमश: छठे और 10वें स्थान पर लुढ़क गए हैं।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने 10 लाख से कम आबादी की श्रेणी में नगरपालिका प्रदर्शन सूचकांक 2020 में पहला स्थान हासिल किया। इस श्रेणी में तिरुपति, गांधीनगर, करनाल, सेलम, तिरुपुर, बिलासपुर, उदयपुर, झांसी और तिरुनेलवेली शीर्ष 10 स्थान पर रहे। इंदौर ने 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में नगरपालिका प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस श्रेणी में दूसरा स्थान सूरत और तीसरा स्थान भोपाल ने हासिल किया। पिंपरी चिंचवड़, पुणे, अहमदाबाद, रायपुर, ग्रेटर मुंबई, विशाखापत्तनम और वडोदरा इस श्रेणी में शीर्ष 10 स्थान पर रहे।

# हंगामे के बीच सरकार ने पारित कराया बजट

● विधान सभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** सभा में भारी हंगामें और विपक्ष के वाकआउट के बीच योगी सरकार ने अपना साढ़े पांच लाख करोड़ से अधिक का बजट पास करा लिया और सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। मात्र दो मिनट में ही सरकार ने भारी-भरकम बजट पारित करा लिया। विधानसभा सदन ने बजट और विनियोग विधेयक पारित कर दिया। विधानभवन में कार्यवाही दस मार्च तक चलनी थी। कार्यवाही तय समय से पहले स्थगित कर दी गई है।

नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में तय किया था कि सदन 10 मार्च तक संचालित किया जाएगा तो सरकार क्यों पीछे भाग रही है? उन्होंने कहा कि कार्यवाही को लेकर विपक्ष ने कहा कि हम इसके गवाह नही बनेंगे। समाजवादी पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी व कांग्रेस के बहिर्गमन के बीच सरकार ने बजट समेत चार विधेयक पारित करने के बाद उत्तर प्रदेश के विधानमंडल सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। सदन में विनियोग विधेयक पारित कराने के बाद संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सभी विधायकों को तीन-तीन करोड़ की विधायक निधि बहाल की गई है। इसके साथ ही विधानसभा सचिवालय कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किया गया है। इनको पुरस्कार राशि के रूप में 1000 रुपए मिले हैं। अब सचिवालय कर्मचारियों को साढ़े बारह हजार रूपए मिलेंगे। इसी बीच सरकार ने सभी विभागों के बजट को पास करा लिया।

सदन की कार्यवाही जैसे ही 11 बजे शुरू हुई संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में विनियोग विधेयक पारित कराने के लिए सदन को जानकारी दी जिस पर विपक्षी दलों ने हंगामा शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष ने सुरेश खन्ना के बजट पास कराने और सदन की बैठक समाप्त करने के प्रस्ताव का विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर गए। वहीं बसपा व कांग्रेस के सदस्यों ने भी सदन 10 मार्च तक चलाने की मांग करते हुए विरोध स्वरूप वाकआउट कर दिया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने प्रस्ताव किया कि बजट पास करवा दिया जाए। साथ ही अन्य विभागवार मदें भी पारित कर दी जाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव होने हैं और आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में विधायकों को आपत्तियां भी करनी होंगी। लिहाजा उन्हें अपने क्षेत्र में रहना जरूरी है। इसलिए सदन की कार्यवाही को गुरुवार को ही समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि अनुदान मांगों और अन्य मदों पर आज ही विचार कर पारित किया जाए। इसके विरोध में नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने विरोध करते हुए कहा कि सरकार सारी परंपराओं को ध्वस्त कर रही है। सरकार ने कहा था कि वह नियमत: 90 दिन सत्र चलाना चाहती है और दस मार्च तक सदन चलाने की बात पर कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सहमति बनी थी। इसके बावजूद सरकार सत्र नहीं चलाना चाहती है। यह लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। उन्होंने कहा कि सरकार विधायकों के अधिकारों का हनन कर रही है। विधायकों को अपनी मांगें और क्षेत्र की समस्याएं सदन में उठाने का अधिकार है लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक का पंचायत चुनाव से कोई मतलब नहीं है। विधायक तो चुन कर आते हैं और वे ग्राम पंचायतों के चुनाव में दखल भी नहीं देते। लिहाजा सदन 10 मार्च तक चलाया जाए। बसपा के लालजी वर्मा ने कहा कि नियम है कि कम से कम 24 दिनों तक अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए दिए जाने चाहिए। सरकार लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। यह नया इतिहास होगा। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल स्थगित करने की परंपरा कभी नहीं रही। ऐसा करना तानाशाही है। कांग्रेस की अराधना मिश्रा मोना ने भी विरोध करते हुए कहा कि सरकार विधायकों को अपनी बातें रखने का समय नहीं देना चाहती। यह संविधान विरोधी कदम है। यह कहते हुए सपा, बसपा के सदस्य सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर गए। कांग्रेस के अजय कुमार लल्लू ने भी विरोध किया और सदस्यों के साथ सदन से बाहर चले गए। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने 20 फरवरी 2009, 12 मार्च 1991 और 11 मार्च 2006 का उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में भी ऐसा हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और नीति आयोग ने भी कहा है कि कोरोना का संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है ऐसे में सभी को सावधानी बरतनी होगी। लिहाजा इसीलिए सदन की कार्यवाही को यथाशीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। विपक्षी दलों ने एक-एक करके सदन से वाकआउट किया और सरकार ने सदन में विनियोग विधेयक 2021 पारित कर दिया।

## पांच लाख पच्चासी हजार नौ सौ दस करोड़ बयालिस लाख सतहत्तर हजार की धनराशि के लिए विनियोग विधेयक 2021 पारित

**लखनऊ।** प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट में सम्मिलित अनुदान की मांगों पर उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा बजट में सम्मिलित मतदेय मदों की धनराशि पांच लाख चार सौ उन्नीस करोड़ सत्तर लाख तिरसठ हजार पर मतदान करते हुए पारित किया गया। भारित मदों की कुल धनराशि रूपए पच्चासी हजार चार सौ नब्बे करोड़ बहत्तर लाख चैदह हजार हैं। श्री खन्ना ने बताया कि विधान सभा द्वारा पांच लाख पच्चासी हजार नौ सौ दस करोड़ बयालिस लाख सतहत्तर हजार की धनराशि के लिए विनियोग विधेयक 2021 पारित किया गया। उन्होंने बताया कि इस धनराशि में समायोजन की धनराशि पैंतीस हजार छः सौ उन्तालिस करोड़ पैंसठ लाख सम्मिलित है। इस प्रकार शुद्ध बजट की धनराशि रूपये पांच लाख पचास हजार दो सौ सत्तर करोड़ सतहत्तर लाख सतहत्तर हजार है।

## 15 दिनों के सत्र में कुल 10 दिन हुई सदन की बैठक

**लखनऊ।** स्पीकर ने सदन में कहा कि विधान सभा की कार्यवाही 18 फरवरी से प्रारम्भ हुई और 4 फरवरी तक चली। 15 दिनों के सत्र में कुल 10 दिन सदन की बैठकें हुई। जिसमें कुल 65 घण्टे 31 मिनट सदन की कार्यवाही चली। 10 दिन के उपवेशनों में अल्पसूचित प्रश्न-192, तारांकित प्रश्न-1301, अतारांकित प्रश्न-1671 प्राप्त हुए। इनमें कुछ 1311 प्रश्न उत्तरित हुए। नियम-301 की कुल 377 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें से 257 स्वीकृत हुई। नियम-51 के अन्तर्गत 680 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें 364 सूचनाएं स्वीकृत हुई और 316 सूचनाओं पर ध्यानाकर्षण किया गया। नियम-56 के अन्तर्गत 39 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें 11 सूचनाएं ग्राह्यता के लिए सुनी गयी और 19 पर ध्यानाकर्षण हुआ और अन्य सूचनाओं को भी आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार को प्रेषित किया गया। इस सत्र में 1851 याचिकाएं प्राप्त हुई जिनमें से 1587 ग्राह्य होकर सदन में प्रस्तुत की गयी। अध्यक्ष ने कहा कि राज्यपाल अभिभाषण पर मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष एवं दलीय नेताओं समेत 48 सदस्यों ने भाग लिया। वित्तीय वर्ष 2021-22 की बजट चर्चा में मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष एवं दलीय नेताओं सहित 116 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस बजट में कुल 18 विधेयक पारित किए गये। जिनमें पक्ष विपक्ष की तरफ से महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई। विपक्ष द्वारा अपनी मांग उठाकर तर्क प्रस्तुत किये। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उठाये गयं प्रश्नों पर समाधान परक उत्तर दिये।

## बहस की गुणवत्ता से ही कार्यवाही का मूल्यांकन होना चाहिएः दीक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने सत्र की समाप्ति पर सदन में सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी दलीय नेताओं और सदस्यों ने सारगर्भित चर्चा में भाग लिया। कार्यवाही में समयावधि ही महत्वपूर्ण नहीं होती है बहस की गुणवत्ता और मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श की महत्ता से ही कार्यवाही का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। इस सत्र की सबसे बड़ी यह विशेषता रही है कि इस बार सदन की कार्यवाही बड़ी ही शांतिपूर्ण ढंग से और सुचारू रूप से चली। पक्ष विपक्ष की ओर से बहसें हुई। व्यवधान न के बराबर रहा। पक्ष विपक्ष का सदन के संचालन में अप्रतिम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि संसदीय जनतंत्र दुनिया की आकर्षक व्यवस्था है। जहां दुनिया में अनेकों स्थानों पर संसदीय जनतंत्र मांग के लिए आन्दोलन हो रहे है। हमारे जहां जनतंत्र लम्बे समय से चल रहा है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य होने के नाते यहां की जो परंपराएं हम विकसित करते है। उस पर अन्य विधान मण्डलों की निगाह रहती है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि कानून व्यवस्था के प्रश्न पर भी विधान सभा में कई बार महत्वपूर्ण वाद-विवाद हुआ। बेशक विपक्ष के अपने आंकड़े और तथ्य रहे हैं ओर सरकार के अपने, लेकिन वाद-विवाद में सभा की रूचि और गम्भीरता आकर्षण का विषय बनी रही। सभा में किसानों की समस्यायें भी पूरी गम्भीरता के साथ उठायी गयी। छुट्टे जानवरों की समस्या, गन्ना किसानों की समस्या को दूर करने की दृष्टि से विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही गम्भीर दिखायी पड़े। विद्युत, कृषि, प्रशासन, जल आपूर्ति सहित अविलम्बनीय महत्व के तमाम प्रश्नों पर विधान सभा में गम्भीर वाद.विवाद हुआ।

श्री दीक्षित ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष निरंतर सदन में मौजूद रहे। अधिकांश उठने वाले मुद्दों पर हस्तक्षेप करते हुए बड़े ही महत्वपूर्ण एवं सामायिक सुझाव दिए। उससे सदन के सदस्यों का ज्ञानवर्धन हुआ। नेता बसपा लाल जी वर्मा ने महत्वपवूर्ण विषयों पर अपनी विशेष रूचि के साथ अधिकांश समय सदन में मौजूद रहे। प्रत्येक मुद्दों पर अपने बौद्धिक ज्ञान से समस्याओं के कारगर हल के लिए सरकार को सुझाव दिए।

# विधान परिषद में भी विपक्ष के विरोध के बीच बजट पास

● चार अन्य विधेयकों के पारित करने के साथ विधान परिषद अनिश्चितकाल के लिये स्थगित

● भोजनावकाश के बाद सभापति मानवेन्द्र सिंह ने कार्य सूची में शामिल मदों को निपटाया , याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विपक्षी** दलों के भारी हंगामे और विरोध के बीच आज विधान परिषद में भी योगी सरकार का पांचवा और अंतिम बजट ध्वनिमत से पास हो गया। बजट के पास होने के साथ ही विधान परिषद को भी अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है। परिषद में बजट के अलावा चार अन्य विधेयकों को पास किया गया ये सभी विधेयक विधानसभा से पास होकर उच्चसदन में रखे गये थे।

बजट को पास कराने के साथ निर्धारित बजट सत्र को समय से पहले खत्म किये जाने का विपक्ष ने कडा विरोध किया और विपक्ष के द्वारा सदन को 10 मार्च तक चलाने की मांग की गई। जिसे लेकर विधान परिषद में खासा हंगाम रहा। देर शाम तक चली विधान परिषद में अंतिम समय इन विधेयकों को रखा गया और विपक्ष के विरोध तथा हंगामे के बीच ध्वनिमत से पास कर दिया गया। भोजनावकाश के बाद सभापति मानवेन्द्र सिंह ने कार्य सूची में शामिल मदो को निपटाया गया।

याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। इसके बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद ने विधान सभा द्वारा पारित लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांगए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2021 शीरा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक 2021 फण्डामेन्टल रूल 56 (संशोधन तथा विधिमान्यकाण) विधेयक 2021 निरसन विधेयक, 2021 तथा विनियोग विधेयक, 2021 विधेयकों को सदन की मेज पर रखा। चार विधेयक ध्वनिमत से पारित होने के बाद पांचवा विधेयक जोकि धन विधेयक है सबसे अन्त में विचारोपरान्त ध्वनिमत से पारित हुया। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय व्ययक (बजट) पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुये भीमराव अम्बेडकर, अश्वनी त्यागी, मिस्सबाहुद्दीन, सुरेश कश्यप, ध्रुव कुमार त्रिपाठी, गोविन्द नारायण शुक्ला, राम सुन्दर दास निषाद, श्रीचंद शर्मा, सुरेन्द्र चौधरी, राम अवध यादव, सरोजनी अग्रवाल, शषांक यादव, बुक्कल नवाब, संतोष यादव ,जयपाल सिंह व्यस्त, अवनीश कुमार अवस्थी, नरेश चन्द उत्तम, बासुदेव यादव, लाल बिहारी यादव, हीरा लाल यादव, अरूण पाठक मोहसिन रजा, परवेज अली एवं डा महेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वित्तीय वर्ष 2020-2021 के बजट पर सामान्य चर्चा में भाग लेते निर्दलीय समूह के नेता राज बहादुर सिंह चन्देल ने कहा कि इस सरकार ने शिक्षको के बारे में कुछ नहीं किया है। कोई आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई। शिक्षक समाज आहत हुआ है। शिक्षकों को अनदेखा किया गया है। शिक्षा का स्तर गिर रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था खराब है।

स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। इंसान सुरक्षित नहीं है। यह बजट शिक्षा विरोधी, शिक्षक विरोधी और स्वास्थ्य विरोधी है। बजट पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुये नेता सदन ने कहा यह अर्थशास्त्र पर आधारित, अर्थ व्यवस्था के लिये एक सर्वोत्तम बजट है। हमारी सरकार की बजट के पहले की सरकारों की बजटों में बहुत आर्थिक विसंगतियां होती थी। वे आर्थिक विसंगतियों वाले बजट थे जबकि हमारी सरकार में यह एक पूर्ण बजट है।

नेता सदन ने कहा कि हमाने चौमुखी विकास की अवधारणा पर कार्य किया है। हमने बंद पडी चीनी मिलों को चालू कराया है। हमाने रिकार्ड उत्पादन एवं रिकार्ड खरीद कर रिकार्ड लक्ष्य को प्राप्त किया है। हमने लाखों लाख लोगों को रोजगार दिये है। हमने अपनी प्राप्तियों को भी बढ़ाया है। हमने पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है।

अयोध्या का हमने भरपूर विकास किया है। उन्होने कहा कि सरकार में महिलायें सुरक्षित है और अनुसूचित भी सुरक्षित है। अपहरण, लूट, हत्या कांड, डकैती में कमी आई है। हमारी सरकार में किसी के साथ भेद भाव नहीं होता है। हमने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना से कार्य किया है।

हमारी सरकार ने सबसे अच्छी कानून व्यवस्था दी है। यह एक उत्तम बजट है। मैं इसका पुरजोर समर्थन करता हूं। इसके बाद सभापति मानवेन्द्र सिंह द्वारा सदन के संचालन में उन्हें सहयोग देने हेतु सभी को धन्यवाद देने के उपरान्त राष्ट्रगान के साथ नेता सदन के प्रस्ताव पर सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिये स्थगित हो गई।

# दोहे-चौपाई के जरिए योगी ने दी धार्मिक-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को धार

● सत्र में शेरो-शायरी ने भी माहौल को बनाया खुशनुमा

अभिषेक रंजन। लखनऊ



**योगी** सरकार के कार्यकाल का यह आखिरी बजट सत्र था क्योंकि इसके बाद अगले साल इसी माह में यूपी में नई सरकार चुनने की प्रक्रिया चल रही होगी। योगी ने अपने इस बजट सत्र में दोहे और चौपाई के जरिए जहां धार्मिक-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एजेंडे को धार देने का काम किया तो वही विपक्ष को आईना भी दिखाया। विधान सभा का बजट सत्र गुरुवार को अनिश्चिकाल के लिए स्थगित हो गया। दस दिन चले सत्र की बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष में कई बार तीखी नोंक-जोंख हुई तो शेयरों-शायरी से माहौल को हल्का करने का भी प्रयास किया गया। योगी आदित्यनाथ ने भी रामायण के दोहे और चौपाई के जरिए अपनी हिन्दुत्व की छवि को और मजबूत किया। सत्र में यह भी देखने को मिला कि विपक्ष के बिखराव के कारण सदन चलाने में सरकार की राह को आसन बना दिया। विधानमंडल के दोनों सदनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर बोलते हुए रामायण के दोहे व चौपाई के जरिए विपक्ष को आईना दिखाने का काम किया।

**अवधपुरी सम प्रिय नहीं कोऊ...** तुलसीकृत रामचरितमानस के इस दोहे के साथ मुख्यमंत्री ने धर्मनगरी अयोध्या को राष्ट्रीय गौरव की प्रतीक नगरी बताया, मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या हमारे लिए राष्ट्रीय गौरव का विषय है। यह विश्व के सबसे प्राचीनतम नगरों में से है। उन्होने कहा राम पूरी दुनिया में पूजनीय हैं पर यहां कुछ लोगों को आज भी राम से विद्वेष है। तब भी राक्षस कुछ ऐसा ही करते थे। आखिर अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है? लोग अपनी आस्था से श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुझे अज्ञेय की कुछ पंक्तियां याद आ रही हैं **सर्प तुम कभी नगर नहीं गए, नहीं सीखा वहां बसना। फिर कहां से तुमने विष पाया, और कहां से सीखा डसना।** उन्होंने कहा कि क्या हम अपने आचरण से इन संवैधानिक व्यवस्थाओं को क्षति नहीं पहुंचा रहे हैं। इस दौरान सदन में सन्नाटा छाया रहा। **अवधपुरी सम प्रिय नहिं कोऊ...**। उनके साथ-साथ आधे सदन ने इस चौपाई को दोहराया। योगी ने कहा कि मुझे महान कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता याद आती है कि मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का, धनुष छोड़ कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का? पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर क्रुर। यह सुनकर सदन तालियों से गूंज उठा। विधानपरिषद में योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में अयोध्या एवं भगवान श्रीराम का जिक्र किया और राम चरित मानस की ये चौपाई भी कही, श्राम काज किन्हें बिना मोहि कहाँ विश्राम को दोहराया। मुख्यमंत्री ने विधान परिषद में विपक्ष की टीका-टिप्पणी को देखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कविता का जिक्र कर विपक्ष को उनके आचरण के लिए आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी ने लिखा था आदमी न ऊंचा होता है, न नीचा होता है, आदमी न छोटा होता है, न बड़ा होता है, आदमी तो आदमी होता है। कविता के जरिये उन्होंने कहा कि **सागर की अपनी क्षमता है पर माझी भी कब थकता है, जब तक साँसों में स्पन्दन है उसका हाथ नहीं रुकता है, इसके ही बल पर कर डाले सातों सागर पार यही उत्तर प्रदेश के विकास का है आधार।**

मुख्यमंत्री की उन लाइनों को सुन कर सदन में सदस्यों ने मेज थपथपा का सदन को गूंजा दिया। इसी प्रकार से संसदीय कार्य मंत्री ने 22 फरवरी को जब सदन में बजट रख तो उन्होंने कहा कि यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है, हवा की ओट भी लेकर चिराग जलता है। वित्त मंत्री ने कहा कि हार हो जाती है, जब मान लिया जाता है, जीत तब होती है, जब ठान लिया जाता है। उनकी इस पंक्ति के बाद सदन मेज थपथपाकर उनका अभिवादन किया। वित्त मंत्री ने अपना बजट कुछ लाइनें पढ़कर समाप्त किया। उन्होंने कहा कि प्यार का रास्ता ढूंढेगी यह पवित्र सभा, खूब बरसेगी इस जमी पर रहमत की घटा। मोहतरिम सदर हों जिस बज्म के खुद योगी, चारों तरफ फैलेगी विकास की सुहानी छठा।

नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद ने भी अपने भाषण के जरिए सरकार की खूब खिंचाई की और ऐसा कई बार मौका आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके इस अंदाज पर मुस्कुराए बिना नहीं रह पाए। सत्र के अंतिम दिन उन्होंने कहा कि झूठ सच्चाई का हिस्सा हो गया, एक तरह से यह भी अच्छा हो गया। उसने एक जादु भरी तकरीर की, कौम का नुकसान पूरा हो गया।

# अपराधियों को खुलेआम संरक्षण देती थीं अखिलेश व मुलायम सिंह की सरकारें

**लखनऊ( पीएनएस )।** प्रदेश के पूर्व डीजीपी और भारतीय जनता पार्टी से राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा है कि समाजवादी पार्टी की अखिलेश यादव और मुलायम सिंह की सरकारें अपराधियों को खुलेआम संरक्षण देती थी और राजनीति का अपराधीकरण करके शातिर अपराधियों को माननीय बना दिया। उत्तरप्रदेश के मफ़ियाओं मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, डीपी यादव, कमलेश पाठक, अरुण शंकर शुक्ला उर्फ अन्ना, उमाकांत यादव, ओम प्रकाश पासवान , मदन भैया सहित दर्जनों अपराधियों को सपा ने अपनी पार्टी में लाकर सांसद, विधायक, एमएलसी, नगर निगम चेयरमैन आदि बनाया।



बृजलाल ने कहा कि यूपी का बीरप्पन कहा जाने वाले चित्रकूट के शिव कुमार ददुआ के भाई बालकुमार पटेल को सांसद, बेटे वीर सिंह, भतीजे राम सिंह पटेल को समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक बनाया। ददुआ यूपी-एमपी में 32 वर्ष तक सक्रिय रहा और 200 से अधिक हत्या, फिरौती के अपहरण की घटनाओं को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे इंटरस्टेट गैंग लीडर के परिवार के सदस्यों को मुलायम सिंह यादव ने माननीय बना दिया। ददुआ के बाहुबल से उसके परिवार के लोगों ने ज़िला पंचायत के पदों पर पूरे ज़िले में क़ब्ज़ा कर लिया। चम्बल के बीहड़ों के डकैतों को समाजवादी पार्टी ने खुलेआम संरक्षण दिया। गैंग लीडर और चम्बल का बेताज बादशाह निर्भय गूजर ने टीवी पर बयान दिया था कि उसने समाजवादी पार्टी के शीर्ष परिवार के लोगों को सोने-चांदी के मुकुट पहनाए। निर्भय गूजर को संरक्षण देकर बीहड़ के वोट को अपनी पार्टी के पक्ष में धमकाकर मोड़ा गया।

पायनियर वर्गीकृत

REQUIRED

CITY ACADEMY DEGREE COLLEGE
Tiwariganj, Chinhat, Lucknow.
VACANCY FOR M.A.
Assistant Professor for M.A. (History) : 04 Post
Qualification, Experience & Percentage as per state govt. & lucknow university norms. Applicants must apply within 15 days to Manager, City Academy Degree College, Lucknow or Email at : info@cgclko.com | cgclko01@gmail.com

# भाजपा विजनलेस, सपा के पास है विकास का ब्लूप्रिंट व विजनः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार जाने वाली हैए वह बचेगी नहीं। इसलिए वह बौखला गई है। भाजपा विजनलेस है, विकास का ब्लू प्रिंट और विजन समाजवादी पार्टी के पास है। जनता आक्रोशित और त्रस्त है। भाजपा सरकार के पास अपना बताने को कोई काम नहीं है, प्रदेश में विकास के सभी बड़े प्रोजेक्ट समाजवादी पार्टी सरकार के समय के है। उन्होंने कहा कि सन 2022 के चुनावों में 350 से ज्यादा सीटें जीतकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उत्तर प्रदेश भाजपा इतने फासले से हारेगी कि उसे कल्पना भी नहीं होगी। गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ही सुनिश्चित होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार का रवैया अलोकतांत्रिक है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने और खत्म करने की साजिशें हो रही हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राज्य सभा में बहुमत को ठुकराकर कृषि कानून पास कराए गए। किसान नाराज है तो तीन कृषि कानून उन पर थोपने की जिद क्यों सरकार कर रही है, प्रदेश में विधान परिषद में विपक्ष के बहुमत की अनदेखी हो रही है। भाजपा सरकार खेती बर्बाद करना चाहती है। किसान के खेत पर उद्योगपतियों का नियंत्रण होगा और किसान खुद अपनी जमीन पर मजदूर बन जाएगा। अखिलेश ने कहा कि डीजल पेट्रोल के दामों में इतनी वृद्धि कभी नहीं हुई। रसोई गैस मंहगी है। सरकार इससे जो मुनाफा कमा रही है उसका पैसा कहां जा रहा है, चार साल बीत गए, तमाम योजनाएं प्रदेश में अधूरी पड़ी है। पांच बजट पेश हो गए, प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर का काम आगे नहीं बढ़ा है। कोई निवेश नहीं आया। लोगों के पास न कोई काम है, नहीं रोजगार है या नौकरी है।

## अमेरिकी संस्था की टिप्पणी पर मायावती ने जताई चिंता

**लखनऊ।** अमेरिकी संस्था द्वारा देश की स्वतंत्रता पर टिप्पणी किये जाने पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने चिंता जताई है। साथ हीए केंद्र और सभी राज्य सरकारों को इसे गंभीरता से लेते हुए विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को कोई आघात लगने से बचाने के लिए सही ढंग व सही दिशा में कार्य करने की सलाह दी है। गुरुवार को ट्वीट करते हुए मायावती ने लिखा कि विश्व के सबसे बड़े अपने लोकतांत्रिक भारत देश में क्या आंशिक लोकतंत्र व स्वतंत्रता है, अमेरिकी थिंक टैंक फ्रीडम हाउस द्वारा भारत को लोकतांत्रिक व फ्री सोसाइटी वाले देश के श्रेणी में फ्री से घटाकर आंशिक फ्री किए जाने की खबर हर जगह सुर्खियों में है जो अत्यन्त चिन्ताजनक बात है। ऐसी स्थिति में केन्द्र व सभी राज्यों की सरकारों को भी इसे अतिगंभीरता से लेते हुए विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को कोई आहत, आघात लगने से बचाने के लिए सही ढंग से व सही दिशा में कार्य करना बहुत जरूरी।

PUBLIC NOTICE
Be it known to general public at large that my client Shri Hari Narain Kalra S/o L.N.Kalra and Smt.Madhu Kalra W/o Shri Hari Narain Kalra R/o 122/735, Flat No.603, Gulmohar Garden Apartments, Phase I, Shastri Nagar, Kanpur (UP)-208005 have severed their all relations with their son Mr. Vaibhav Kalra and his wife Smt.Shweta Arora and dis-inherited them from their all movable and immovable properties. Any body dealing with them may do so at his/her/their own risk and responsibility. My clients shall not be responsible in any manner.
ANUJ KUMAR - ADVOCATE
S-197,Pandav Nagar Delhi-110092
Mob.-9953899451

न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ
संख्या: 274/रीडर-2021 दिनांक: 24.02.2021
नोटिस
1- मेराजुल हक पुत्र मो0 सिद्दीक निवास 207/14 पुरी टोला, चौधरी गढैया, लखनऊ।
एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि इण्डियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुये यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अत: आप दिनांक 06.03.2021 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूतिकरण हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(गरिमा स्वरुप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/अपर कलेक्टर
लखनऊ।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !
मण्डल कार्यालय, बीएसएनएल भवन, निकट प्रधान डाक घर, सीतापुर – 261001
(मानव संसाधन विकास अनुभाग)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजाब नैशनल बैंक, सीतापुर मण्डल में अधीनस्थ सम्वर्ग में चपरासी पद पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 21 फरवरी 2021 को आमंत्रित किये गए थे। अपरिहार्य कारणों से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि को दिनांक 10.03.2021 तक किया जाता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन मान्य नहीं होंगे।
मुख्य प्रबन्धक

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# सूबे में 118567 लाभार्थियों का हुआ कोविड टीकाकरण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वैक्सीनेशन के तीसरे चरण में गुरुवार को राजधानी सहित पूरे प्रदेश में पहली खुराक से आच्छादित स्वास्थ्यकर्मियों व सीनियर सिटीजन का टीकाकरण किया गया। राजधानी लखनऊ में 64 अस्पतालों में वैक्सीनेशन का कार्य हुआ। कुल मिलाकर 118567 लाभार्थियों का कोविड टीकाकरण किया गया।

प्रदेश के सभी जनपदों में 60 साल से ऊपर के एवं 45 वर्ष से 59 वर्ष के चिन्हित बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों का टीकाकरण आज भी जारी रहा। आज प्रथम खुराक से अच्छादित स्वास्थ्य कर्मियो को कोविड़ की द्वितीय खुराक भी दी गई।



इसके लिए प्रदेश में कुल 2106 कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन वैक्सीन दोनो प्रकार की वैक्सीन का उपयोग किया गया। रात 8 बजे तक प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 118567 लाभार्थियों का कोविड टीकाकरण किया गया। यह संख्या आगे भी बढ़ने की संभावना है। सभी जनपदों में टीकाकरण स्थलो पर पर्याप्त आवश्यक इंतजाम थे। टीकाकरण के पश्चात लाभार्थियों को आधे घण्टे की अवधि के लिए ऑब्जर्वेशन रूम में रखा गया। लाभार्थियों के पास उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर टीकाकरण पूर्ण होने के संदेश के साथ टीकाकरण संबंधी प्रमाणपत्र डाउनलोड करने हेतु एक लिंक भी भेजा गया हैए जिसके माध्यम से वे अपना प्रमाण पत्र प्रिंट कर सकते हैं या डिजिलॉकर मे सुरक्षित भी रख सकते हैं। आज प्रति रक्षित किए गए लाभार्थियों की द्वितीय खुराक पहली अप्रैल को उसी टीकाकरण स्थल पर दी जाएगी। प्रदेश के चिन्हित सरकारी स्वस्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को पुन: 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को निशुल्क कोविड टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही 5 फरवरी को प्रथम खुराक से अच्छादित स्वास्थ्य कर्मियो एवं फ्रंट लाइन वर्कर्स को द्वितीय खुराक भी दी जाएगी।



बम-बम भोले की गूंज: महाशिवरात्रि को लेकर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर की ओर जाते कांवड़िये

## 24 घंटे में मिले कोरोना से संक्रमित 119 नये मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 119 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 2029 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 671 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 4,615 लोगों ने तथा अब तक कुल 5,33,418 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,18,545 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,17, 49,776 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घण्टों में 114 तथा अब तक कुल 5,93,149 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों का वैक्सीनेशन चल रहा है। 45 से 60 वर्ष की आयु वाले लोग जो पहले से चिन्हित बीमारियों से ग्रसित है उनका भी वैक्सीनेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2300 केन्द्रों में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य चल रहा है जिसे शीघ्र ही 4000 से अधिक किया जायेगा। सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ आयुष्मान भारत से अथवा सीजीएचएस के अन्तर्गत सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में भी वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में पहचान पत्र लेकर अपना कोविड वैक्सीनेशन कराया जा सकता है। सरकार द्वारा प्राइवेट चिकित्सालयों में रूपये 250 प्रत्येक डोज नियत की गयी है। 250 रूपये से अधिक पैसे मांगे जाते है तो जिले के सीएमओ से शिकायत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालो में कोई भी व्यक्ति पहुंचकर अपना निशुल्क वैक्सीनेशन करा सकता है।

## औषधि मूल्यों की जांच के लिए प्राइस मॉनीटरिंग एण्ड रिसोर्स यूनिट का गठन

**लखनऊ।** नेशनल फार्मास्युटिकल्स प्राइसिंग एथारिटी, डिपार्टमेन्ट आफ फार्मास्युटिकल्स के द्वारा प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत शिड्यूल एवं नॉन शिड्यूल फार्मूलेशन के मूल्यों को ड्रग प्राइस कन्ट्रोल आर्डर 2013 के तहत निर्धारित औषधि मूल्यों की जांच हेतु प्राइस मानीटरिंग एण्ड रिसोर्स यूनिट (पीएमआरयू) का गठन किया गया है। गुरुवार को यह जानकारी आज यहां औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एके जैन ने दी है। उन्होंने बताया कि इस यूनिट में गोविन्द राय विमल चन्द्र पाण्डेय एवं विवेक कुमार पाण्डेय फील्ड इनवेस्टीगेटर, पीएमआरयू के पद पर कार्यरत हैं। इनके द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों पर डीपीसीओ 2013 के अंतर्गत औषधियों के मूल्यों की निगरानी व उपलब्धता के संबंध में सर्वे कार्य किया जा रहा है। पीएमआरयू प्रदेश के फील्ड इन्वेस्टीगेटर द्वारा औषधियों के मूल्यों में भिन्नता पाये जाने पर संबंधित औषधि को क्रय करके बीजक प्राप्त किया जायेगा एवं संबंधित निर्माता फर्म द्वारा किये जा रहे उल्लंघन की सूचना एनपीपी, भारत सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जायेगी।

## 75 इंस्पेक्टर डिप्टी एसपी पद पर हुए प्रमोट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार उत्तर प्रदेश पुलिस को प्रोन्नति का तोहफा दिया है। इसके तहत प्रदेश पुलिस के 75 इंस्पेक्टर पदोन्नति पाकर डिप्टी एसपी बन गए हैं। अपर मुख्य सचिव गृहस्थी ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जहां एक ओर प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा अपराध नियंत्रण पर प्रभावी कार्रवाई के प्रयास किये जा रहे हैं वहीं पुलिस विभाग में कार्यरत कर्मियों को भी समय से पदोन्नतियां प्रदान की जा रही हैं।

अवस्थी ने बताया कि प्रोन्नति कोटे में अवधारित रिक्तियों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त एवं कार्यरत 75 निरीक्षक, नागरिक पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक एवं दलनायक को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों के नाम क्रमश: सुरेन्द्र प्रताप तिवारी, केदार राम, सतीश यादव, विपिन कुमार राय, आशीष मिश्रा, कौशल कुमार, देवेन्द्र कुमार, विनोद कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार शर्मा, कुंवर बहादुर सिंह, सुरेश दत्त मिश्रा, सुनील दत्त, आशुतोष कुमार ओझा, ग्रीश कुमार, नरेन्द्र सैनी, राकेश कुमार सिंह, विक्रमाजीत सिंह, अबरार अहमद, तेज बहादुर राम, संजय तलवार, राधेश्याम शर्मा, युवराज सिंह, रोहिताश कुमार धारीवाल, गजेन्द्र कुमार श्रोतिया, ब्रज मोहन गिरि, राज कुमार मिश्रा, अजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, विजय आनन्द शाही, बीना ठाकुर, शिव प्रताप सिंह, संजीव कुमार सिंह चौहान, दीपक त्यागी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, डाल चन्द्र, धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय, कुशलपाल सिंह यादव, कुशलपाल सिंह, संत प्रसाद उपाध्याय, महेश चन्द्र गौतम, केदार नाथ सिंह, राम बिलास यादव, जितेन्द्र कुमार रस्तोगी, फणीन्द्र सिंह यादव, संसार सिंह राठी, दिनेश चन्द्र मिश्रा, रमेश चन्द्र पाण्डेय, परशुराम सिंह, ओमकार नाथ शर्मा, कुलदीप तिवारी, महेश सिंह, अजय कुमार, अशोक कुमार सिंह, राकेश सिंह, सुनील कुमार राय, रूद्र कुमार सिंह, शिवाजी सिंह, मो कासिम, शीला रानी चौधरी, साधूराम, उमा शंकर उत्तम, कपिल मुनि सिंह, विजय राज सिंह, सुनील दत्त दूबे, अतर सिंह, अशोक कुमार त्रिपाठी, मो असलम सिद्दीकी, कुंवर पाल सिंह, सुनील कुमार त्यागी, जय प्रकाश त्रिपाठी, नेत्रपाल सिंह, कमलेश त्रिवेदी, रघुवीर सिंह, अरविन्द कुमार व राकेश कुमार सिंह है।

## सांसद पुत्र की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

### खुद पर गोली चलवाने का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मड़ियांव** के छठामील के पास खुद पर गोली चलवाने वाले सांसद पुत्र को पुलिस दूसरे दिन भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है, जो कि इसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर व मलिहाबाद विधानसभा से विधायक जयदेवी कौशल के बेटे आयुष को मंगलवार देर रात मड़ियांव के छठामील इलाके में



संदिग्ध हालात में गोली लग गई थी। उसे पुलिस की मदद से ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिवारीजनों ने उसकी छुट्टी करवा ली थी। घटना के बाद आयुष ने अपने विरोधियों द्वारा उस पर गोली चलाने की बात कही थी। हालांकि पुलिस की कुछ ही घंटों की पड़ताल में यह खुलासा हो गया था कि आयुष ने अपने विरोधियों को फंसाने के लिए अपने साले आदर्श से खुद पर गोली चलवाई थी। 32 बोर का अवैध पिस्टल और कारतूस भी आयुष ने ही आदर्श को उपलब्ध कराई थी। इस मामले में पुलिस ने बीट इंचार्ज राधेश्याम मौर्य की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आदर्श को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि मुख्य आरोपी सांसद पुत्र आयुष पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। डीसीपी उत्तरी रईस अख्तर ने बताया कि फरार आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## लूट के 18 मोबाइल बरामद, पांच गिरफ्तार

**लखनऊ।** आशियाना पुलिस मोबाइल चोर और लुटेरे गैंग का पर्दाफाश करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर परमहंस गुप्ता के नेतृत्व में मोबाइल फोन चोरी करने वाले गैंग के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 18 मोबाईल फोन बरामद करने का दावा किया है। एडीसीपी पूर्वी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विशाल गुप्ता पुत्र राम कुमार गुप्ता, नितिन मौर्य पुत्र स्वर्गीय शोक मोर्य, अमित रावत पुत्र स्वर्गीय राजा राम, कुशल मेघानी उर्फ चिन्नी पुत्र अनिल मेघानी, तरुण कुमार पुत्र पुरुषोत्तम कुमार बताया है। पकड़े गए आरोपियों ने विभिन्न स्थानों पर मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है।

## समाज कल्याण निदेशक को हार्ट पेन, भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ। दो दिन पूर्व वीडियो कांफ्रेंसिंग में खुद के प्रति अमर्यादित व्यवहार से हतोत्साहित समाज कल्याण निदेशक को गुरुवार को हार्ट पेन के चलते एक निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। निदेशक के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिलते ही समाजकल्याण निदेशालय के अधिकारी व कर्मचारी आक्रोशित होकर प्रमुख सचिव के प्रति नाराजगी जताने लगे।विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व पूरे प्रदेश के विभागीय अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने निदेशक समाजकल्याण से अमर्यादित व्यवहार कर दिया। प्रमुख सचिव के व्यवहार से खिन्न निदेशक इतने आहत हो गए कि आज उनको हार्ट पेन की शिकायत होने लगी। जिसके बाद निदेशक को परिजनों की तरफसे गोमतीनगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर निदेशालय में निदेशक के अस्पताल में भर्ती होने की खबर जैसे ही मिली, निदेशालय के सारे अधिकारी विरोध में कार्य से विरत हो गए। बता दें कि हाल ही में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रमुख सचिव के खिलाफप्रदर्शन किया था। बताया जा रहा है कि प्रमुख सचिव के व्यवहार से नाखुश निदेशक छुट्टी पर चली गई थीं।

## पदोन्नति के बाद रिक्त 688 पदों पर भर्ती का भेजा प्रस्ताव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग व उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग में भर्ती के लिए पद विज्ञापित किये जायेंगे। पदोन्नति के बाद रिक्त 688 पदों पर भर्ती के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। इनमे नर्सिग, मलेरिया और पैरामेडिकल स्टाफ के पद शामिल हैं।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. डीएस नेगी के मुताबिक नर्सिंग संवर्ग में स्टाफ नर्स के 429 पद खाली हुए हैं। मलेरिया संवर्ग में मलेरिया निरीक्षक के 40 पद और पैरामेडिकल संवर्ग में लैब टेक्नीशियन के 74 और फार्मासिस्ट के करीब 145 पद खाली हैं। ऐसे में कुल 688 पद खाली हुए हैं। इन पदों पर कार्यरत कर्मियों को प्रोन्नति मिल गई है। ऐसे में प्रोन्नति के बाद इन खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से शासन को भर्ती के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। अब शासन भर्ती के लिए आयोग को अधियाचन भेजेगा।

## राम मंदिर निधि समर्पण में महापौर ने दिये 51 लाख रुपये



लखनऊ। महापौर संयुक्ता भाटिया ने अपने आवास पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय और ट्रस्टी अनिल, आरएसएस के प्रान्त प्रचारक कौशल को 51 लाख रुपये के चेक और धनराशि सौंप कर राम मंदिर का निधि समर्पण किया। महापौर के पुत्र प्रशांत भाटिया, पुत्रवधू रेशु भाटिया, पौत्र दक्ष भाटिया पौत्री कात्यायनी भाटिया भी साथ में रही। स्वयं के परिवार के समर्पण के साथ ही महापौर संयुक्ता भाटिया ने स्वयं द्वारा वाल्मीकि बस्तियों, कुष्ट आश्रम, कुलियों और सेवा बस्तियों, पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों, गणमान्य जनो द्वारा किये गए समर्पण को भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय को सौंपा।

## शांति व्यवस्था के मद्देनजर फ्लैग मार्च



बख्शी का तालाब। त्रिस्तरीय चुनावों के लिये आरक्षण आने के बाद से प्रशासन किसी भी घटना से निपटने के लिये सक्रिय हो गया है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र, क्षेत्राधिकारी ह्रदेश कठेरिया, थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बीकेटी कस्बे में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला । जो संवेदनशील अचरामऊ गांव पहुचां जहां पोलिंग स्टेशन का भी दौरा किया । इसके साथ अस्ती गांव में भी पोलिंग स्टेशन के साथ गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया । इसके अलावा शराब की दुकानों बैंक और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल की गयीं ।

## फिल्म मेकर को धोखा देकर लाखों की रकम ऐंठने वाले की अग्रिम जमानत खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ टूरिज्म विभाग का मैनेजिंग डायरेक्टर बनकर मुम्बई के एक फिल्म मेकर का लाखों रुपए ठगने के मामले में मुल्जिम लव कुश मिश्रा की अग्रिम जमानत अर्जी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि सबूतों के मुताबिक टूरिज्म निदेशालय में एमडी अखंड प्रताप सिंह के रूप में कुर्सी पर बैठकर मुल्जिम ने फिल्म मेकर के साथ धोखाधड़ी किया।जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मिश्रा की अर्जी पर दिया है। इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान सरकारी वकील का कहना था कि मुल्जिम ने फिल्म मेकर संतोष उपाध्याय को प्रधानमंत्री मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में टूरिज्म विभाग के लिए नौ डाक्यूमेंटरी बनाने का फर्जी टेंडर दिया। जिसके लिए उसने एक फर्म के एकाउंट में बैक गारंटी के रूप में 25 लाख जमा कराए। 10 लाख नगद भी लिए। वर्ष 2018 में फिल्म मेकर संतोष ने इस मामले की एफआईआर थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी।

## अनियंत्रित टेम्पो पलटने से एक की मौत, कई चोटिल

**लखनऊ।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक को बचाने के चक्कर में टेम्पों पलट गया। इससे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज दिया है। घटना ठाकुरगंज इलाके की है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार दुबे ने बताया कि गुरवार की सुबह समय करीब 8.30 बजे पेट्रोल पम्प चौकी रिंग रोड के पास एक टेंपो मोटरसाइकिल को बचाने को लेकर पलट गया जिसमें प्रभु नाथ तिवारी उम्र 24 वर्ष पुत्र सत्यदेव तिवारी निवासी आदर्श विहार पारा गम्भीर रुप से लहूलुहान होकर घायल हो गए, जिनको इलाज हेतु ट्रामा सेंटर ले जाएगा। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्रभु नाथ तिवारी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस आवश्यक कार्रवाई करने में लगी हुई है। वहीं घायल प्राथमिक उपचार के बाद अपने अपने घर चले गए हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और आगे की कारवाई की जा रही है।

### ट्रक ने बस में मारी टक्कर, चालक और परिचालक सहित दो महिला यात्री घायल

**लखनऊ।** दुबग्गा इलेक्ट्रिक बस डिपो से पीजीआई जा रही बस को मोरंग लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। गुरुवार दोपहर उथरेटिया ओवर ब्रिज के नीचे इस हादसे से चालक परिचालक समेत दो महिला यात्री घायल हो गए। आनन फानन में सभी यात्रियों को बस नीचे उतारा गया। जहां घायल यात्रियों को स्थानीय स्तर पर मेडिकल सुविधा दिलाकर भेज दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर पीजीआई थाने में बंद कर दिया। रूट नंबर 701 की ई बस नंबर यूपी 32 एलएन 9493 उथरेठिया ओवरब्रिज के नीचे हाईवे की तरफसे आ रहे मौरंग लदे डंपर ने बस के बीचों बीच टक्कर मार दी। ड्राइवर के पीछे की बॉडी जहां छतिग्रस्त हो गई। वहीं बस का शीशा टूटकर बिखर गया। जिसमें खिड़की पर बैठी दो महिला यात्रियों को हाथों में शीशे का टुकड़ा धंस गया। वहीं चालक अभिषेक यादव व परिचालक अमित कुमार अवस्थी के पैर के घुटने में हल्की चोट लगी। मौके पर पहुंचे फोरमैन ने बस का परीक्षण करके बताया कि बस में लगभग 90 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

## नैक ग्रेडिंग को एकेडमिक ऑडिट टीम ने किया विवि का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नैक** ग्रेडिंग को लेकर गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का अकैडमिक ऑडिट टीम ने निरीक्षण किया। विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह के साथ ऑडिट टीम आज सभी विभागों के ऑफिस, कक्षाओं व प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। ऑडिट टीम में विवि के डीन अकैडमिक प्रो राणा प्रताप सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो बीएस भदौरिया, वित्त अधिकारी प्रो सनातन नायक, कुलसचिव प्रो एस विक्टर बाबू समेत नैक इंटरनल कमेटी के सदस्य, इंजीनियरिंग विभाग के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सभी विभागों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश कुलपति द्वारा दिये गए। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध हो सके, साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। विभागों में इंफ्रास्ट्रक्चर से सम्बंधित जो भी आवश्यकताएं हैं उसके तत्काल निपटारे के लिए एक सूची भी बनाई गई है, जिसे संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है।

### बीटेक के 12 व एमबीए विभाग के तीन विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेण्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलसचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफटेक्नोलॉजी (बीटेक) विभाग के 12 विद्यार्थियों का ऐमेक्स् इण्डिया कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड तथा मास्टर ऑफ बिजनेस ऐडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) विभाग के तीन विद्यार्थियों का कैपिटलवाया ग्लोबल रिसर्च लिमिटेड, इन्दौर एवं जस्ट डायल लिमिटेड में प्लेसमेण्ट हुआ है।विश्वविद्यालय के बीटेक विभाग के जिन 12 विद्यार्थियों का ऐमेक्स इण्डिया कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में प्लेसमेण्ट हुआ है उनमें सन्चित मिश्रा, विक्रान्त पचैरी, विकास सिंह, वैभव यादव, शोभित कुमार पाठक, योगेश कुमार, देवेन्द्र वर्मा, शिवम कुमार, प्रदीप कुमार, रिषि चौधरी, अनिकेत सिंह तथा कौशिक गुप्ता का 3.60 लाख रूपये के सालाना पैकेज में प्लेसमेण्ट हुआ है। इसी प्रकार एमबीए विभाग के शुभम सिंह एवं शाजेब खान का कैपिटलवाया ग्लोबल रिसर्च लिमिटेड इन्दौर में 3.05 लाख रूपये के सालाना पैकेज तथा संजय यादव का जस्ट डायल लिमिटेड में 2.40 लाख रूपये के सालाना पैकेज में प्लेसमेण्ट हुआ है।

डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
मोहान रोड, लखनऊ–226 017
निविदा सूचना
विश्वविद्यालय में फोटोकॉपियर एवं साइबर कैफे स्टॉल स्थापित किये जाने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से निविदाए आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नवत् है :

| कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) | कार्य करने की अवधि |
| --- | --- | --- |
| फोटोकॉपियर एवं साइबर कैफे स्टॉल की सेवाओं हेतु | 5,000/– | 03 वर्ष |

बिड डाक्यूमेन्ट http://dsmru-up-nic-in पर दिनांक 05/03/2021 से डाउनलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25/03/2021 को अपराह्न 01:00 बजे खोली जायेगी निविदा प्रपत्र की समस्त शर्ते एवं अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
अमित कुमार सिंह कुलसचिव।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन–8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ
पत्रांक : 497/EE-08/2020–21, दिनांक : 04.03.2021
(अति अल्पकालीन निविदा–सूचना)
जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 12.03.2021 को अपराहन 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएं दिनांक 12.03.21 को अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय में अपराहन 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 12.03.2021 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन–8 के कार्यालय में खोली जायेगी। 1. जलकल विभाग, जोन–8 में मोहल्ला सम्भरखेड़ा में 200 एमएम डाया की मिनी नलकूप की बोरिंग व तत्सम्बन्धी कार्य, धरोहर राशि रु0 8500/– एवं निविदा मूल्य रु0 400/अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 जलकल विभाग, नगर निगम. लखनऊ

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन–8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ
पत्रांक : 498/ई0ई0–08/2020–21, दिनांक : 04.03.2021
(अति अल्पकालीन निविदा–सूचना)
जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 12.03.2021 को अपराहन 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएं दिनांक 12.03.21 को अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय में अपराहन 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 12.03.21 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन–8 के कार्यालय में खोली जायेगी। 1. जलकल विभाग, जोन–8 में मोहल्ला सम्भरखेड़ा में मिनी नलकूप की बोरिंग के दौरान बोर का पुनर्विकास, 80 एमएम डाया के कॉलम पाइप व फिटिंग की आपूर्ति व अन्य तत्सम्बन्धी कार्य, धरोहर राशि रु0 8500/– एवं निविदा मूल्य रु0 400/अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 जलकल विभाग, नगर निगम. लखनऊ

पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना
अनुभवी फर्मो/ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागो में महरबन्द अल्पकालीन निविदाये ई–टेन्डर के माध्यम से निम्न विवरणानुसार आमन्त्रित की जाती है। दिनांक 19.03.2021 को 13.00 बजे तक आनलाइन निविदा जमा की जायेगी जो दिनांक 19.03.2021 को सायंकाल 16.00 बजे खोली जायेगी कृपया पूर्ण निविदा का विवरण/डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्ते सबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//.etender.up.nic.in को देखें। क्रम सं0 1 निविदा विशिष्टि संख्या 236/वि0का0 शा०मं०(वा०)/20–21 कार्य का नाम विद्युत कार्यशाला खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र मेजर, गाजीपुर, जौनपुर, साहूपुरी व अन्य खण्डों से विद्युत कार्यशाला खण्ड वाराणसी तक 10 से 100 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त/मरम्मतशुदा परिवर्तकों के ढुलाई का कार्य। धरोहर धनराशि रू० 60000.00 निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित 3540.00 क्रम सं0 2 निविदा विशिष्टि संख्या 237/वि0का0शा0मं0 (वा0)/20–21 कार्य का नाम विद्युत कार्यशाला खण्ड, बस्ती के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र पुराने शेड बस्ती में 250,400 एवं 630 के0वी0ए0 क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। धरोहर धनराशि रू० 12210.00 निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित 3540.00 अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्यशाला मण्डल पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी पत्रांक 547 दिनांक 4.3.21
'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'

# स्कूल बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में मानक दरकिनार

## ● तकनीकि टीम ने अधिकारियों को किया गुमराह

संवाददाता। मोहनलालगंज





**मदारीखेड़ा** में स्कूल परिसर की सुरक्षा के लिए मनरेगा से बन रही बाउण्ड्रीवाल में भी ब्लाक अधिकारी तय मानकों का पालन कराने को लेकर बेपरवाह हैं। लिहाजा शिकायतों को दरकिनार कर बुनियाद में ही डस्ट और अधोमानक ईंटों का प्रयोग कर मिट्टी से ढ़क दिया जा रहा है। शिकायत सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुकी है लेकिन तकनीकि टीम के भरोसे बैठे अधिकारी मासूमों से जुड़े संवेदनशील मुद्दे पर भी मौन साधकर बैठे हुए हैं।

मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत रघुनाथखेड़ा के अपर प्राइमरी स्कूल मदारीखेड़ा में मनरेगा से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। प्रधान का कार्यकाल समाप्त हो चुका है लिहाजा निर्माण कार्य कराने की जिम्मेदारी ब्लाक प्रशासन के कंधों पर है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से मदारीखेड़ा स्कूल में निर्माणाधीन 212 मीटर बाउण्ड्रीवाल की बुनियाद में डस्ट और मानक विहीन ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। स्कूल परिसर में एक तरफ की बाउण्ड्रीवाल की बुनियाद पूरी कर मिट्टी से ढ़क दिया गया है। जबकि दूसरे हिस्से में बुनियाद का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसमें भी डस्ट और अधोमानक ईंटें ही प्रयोग की जा रही है। जबकि परिसर में पड़ी अधोमानक ईंटों की गिट्टियां इस बात की गवाही दे रही हैं कि बाउण्ड्रीवाल की बुनियाद में डाली गई गिट्टियों की गुणवत्ता भी बेहतर नहीं रही है। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया मदारीखेड़ा स्कूल बाउण्ड्रीवाल निर्माण में मानक विहीन निर्माण सामग्री की शिकायत सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। जिस पर तकनीकि टीम को जांच के लिए भेजा गया था। टीम ने निर्माण स्थल पर भट्ठे की गलती से गिराई गई अधोमानक ईंटें हटवा दिए जाने की रिपोर्ट दी है। निर्माण कार्य की स्वयं जांच कर सभी मानकों का पालन कराया जाएगा। उल्लंघन पर सचिव और तकनीकि सहायक का उत्तरदायित्व तय कर कार्रवाई की जाएगी। अपर प्राइमरी स्कूल मदारीखेड़ा में मनरेगा से बन रही बाउण्ड्रीवाल की गुणवत्ता को लेकर शिकायत सोशल मीडिया के जरिए ब्लाक और जिला प्रशासन के अधिकारियों तक भी पहुंच चुकी है। लेकिन तकनीकि टीम को एलर्ट कर जिम्मेदारों ने चुप्पी साध ली। उधर तकनीकि टीम ने निर्माण स्थल पर गिराई गई अधोमानक ईंटें हटवा दिए जाने की मनगढ़ंत जानकारी देकर अधिकारियों को गुमराह कर पल्ला झाड़ लिया। सवाल गुणवत्ता का था फिर भी अधिकारियों ने स्वयं जांच करने के बजाए तकनीकि टीम पर भरोसा करके मौन साध लिया।

**शिक्षकों के विरोध पर गिराई मौरंग और दूसरी ईंटें**

स्कूल बाउण्ड्रीवाल में डस्ट और अधोमानक ईंटों के प्रयोग को लेकर अपर प्राइमरी स्कूल मदारीखेड़ा के शिक्षकों ने भी विरोध जताया है । जिसके बाद निर्माण स्थल पर मौरंग और दूसरी ईंटें डलवाई गई हैं। यही नहीं विरोध के बाद शिक्षकों को बाउण्ड्रीवाल का बेहतर तरीके से निर्माण कराने का भरोसा भी दिया गया है।

# ताजमहल के बाद 1090 मुख्यालय में बम की सूचना से मचा हड़कंप

## ● चलाया गया सर्च आपरेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के जनपद आगरा में गुरुवार को ताजमहल में बम की सूचना के बाद लखनऊ में वीमेन पॉवरलाइन 1090 के मुख्यालय में किसी ने फोन पर बम होने की सूचना दी। बम की सूचना से हड़कंप मच गया। करीब एक घंटा की तलाश के बाद कुछ भी नहीं मिलने पर पुलिस महकमे ने राहत की सांस ली।

जानकारी के मुताबिक आगरा में डायल 112 को किसी ने 9.30 बजे फोन करने ताजमहल में बम होने की सूचना दी। इसके दो घंटे बाद करीब 11.30 बजे लखनऊ पुलिस के पास फोन आया कि वीमेन पावर लाइन मुख्यालय में बम रखा गया है। इस सूचना महकमें में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में पूरे मुख्यालय में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्च ऑपरेशन में डॉग और बम स्क्वायड की भी मदद ली गई। घंटों की चेकिंग के बाद सूचना फर्जी निकली। पुलिस सूचना देने वाले की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि दिन में करीब 11 बजकर 30 मिनट पर एक कॉल आई, जिसमें सूचना दी गई कि 1090 मुख्यालय में बम है। इसके बाद 1090 मुख्यालय में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान वहां पर मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाल दिया गया। डॉग स्क्वायड की मदद से बम खोजने की कोशिश की गई लेकिन पूरे परिसर में बम कहीं नहीं मिला। बतातें चलें कि इससे पहले गुरुवार सुबह फिरोजाबाद के एक युवक ने आगरा में डायल 112 पर फोन से सूचना दी थी कि आगरा के ताजमहल में बम रखा गया है। इस सूचना के आधार पर ताजमहल को फौरन खाली कराया गया और पूरे परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

# अमेरिका के दो विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्र चयनित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के मेधावी छात्र उत्कर्ष सिंह को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के दो प्रख्यात विश्वविद्यालयों एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी एवं द यूनिवर्सिटी ऑफटेक्सास में चयनित किया गया है। इस प्रकार, सीएमएस के एक और प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा की बदौलत विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। उत्कर्ष ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। सीएमए के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष सीएमएस के 100 से अधिक मेधावी छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक 36 से अधिक छात्र अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में चयनित हो चुके है, जिनमें से अधिकतर को स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है।

# पुण्यतिथि पर कांग्रेस मुख्यालय में अर्जुन सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय अर्जुन सिंह जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर मौजूद कांग्रेसजनों ने स्व. अर्जुन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतीश अजमानी, वीरेंद्र मदान, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम, अमरनाथ अग्रवाल, ओंकार सिंह आदि ने स्व. अर्जुन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सतीश अजमानी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1957 में पहली बार मध्य प्रदेश से एमएलए बनने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से केंद्र में मंत्रिमंडल में काम करते हुए हमेशा उन्होंने जन कल्याण की भावनाओं के अनुरूप कार्य किया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। इस अवसर पर स्वर्गीय अर्जुन सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शाहनवाज आलम ने कहा कि स्व. अर्जुन सिंह एक राष्ट्रभक्त व जन मानस के सर्वमान्य नेता थे। कांग्रेस संगठन व सरकार में स्वण् अर्जुन सिंह विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने गुरूतर दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। वह अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे।

# मांगों को लेकर 18 मार्च को कर्मचारियों का उपवास व धरना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर के किया जा रहा आंदोलन जारी है। गुरुवार को वन विभाग के परिषद कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश रावत की अध्यक्षता में प्रांतीय पदाधिकारी, सम्बद्ध घटक संघ के अध्यक्ष–महामंत्री व लखनऊ जनपद शाखा के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मांगो को लेकर 18 मार्च को उपवास और धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक में इप्सेफ के अध्यक्ष वी पी मिश्रा, परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा, प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष सतीश यादव आदि उपस्थित रहे। परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में जनजागरण जारी है। सभी जनपदों में कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है जो निश्चित रूप से सरकार अगर नही चेती तो बड़े आंदोलन की तरफ कर्मचारियों के रुख को देखकर बढ़ना पड़ेगा। आज वन विभाग में कर्मचारियों की सभा में कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में निर्णय किए गए मांगों पर शासनादेश निर्गत ना किए जाने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया, परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने बताया कि रोडवेज में विभिन्न डिपो में गेट मीटिंग हो रही हैं। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष को मंडलीय प्रभारी बनाया गया है। वीपी मिश्रा ने कहा कि कर्मचारियों का भविष्य बचने के लिए आंदोलन आवश्यक है, सरकार निजीकरण के माध्यम से भर्तियां कर निजीकरण को बढ़ावा दे रही है।

# जल्द धान खरीद नहीं होने पर भाकियू ने दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

संवाददाता। मोहनलालगंज

## ● एडीएम ने दिलाया जल्द से जल्द समाधान किए जाने का भरोसा

**धान** खरीद कराने के लिए भटक रहे किसानों की फरियाद विधानसभा सदन तक पहुंचने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल सका है। समेसी केन्द्र पर तो महीने भर से दर्जनों किसानों ने सरकारी खरीद के इंतजार में अपना धान लगा रखा है। लिहाजा भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की जल्द खरीद नहीं होने पर धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मोहनलालगंज के समेसी ,उपमण्डी स्थल और पीसीएफ के मऊ केन्द्र पर धान खरीद कराने के लिए भटक रहे किसानों की शिकायतों का अब तक समाधान नहीं हो सका है। विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर मामले को विधानसभा सदन में भी उठा चुके हैं। फिर भी किसानों की शिकायत दूर नहीं हो सकी है। भाकियू तहसील अध्यक्ष राजेश रावत के मुताबिक समेसी खरीद केन्द्र पर तो दर्जनों किसान बाहर धान लगाकर महीने भर से तौल होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। भाकियू पदाधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विपिन मिश्र को ज्ञापन सौंपकर 10 मार्च तक किसानों की धान खरीद नहीं होने पर तहसील में धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी है। फिलहाल एडीएम ने मामले में जल्द ही शासन स्तर से कोई न कोई निर्णय होने का भरोसा दिया है।

# पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के निर्देश पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री सुरेश छाबलानी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग व जीएसटी से संबंधित अन्य समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी विश्व भूषण मिश्रा को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने से देश की आम जनता एवं उद्योग व्यापार को महंगाई से राहत मिलेगी क्योंकि जीएसटी की अधिकतम दर 28 प्रतिशत है। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने से कम से कम 20 प्रतिशत कीमत कम होगी जिससे महंगाई भी घटेगी और कच्चे माल की कीमत घटेगी व भाड़ा भी घटेगा। यह भी कहा गया कि जीएसटी में ई वे बिल की सीमा 1 दिन में 200 किलोमीटर कर दी गई है जो कि व्यवहारिक नहीं है इसको पूर्व की भांति 100 किलोमीटर किया जाए। महामंत्री सुरेश छबलानी ने कहा कि जीएसटी में रिर्टन में देरी होने व अन्य छोटी सी गलती होने पर बैंक खाता सीज होने सहित अन्य विसंगतियां को समाप्त किया जाए। एडीएम सिटी विश्व भूषण मिश्रा ने ज्ञापन केंद्रीय वित्त मंत्री को पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वाले पदाधिकारियों में प्रदेश प्रवक्ता एवं महामंत्री सुरेश छबलानी, राष्ट्रीय मंत्री रिपन अग्रवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष जावेद बेग, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष आकाश गौतम, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गौतम, नगर युवा महामंत्री अश्वन वर्मा नगर उपाध्यक्ष आदर्श अग्रवाल शामिल रहे।




जुगल किशोर ज्वेलर्स में हुई चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने पर लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन ने सीपी डीके ठाकुर, जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर नवीन अरोरा व अन्य पुलिस कर्मियो का सम्मान किया

# मिशन शक्ति: महिला पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता। निगोहां



**गुरुवार** को निगोहां के सत्यनारायण तिवारी इंटर कॉलेज में क्षेत्राधिकारी निगोहां सैयद नईमूल हसन के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा कॉलेज की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया गया। कालेज पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मौजूद सैकड़ों छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाये, बच्चियों को कैसे निपटना है उन्हें अपनी रक्षा कैसे करना है उसके बारे में विधवत जानकारी दी।

वहीं क्षेत्राधिकारी ने महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की जानकारी देते हुए छात्राओं को भरोसा दिलाया की हर तरह से उनकी रक्षा के लिए पुलिस तैयार रहेगी वह बिना संकोच नंबर पर सूचना दें, पुलिस आकर उनकी मदद करेगी। मौजूद एसआई प्रेम शंकर पांडेय ने छात्राओं को बताया कि उन्हें अपने माता पिता और गुरुजनों के बताए रास्तों पर चलना चाहिए, कभी ऐसा कदम कोई न उठाएं कि उन्हें एक बड़े धोखे का सामना करना पड़े, उन्हें पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना चाहिए । इसके अलावां क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को 181 नंबर के साथ अन्य वूमेन पावर लाइन 1090 समेत कई नंबर नोट कराए गए। निगोहां थाने की महिला सिपाहियों ने भी नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन पर अपने विचार साझा किए और उन्हें न डरने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस उनके साथ है। कार्यक्रम में कालेज के प्रधानाचार्य डॉ भुवनेशचंद्र शुक्ला समेत कॉलेज के अध्यापक गण व निगोहां पुलिस टीम मौजूद रही।

# महिलाओं को ड्राइविंग के प्रति किया जागरूक

**लखनऊ।** शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान में गुरुवार को महिलाओं को ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। सेव लाइफ फाउंडेशन ने महिला चालकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण देते हुए जागरूक किया। आरटीओ कार्यालय स्थित वाहनों के फिटनेस सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम में तैनात महिला चालक नगमा, जूली, मधु, पिंकी देवी समेत कई महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने महिला यात्रियों की सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक किया। यह भी बताया की दुर्घटना या अन्य आपातकालीन स्थिति में पीड़ित महिला की मदद के लिए सहयात्रियों की भी मदद ली जाए। वहीं वाहन चालकों को सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए ट्रैफिक नियमों के पालन के संबंध में सड़क दुर्घटनाओं के वीडियो दिखाकर प्रेरित किया। इस अवसर पर आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह एआरटीओ प्रवर्तन सिद्धार्थ यादव समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद थे।

# शराब माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई पर मिला दो लाख का इनाम

## ● मुजफ्फरनगर पुलिस को शासन ने दिया तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में कुख्यात अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर की थाना सिविल लाइन व एसओजी टीम को एक बड़ी एवं उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से दो लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इस टीम में अभिषेक यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक संजीव कुमार, प्रभारी एसओजी, उम्मेद कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन, उपनिरीक्षक अनीत कुमार, सुनील नागर, थाना सिविल लाइन, उपनिरीक्षक, सुनील शर्मा, हेड कांस्टेबल ब्रह्म प्रकाश, जोगेन्द्र कसाना, विजय मावी, भूपेन्द्र भाटी, एसओजी तथा कान्सटेबल रूपक नागर, गुरनाम सिंह, अमित कुमार, एसओजी, का. धीरज मावी थाना सिविल लाइन व का. चालक शिवम यादव, एसओजी शामिल है।

जनपद मुजफ्फरनगर की थाना सिविल लाइन व एसओजी टीम द्वारा विगत डेढ़ वर्षो से पश्चिमी उप्र में अपमिश्रित शराब बनाने वालों व अपमिश्रित शराब में प्रयुक्त होने वाली सामग्री (ढक्कन, रैपर, होलोग्राम, ईएनए) आदि सप्लाई निर्माण करने वाले शराब माफिया गिरोह के विरुद्ध अभियान चलाकर शराब माफियाओं की कमर तोड़ी गयी। इसी कड़ी में अभियुक्त चमनलाल को पुलिस कस्टडी रिमाण्ड पर लेकर आज थाना हर्ष विहार, औद्योगिक क्षेत्र मण्डोलीए दिल्ली पर नकली शराब के ढक्कन बनाने वाली फैक्ट्री श्याम पैकर्स को सील किया गया। उक्त फैक्ट्री अभियुक्त सुरेश कटवा की है।

उल्लेखनीय है कि फैक्ट्री में अवैध शराब के ग्लोब्स स्प्रिट लिमिटेड बहरोड के 2 हजार ढक्कन, बेब डिस्ट्रलरी के 4 हजार ढक्कन, सरसादी लाल के लगभग 2 हजार ढक्कन, सोम डिस्ट्रलरी प्रालि छिंदवाड़ा मप्र के लगभग 30 हजार ढक्कन, वैलकम डिस्ट्रलरी प्रालि छत्तीसगढ़ एक्साइज के लगभग 2 लाख ढक्कन, छत्तीसगढ़ डिस्ट्रलरी प्रालि के 1 लाख 80 हजार से अधिक ढक्कन बरामद कर कुल 4 लाख 18 हजार से अधिक ढक्कन सीज किए गए तथा फैक्ट्री में अवैध ढक्कन बनाने वाली 3 बड़ी मशीनों को भी सीज किया गया।

# सीएम ने किया 201 करोड़ का ऋण वितरित

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मलीन महंथ दिग्विजय नाथ स्मृति पार्क में बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा आयोजित वृहद ऋण वितरण शिविर में कुल 28500 किसानों व व्यवसायियों को रुपए 201 करोड़ का ऋण वितरित किया। उन्होंने 18 लाभार्थियों जिसमें गोरखपुर से 8, बस्ती से 2 संतकबीरनगर से तजद्दीन, फैजाबाद से पल्लवी गुप्ता, कुशीनगर से शंकुन्तला, महराजगंज से शमसुल हुदा तथा अम्बेडकर नगर से बाबूराम और सिद्धार्थनगर से जहीर अब्बास को अपने हाथों से ऋण/चेक प्रदान किया। वहां विभिन्न बैंको द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी, स्टालों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तहत गांव के गरीब, किसान, नौजवान को जोड़ने के लिए किये जा रहे कार्यो के प्रति बैंक को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद सामान्य नागरिकों के जीवन में परिवर्तन लाने की दिशा में भारत के प्रधानमंत्री ने अलग-अलग राज्य के मांग के अनुरूप योजनाओ हेतु कार्ययोजना तैयार कराकर वहां के नागरिको के आर्थिक उन्नयन एवं स्वावलम्बी बनाने की दिशा में सभी को एक साथ जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि उ.प्र. की अर्थ व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के तहत शिविर/मेला आयोजित कर एक अभियान के तहत उद्यमियों, नौजवानों, कृषकों आदि को ऋण मुहैया कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी, केसीसी आदि के लाभार्थियों को ऋण मेला में ऋण वितरित किया गया है। बेरोजगारों को रोजगार, विकास, किसानों की आय में वृद्धि आदि सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर माह जनपद स्तर पर बैंकर्स की बैठक कर विभिन्न शासकीय योजनाओ की समीक्षा की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 4 वर्षो में प्रदेश सरकार ने 50 लाख एमएसएमई ईकाइयो से बैको को लोन दिलाकर करोड़ो लोगो को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया है। राज्य सभा सांसद/पूर्व केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री शिवप्रताप शुक्ल, नगर विधायक डा. राधा मोहन दास अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ऋण वितरण शिविर के आयोजन पर बडौदा यूपी बैंक की प्रसंशा की। बैंक के चेयरमैन देवेन्द्र पाल ग्रोवर ने मुख्यमंत्री सहित उपस्थित सभी अतिथियो का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद जय प्रकाश निषाद, महापौर सीताराम जायसवाल, विधायक ग्रामीण विपिन सिंह मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर, जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन सहित विभिन्न प्रतिनिधि एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक

**संवाददाता।** अयोध्या




**पंचायत** चुनाव को लेकर भाजपा की जिला संचालन समितियों की बैठक हुई। चुनाव में ग्राम पंचायत स्तर तक सभाएं होने के बाद जिला पंचायत स्तर पर एक बड़ी सभा होगी। इसके लिए पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों व शीर्ष स्तर के नेताओं को लगाया जायेगा। जिससे पंचायत चुनाव में पार्टी के पक्ष में माहौल बन सके। महानगर चुनाव संचालन समिति की बैठक में पूर्व सांसद व जनपद के प्रभारी पद्मसेन चौधरी ने कहा कि पार्टी चुनाव को काफी गम्भीरता से ले रही है। जनपद के प्रत्येक ग्राम सभा में चौपाल लगायी जायेगी। इस चौपाल में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा के साथ प्रबुद्ध नागरिकों से सरकार की नीतियों के विषय में वार्ता की जायेगी। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि महानगर में ग्राम चौपालों के आयोजन के लिए बूथ प्रभारियों को जिम्मेदारियां सौपी जायेगी। चौपाल में बूथ समिति तथा बूथ क्षेत्र में निवास करने वाले सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी होगी। गांव के समीकरण के अनुसार सम्पर्क टोलियां बनायी जायेगी। महानगर पंचायत चुनाव प्रभारी डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने बताया कि जिला मुख्यालय से पंचायत चुनाव तैयारियों की समीक्षा की जायेगी। महानगर स्तर के पदाधिकारी लगातार बूथ व सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों के सम्पर्क में रहेंगे। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंहए शारदा यादवए अरविंद सिंहए शैलेन्द्र कोरीए विद्याकांत द्विवेदीए रवि सोनकरए आलोक द्विवेदीए बालकृष्ण वैश्यए नंद कुमार सिंह मौजूद रहे। जिले की संचालन समिति की बैठक के दौरान जनपद के प्रभारी व पूर्व सांसद पद्मसेन चौधरी ने कहा कि इसके बाद ब्लाक व जिला पंचायत वार्ड चुनाव संचालन समिति की बैठकों का आयोजन किया जायेगा। ग्राम चौपालों के बाद जिला पंचायत स्तर पर बड़ी सभा का आयोजित होगी। इसमें जिले के जनप्रतिनिधि व विशेष आमंत्रित अतिथियों की मौजूदगी होगी। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों को पंचायत चुनाव में जिम्मेदारियां सौपी जायेगी। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किये है। इनको जनता के बीच पहुंचाया जायेगा। जिले के पंचायत चुनाव प्रभारी कमलाशंकर पाण्डेय ने कहा कि बूथ स्तर की बैठको में पूरे चुनाव में विजय की बेहतर रणनीति बनायी जायेगी। कार्यकर्ता चुनाव में पार्टी के प्रति माहौल बनाने का कार्य करेंगें। पूर्व जिलाध्यक्ष व श्रावस्ती जनपद के प्रभारी अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि एक बेहतर प्लान के साथ पूरा पंचायत चुनाव लड़ा जायेगा। पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह से गम्भीर है। चुनाव में कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की बदौलत पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर महंत मनमोहन दासए राधेश्याम त्यागीए मवई ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारीए बह्मानंद शुक्लाए डा विजय लक्ष्मी जायसवालए राघवेन्द्र पाण्डेयए कृष्ण कुमार पाण्डेयए अशोक मिश्राए सरोज जायसवालए मनोज वर्माए राममोहन भारतीए चन्द्रबली सिंह मौजूद रहे।

## डीएम ने कोविड वैक्सीनेशन का लिया जायजा

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटेहरी में चल रहे कोविड-19 वैक्सीनेशन के 50 से 60 वर्ष के उम्र के प्रथम चरण कोविड वैक्सीनेशन कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर दिनेश सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 50 से 60 वर्ष के उम्र के प्रथम चरण का वैक्सीनेशन 3 लोगों का हुआ है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कराया जाए। प्रचार प्रसार स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से होना चाहिए जिससे अधिक से अधिक लोग वैक्सीनेशन लगवाएं। इसके उपरांत चिकित्सालय के अन्य पटलो का जिलाधिकारी द्वारा जायजा लिया गया। उन्होंने ए आर बी कक्ष का भी जायजा लिया जहां पर आज 37 लोगों का ए आर बी का टीका लगा हुआ था। इसके उपरांत उन्होंने डॉ गौतम मिश्र को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त हेल्थ वर्कर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी फोन करके लोगों को अवगत कराएं जिससे शत प्रतिशत लोग कोविड वैक्सीन का टीका लगवा सकें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्टोर रूम का भी जायजा लिया। दवाइयों एवं अन्य सामान के रखरखाव वाले स्थान को साफसफाई कराने के भी निर्देश दिए तथा उन्होंने मेडिसिन के बारे में पूछा कि कौन कौन सी मेडिसिन उपलब्ध है। स्टोर रूम में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा अवगत कराया गया की पेरासिटामोल ,एंटीबायोटिक आदि दवाएं उपलब्ध रहती है मरीज शोभाराम से जिलाधिकारी ने पूछताछ की शोभाराम ने अवगत कराया कि कोई दवा डॉक्टर द्वारा बाहर से नहीं लिखी जाती है। सब दवाएं अंदर चिकित्सालय में ही मिल जाती है। जिलाधिकारी ने चिकित्सक डॉ गौतम मिश्र को निर्देश देते हुए कहा कि दवा स्टोर रूम में दवा की कमी नहीं होनी चाहिए।

## एमआरएफ सेन्टर बनाने के लिए बढ़ रहा विवाद

- **सरदार पटेल नगर में जमीन चयन को लेकर तनाव**



**अम्बेडकरनगर।** नगर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के निस्तारण के लिए एमआरएफ सेंटर बनाने के लिए नगर पंचायत इल्तिफात गंज के द्वारा स्थान चयन को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष प्रतिनिधि निजाम के नेतृत्व में सरदार पटेल नगर मोहल्ले में जमीन पर अतिक्रमण को लेकर काफी तनाव हो गया है। जहां नगर वासियों का कहना है उनकी भूमि पर जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है तो वही नगर पंचायत के द्वारा बताया जा रहा है कि यह जमीन नगर पंचायत की है। जबकि नगर वासियों का कहना है कि आबादी की जमीन पर काफी समय से उनका कब्जा रहा है और पुरानी बुनियाद भी इस बात का गवाह है लेकिन अब नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी के द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। जिसको लेकर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी के द्वारा एमआरएफ सेंटर की नींव डाली गई जिसमें सिर्फ ईंट और बालू का प्रयोग किया गया। उक्त संबंध में नगर वासियों के द्वारा जिला अधिकारी सहित मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। बता दे कि नगर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के निस्तारण के लिए एमआरएफसेंटर का निर्माण कराने के लिए स्थान चयनित कर लिया गया सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट( एसएलआरएम) यानी ई रिक्शा के जरिए डोर टू डोर कचरा उठाकर एमआरएफ सेंटर पर लाया जाएगा जहां से यहां लगी हुई आधुनिक मशीनों से सूखा और गीला कचरा अलग किया जाएगा और सूखे कचरे को बेचकर मुनाफा कमाने की व्यवस्था बनाई जाएगी जबकि गीले कचरे को ऊर्जा में बदला जाएगा। उक्त मामले में नगर पंचायत के द्वारा आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा कर एमआरएफ सेंटर बनाने के लिए निर्माण कार्य जारी किया गया था लेकिन नगर वासियों के विरोध पर अधिशासी अधिकारी को कार्य रुकवाना पड़ा जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी उमेश कुमार पासी के द्वारा बताया गया कि एमआरएफसेंटर का निर्माण कराने के लिए निर्माण कराया जा रहा था लेकिन नगर वासियों के द्वारा विरोध किया गया है जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

# ब्लाक व सीडीपीओ कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

- **अनुपस्थित कर्मियों का अवकाश स्वीकृत न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश**
- **चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अशिष्ट व्यवहार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन द्वारा कटेहरी ब्लाक के समस्त पटलो का निरीक्षण किया गया। इसी के साथ खंड विकास अधिकारी के कार्यालय का भी निरीक्षण किये । निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित सहायक लेखाकार अजीत कुमार राजभर से पूछताछ किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का पूर्ण कार्य को कंप्यूटर में सेव डाटा एवं आवास की फोटो के बारे में देखा। सभी कार्य पूर्ण थे । उन्होंने खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास/ शौचालय से संबंधित शिकायत लेकर आता है तो खंड विकास अधिकारी स्वयं जाकर जांच कर पात्र लाभार्थी को योजना से आच्छादित करें। इस दौरान संतराम नि. ग्राम पोस्ट सेमरी ने शिकायत पत्र जिलाधिकारी को दिया और बताया कि मेरा नाम परिवार रजिस्टर में अंकित नहीं हो रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जांच उपरांत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ।इसके उपरांत ब्लॉक में स्थापित मनरेगा पटल ,डी सी एन आर एल एम पटल का भी निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खुले हुए तार एवं साफसफाई कराने का निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किए। अवलोकन के दौरान श्रीमती इंद्रावती वर्मा के अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस तथा श्रीमती स्वर्ण लता सिंह, श्रीमती माधुरी सिंह के प्रार्थना पत्र पर अवकाश स्वीकृत न किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिया गया तथा चतुर्थ श्रेणी बिरेंद्र सिंह के अशिष्ट व्यवहार पर सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने अजय तिवारी को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत भवन का अपूर्ण कार्य समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा आइजीआरएस पटल में आए हुए शिकायती पत्रों का समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें ।उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लाक परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए कोई भी लाभार्थी शिकायती पत्र लेकर आए तो उसका निस्तारण समय से किया जाए। इस दौरान मौके पर खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह तथा कटेहरी ब्लॉक के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत महोना, लखनऊ**

पत्रांक– 143 / न0पं0म0 / नि0सू0 / 2020–21 दिनांक : 4.3.2021

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत महोना लखनऊ में नगर निधि नगर पंचायत महोना की धनराशि से इण्टरलॉकिंग मार्ग व आर सी0सी0 नाली, पुलिया के कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के फर्म / ठेकेदारों से महरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु निविदा प्रपत्र लिपिक द्वारा कार्यालय नगर पंचायत महोना में दिनांक 5.3.2021 से 8.3.2021 तक पंजीकरण प्रमाण–पत्र व 100 / – के जनरल स्टाम्प पेपर के साथ आवेदन करने पर विक्रय किया जायेगा।

निविदायें दिनांक 9.3.2021 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत महोना में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपराह्न 12.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी । किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा के साथ दो प्रतिशत जमानत धरोहर धनराशि नेफ्ट / आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर निधि नगर पंचायत महोना के खाता संख्या 251201000006000 में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का आगणन नियम व शर्ते कार्यालय नगर पंचायत महोना लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | मूल्य निविदा प्रपत्र 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत महोना में चन्द्रशेखर स्कूल के सामने आर0सी0सी0 नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 129649.00 | 2593.00 | 100+18=118.00 | 15 दिवस |
| 2. | नगर पंचायत महोना में वार्ड नं0 2 में भगवानदीन के घर से शिवरानी के खेत तक आर0सी0सी0 बाक्सिंग एण्ड इण्टरलॉकिंग का अवशेष कार्य। | 498854.00 | 9977.00 | 500+90=590.00 | 15 दिवस |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत महोना
लखनऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत महोना
लखनऊ



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी महोली, सीतापुर**

पत्रांक – 2315 / 15वांवि० / नि0सू० / 20–21 दिनांक –3 मार्च, 2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत महोली, सीतापुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि पन्द्रवां / केन्द्रीय वित्त योजना में प्राप्त टाइड एवं अनटाइड धनराशि एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म दिनांक 05 मार्च से विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मूल्य 500 / – रू0 प्रति फार्म होगा तथा दिनांक 13.03.2021 को पूर्वान्ह 12 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अपरान्ह 03 बजे गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सामान्य घरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा, जो नकद के रूप में अथवा अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर० अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी महोली के पक्ष में बन्धक होगा। ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व सरजार्च, निर्धारित जीएसटी कर 2 प्रतिशत, अवशेष 10 प्रतिशत जमानत राशि की एफ0डी0 बन्धक करनी होगी। 02 प्रतिशत जमानत निविदा के साथ एफ0डी0 बन्धक होगी। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्तों की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत लाख में | कार्य पूर्ण होने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इटौवावन में इटौवाकिशुन की सीमा तक खड़जा कार्य | 9.980 | 0.197 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 2. | ककरहिया बगहा इण्टरलाकिंग से ककरहिया गांव तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.918 | 0.138 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 3. | हरदासपुर खड़ण्जा से मल्हपुर बसारा सपंर्क मार्ग पर खड़ण्जा | 9.921 | 0.198 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 4. | पुरवा गांव से थवई पेटेंड रोड तक इण्टरलांकिग कार्य | 9.973 | 0.199 | 3 माह | 15वां वित्त |
| 5 | ममकापुर में पेंटेंड रोड से पिपरावां सपंर्क मार्ग पर खड़ण्जा कार्य | 3.181 | 0.063 | 3 माह | 15वां वित्त |

(राजकुमार)
खण्ड विकास अधिकारी,
महोली, सीतापुर।



**KANPUR NAGAR NIGAM**
Motijheel Kanpur
Phone: 2551416. 2531215 Fax-2531662
Email kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Website: http://kmc up.nic.in

**Short Term Tender Notice**

*Tenders are hereby invited in a two-bid system (Technical/Financial) from Qualified, reputed firms for the "Development and Implementation of an Integrated Software Solution for Tax Department and Legal Department Being an interested active the work will be awarded on the turn key basis*

"Kanpur Municipal Corporation intends to select Agencies/Consultants/Firm for

1. Development and Implementation of an Integrated Software Solution for Tax Department to Inform and motivate tax payer for timely dues payment comprising data capture, digitization, App and Web view Development and Analytics based solution covering other value added features as self tax assessment in swakar form. This will help the Tax department in improving tax collection and generating awarences among tax payers.
2. Development and Implementation of an Integrated Software Solution for Legal Department comprising data capture, digitization. App and Web view Development Analytics based solution. This will help the legal department for retrieval of information remotely, effectively, and speedily, Currently the legal department records are either in a paper form or semi digitized form.

The scope includes System Study. Design Development. Installation, Training. Implementation Support, data extraction, storage, and retrieval. Being an integrated activity the work will be awaded on the turn key basis.
The details of jobs are as follows :

| S.No. | ITEM' NAME & Quantity | TENDER FORM COST | EMD |
|---|---|---|---|
| 01 | Development and Implementation of an integrated Software Solution for Tax Department to inform and motivate tax payers for timely dues payment comprising data capture, digitization, App and Web view Development and Analytics based solution covering other value added features as self tax assessment in swakar form. This will help the Tax department in improving tax collection and generating awareness among tax payers (One Job) | The bidder shall submit tender cost (nonrefundable) of Rs 2.000)-TWO Thousands only with GST) through Demand Draft/NSC FDR in favour of Chief Accounts & Finance Officer Kanpur Municipal Corporation (KMC) Kanpur | The bidder shall submit an earnest Money deposited of Rs.20,000/- (Twenty Thousand Only) as NSC or FDR from schedule bank in the favour of "Chief Account & Finance Officer Kanpur Nagar Nigam |
| 02 | Development and implementation of an Integrated Software Solution for Legal Department comprising data capture, digitization, App and Web view Development and Analytics based solution. This will help the legal department for retrieval of information remotely. effectively, and speedily. Currently, the legal department records are either in a paper form or semi-digitized form | | |

The tender forms/document can be downloaded from the KMC e-tendering website http://kmc.up.nic.in. The cost of the document (downloded) has to be deposited in Demand Draft/NSC/FDR of which has to be enclosed with technical bid, otherwise bid will not be considered. Financial bids will be opened for those bidders who quality in the Technical bid, Municipal Commissioner will have the right to accept or reject any bid without assigning any reason.

Opening date & time for the sale of tender documents: 04/03/2021, 12 noon
Last date & time for the sale of tender document: 09/03/2021, 12 noon
Last date & time for submission of the tender: 09/03/2021, 03:00 pm
Date of opening the Technical Bid: 09/03/2021, 04:00 pm

(Mohd. Shaquib Khan)
Officer Incharge IT

(Bhanu Pratap Singh)
Additional Municipal Commissioner

# कांग्रेस में विभाजन

## गंभीर होती स्थिति

**कांग्रेस** में विभाजन अब पूरी तरह सामने आ गया है और महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के पहले यह और गंभीर हो रहा है। जब अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेता पांच राज्यों-संघशासित क्षेत्र के चुनावों में सफल होने और सरकार बनाने के लिए अपने विपक्षियों के खिलाफ एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं, तब कांग्रेस के नेता आपस में लड़ने में व्यस्त हैं। कांग्रेस में विभाजक रेखायें गहरी हैं और यदि उसकी वर्तमान स्थिति को देखा जाए तो 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' चुनावों में एक और भयंकर पराजय की ओर बढ़ रही है। असंतुष्टों का समूह-जी23 स्पष्ट रूप से कांग्रेस द्वारा राजनीतिक रूप से संवेदनशील पश्चिम बंगाल के चुनाव में पीरजादा अब्बास सिद्दीकी के इंडियन सेक्युलर फ्रंट-आईएसएफसे गठजोड़ करने के मुद्दे पर सोनिया परिवार के 'स्वामिभक्तों' के खिलाफ खड़ा है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता आनन्द शर्मा जी23 का हिस्सा हैं और उन्होंने इस्लामी संगठन के साथ पार्टी के गठजोड़ पर आपत्ति करते हुए कहा है कि यह गठजोड़ कांग्रेस की 'मुख्य विचारधारा के खिलाफ' है। उन्होंने कहा है कि गठबंधन के इस फैसले को पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी द्वारा मंजूर किया जाना चाहिए। हाल ही में असंतुष्ट समूह के प्रमुख नेता गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। ये वरिष्ठ नेता प्रासांगिक बने रहने के लिए सारे प्रयास कर रहे हैं और वे पार्टी पर अपनी पकड़ नहीं खोना चाहते हैं। दूसरी ओर कांग्रेस पश्चिम बंगाल में एक कट्टरपंथी समूह के साथ गठजोड़ कर यह सवाल पैदा कर रही है कि क्या पार्टी ने अपनी सेक्युलर पहचान से समझौता कर लिया है?





गांधी परिवार के वारिसों समेत अनेक कांग्रेस नेताओं द्वारा 'नरम हिंदुत्व' कार्ड खेला जाता रहा है, लेकिन यह अनेक चुनावों में इच्छित परिणाम देने में विफल रहा है। इसके साथ ही कांग्रेस चयनित ढंग से कुछ मामलों को छोड़ कर अधिकांश अवसरों पर अल्पसंख्यक तुष्टीकरण का प्रयोग करती रही है, लेकिन इससे भी कोई लाभ नहीं हुआ है। भाजपा ने सिद्ध कर दिया है कि वह कांग्रेस से ज्यादा शक्तिशाली है और क्षेत्रीय पार्टियों ने 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' की कीमत पर अपना विस्तार किया है। इस बार भी कांग्रेस चयनित ढंग से पीरजादा के साथ गठबंधन कर चयनित ढंग से तुष्टीकरण कार्ड का प्रयोग कर रही है जिनका दक्षिण बंगाल के मुसलमानों में काफी असर है। इस तथ्य के बावजूद कांग्रेस नेताओं ने उनके साथ रविवार को संयुक्त रैली में मंच साझा किया कि पीरजादा का विवादास्पद बयान देने का बहुत खराब रिकार्ड रहा है। सही समय आने पर ही पता चलेगा कि कांग्रेस द्वारा कट्टरपंथी पार्टी से गठजोड़ करने पर उसका मत प्रतिशत बढ़ेगा या इससे उसकी छवि को दीर्घकालीन रूप से धक्का लगेगा। राहुल गांधी द्वारा अपने बयान पलटने की बीमारी से पार्टी की मुसीबतें और बढ़ गई हैं। पार्टी के भीतर मतभेद इस तथ्य के कारण गहरे हुए हैं कि क्या राहुल का नेतृत्व मजबूती के साथ सभी लोगों को एकसाथ बांधे रह सकता है तथा विवादों का समाधान कर सकता है। पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने शर्मा और आजाद पर आरोप लगाए हैं कि वे भाजपा के हाथों में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वे भगवा पार्टी के ध्रुवीकरण एजेंडे को मजबूत कर रहे हैं। चाहे 'असंतुष्ट' सुधारों के लिए जोर दे रहे हों या केवल भाजपा का एजेंडा आगे बढ़ा रहे हों, कांग्रेस की भीतरी लड़ाई से यह और कमजोर होगी तथा आने वाले विधानसभा चुनावों में उसकी संभावनायें और घटेंगी। समय आ गया है कि कांग्रेस नेता अपने आंतरिक टकरावों से मुक्ति पाएं तथा पार्टी को वर्तमान संकट से बाहर निकालने का प्रयास करें।

# समान जमानत कानून की आवश्यकता

देश को समान जमानत कानून की जरूरत है, लेकिन वह समस्या की जड़ तक जाने के बजाय न्यायाधीशों के विवेक पर निर्भर है।



अनुराग तिवारी



प्रियंका सिंह



**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने हाल में भारतीय युवा पर्यावरण एक्टिविस्ट दिशा रवि को जमानत दे दी जिन पर पिछले महीने किसान आंदोलन के बारे में एक आनलाइन टूलकिट बनाने का आरोप था। एडीशनल सेशन जज धर्मेन्द्र राना ने सुश्री रवि को जमानत देते हुए कहा कि 'किसी लोकतांत्रिक देश में नागरिक सरकार की चेतना के रक्षक होते हैं और उनको केवल राज्य की नीतियों से असहमत होने के कारण जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेजा जा सकता है।' न्यायाधीश ने कहा, 'सरकार के आहत होने पर कोई मंत्री देशद्रोह का अपराध नहीं थोप सकता है और विचारों का मतभेद, असहमति, विविधता तथा विरोध स्वस्थ लोकतंत्र के लक्षण हैं। जागरूक व प्रभावी नागरिक अविवादित रूप से तटस्थ या निष्क्रिय नागरिकों की तुलना में स्वस्थ व जीवन्त लोकतंत्र का संकेत हैं।' निश्चित रूप से यह साहसी फैसला है। दिल्ली में अधीनस्थ न्यायपालिका के एक जज से पुलिस और राज्य के खिलाफ ऐसे साहसी फैसले की उम्मीद कम होती है जो स्वतंत्रता व मुक्ति के संवैधानिक मूल्यों का समर्थन करे। लेकिन न्यायपालिका में न सभी जज राना जैसे हैं और न सभी दिशा जैसे सौभाग्यशाली होते हैं। इस साल 1 जनवरी को एक खास समुदाय की धार्मिक भावनायें आहत करने के आरोप में स्टैंडअप कामेडियन मुनव्वर फारूकी को गिरफ्तार किया गया था। पांच सप्ताह से अधिक समय तक जेल में बंद रहने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने उनको आजाद किया क्योंकि उनके खिलाफ प्रमाण 'अस्पष्ट' थे। अदालत ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2014 में अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य में निर्धारित गिरफ्तारी के प्रक्रिया मानकों का प्रयोग नहीं हुआ।

लेकिन सफूरा जरगर, सिद्दीक कप्पन, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, गौतम नवलखा, स्टैन स्वामी, अखिल गोगोई व अनेक अन्य नागरिकों के मामले में जमानत याचिकाओं पर अनिश्चितता व्याप्त है। उनको अब तक या कई महीनों या कुछ सालों तक जमानत नहीं मिली। यह एक बड़ी समस्या है। यह स्थिति उस समय और विकट हो जाती है जब बहुसंख्य मामलों में अदालतें गिरफ्तारी को अवैध या अनावश्यक ठहराती हैं। हमें यह समझना चाहिए कि भारत में जमानत संबंधी कानून अत्यन्त उत्पीड़क है। दिशा की जमानत पर बहस करने वाले वकील अभिनव सीकरी का मानना है कि दशकों पुराना 'जेल के बजाय जमानत' सिद्धान्त केवल एक कल्पना है। राज्य या कार्यपालिका के पास किसी अपराध को जमानती या गैर-जमानती बनाने का अधिकार है। यदि कल राज्य तय करे कि भीख मांगना गैर-जमानती अपराध है तो सारे फकीरों को जेल में बंद कर दिया जाएगा। उनकी सालों तक सुनवाई चलेगी और दोषमुक्त सिद्ध होने तक उनको जेल में रहना पड़ेगा। भारत में जेलों में बंद 70 प्रतिशत कैदी विचाराधीन हैं जिनमें से अनेक गरीब हैं और सालों से वहां पड़े हैं। हालांकि, कानून में कुछ प्रक्रियागत सुरक्षा उपाय होते हैं, पर पुलिस राजनेताओं के इशारे पर किसी गैर-जमानती अपराध का आरोप लगा सकती है। इस मामले में न्यायपालिका सर्वोच्च स्तर पर है, जहां जमानत याचिकाओं पर संबंधित जज अपने विवेक के आधार पर फैसला करते हैं। इस स्थिति के कारण अनेक विरोधाभास पैदा होते हैं। एक ओर संविधान 'कानून के समक्ष समानता', 'कानूनों के समान संरक्षण', समुचित प्रक्रियाओं तथा देश के सभी नागरिकों को जीवन व स्वतंत्रता जैसे

**देश के कानूनों में यदि कोई पुलिस अधिकारी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना अवैध गिरफ्तारी करता है तो उसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, भले ही वह अपने अधिकारियों के आदेशों का पालन कर रहा हो। जमानती व गैर-जमानती कानूनों की समीक्षा और पुनः वर्गीकरण के बाद पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए**

अधिकारों की गारंटी करता है, वहीं दूसरी ओर इनके लिए निर्धारित मानदंड या वस्तुनिष्ठता नहीं होती है। समान प्रकृति के मामलों पर विभिन्न अदालतें व विभिन्न जज अलग-अलग फैसले लेते हैं। समस्या की जड़ को देखने पर ही समाधान संभव है। यदि हमें राज्य की मनमानी शक्तियों से मुक्ति पानी हो तो गिरफ्तारी और हिरासत के उन आदिम कानूनों की समीक्षा करनी होगी जिनको उत्पीड़क ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों पर लगाम लगाने तथा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनका विरोध कुचलने के लिए प्रयोग किया था। 1861 में बनी दंड प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी स्वतंत्र भारत में लाखों भारतीयों के बारे में फैसला देने के लिए उपयुक्त नहीं है। देशद्रोह का कानून कार्यपालिका को मनमाने ढंग से काम की छूट देता है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। देशद्रोह मामले की सुनवाई में महात्मा गांधी ने भी स्पष्ट रूप से संकेत किया था कि धारा 124ए 'नागरिकों की स्वतंत्रता का दमन करने के लिए भारतीय दंड संहिता की राजनीतिक धाराओं में राजकुमार है।' न्यूजीलैंड, ब्रिटेन व आस्ट्रेलिया जैसे देशों ने देशद्रोह के ऐसे कानूनों से मुक्ति पा ली है और समय आ गया है कि भारत को भी इसी दिशा में चलना चाहिए। हमें पुलिस अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए जिनके पास सीआरपीसी के अंतर्गत गिरफ्तार करने और हिरासत में लेने का अधिकार होता है। इनकी तुलना अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कानूनों से की जा सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुए युद्ध अपराधों की सुनवाई के दौरान अनेक लोगों ने कहा था कि उनको अपराधों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि वे केवल अपने अधिकारियों के आदेशों का पालन कर रहे थे। इन मामलों की सुनवाई के बाद कानून बना था कि केवल अधिकारियों के आदेश का पालन अधीनस्थ लोगों को उनकी आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करता है, यदि वह जानता है कि आदेश अवैध है या वह उसकी स्पष्ट अवैध प्रकृति समझ सकता है।

इसी प्रकार देश के कानूनों में यदि कोई पुलिस अधिकारी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना अवैध गिरफ्तारी करता है तो उसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, भले ही वह अपने अधिकारियों के आदेशों का पालन कर रहा हो। जमानती व गैर-जमानती कानूनों की समीक्षा और पुनः वर्गीकरण के बाद पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तया होनी चाहिए तथा अदालतों को निर्णय देने के स्पष्ट सिद्धान्त बनाने चाहिए। राना जैसे न्यायाधीशों का विवेक और चेतना को हमारे जमानत कानूनों पर हावी नहीं होने देना चाहिए। उम्मीद की जाती है कि हमारी न्यायपालिका में न्यायाधीश राना जैसे और जज सामने आएंगे क्योंकि परेशानी भरे समय में यही आशा की किरण हैं। हमें बेंजामिन फ्रैंकलिन के कथन पर गौर करना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'न्याय का उद्देश्य तब तक पूरा नहीं होगा जब तक इससे अप्रभावित लोग भी उतना ही गुस्सा न हों जितना प्रभावित लोग होते हैं।'

# शिक्षा प्रणाली में आत्मनिर्भरता की ओर कदम

**"विभिन्न विषयों में शिक्षण और सीखने के लिए पूरक सहायता प्रदान करने के लिए एकीकृत शैक्षणिक कार्यक्रमों की आवश्यकता है।"**



सुधीर हिन्दवान
(लेखक प्रोफेसर व रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)

**वै**श्विक स्तर पर, आधुनिकीकरण के चरण को शिक्षा और परीक्षा प्रक्रियाओं की सामग्री और प्रकृति में पर्याप्त परिवर्तन की अवधि के रूप में चिह्नित किया गया है। इसलिए, यह आवश्यक है कि लोकतंत्र, पर्यावरण, वैश्वीकरण और शासन के साथ वास्तविक जीवन प्रयोगों में सुधार और शिक्षा के नए मॉडल का उपयोग कैसे किया जाए, इसका प्रदर्शन किया जाए। यह दिखाने की जरूरत है कि उच्च शिक्षा के नए तरीके किस तरह से परिवर्तन लाएंगे और जनता में विश्वास पैदा करेंगे और बताएंगे कि दुनिया भर में शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम शोध और घटनाएं कैसे प्रसारित की जा सकती हैं ताकि अनुसंधान और शिक्षण को तदनुसार उन्नत किया जा सके। इसके अलावा, हमें हेरफेर और भाई-भतीजावाद को दूर करने के तरीके खोजने होंगे; सुनिश्चित करें कि परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए नीति में अच्छा बदलाव और फ्रेम तरीके हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल प्रतिभा का चयन हो।

उच्च शिक्षा प्रणाली की हाल ही में इक्विटी और सभी के माध्यम से संस्थानों के बीच उच्च स्तर की साझेदारी सुनिश्चित करने का प्रयास, बोर्ड भर में छात्रों और संकाय सदस्यों को सशक्त बनाने और प्रेरित करने में अंतर्दृष्टि का स्तर दिखाता है। इसके अलावा, स्कूल, वयस्क, उच्च शिक्षा और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का अनुसरण और ऑनलाइन शिक्षा समग्र शैक्षिक परिदृश्य को बढ़ाने की दिशा में जबरदस्त प्रयास दिखाती है। तर्क का योग और पदार्थ यह सुनिश्चित करना है कि नए शैक्षिक परिवर्तनों ने स्वच्छ प्रशासन और शिक्षा में जवाबदेही को नए परिप्रेक्ष्य और उच्च शिक्षा की प्रमुख मांगों के लिए एक ढांचे के माध्यम से लाया है, जबकि विभिन्न हितधारकों, विशेष रूप से युवाओं के बीच एक तालमेल बनाए रखा है। नई आवश्यक संरचनाओं को डिजाइन करने के लिए मानदंड निर्धारित करने का प्रावधान सामाजिक न्याय के लिए सामर्थ्य सुनिश्चित करना है।

यह बिना कहे चला जाता है कि सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से कई सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित किए गए हैं। एक और स्वागतयोग्य विनियमन मुख्य रूप से अनुसंधान, शैक्षणिक उत्कृष्टता, इसके लिंकेज और रोजगार के आधार पर संस्थानों की निगरानी करना है। यह परिभाषित करने का एक स्पष्ट ढांचा प्रतीत होता है कि कैसे किसी संस्थान को खोलने और बंद करने में निगरानी और वित्तीय शक्तियों के अलगाव की प्रक्रिया निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। उच्च शिक्षा में चयन के बारे में शिक्षाविदों के बीच बहुत सारे तर्क हैं; और इस संबंध में शायद मुख्य चुनौती बढ़ती अंतरराष्ट्रीय, अंतर-निर्भरता और वैश्विक परिवर्तन के समकालीन संदर्भ में चयन का पैटर्न है।

हाल के घटनाक्रमों ने राजनीति और समुदाय की बदलती प्रकृति को समझने के लिए एक नया आधार स्थापित किया है। शायद परीक्षा प्रणाली में कुछ संशोधन किया जा सकता है जिसके बिना सुधार की प्रक्रिया केवल एक चिरेरा रह सकती है। हमें न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर बल्कि नई जानकारी के बारे में अपनी क्षमता और ज्ञान को पहचानकर और सामाजिक जिम्मेदारी के अपने स्तर को समझने की क्षमता का परीक्षण करके छात्रों की क्षमता का परीक्षण करने के लिए बदलाव लाना चाहिए। उच्च शिक्षा प्रणाली की ताकत समावेशी विकास सुनिश्चित करके इसकी आंतरिक गतिशीलता बनाने में निहित है। यहां तक कि एक उत्कृष्ट प्रणाली उन लोगों से प्रभावित होती है जो भेदभाव करते हैं। मानवीय और वित्तीय संबंध और व्यवहार उतने सरल नहीं हैं जितने कि वे दिखाई देते हैं और सक्षम अधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी की आवश्यकता होती है।

आईआईटी, आईआईएम, नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन के साथ बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालयों (एमईआरयू) के प्रावधान अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करके छात्रों को अपनी क्षमता तक पहुंचने के लिए एक वातावरण तैयार करेंगे। एक वैश्विक स्तर पर, एक तरफ नई जानकारी को गले लगाना और दूसरी ओर नौकरी-उन्मुख पाठ्यक्रमों के नए क्षेत्रों को खोलना।

इसके अलावा, यह सामाजिक जिम्मेदारी को समझने में मदद करेगा। इसके अलावा, एक नया दृष्टिकोण छात्रों के लिए बहु-विषयक अध्ययन में एक स्पष्ट रास्ता प्रदान कर सकता है। उच्च शिक्षा के संपूर्ण तंत्र को मूर्ख बनाने के लिए जबरदस्त प्रयास किए गए हैं, फिर भी हमेशा नए रास्ते के कुछ तिकड़म होते हैं और पूरी प्रक्रिया को कम लागत और अधिक लोगों को गहन बनाने में मदद मिलती है।

सामाजिक प्रवचनों के समग्र विकास के लिए केवल मेधावी सदस्यों से मिलकर एक एकीकृत टीम बनाने में मदद करने के लिए संज्ञानात्मक प्रवचन के माध्यम से परिवर्तन लाने के साथ-साथ कई विकल्पों और दृष्टिकोणों की तलाश करके शैक्षणिक प्रवचन के माध्यम से पाठ्यक्रम सामग्री को बेहतर बनाने की गुंजाइश हमेशा रहती है। साथ ही, सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर लक्ष्यों की पहचान करने में छात्रों की मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए सामाजिक विज्ञानों में नए अभिनव तंत्रों की शुरुआत करने की आवश्यकता है।

अधिक एकीकृत शैक्षणिक कार्यक्रमों और सेवाओं की आवश्यकता है जो वर्तमान परिस्थितियों में इसे और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए कई और विविध विषयों में शिक्षण और सीखने दोनों को पूरक समर्थन प्रदान करते हैं।

छात्रों और समुदाय का विकास और संवर्धन, सामुदायिक विकास अभ्यास के माध्यम से कक्षा के अंदर और बाहर दोनों; कई विषयों में अकादमिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए अधिक शोध केंद्र; वैश्विक क्रम से संबंधित सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों की बारीकियों में संलग्न करने के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए डिज़ाइन किए गए अनन्य बौद्धिक कौशल हमारे छात्रों को खुद के लिए एक जगह बनाने में मदद करने के लिए आगे का रास्ता है।

## आप की बात

### मुझे आज भी डर लगता है!

**मुझे** आज भी डर लगता है घर से बाहर जाने में, लोगों की हैवानियत इतनी बढ़ गई है कि गलत करने पर भी उन्हें थोड़ा सा भी अफसोस महसूस नहीं होता, मानने को तैयार ही नहीं होते अपना जुर्म। बहरहाल इतने लम्बे समय के बाद निर्भया के गुनहगारों को सज़ा मिली, पर क्या अब एक बार फिर हाथरस में हुई घटना की मासूम लड़की को अपने पिता की मौत का इंसाफ मिलेगा? हाल ही में यूपी का हाथरस जिला एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में है। जहां ढाई साल की पुरानी रंजिश के चलते एक शक्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। कुछ दरिंदो ने एक बेटी के साथ छेड़छाड़ की और जब उसके पिता ने पुलिस कम्पलेन कर दी तो तब कई खुदगर्ज दरिंदों ने उस बिटिया के पिता को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। लेकिन सवाल ये उठता है कि आखिर कब तक लोग इंसाफ की पुकार को दबाते रहेंगे? अगर बाप ने अपनी बेटी की आबरू बचाने के लिए आवाज़ उठाई तो सज़ा उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। आज हर एक बाप के मन में यही डर है व उन्हें यही चिंता सता रही है कि क्या इस समाज में उनकी बेटी, बहू एंव घर की हर एक लड़की अपने आपको सुरक्षित महसूस समझती है या नहीं चाहे दिन हो या रात।

– **तनु पांडेय**, प्रतापगढ़

### सड़कों पर जाम

**आजकल** हम देख रहे हैं कि सड़कों पर अब बहुत ज्यादा जाम लग रहा है। सच तो यह कि चलना दूभर हो गया है। यह एक बहुत बड़ी समस्या है। आज के समय में सड़कों पर जाम लगने से बहुत सारी गाड़ियों के यातायात पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ रहा है। जगह जगह पर जाम लगने से लोग अपने ठिकानों पर देरी से पहुंच रहे है जिनसे उन्हें बहुत दिक्कतें आ रहीं है। जाम लगने का सबसे बड़ा कारण है सही से सड़कों का न बनना । अभी भी राज्य में बहुत सारी सड़कें ऐसी हैं जहाँ कुछ भी ध्यान नही दिया गया है उनकी हालत बाद से बदतर होती जा रही है। ऐसी हालत में सड़क दुर्घटना के मामलों में हमें बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। यह समस्या ज्यादा न फैले इसके ऊपर हमें ध्यान देना होगा वरना आगे आने वाले समय में यह हमारे लिए बहुत घातक साबित हो सकता है। सड़कों के सुधार के लिए हमे जल्द से जल्द नयी नयी योजनाए बनानी होंगी जिनसे जल्दी से जल्दी डामरीकरण हो सके और रोड व्यवस्थित बन जाए। हमने रोडों के विकास पर फिलहाल कम ध्यान दिया है जिससे कि हमें ही अब दिक्कत हो रही है। इसलिए जल्द से जल्द हमें इस पर ध्यान देना ही होगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### बढ़ती कीमतें

**मंदी** के दौर में गैस टंकियों की कीमतें बेइंतिहा बढ़ती जा रही है। हाल ही में फिर मूल्य वृद्धि की गई है जो समझ से बाहर है। महंगाई की मार ईंधनों पर लगातार बढ़ती जा रही है मगर सरकार इस ओर बेखबर है। विपक्ष भी किसान आंदोलन को लेकर सरकार को घेरे जा रहा है मगर आम हितो से उसका कोई सरोकार नहीं है। अगर शीघ्र ही सरकार ने इनके दामों पर नियंत्रण के प्रयास नहीं किए तो जनआंदोलन की आशंका बन सकती है। जब से नया साल शुरू हुआ है ईंधन वापरनें वालों के लिए शामत बन करआया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें इस समय सर्वाधिक ऊंचे दामों पर जा पहुंची है। पेट्रोल में 25 तो डीजल में 20 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते गैस टंकियों में भी 200 से अधिक तक की बढ़ोतरी हो गई है जोआम आदमी की खस्ता हालत के बीच दुबले और दो आषाढ़ जैसी स्थिति है। इस मामले में विपक्ष भी पूरी तरह मौन है जबकि उसे इसको मुद्दा बनाना चाहिए? अपनी भूमिका से नाइंसाफी करते राजनीतिक दलों के लिए जन आंदोलन ही उचित सबक हो सकता है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**राहुल** गांधी को आरएसएस को समझने में बहुत लंबा समय लगेगा। आरएसएस दुनिया में देशभक्ति का सबसे बड़ा संप्रदाय है।

– **प्रकाश जावड़ेकर**
केंद्रीय मंत्री

**लोकतंत्र** चलते हैं क्योंकि संस्थाएं स्वतंत्र होकर काम करती हैं। भारत में उन पर आरएसएस नामक एक बड़ी संस्था द्वारा हमला किया जा रहा है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता





**निर्मला** सीतारमण मोर्चे से नेतृत्व करते हुए अपने अधिकारियों का इस्तेमाल राजनीतिक जरूरतों के लिए कर रही हैं। जो हो रहा वह चुनावी मानकों का उल्लंघन है।

– **थॉमस इसाक**
केरल के वित्त मंत्री"

# सद्भाव और सद्विचार के बगैर समाज का विकास संभव नहीं: राज्यपाल

मनीष द्विवेदी। प्रयागराज



**विकास का** पहला आधार शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाया जा सकता है। शिक्षा के साथ साथ बच्चों का स्वास्थ्य और पोषण आवश्यक है। इसके लिए परिवार और शिक्षकों की भूमिका बढ़ जाती है। यह बातें गुरुवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज सरस्वती परिसर स्थित नवनिर्मित अटल प्रेक्षागृह में 15 वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहीं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को संसाधन मुहैया कराने से श्रीराम के दर्शन करने जैसे संतोष का अनुभव होता है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने की पहल करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास देश का विकास है। माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा विभाग का दायित्व है कि वह पांच पांच आगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर उनके उन्नयन एवं संवर्धन का कार्य करें। यदि उच्च शिक्षा के 50 प्रतिशत शैक्षिक सूचकांक को प्राप्त करना है तो प्राथमिक शिक्षा का स्तर उठाने के साथ ही साथ नामांकन अनुपात को भी बढ़ाना होगा। इसके लिए उन्होंने पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने की पहल करनी होगी। राज्यपाल ने कहा कि दहेज जैसी सामाजिक कुप्रथा का उन्मूलन अति आवश्यक है। जिसके लिए उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राओं का आह्वान किया कि वह सब मिलकर इस तरह की कुरीतियों को दूर भगाएं। समाज की सभी समस्याओं को दूर करने के लिए सतत प्रयास आवश्यक है। जब तक आपस में सद्भाव एवं सदविचार नहीं आएंगे तब तक समाज का विकास नहीं होगा।

मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल नागपुर के अखिल भारतीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने कहा कि दीक्षांत समारोह स्नातक के समावर्तन का उत्सव है। भारत की युवा पीढ़ी को हमारी उज्जवल आध्यात्मिक एवं बौद्धिक परंपरा का स्वाध्याय पूर्वक आत्ममंथन करना चाहिए। प्राध्यापकों का कर्तव्य है कि वह छात्रों को अपने आचार विचार और ज्ञान के अवबोध के माध्यम से प्रभावित करें। श्री कानिटकर ने कहा कि शिक्षा प्रणाली की बाह्य संरचना एवं आंतरिक प्राणस्वर के रचनात्मक पुनर्निर्धारण का कार्य इस शताब्दी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। जिसके निदान का सूत्रपात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग सामाजिक विमर्शों का युग है। सर्वस्पर्शी विकास की अवधारणा आज हमारे सामने

### ● आध्यात्मिक एवं बौद्धिक परंपरा का स्वाध्याय पूर्वक आत्ममंथन करे युवा पीढ़ी: मुकुल कानिटकर

### ● उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय 15 वां दीक्षांत समारोह संपन्न, 19 को मिले स्वर्ण पदक

है। ऐसे में समाज के वंचित वर्गों को समग्र विकास में सम्मिलित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शीर्ष प्राथमिकता है। समाज के वंचित वर्गों को शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने पर शुल्क में छूट दिए जाने का प्रावधान करना विश्वविद्यालय की प्रसार गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता का प्रमाण है। वर्तमान युग दूरस्थ शिक्षा का युग है।

दूरस्थ शिक्षा ही देश के कोने कोने में वंचित लोगों को शिक्षा उपलब्ध कराने का एकमात्र साधन है। जिसके द्वारा हम समय और दूरी की कठिनाइयों पर भी विजय प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक परिवर्तन की तीव्र गति के कारण विद्यार्थियों की बदलती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति दूरस्थ और मुक्त शिक्षा ही कर सकती है। कोविड 19 जैसी वैश्विक महामारी ने समूचे शैक्षिक जगत को नए संदर्भों में देखने के लिए बाध्य कर दिया है। जिसकी परिणति ऑनलाइन शिक्षा की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में दिखाई पड़ रही है। निरूसंदेह मुक्त शिक्षा वर्तमान काल के ही नहीं के लिए ही नहीं अपितु भविष्य के लिए भी प्रासंगिक है। नवीन संचार माध्यमों एवं तकनीकों ने ज्ञान प्राप्ति तथा कौशल विकास का एक नया द्वार खोल दिया है। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय अपने कार्यक्रमों की गुणवत्ता एवं समसामयिकता पर दृष्टि रखता है तथा केवल परिसर तक ही सीमित न होकर समाज में जन जन तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि हम अपने सामाजिक दायित्वों को संवेदनात्मक भाव से स्वीकार करते हुए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी अभियान एवं दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। केंद्र एवं राज्य की मंशा के अनुरूप विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन की दिशा में प्रथम चरण पूर्ण कर लिया है।

### इन छात्र छात्राओं को मिली उपाधि

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 15 वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 19 स्वर्ण पदक प्रदान किये गए। जिनमें 05 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 14 स्वर्णपदक छात्राओं को मिले। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2019 तथा जून 2020 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 28659 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। जिसमें 15492 पुरूष तथा 13167 महिला शिक्षार्थी रहे। सरस्वती परिसर स्थित नवनिर्मित अटल प्रेक्षागृह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की छात्रा लक्ष्मी गुप्ता को दिया। लक्ष्मी गुप्ता ने बीएड विषय की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा समस्त विद्या शाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वाधिक 82.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वाधिक 3 स्वर्ण पदक प्राप्त किये। लक्ष्मी गुप्ता उच्च प्राथमिक विद्यालय गोरखपुर में सहायक अध्यापक हैं।

विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के 05 टापर्स को दिए गए। जिसमें मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सिंगासनी देवी महिला महाविद्यालय नेमा देवरिया अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए संस्कृत के छात्र रंजय कुमार सिंह को समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक किसान मजदूर महाविद्यालय भीटी मऊ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए राजनीतिशास्त्र के छात्र रजत विश्वकर्मा को प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक श्री रति राम महाविद्यालय नन्दगांव मथुरा अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमकाम की छात्रा तिवारी स्वाति रमाशंकर को शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक श्री बाबा साधवराम महाविद्यालय कोईनहां बरसरा खालसा आजमगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमए शिक्षाशास्त्र की छात्रा नेहा सिंह को तथा विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक श्री रति राम महाविद्यालय नंदगांव मथुरा अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत एमएससी बायोकेमिस्ट्री के छात्र स्वप्निल चैहान को दिया गया। इसी प्रकार स्नातक वर्ग में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक इस बार विद्या शाखाओं के 6 टापर्स को दिया गया। जिसमें मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सरदार पटेल स्मारक महाविद्यालय लारपुर रोड अम्बेडकरनगर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीए की छात्रा विभा यादव को समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक रामस्वरूप ग्रामोद्योग स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुखरायां कानपुर देहात अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीए की छात्रा रिद्धि सिंह को प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक श्री रति राम महाविद्यालय नंदगांव मथुरा अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीकाम की छात्रा अंजली को कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सर्वोदय कालेज आफ टेक्नोलाजी एण्ड मैनेजमेंट देवरिया अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीसीए की छात्रा वीनस चैरसिया को शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीएड की छात्रा लक्ष्मी गुप्ता को तथा विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक श्री बाबा साधवराम महाविद्यालय कोईनहां बरसरा खालसा आजमगढ़ अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत स्नातक बीएससी के छात्र अभिनन्दन यादव को प्रदान किया गया। इस बार आठ मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

### राज्यपाल ने किया अटल प्रेक्षागृह का लोकार्पण

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को विश्वविद्यालय में नवनिर्मित अत्याधुनिक प्रेक्षागृह का लोकार्पण किया। प्रेक्षागृह का नामकरण भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर किया गया। प्रेक्षागृह का शिलान्यास तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने किया था। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। प्रयागराज में यह अपनी तरह का पहला ऑडिटोरियम है। जिसमें एक साथ एक हजार व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था है। साथ ही डायस पर एक साथ दो सौ अतिथि बैठ सकते हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर कुलसचिव डा अरुण कुमार गुप्ता वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह एवं इंजीनियर राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जहाँ चाह है वहीं राह: लक्ष्मी गुप्ता

बीएड की परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाकर एक साथ तीन स्वर्ण पदक कुलाधिपति स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक तथा दानदाता स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली ग्रामीण पृष्ठभूमि की मेधावी छात्रा लक्ष्मी गुप्ता की बचपन से ही पुरस्कार पाने की उत्सुकता रही है। लक्ष्मी गुप्ता ने एक अगस्त 2013 में प्राथमिक विद्यालय कसरवल सहजनवां में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पुनः 29334 भर्ती में सहायक अध्यापक गणित विषय के रूप में चयन होने के बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय टेकुआपाती सहजनवां गोरखपुर में 26 सितम्बर 2015 में कार्यभार ग्रहण किया। लक्ष्मी का कहना है सेवा में आने के बाद ऐसा लगा कि अब तो पढ़ाई संभव नहीं है।माध्यमिक शिक्षा में जाने के लिए बीएड की आवश्यकता प्रतीत हुई। जब दूरस्थ शिक्षा के बारे में जानकारी हुई तो आशा की एक किरण दिखाई दी। सेवा में आने के बाद उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा से स्वर्ण पदक के लिए चुना जाना वास्तव में मेरे लिए सुखद एवं गरिमामयी क्षण है। इसके लिए माता पिता गुरुजनों एवं मित्रों को धन्यवाद दिया।

# एसटीएफ से हुई मुठभेड़ में दो शार्प शूटर ढेर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



### ● अरैल के सोमेश्वर महादेव मंदिर तिराहे के समीप कछार में हुई मुठभेड़

**नैनी** कोतवाली क्षेत्र के अरैल में सोमेश्वर महादेव मंदिर के सामने गंगा कछार में बृहस्पतिवार भोर में यूपी एसटीएफ टीम की बाइक सवार दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों की घेरेबंदी करने वाली एसटीएफ टीम ने उनकी फायरिंग पर जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों बदमाशों को मार गिराया। मारे गए बदमाशों में भदोही का चर्चित अपराधी राजीव पांडेय उर्फ वकील और हिस्ट्रीशीटर अमजद उर्फ अंगद शामिल हैं। वकील उर्फ राजीव पर 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित था। यहां पर वह आरएसएस और सपा से जुड़े दो लोगों की हत्या की नियत से आए थे। दोनों मुन्ना बजरंगी और मुख्तार अंसारी के साथ साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख चाका दिलीप मिश्रा के भी शार्प शूटर थे।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह ने बताया कि मुख्तार अंसारी और मुन्ना बजरंगी गैंग के लिए काम करने वाले दो शार्प शूटरों के बारे में सूचना मिली थी। उसी में अरैल के सोमेश्वर नाथ मंदिर तिराहे के समीप एसटीएफ और नैनी पुलिस चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक बाइक से दो बदमाश उधर आते दिखे। शक होने पर एसटीएफ ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह दोनों बदमाश टीम पर फायरिंग करते हुए गंगा कछार की ओर भागने लगे। एसटीएफ ने पीछा करते हुए उनकी घेराबंदी की और जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें दोनों बदमाशों को गोली लग गई और वह वहीं गंगा कछार में गिर गए। टीम ने दोनों को लाद फांदकर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। छानबीन में पता चला कि मारे गए बदमाशों में 50 हजार इनामी वकील पांडेय उर्फ राजीव पांडेय उर्फ राजेश पुत्र सहसराम पांडेय निवासी काली देवी बड़ा शिव मंदिर कस्बा गोपीगंज भदोही और अमजद उर्फ अंगद उर्फ पिंटू उर्फ डाक्टर पुत्र हफीजुल्लाह निवासी सहाबपुर भदोही हैं। वह दोनों पहले मुख्तार अंसारी और मुन्ना बजरंगी के लिए काम करते थे। मुख्तार अंसारी के जेल जाने और मुख्तार अंसारी की हत्या के बाद वह दोनों यहां चाका के पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्रा के लिए काम करने लगे थे। दोनों बदमाशों के पास से 32 बोर और 9 एमएम की पिस्टल कारतूस और एक मोटरसाइकिल मिली है। एसटीएफ के मुताबिक पिछले साल 28 मई 2020 को चाका के पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्रा के काले से एक लाख का इनामियां बदमाश नीरज सिंह उर्फ अंशु पांडेय मुठभेड़ में पकड़ा गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि दिलीप मिश्रा के कहने पर ही उसने वकील पांडेय के साथ मिलकर नैनी में रहने वाले राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की अनुशांगिक शाखा सेवा भारती के जिलाध्यक्ष सुजीत सिंह और सपा नेता नन्हें खान के दामाद सलील अहमद के हत्या की योजना बनाई थी। इसके लिए नीरज और वकील पांडेय ने मिलकर दोनों लोगों की तीन बार रेकी की थी। पिछले साल जून 2020 में वकील उर्फ राजीव पांडेय ने ज्ञानपुर भदोही से विधायक विजय मिश्रा को भी जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत विधायक ने आला अधिकारियों के साथ साथ गृह मंत्री अमित शाह से भी की थी। उन्होंने वकील पांडेय से अपनी जान को खतरा बताया था।

### वकील पर 20 तो अमजद पर दर्ज हैं 24 आपराधिक मुकदमें

**प्रयागराज।** एसटीएफसीओ नवेंदु सिंह के मुताबिक मारे गए दोनों बदमाश सुपारी किलर थे। इनमें वकील उर्फ राजीव उर्फ राजेश पांडेय पर धनबाद झारखंड मीरजापुर भदोही प्रयागराज सोनभद्र वाराणसी में कुल 20 आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। जबकि हिस्ट्रीशीटर अमजद उर्फ अंगद पर भदोही प्रयागराज मिर्जापुर धनबाद में 24 आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। दोनों ने वर्ष 2013 में दिनदहाड़े वाराणसी में डिप्टी जेल अनिल त्यागी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अलावा वर्तमान में रांची जेल में बंद कोयला व्यापारी की हत्या का आरोपी अमन सिंह ने वहां के एक डिप्टी जेलर की हत्या की सुपारी दोनों शूटरों को थी। इस बात की भी जानकारी मिली है कि प्रयागराज में भी कोई सनसनीखेज वारदात को अंजाम देना था।

### पं. गणेश्वर शास्त्री को शम्भुनाथ मिश्र स्मृति सम्मान

**वाराणसी।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय ने वेदाचार्य पं0गणेश्वर शास्त्री 'द्रविण' को इस वर्ष पं0 शम्भुनाथ मिश्र स्मृति में सम्मान देने का निर्णय लिया है। रामनगर निवासी वेदाचार्य गणेश्वर शास्त्री ने रामेश्वर स्थित ऐतिहासिक 'रामसेतू' की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय में भारतीय पक्ष प्रस्तुत किया था। यहीं नहीं अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास का मुहूर्त भी उन्होंने बताया था। आप लगभग चार दशकों से अध्ययन-अध्यापन एवं संचालन के क्रम में श्री बल्लभराम शालिगराम सांग्वेद विद्यालय, रामघाट वाराणसी से आपका घनिष्ठ सम्बंध है।

### आग से लाखों का हुआ नुकसान

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के गाँव भिखारी पुर में खाना बनाते समय लगी आग से लगभग एक दर्जन घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुँची दमकल टीम व ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। गाँव निवासी रामबाबू के घर से अचानक आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक धनीराम, सर्वेश, चेतराम, मीरा, कन्हैया लाल व प्रेमचन्द्र आदि के घर चपेट में आ गए। जिससे इन लोगों की लाखों की ग्रहस्ती का सामान जलकर खाक हो गया। दमकल गाड़ी के पहुँचने पर आग पर काबू पाया जा सका।

### एसडीएम ने निर्माणाधीन गौशाला का किया निरीक्षण

**फतेहपुर चौरासी,उन्नाव।** एसडीएम बांगरमऊ नें गुरुवार को फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत में निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया। निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परखी और निर्माण करा रहे संस्था के कार्यकर्ता को गुणवत्तापूर्ण सामग्री लगाए जाने के कड़े निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी बांगरमऊ दिनेश कुमार ने गुरुवार को फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत पहुंचकर यहां बनाये जा रहे गौशाला का निरीक्षण किया और निर्माण सामग्री परख कर निर्माण एजेंसी के लोगों को फटकारते हुए गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण सामग्री न पाए जाने पर भुगतान रोक दिया जाएगा और पुनः निर्माण कराना पड़ेगा। इससे बचने के लिए पहले से ही गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग करें। उप जिलाधिकारी ने इस संबंध में अधिशासी अधिकारी राजेंद्र दुबे से कहा कि वह समय-समय पर गौशाला के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते रहें और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान रामकिशन, राधेश्याम, किशनपाल आदि लोग मौजूद रहे।

### सूची जारी होने के बाद आपत्तियों का दौर शुरू

**मौरावां।** गुरूवार को विकासखंड हिलौली की तीन ग्राम सभाओं के निवर्तमान व पूर्व प्रधानों व भावी प्रत्याशियों ने आरक्षण के खिलाफआपत्ति दाखिल की। जिसमें लोटना पंचायत पिछडे वर्ग के लिए आरक्षित होने पर यहां के निवर्तमान प्रधान असरफुल खां ने अनारक्षित महिला किए जाने की मांग की। खेरवा पंचायत अनारक्षित महिला होने पर यहां के निवासी परशुराम ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की मांग की। पानकुंवरखेड़ा पंचायत अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हुई यहा पर पूर्व प्रधान गीता देवी निवर्तमान प्रधान राजेश कुमार व धारा सिंह नन्हाराम ने आपत्ति लगाते हुए अनारक्षित या पिछड़ा वर्ग की मांग की है।

### डीएम ने किया 10 नाविक मल्लाहों का सम्मान

**वाराणसी।** जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में डीएम श्री कौशल राज शर्मा ने रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफसे 10 नाविकों का सम्मान किया। विगत 2 माह पूर्व भदैनी घाट के सामने गंगा नदी में नाव पलटने से 4 लोगों की मृत्यु हुई थीए वहीं 7 अन्य व्यक्तियों को स्थानीय नाविक मल्लाहों ने अपने साहस का परिचय देते हुए गंगा नदी में डूबने से बचा कर उनकी प्राण की रक्षा की। आज आयोजित एक सम्मान समारोह में डीएम श्री कौशल राज शर्मा ने गंगा नदी में डूबने से लोगों की जान बचाने वाले 10 नाविकों को अंगवस्त्रम पहना कर सम्मानित किया और रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफसे प्रत्येक को रुपया 2000 की पुरस्कार राशि दिया। सभी दस नाविक मल्लाहों गिरधारी लालए अनूप साहनीए विष्णु साहनीए संतोष साहनीए मोनू साहनीए नाटे साहनीए राजेन्द्र साहनीए संजू साहनीए सरोज साहनी व नाटे उर्फश्यामसुंदर को रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफसे प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। जिलाधिकारी श्री कौशल राज शर्मा ने सम्मान समारोह में उदबोधन करते हुए कहा कि काशी में नाविक लोग अथक परिश्रम करते हुए पर्यटकों को सैर कराकर माँ गंगा की सेवा जैसा पूण्य कार्य तो करते ही हैए वहीं गंगा नदी में नाव पलटने जैसी आपदा में अपनी जान की बाजी लगाकर डूबने वाले व्यक्तियों की प्राणरक्षा कर नाविकों ने अनुकरणीय मिसाल पेश किया हैए जिसके लिए ये प्रशंसा के साथ ही सम्मान के हकदार हैं। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सचिव डॉ संजय राय ने किया। सम्मान समारोह में पुरष्कृत होने वाले सभी 10 नाविकों सहित रेडक्रॉस सचिव डॉ संजय रायए विजय शाहए वेदमूर्ति शास्त्री व अन्य रेडक्रॉस सदस्य मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

**उन्नाव।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे विशेष ''मिशन शक्ति'' अभियान के तहत मार्च माह की थीम ''महिलाओं तथा बच्चों और समाज में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार'' तय की गई है। इसी के तहत जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को 08 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को 08 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किए जाने के संबंध में निर्देशित करते हुये कहा है महिलाओं और बच्चों को अपने हक की लड़ाई में प्रभावी संचार की भूमिका के बारे में जागरूक किया जाना है। उन्होंने कहा कि समाज में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार के माध्यम से रूढ़िवादी मान्यताओं को दूर करने हेतु सकारात्मक माहौल विकसित किया जाना है। इसके अलावा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली महिलाओं की पहचान कर उनकी सफलता की कहानियों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाना है। ताकि अन्य महिलाओं के लिए वह प्रेरक की भूमिका अदा कर सकें। उन्होंने कहा है कि ''मिशन शक्ति अभियान'' के अंतर्गत माह मार्च में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया जाना है। जिनके प्रयासों ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव किए हों। जिनकी सफलता की कहानी दूसरों के लिये प्रेरक हों। जिन्होंने महिलाओं व बच्चों के विकास, सुरक्षा व संरक्षण हेतु असाधारण कार्य किये हों। महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत कार्यरत कोई प्रतिभावान, सरवाइवर, प्रेरक महिला का कार्य किया हो। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिनस्थ कार्यरत महिलाओं द्वारा उपरोक्त बिंदुओं पर कार्य किया गया हो। उनका बायोडाटा व किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण तैयार कर जिला प्रोबेशन कार्यालय में 06 मार्च तक 12:00 बजे के पूर्व उपलब्ध करा दें। ताकि उन्हें 08 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जा सके।

# कोरोना वैक्सीन के रजिस्ट्रेशन में देर होने पर लोगों ने किया सीएमएस का घेराव

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



### ● वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक का घेराव करते ही रजिस्ट्रेशन का कार्य शुरू हो गया

**पंडित दीन** दयाल उपाध्याय अस्पताल में कोरोना के टीकाकरण के लिए आए लोगों ने गुरुवार को हंगामा कर दिया। लोगों का आरोप था कि वे टीकाकरण का पंजीकरण कराने के लिए सुबह आठ बजे से लाइन में लगे थे। जबकि 11 बजे तक काउंटर से केवल 12 लोगो का ही पंजीकरण किया गया था। उसके बाद डोज खत्म होने की बात कह कर पंजीकरण बन्द कर दिया गया। पंजीकरण कराने के लिए लाइन में लगे लोगो का आरोप था कि पंजीकरण कर्मी अपने लोगो का काउंटर के अंदर से ही पंजीकरण कर दे रहे थे।

क्षुब्ध लोगों ने सीएमएस का घेराव किया। उधर सीएमएस का घेराव करते ही पंजीकरण कार्य फिर से शुरू कर दिया गया। हालांकि कुछ ही देर बाद फिर पंजीकरण कार्य बंद करते हुए लाइन में लगे लोगो को शुक्रवार को सुबह 8 बजे आने के लिए बोला गया। अस्पताल कर्मियो ने बताया कि कोरोना टीकाकरण के लिए 110 डोज आई थी। जिसमे से दोपहर 12:30 बजे तक 85 लोगो का टीकारण किया जा चुका था। एसएसपजी हॉस्पिटल कबीरचौरा के टीकाकरण केंद्र में भी महिला अस्पताल में बनाया गया। शुरुआत में कोविन पोर्टल में कुछ तकनीकी दिक्कत थी। मौके पर पंजीयन नहीं हो पा रहा थाए वहीं पहले से पंजीकृत लोगों को भी वेरिफिकेशन न होने के चलते टीके नहीं लग पा रहे थे। तकरीबन 12 बजे पोर्टल शुरू हुआ।

### मंडलीय अस्पताल में अब तक एक लाख आरटीपीसीआर जांच

कबीरचौरा स्थित मंडलीय हास्पिटल ने एक लाख आरटीपीसीआर जांच करने का आंकड़ा बुधवार को छू लिया है। हास्पिटल में 17 जुलाई 2020 को कोरोना जांच की शुरूआत हुई थी। तभी से हास्पिटल अपनी पूरी क्षमता के साथ आरटीपीसीआर सैंपलों की जांच में जुटा है। विगत 24 दिसंबर को हास्पिटल ने 50 हजार आरटीपीसीआर जांच का आंकड़ा पूरा करते हुए आठ मंडलों में दूसरी बार दूसरा स्थान हासिल किया था। हास्पिटल के प्रमुख अधीक्षक डाण् प्रसन्न कुमार के मुताबिक लैब में रोजाना 500.700 आरटीपीसीआर सैंपलों की जांच की जा रही है।

# राज्यपाल ने पुनर्स्थापित विजयनगरम हॉल का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुनर्स्थापित विजयनगरम हॉल का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विजयनगरम हॉल फोटो गैलरी और परिसर के पुनर्स्थापित फव्वारे और उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने विजयनगरम हाल का एक डाक कवर रिलीज किया। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने यूनिवर्सिटी का न्यूज़ लेटर भी रिलीज किया। इस अवसर पर उनको कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ने बरगद का स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल ने कहा कि विजयनगरम हॉल भव्य है और विश्वविद्यालय की गौरवशाली अतीत का तो प्रतीक है ही साथी आने वाले समय मैं नई ऊंचाइयों को छूने की आकांक्षा का भी द्योतक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और यह संस्था को नई दिशा में अग्रसर करने में सहायक होगा। उन्होंने विजयनगरम हॉल में फोटो गैलरी का भी उद्घाटन किया। फोटो गैलरी में विश्वविद्यालय से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान के लिए विश्वविख्यात लोगों के चित्र लगाए गए हैं। उन्होंने विजयनगरम हाल में लगाई गई गौतम बुद्ध की प्रतिमा की प्रतिमा को भी देखा। प्रतिमा के आसपास बनाई गई ग्रीन गैलरी कि उन्होंने प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने परिसर स्थित गाय और बछड़े की जोड़ी की प्रतिमा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गाय को पवित्रा और बछड़े को गौरा नाम दिया। उन्होंने पुनर्स्थापित उद्यान एवं फव्वारो को भी देखा। इसी दौरान वह विश्वविद्यालय के शिक्षकों से भी मिलीं। उन्होंने विजयनगरम हॉल प्रांगण में बनाई गई गाय और बछड़े की मूर्ति के शिल्पकारों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी दी। पंकज शुक्ला रवि प्रकाश और रजनीश वर्मा विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट्स विभाग के छात्र हैं। इन्होंने यह गाय बछड़े की जोड़ी की प्रतिमा बनाई है। सीनेट हॉल स्थित भैंस और ग्वाले की प्रतिमा भी इन्होंने ही बनाई थी। विजयनगरम हॉल के पुनरुद्धार का काम दो साल से ज्यादा समय से चल रहा है। इसके पुनरुद्धार की ज़िम्मेदारी राइट्स एजेंसी को दी गई थी। जिसमें जिस ने मुंबई स्थित सवानी हेरिटेज कंजर्वेशन के साथ इस काम को किया। इस मौके पर सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी रजिस्ट्रार प्रो एन के शुक्ला डीएम भानुचंद्र गोस्वामी आदि रहे।



विजयनगरम हाल का डाक कवर रिलीज करतीं राज्यपाल एवं अन्य।

### 60 वर्ष से ऊपर के वृद्धों का हुआ कोविड वैक्सिनेसन

**नवाबगंज, उन्नाव।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को कोविड वैक्सीन का टीका लगाया गया। जांच करने पहुंचे सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि प्रचार प्रसार कर क्षेत्र के समस्त बुजुर्गों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करे। नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को वैक्सीन लगाने का कार्य शुरू किया गया। जिसकी जांच करने पहुंचे सीएमओ डॉ आशुतोष ने बताया कि 60 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को बैक्सीन लगाई जानी है। वह अपना आधार कार्ड साथ लेकर स्वास्थ्य केंद्र आए और रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वैक्सीन लगावा सकते हैं। साथ ही वह वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा कर भी वैक्सीन स्वास्थ्य केंद्र आकर लगवा सकते हैं। गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को छोड़कर बाकी सभी लोगों को वैक्सीन लगवाना है। इस पर उन्होंने मौजूद सीएचसी प्रभारी डॉ अरुण कुमार को प्रचार प्रसार कर क्षेत्र में वृद्ध जनों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये।

# वेतन की विसंगतियों को दूर करने के लिए संविदकर्मियों ने किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**विद्युत संगठन** एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन के कर्मचारियों ने गुरूवार को एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन किया। सत्याग्रह के दौरान विद्युत कर्मचारियों के ग्रेड-पे बढ़ाने, वेतन विसंगति को दूर करने तथा संविदाकर्मियों की समस्याओं एवं उनका उत्पीड़न रोकने के लिए धरना-प्रदर्शन किया गया। संगठन के पूर्वांचल उपाध्यक्ष वेद प्रकाश राय ने कहा कि वर्ष 2005 तक विभाग में नियुक्त कर्मियों को भी राज्य सरकार की भाँति पेंशन की सुविधा दिया जाये तथा जूनियर इंजीनियर के रिक्त पदों पर टी0जी0-2 की पदोन्नतियां किए जाए।सभा का संचालन प्रवीण कुमार सिंह एवं अध्यक्षता दिलीप कुमार पाण्डेय, पूर्वांचल संरक्षक के किया। धरना-प्रदर्शन में आर एस राय, विजय नारायण हिटलर, उदयभान दूबे, संदीप कुमार, राजकुमार यादव, अरविन्द कुमार यादव, महेन्द्र कुमार सिंह, रंजीत पटेल, प्रशांत सिंह, अवनीश प्रजापति, उमेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# बंगाल भाजपा में पुराने नेताओं और नए शामिल होने वालों के बीच गहरी होती दरार ने चिंता बढ़ाई

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** चुनाव में केवल तीन सप्ताह रह गए हैं और ऐसे में भाजपा में जारी अंदरूनी कलह पार्टी के लिए चिंता का सबब बन गई है। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरे दमखम से जुटी है, तो दूसरी तरफ पार्टी के पुराने नेताओं और नए शामिल हुए नेताओं में टिकट बंटवारे समेत कई मुद्दों पर खींचतान शुरू हो गई है। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल में जनाधार और वोट प्रतिशत में इजाफा करने वाले भगवा दल ने दूसरे दलों के नेताओं के लिए भी दरवाजे खोल दिए थे। चुनावी रणनीति के तहत कई अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भी बंगाल में भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि कई ऐसे वरिष्ठ नेता भी भगवा दल में शामिल हुए हैं, जिनके साथ पार्टी के पुराने नेताओं की उनके प्रतिद्वंद्वी दल में रहने के दौरान तनातनी रही थी।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, इस रणनीति को अपनाने से पार्टी को शुरू में फायदा मिला, जिसने तृणमूल कांग्रेस को डूबता जहाज करार दिया था। हालांकि, बाद में यह पार्टी में अंदरूनी कलह का कारण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की छवि को नुकसान पहुंचा है क्योंकि शामिल होने वाले कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी ने हाल ही में अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए बड़े स्तर पर नेताओं को शामिल करना बंद कर दिया। हालांकि, तब तक नुकसान हो चुका था। साथ ही अब पार्टी को राज्य की 294 सीटों के लिए उचित उम्मीदवार का चयन करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि करीब 8,000 लोग उम्मीदवारी का दावा ठोंक रहे हैं। भाजपा नेता ने दावा किया, हमने कभी ऐसा नहीं सोचा था कि दूसरे दलों के नेताओं को शामिल करने के बाद ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पडेगा।

रोजाना पार्टी के पुराने नेताओं और नए शामिल हुए नेताओं में अंदरूनी कलह की बात सुनाई देती है। हमें चिंता है कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा होने के बाद यह असंतोष और बढ़ सकता है। वहीं, पश्चिम बंगाल की भाजपा इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष ने जोर दिया कि इस समय पार्टी के आधार को विस्तार देने के लिए यह जरूरी था। घोष ने कहा, भाजपा एक बड़ा परिवार है। जब परिवार बढ़ता है तो इस तरह की चीजें होती हैं। अगर हम अन्य दलों से नेताओं को शामिल नहीं करते तो पार्टी का विस्तार कैसे होगा?

सभी को पार्टी के नियमों का पालन करना होना। कोई भी पार्टी से ऊपर नहीं है। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि प्रदेश के कई नेताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अन्य दलों से कुछ निश्चित नेताओं को पार्टी में शामिल किए जाने को लेकर निराशा जाहिर की थी। पिछले कुछ महीनों में प्रतिद्वंद्वी दलों से हजारों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस के 19 विधायकों समेत 28 विधायक भगवा दल का दामन थाम चुके हैं। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद भी भाजपा के पाले में जा चुके हैं।




नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन कोविड-19 वैक्सीन लगवाती हुईं

## राज्यपाल की कार के बोनट पर प्रहार करते वक्त राष्ट्र ध्वज का अपमान किया गया : ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल की कार के बोनट को निशाना बनाते वक्त राष्ट्र ध्वज का अपमान किया।विधानसभा में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान ठाकुर ने कहा कि राज्यपाल की कार पर तिरंगा झंडा लगा होता है और कांग्रेस के सदस्यों ने इसका अपमान किया।विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री और चार अन्य कांग्रेस विधायकों – हर्ष वर्धन चौहान, सतपाल रायजादा, सुंदर सिंह और विनय कुमार को राज्यपाल से दुर्व्यवहार करने के आरोप में शुक्रवार को बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया।कथित घटना विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय के बाहर उस वक्त हुई जब राज्यपाल सदन में हंगामे के कारण अपने अभिभाषण को जल्द खत्म करने के बाद राजभवन के लिए रवाना हो रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।कांग्रेस के सदस्य बृहस्पतिवार को कार्यवाही में शामिल नहीं हुए और उन्होंने पार्टी के पांच विधायकों के निलंबन को वापस लेने की मांग की। निलंबित विधायकों का सदन के बाहर धरना जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ भी निलंबित विधायकों के साथ धरने पर बैठे हैं। माकपा के एकमात्र विधायक राकेश सिंह बृहस्पतिवार को सदन में मौजूद थ मुख्यमंत्री ठाकुर ने कहा कि राज्यपाल जब राजभवन के लिए रवाना हो रहे थे तब अग्निहोत्रि ने उनकी कार के बोनट पर प्रहार किया। उन्होंने कहा, अग्निहोत्रि ने राज्यपाल के एडीसी को धक्का दिया और मैं इसका गवाह हूं।

## कांग्रेस ने असम में सरकारी नौकरियो में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि असम में अगर महाजोत (महागठबंधन) सत्ता में आता है तो सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख सुष्मिता देव ने कहा कि कांग्रेस नीत गठबंधन महिला और युवाओं के उत्थान पर अधिक ध्यान देगा। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस नीत महागठबंधन सरकार बनाएगा तो हम महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। जो हम सबसे पहले करेंगे, उनमें से एक यह है। देव ने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन जवाबदेही तथा नौकरी की गारंटी में यकीन रखता है। उन्होंने भाजपा नीत राज्य सरकार की सीधे लाभ स्थानांतरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर तंज करते हुए कहा, असम की महिलाओं और युवाओं को खैरात नहीं चाहिए। वे नौकरी के मौके चाहते हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देना चाहते हैं।

## कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्र से पीएम की तस्वीर हटाने की मांग को लेकर चुनाव आयोग को दी याचिका

**तिरुवनंतपुरम।** डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) के एक नेता ने बृहस्पतिवार को चुनाव आयोग में शिकायत देकर कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को हटाने की मांग की। एक संक्षिप्त पत्र में, केरल राज्य युवा आयोग के सह-समन्वयक मिधुन शाह ने कहा कि दक्षिण भारतीय राज्य में आदर्श आचार संहिता पहले ही लागू है।

राज्य में छह अप्रैल को विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कहा, राज्य में निशुल्क कोविड-19 का टीका प्राप्त करने पर जारी प्रमाण पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर और उनके भाषण का अंश है। उन्होंने कहा, चूंकि यह चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है, इसलिए मैं आपसे इसे हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध करता हूं। शाह ने बाद में कहा कि यह शिकायत आज सुबह एक टीकाकरण केंद्र पर टीका लगवाने के बाद मिले अस्थाई प्रमाण पत्र के आधार पर दर्ज कराई गई। उन्होंने कहा, युवा आयोग के राज्य-समन्वयक के रूप में, मुझे आज सुबह टीके की पहली खुराक दी गई। प्रमाण पत्र में प्रधानमंत्री की रंगीन तस्वीर और उनके भाषण का अंश देखकर मुझे आश्चर्य हुआ।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है और इसलिए चुनाव आयोग से संपर्क कर इसे हटाने की मांग की है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला देते हुए बुधवार को सभी पेट्रोल पंप डीलरों एवं अन्य एजेंसियों को 72 घंटे के भीतर अपने परिसर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाले केंद्रीय योजनाओं के होर्डिंग हटाने का निर्देश दिया था।

## भाजपा में शामिल होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता मंच पर पालथी मारकर बैठ गए

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व नेता बृहस्पतिवार को पूर्वी मिदनापुर जिले में भाजपा में शामिल होने के बाद मंच पर ही पालथी मारकर बैठ गए और इसे सत्तारूढ़ दल में अपने कार्यकाल के दौरान पिछले पापों का प्रायश्चित करने का प्रयास बताया। तृणमूल कांग्रेस छोड़ने वाले नेता शुभेंदु अधिकारी के समर्थक सुशांत पाल पिंगला इलाके में एक रैली के दौरान भाजपा का झंडा हासिल करने के बाद बीच में ही भाषण छोड़कर पालथी मारकर बैठ गए। पार्टी के खड़गपुर संख्या दो प्रखंड के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा, यह टीएमसी में रहने और शीर्ष नेतृत्व के सनकी और जनविरोधी आदेशों का पालन करने का प्रायश्चित है। अब मुझे इसका दुख है। पाल ने आरोप लगाए कि टीएमसी ने 2018 में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं होने दिए और स्थानीय निकायों पर जबरन कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा, मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं क्योंकि मैं डरा हुआ महसूस कर रहा था।

## क्विक न्यूज

### शिवसेना पश्चिम बंगाल में नहीं लड़ेगी चुनाव, तृणमूल कांग्रेस को दिया समर्थन

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जनता दल और सपा के बाद शिवसेना ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को बृहस्पतिवार को अपना समर्थन दिया और कहा कि वह पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नही लड़ेगी ममता बनर्जी को बंगाल की असली शेरनी बताते हुए शिवसेना ने तृणमूल कांग्रेस से एकजुटता दिखाने का संकल्प लिया। पार्टी ने पूर्व मे कहा था कि वह राज्य मे चुनावी मुकाबले मे उतरेगी। शिवसेना के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने एक ट्वीट कर इसकी घोषणा की और कहा कि पार्टी अध्यक्ष और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ चर्चा के बाद यह फैसला किया गया।राउत ने कहा कि इस वक्त दीदी बनाम अन्य सभी का मुकाबला प्रतीत हो रहा है। राउत ने कहा, बहुत लोग यह जानना चाहते थे कि शिवसेना पश्चिम बंगाल मे चुनाव लड़ेगी या नही? पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे जी के साथ चर्चा के बाद यह फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, ममता दीदी के खिलाफ धन-बल, मीडिया का इस्तेमाल किया जा रहा। इसलिए शिवसेना ने पश्चिम बंगाल चुनाव नही लड़ने और उनके साथ खड़ा रहने का फैसला किया है। हम ममता दीदी की जबरदस्त सफलता की कामना करते है क्योंकि हमारा मानना है कि वह बंगाल की असली शेरनी हैं।

### सेना का एक जवान मृत पाया गया, आत्महत्या की आशंका

**श्रीनगर।** सेना का एक जवान बृहस्पतिवार को यहां मृत मिला। आशंका है कि उसने खुदकुशी कर ली। अधिकारियों ने बताया कि यहां बटवारा के मुख्य गेट पर संतरी चौकी मे राइफलमैन अनूप कुमार फांसी के फंदे से लटकते मिले। वह जम्मू कश्मीर मे बादामीबाग छावनी मे संतरी की ड्यूटी पर पदस्थापित थे। अधिकारियों के अनुसार यह पता नही चल पाया है कि कुमार ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया। वह हरियाणा के भिवानी के रहने वाले थे। बुधवार को राजौरी जिले मे 24 वर्षीय एक सैन्य जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। यहां खोनमोह इलाके मे सेना के डिपो मे एक लेफ्टिनेंट कर्नल ने भी खुदकुशी कर ली थी।

### 20 लाख रुपए का नशीला पदार्थ बरामद, दो गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इम्फाल ईस्ट जिले मे 20 लाख रुपए का नशीला पदार्थ बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस बारे मे बताया। पुलिस ने बताया कि मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम ने जिले के फेडिगा प्रतीक्षालय में मंगलवार रात साढ़े ग्यारह बजे एक व्यक्ति के पास से 610 याबा टैबलेट और 27 ग्राम हेरोइन बरामद की।उन्होंने बताया कि आरोपी से मिली सूचना के आधार पर बुधवार को पैगोंग मखोंग से अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 80 ग्राम हेरोइन जब्त की गई।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

### प्रेशर बम विस्फोट: एक जवान शहीद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में प्रेशर बम की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल का एक जवान शहीद हो गया। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहुरनार गांव के करीब एक प्रेशर बम मे विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 22वी बटालियन का जवान लक्ष्मीकांत द्विवेदी शहीद हो गया। सुंदरराज ने बताया कि जिले के छिंदनार गांव से होकर बहने वाली इंद्रावती नदी मे पुल बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और डीआरजी के जवानो को भेजा गया था। उन्होने बताया कि जवान जब गश्त के दौरान पहुरनार गांव के करीब पहुंचे, तभी जवान लक्ष्मीकांत का पैर प्रेशर बम पर आ गया। इससे बम मे विस्फोट हो गया और जवान लक्ष्मीकांत गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ देर बाद घायल जवान की मृत्यु हो गई। सुंदरराज ने बताया कि जवान लक्ष्मीकांत पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के रीवा जिले का निवासी था। घटना के बाद क्षेत्र मे नक्सलियो के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है।

### विस अध्यक्ष पद खाली रहने के मुद्दे पर महाराष्ट्र विस में हंगामा

**मुंबई।** विधानसभा अध्यक्ष का पद रिक्त रहने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र विधानसभा मे हंगामा हुआ जिसके बाद कुछ समय के लिए सदन को स्थगित कर दिया गया।कांग्रेस के नाना पटोले के चार फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद से यह पद खाली है। इस्तीफे के बाद उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश इकाई के प्रमुख का कार्यभार संभाला।सदन मे भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने मांग की कि पीठासीन अध्यक्ष जल्द से जल्द विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करें क्योंकि पहले से ही 30 दिनो की देरी हो चुकी है जो संविधान का उपहास है।उन्होंने कहा कि मामले मे मुख्यमंत्री के निर्णय की कोई आवश्यकता नही है।राज्य के पूर्व मंत्री ने कहा कि इससे पहले यह पद सिर्फ एक से सात दिन तक ही खाली रहा था।उन्होंने कहा, क्या आप इतिहास बनाना चाहते है और गिनीज बुक के विश्व रिकॉर्ड मे नाम दर्ज कराना चाहते है?



भुवनेश्वर में उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और आर्सेनल मित्तल के बीच हुए करार पर हस्ताक्षर करते हुए लक्ष्मी निवास मित्तल (दाएं)

## फिल्मकारों पर छापेमारी को लेकर राहुल ने सरकार पर निशाना साधा भाजपा ने पलटवार किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अनुराग कश्यप समेत कुछ फिल्म निर्माताओं और अभिनेत्री तापसी पन्नू के घरों एवं कार्यालयों पर आयकर विभाग की छापेमारी की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे की तर्ज पर सरकार किसान समर्थकों के खिलाफ छापेमारी करवा रही है। दूसरी तरफ, राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता पर कांग्रेस का ज्ञान देना सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की तरह है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, कुछ मुहावरे: उंगलियों पर नचाना- केंद्र सरकार आयकर विभाग, ईडी, सीबीआई के साथ ए करती है। भीगी बिल्ली बनना- केंद्र सरकार के सामने मित्र मीडिया। खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे- जैसे केंद्र सरकार किसान-समर्थकों पर रेड कराती है। आयकर विभाग ने बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और फिल्मकार अनुराग कश्यप व उनके साझेदारों के घरों और कार्यालयों पर बुधवार को छापेमारी की। यह छापेमारी फैंटम फिल्म्स के खिलाफ कर चोरी की जांच का एक हिस्सा है। यह छापेमारी मुंबई और पुणे में 30 स्थानों पर की गई जिसमें रिलायंस एंटरटेनमेंट ग्रुप के सीईओ शुभाशीष सरकार तथा सेलिब्रिटी और प्रतिभा प्रबंधन कंपनी केडब्ल्यूएएन के कुछ अधिकारी भी शामिल हैं। राहुल गांधी के हमले को लेकर पलटवार करते हुए जावड़ेकर ने ट्वीट किया, राहुल गांधी जी, इन मुहावरों को भी याद करिए। 1. सौ चूहे खाकर बिल्ली चली हज को – आपातकाल में मीडिया की आज़ादी पर अंकुश लगाने वाली कांग्रेस का मीडिया की आजादी पर ज्ञान देना। उंगली पर गिने जा सकना – कांग्रेस की मौजूदा स्थिति और चुनाव में स्थिति। रंगा सियार – सबसे सांप्रदायिक पार्टी सेकुलरिज्म का ढोंग करती है एक परिवार की पार्टी अब लोकतंत्र पढ़ा रही है।

## नगा शांति वार्ता जारी है, विस में रवि ने बिना सोचे-विचारे दिया बयानः एनएससीएन

**कोहिमा।** केंद्र सरकार एवं नगा समूहों के बीच शांति वार्ता पूरी होने को लेकर नगालैंड के राज्यपाल एवं वार्ता के मध्यस्थ आर.एन. रवि द्वारा दिए गए बयान के तीन सप्ताह बाद एनएससीएन (आईएम) ने कहा कि रवि ने बिना सोचे-विचारे यह बयान दिया था और इस समझौते पर बातचीत जारी है। नगा समूह ने बुधवार रात को जारी बयान में कहा कि वह ऐसे किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगा, जिसमें वे मानक पूरे नहीं होते, जिन पर आपसी सहमति बनी है। बयान में कहा गया, हाल में नगालैंड के राज्यपाल आर. एन. रवि ने राज्य विधानसभा में बिना सोचे समझे यह बयान देकर अनावश्यक भ्रांति पैदा की कि नगा राजनीतिक वार्ता पूरी हो गई है। बयान में कहा गया, यह खेद की बात है कि मध्यस्थ के रूप में रवि की भूमिका निराशाजनक है। एनएससीएन (आईएम) ने कहा कि रवि को इस मामले पर हर शब्द बोलने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। उसने कहा कि ऐसे समाधान पर पहुंचने के लिए वार्ता जारी हैं, जो केंद्र एवं नगा लोगों के लिए स्वीकार्य एवं सम्मानजनक हो।रवि ने विधानसभा में पिछले महीने कहा था कि नगा राजनीतिक मुद्दे पर केंद्र सरकार और नगा समूहों के बीच बातचीत का दौर समाप्त हो चुका है तथा अब अंतिम समाधान की दिशा में बढ़ने की जरूरत है।

## ठाकरे के बाबरी मस्जिद संबंधी बयान पर महाराष्ट्र के मुस्लिम मंत्री इस्तीफा दें: आजमी

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के बारे में विधानसभा में बयान देने के एक दिन बाद सपा नेता अबु आजमी ने बृहस्पति को इस पर आपत्ति उठाई और राज्य के सभी मुस्लिम मंत्रियों से इस बयान के विरोध में तथा अन्य मुद्दों पर इस्तीफा देने को कहा। कांग्रेस के पूर्व सांसद संजय निरुपम ने भी ठाकरे के बयान पर अप्रसन्नता जताई।आजमी ने यहां विधान भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि ठाकरे यह भूल गए हैं कि वह सिर्फ शिवसेना के अध्यक्ष नहीं हैं बल्कि राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं।

आजमी ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन दलों ने अतीत में मुसलमानों को शिक्षा और नौकरियों में पांच प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी , लेकिन ए अब तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कम से कम मुस्लिम मंत्रियों को तो शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए और ठाकरे के बयान और आरक्षण के मुद्दे पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। सपा नेता ने कहा कि राज्य की महा विकास अघाड़ी सरकार भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए बनी थी और कांग्रेस तथा राकांपा ने उसे न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीएमपी) पर सहमति के आधार पर समर्थन दिया था।

आजमी ने कहा कि सीएमपी के आधार पर सरकार बनी थी लेकिन अब वह मंदिरों और मस्जिदों के बारे में बात कर रही है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस और राकांपा से इस पर विचार करने को कहा। वहीं निरुपम ने ठाकरे पर मस्जिद विध्वंस का जश्न विधानसभा में मनाने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस और राकांपा के विधायकों ने भाषण का आनंद लिया। निरुपम ने कहा, यह किस (भाषण) न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा था? ठाकरे ने बुधवार को विधानसभा में हिंदुत्व के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, .... जब बाबरी मस्जिद ढहाई गई तब सब लोग भाग गए लेकिन बाला साहेब खड़े रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, ....शिवसेना प्रमुख (बाल ठाकरे) ने तब कहा था कि अगर उनके शिव सैनिकों ने मस्जिद के कुछ हिस्से ढहाए तो उन्हें इस पर गर्व है।

## तृणमूल कांग्रेस ने उप चुनाव आयुक्त सुदीप जैन को हटाने की मांग की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने राज्य के प्रभारी उप चुनाव आयुक्त सुदीप जैन को हटाने की बृहस्पतिवार को मांग की। पार्टी ने उन पर उसके खिलाफ पूर्वाग्रह से ग्रस्त होने और संघीय ढांचे के मानकों को तोड़ने का आरोप लगाया है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता सौगत रॉय ने कहा कि पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर जैन को हटाने की मांग की है, साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान उनका उसके (तृणमूल कांग्रेस के) प्रति पूर्वाग्रह रखने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। रॉय ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले संसदीय चुनावों के दौरान सुदीप जैन ने कई कदम उठाए थे, जो न केवल चुनाव आयोग के मानकों के खिलाफ थे, बल्कि संघीय ढांचे के भी खिलाफ थे। हमें उनपर भरोसा नहीं है। रॉय ने कहा, हमें आशंका है कि इसबार भी वह ऐसे कदम उठाएंगे जिससे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भाजपा को फायदा होगा। हम चाहते हैं कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए उन्हें पश्चिम बंगाल में चुनाव के प्रभारी के पद से हटाया जाए। हमने पहले ही चुनाव आयोग को पत्र लिखा है, जहां अपनी मांग रखी है।



हिमाचल प्रदेश में भारतीय आर्मी के साथ तुर्कमेनिस्तान का विशेष बल आकाश-डाइविंग प्रशिक्षण के पहले चरण को करते हुए।

## राजनीतिक पारी के आरंभ से पहले दिल्ली मेट्रो की वर्दी में दिखे श्रीधरन

**कोच्चि।** भाजपा के साथ अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने से पहले और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के साथ 24 साल लंबे कॅरियर के आखिरी समय में मेट्रोमैन ई श्रीधरन बृहस्पतिवार को डीएमआरसी की वर्दी में दिखे। श्रीधरन (88) ने अपनी निगरानी में यहां एक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य समय से काफी पहले पूरा होने की घोषणा करते हुए कहा, यह अंतिम दिन होगा जब मैं वर्दी पहनूंगा। श्रीधरन को बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने में दक्षता के लिए जाना जाता है। श्रीधरन हाल में भाजपा में शामिल हुए हैं। डीएमआरसी की वर्दी पहने श्रीधरन ने पलरीवत्तम फ्लाईओवर को उद्घाटन के लिए केरल सरकार के सड़क एवं पुल विकास निगम (आरबीडीसी) को सौंपने से पहले बृहस्पतिवार सुबह उसका जायजा लिया। फ्लाईओवर के पुनर्निर्माण का काम पिछले साल सितंबर में शुरू हुआ था और अब यह तैयार है। राज्य सरकार इसके उद्घाटन की तिथि पर फैसला कर सकती है। उन्होंने कहा, मैंने डीएमआरसी की वर्दी पहली बार दिल्ली में 1997 में पहनी थी और पिछले 24 साल से मैं यही कर रहा हूं। श्रीधरन भाजपा के टिकट पर छह अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। डीएमआरसी के प्रधान सलाहकार के पद से इस्तीफा देने के बाद वह नामांकन पत्र भरेंगे। मेट्रोमैन ने कहा कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व से अनुरोध किया है कि वे उन्हें मलप्पुरम जिले के पोन्नानी में उनके आवास से ज्यादा दूर विधानसभा सीट से नहीं उतारें।

# मोटे अनाज को लोकप्रिय बनाने का नेतृत्व करना भारत के लिए सम्मान की बात: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोटे अनाजों को लोकप्रिय बनाने के मामले में दुनिया का नेतृत्व करना भारत के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि इसके उपयोग से न सिर्फ पोषण बल्कि खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को भी बल मिलता है।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा भारत की ओर से पेश एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिए जाने के संदर्भ में आया, जिसके तहत 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। इस प्रस्ताव का 70 से अधिक देशों ने समर्थन किया। मोटे अनाज वर्ष को अंतरराष्ट्रीय बाजरा-ज्वार दिवस के रूप में भी जाना जाता है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, मोटे अनाजों को लोकप्रिय बनाने के लिए अग्रिम मोर्चे पर जुटा भारत सम्मानित महसूस कर रहा है। मोटे अनाजों के उपभोग से पोषण के अलावा खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को भी बल मिलता है।

यह कृषि वैज्ञानिकों और स्टार्ट-अप समुदाय के लिए शोध और नवोन्मेष के द्वार भी खोलता है। उन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रतिनिधियों को नाश्ता के रूप में प्रसिद्ध मुरुक्कू पेश किया गया। उन्होंने कहा, यह ऐसा अल्पाहार जिसे मैं भी बहुत पसंद करता हूं और आप सभी से आग्रह करता हूं कि इसे एक बार जरूर आजमाएं। मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा और रागी आते हैं और इन्हें पौष्टिक अनाज माना जाता है।

## तेलंगाना एमएलसी चुनाव

# टीआरएस, भाजपा में कांटे की टक्कर

**भाषा।** हैदराबाद

**दुब्बाक** विधानसभा सीट से उपचुनाव और पिछले साल हुए स्थानीय निकाय चुनाव में हार का सदमा झेल रही सत्तारूढ़ टीआरएस तेलंगाना विधान परिषद की दो सीटों के लिए 14 मार्च को होने वाले चुनाव में भाजपा को हराने का हर संभव प्रयार कर रही है। हैदराबाद-रंगारेड्डी-महबूबनगर और खम्माम-नलगोंडा-वारंगल स्नातक सीटों पर चुनाव जीतने के लक्ष्य से दोनों पार्टियां रोजगार के अवसरों और विकास के अन्य मुद्दों को लेकर वाक्युद्ध में उलझी हुई हैं। भाजपा ने ना सिर्फ दुब्बाक विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की बल्कि ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के चुनाव में भी बेहतर परिणाम हासिल किया। गौरतलब है कि स्थानीय निकाय चुनाव के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित तमाम बड़े नेताओं ने चुनाव प्रचार किया था। टीआरएस 55 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। वहीं भाजपा को 48, एआईएमआईएम को 44 और कांग्रेस को दो सीटें मिली थीं। सत्तारूढ़ टीआरएस अपने शक्ति प्रदर्शन के लिए एमएलसी की दोनों सीटें जीतने की पुरजोर कोशिश में है। सबको आश्चर्य में डालते हुए टीआरएस ने हैदराबाद-रंगारेड्डी-महबूबनगर स्नातक सीट से पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत पी. वी. नरसिंह राव की बेटी एस. वाणी देवी को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला इस सीट से भाजपा के निर्वमान एमएलसी रामचन्द्र राव से होगा। वहीं टीआरएस ने अपने मौजूदा एमएलसी पल्ला राजेश्वर रेड्डी को खम्माम-नलगोंडा-वारंगल सीट उम्मीदवार बनाया है। हैदराबाद-रंगारेड्डी-महबूबनगर सीट पर चुनावी मुकाबला दिलचस्प होने वाला है क्योंकि वहां से तेदेपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एल. रमणा और पूर्व एमएलसी, पत्रकारिता के प्रोफेसर और प्रतिष्ठित राजनीति विश्लेषक के. नागेश्वर भी चुनाव मैदान में हैं।

# रेलटेल ने देश के 4,000 स्टेशनों पर प्रीपेड वाईफाई सेवा शुरू की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रेल के सार्वजनिक उद्यम रेलटेल ने बृहस्पतिवार से अपनी प्रीपेड वाई सेवा शुरू कर दी। इसके तहत फिलहाल देश के 4,000 रेलवे स्टेशनों पर यात्री पहले भुगतान करके हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा का उपयोग कर सकेंगे।

रेलटेल पहले से ही देश के 5,950 स्टेशनों को मुफ्त वाईफाई सेवा दे रहा है जिसका उपयोग कोई भी स्मार्टफोन धारक कर सकता है। इसके लिए उपयोक्ता को ओटीपी आधारित सत्यापन कराना पड़ता है। नई प्रीपेड योजना के तहत उपयोक्ता रोजाना अधिकतम 30 मिनट के लिए एमबीपीएस की स्पीड पर इंटरनेट का उपयोग कर सकता है। इसके बाद 34 एमबीपीएस स्पीड तक के लिए उपयोक्ता को बेहद कम शुल्क का भुगतान करना होगा।

ये योजनाएं हैं... एक दिन के लिए 10 रुपए में पांच जीबी, एक दिन के लिए 10 रुपए में 10 जीबी, पांच दिन की वैधता के साथ 20 रुपए में 10 जीबी, पांच दिन की वैधता के साथ 30 रुपए में 20 जीबी, 10 दिन की वैधता के साथ 40 रुपए में 20 जीबी, 10 दिन की वैधता के साथ 50 रुपए में 30 जीबी और 30 दिनों की वैधता के साथ 70 रुपए में 60 जीबी डेटा का उपयोग किया जा सकता है।

रेलटेल के सीएमडी पुनीत चावला ने कहा, हमने उत्तर प्रदेश के 20 स्टेशनों पर प्रीपेड वाईफाई का परीक्षण किया और उससे मिली प्रतिक्रिया तथा विस्तृत परीक्षण के साथ हम इस योजना को भारत में 4,000 से ज्यादा स्टेशनों पर शुरू कर रहे हैं। हमारी योजना सभी स्टेशनों को रेलवायर वाईफाई से जोड़ने की है। उन्होंने कहा कि डेटा योजना इस तरह से बनाई गई है कि कोई भी उपयोक्ता अपनी जरूरत के हिसाब से चुन सकता है। प्रीपेड भुगतान के लिए नेट-बैंकिंग, ई-वॉलेट और क्रेडिट कार्ड किसी का भी उपयोग किया जा सकता है। इसे ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है।

चावला ने बताया कि कोविड-19 से पहले हर महीने करीब तीन करोड़ लोग इस योजना का उपयोग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने और यात्रियों की संख्या पहले की तरह होने पर प्रीपेड वाईफाई सेवा से 10-15 करोड़ रुपए वार्षिक राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

## मोदी को सेरावीक वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण लीडरशीप पुरस्कार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को कैमब्रिज एनर्जी रिसर्च एसोसिएट्स वीक (सेरावीक) के वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण लीडरशीप पुरस्कार से नवाजा जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस सम्मान समारोह में प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शिरकत करेंगे। वह इस कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। डॉक्टर डेनिएल एरगिन ने 1983 में सेरावीक की स्थापना की थी। इसकी स्थापना के बाद से प्रत्येक साल मार्च महीने में हृयूस्टन में सेरावीक का आयोजन होता है। इसकी गिनती विश्व के अग्रणी ऊर्जा मंचों में होती है। इस साल यह आयोजन डिजिटल तरीके से एक से पांच मार्च तक हो रहा हैं। सेरावीक वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण लीडरशीप पुरस्कार की शुरुआत 2016 में हुई थी। वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रतिबद्ध नेतृत्व के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

# सहयोगी इंडियन सेक्यूलर फ्रंट सांप्रदायिक नहीं: माकपा

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ गठजोड़ के बाद वाम दलों पर सांप्रदायिक ताकतों से हाथ मिलाने के लग रहे आरोपों के बीच माकपा ने दावा किया कि नई पार्टी कट्टरपंथी सांप्रदायिक ताकतों से अलग है। हुगली जिले के फुरफुरा शरीफ में पिछले महीने प्रभावी मुस्लिम मौलवी अब्बास सिद्दिकी ने आईएसएफ बनाई थी।

वाम-कांग्रेस-आईएसएफ महागठबंधन के तहत वाम मोर्चा ने आईएसएफ के लिए 30 सीटें छोड़ने पर सहमति व्यक्त की थी। आईएसएफ और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बात चल रही है। माकपा के पश्चिम बंगाल महासचिव सूर्यकांत मिश्रा ने कहा कि गठजोड़ सिर्फ चुनाव के मद्देनजर नहीं किया गया है, बल्कि लोगों के जीवन व आजीविका तथा धर्मनिरपेक्षता तथा लोकतंत्र के खिलाफ हमलों को ध्यान में रखकर लंबी लड़ाई के लिए किया गया है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों का दावा है कि वाम मोर्चे ने आईएसएफ जैसी सांप्रदायिक ताकत से हाथ मिला लिया है।

माकपा के बांग्ला मुखपत्र गणशक्ति के बृहस्पतिवार के संस्करण में प्रकाशित एक साक्षात्कार में मिश्रा ने कहा, आईएसएफ एक सांप्रदायिक ताकत नहीं है। यह कट्टरपंथी सांप्रदायिक ताकतों से अलग है। ब्रिगेड परेड मैदान की रैली में जुटी भारी भीड़ से टीएमसी और भाजपा के समीकरण गड़बड़ाने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि आईएसएफ अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यक समुदायों के साथ ही अगड़ी जाति के हिंदुओं तथा आदिवासियों की भी बात करती है। वाम-कांग्रेस-आईएसएफ गठबंधन ने पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत 28 फरवरी को कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में एक बड़ी रैली आयोजित कर की थी। वाम दलों के चुनावों के लिए अपनी विचारधारा छोड़ने से इनकार करते हुए मिश्रा ने कहा, वाम दलों ने राज्य की मौजूदा परिस्थितियों में महागठबंधन बनाकर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कथित सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सामने लोगों को एक साथ लेकर आने की जरूरत थी। उन्होंने इस आकलन को भी गलत बताया कि गठबंधन में आईएसएफ को शामिल करने से भाजपा को हिंदुओं को अपने साथ लाने में मदद मिलेगी, उन्होंने दावा किया कि हिंदू भी मुसलमानों जितने ही खतरे में हैं और उनका जीवन व आजीविका भी दांव पर है।

# शरजील उस्मानी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: अजित पवार

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र** के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता शरजील उस्मानी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिस पर इस साल जनवरी में पुणे में एल्गार परिषद में अपनी टिप्पणी से धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप है। पवार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति का साथ देने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी को महत्वपूर्ण मुद्दों पर समझदारी से बोलना चाहिए। पवार ने यह टिप्पणी राज्य विधान परिषद में की। उन्होंने किसी भी पार्टी का नाम लिए बिना कहा, शरजील उस्मानी और अपराध करने वाले अन्य लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। देश और राज्य की सामाजिक सुरक्षा पर दो राय नहीं होनी चाहिए। महाराष्ट्र भाजपा उस्मानी के खिलाफ कार्वाई की मांग कर रही है। रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी के एक स्पष्ट संदर्भ में, पवार ने कहा, एक तथाकथित पत्रकार के खिलाफ आरोप लगाए गए। उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाने के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर व्हाट्सएप पर देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर और गोपनीय जानकारी देने का आरोप है। इस पत्रकार ने पुलवामा आतंकी हमले में देश के जवानों के शहीद होने के बाद खुशी जाहिर की थी। पवार ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति का साथ देने का कोई कारण नहीं है। हम सभी को ऐसे मुद्दों पर समझदारी से काम लेना चाहिए। यह मेरा स्पष्ट दृष्टिकोण है और यह हमारे महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का भी दृष्टिकोण है।

अपने संबोधन के दौरान, पवार ने यह भी कहा कि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की एमवीए सरकार महाराष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि विकास निधि के आवंटन में राज्य के किसी भी क्षेत्र के साथ कोई अन्याय नहीं होगा।

## आयकर विभाग ने तमिलनाडु के ठेकेदारों पर की गई छापेमारी में 175 करोड़ के काले धन का पता लगाया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने चुनावी राज्य तमिलनाडु के दो सिविल ठेकेदारों पर की गई छापेमारी में 175 करोड़ रुपए की बेहिसाब आय का पता लगाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बोर्ड ने कहा कि मदुरै और रामनाथपुरम जिले में बुधवार को 18 ठिकानों पर चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान तीन करोड़ रुपए की बेहिसाब राशि को जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि नकद रखे होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद विभाग ने यह कार्वाई की, जिसे चुनाव के दौरान बांटे जाने की आशंका थी। तमिलनाडु में छह अप्रैल को 234 सदस्ईय विधानसभा के लिए मतदान होगा। सीबीडीटी ने कहा कि व्यापक स्तर पर चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान राज्य से 175 करोड़ रुपए के काले धन का पता लगाया गया है। उन्होंने कहा कि निष्कर्ष में यह भी सामने आया कि लाभ को कम करके दिखाने के लिए विभिन्न मदों में फर्जी खर्च दिखाए गए।

# शशिकला के राजनीति छोड़ देने से जयललिता के सपनों को पूरा करने में मिलेगी मदद: सीटी रवि

**भाषा।** चेन्नई



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने अन्नाद्रमुक से निष्कासित महासचिव वी के शशिकला के राजनीति छोड़ देने के निर्णय का स्वागत किया और कहा कि इससे दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता के प्रगतिशील एवं समृद्ध तमिलनाडु के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी।

तमिलनाडु मामलों के पार्टी प्रभारी भाजपा महासचिव सी टी रवि ने कहा कि राजनीति छोड़ने का निर्णय शशिकला का पूरी तरह अपना फैसला है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी उनके फैसले का स्वागत करती है। उनके फैसले से अम्मा के सपनों को साकार करने में मदद मिलेगी। रवि ने कहा, भाजपा का लक्ष्य तमिलनाडु में राजग को मजबूत बनाना और सभी 234 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत के लिए परिश्रम करना है। हमारा बड़ा इरादा द्रमुक को हराना एवं अन्नाद्रमुक की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करना है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि अन्नाद्रमुक को जयललिता के सपनों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सत्ता में लौटना चाहिए क्योंकि द्रमुक यदि सत्ता में आएगी तो वह बस अपने परिवार की प्रगति एवं समृद्धि की फिक्र करेगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके (अम्मा) के भतीजे टी टी वी दिनाकरण जयललिता के सपने को साकार करने का फैसला करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्नाद्रमुक राजग गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अम्मा के सपने को पूरा करेगा।

## जयंत चौधरी ने कृषि कानूनों के विरोध में किसानों से लामबंद होने को कहा

**बुलन्दशहर।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत चौधरी ने तीन नए कृषि कानूनों पर केन्द्र सरकार का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को किसानों से लामबंद होने का आह्वाहन किया और दावा कि इन कानूनों से छोटे किसान भी बरबाद हो जाएंगे। उन्होंने बुलन्दशहर के जहांगीराबाद में रालोद द्वारा आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, अब हक मांगने पर किसानों पर लाठियां बरसाई जाती है। उन्होंने नए कृषि कानूनों को किसान विरोधी बताया। और कहा कि हक मांगने वाले किसानों को आन्दोलन-जीवी बताया जाता है। चौधरी ने किसानों से आह्वाहन किया कि वे जातिवाद से उठकर एकजुट हो, तभी तरक्की का मार्ग निकलेगा। उन्होंने कहा, केन्द्र में अड़ियल सरकार बैठी हुई है जो किसानों की दु:ख दर्द की बात नहीं सुनती है।

# यूजीसी ने देश के और विदेशी उच्च शिक्षा संस्थाओं के बीच अकादमिक सहयोग विनियमन 2021 के मसौदे पर सुझाव मांगा

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने भारतीय छात्रों के लिए एक ही समय में अलग अलग डिग्री या दो डिग्रियां एक साथ हासिल करने की व्यवस्था के संबंध में भारतीय और विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच अकादमिक सहयोग से जुड़े विनियमन के मसौदे पर 15 मार्च तक सुझाव मांगा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने यह जानकारी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत की गई इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय को सक्षम बनाने के लिए शिक्षाविदों और अन्य सभी हितधारकों और जनता से इस पर सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को क्रियान्वित करने के लिए कई तरह की पहल कर रही है। मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, बजट 2021 में घोषणा के अनुसार भारतीय छात्रों के लिए एक साथ अलग अलग डिग्री या दो डिग्रियां तथा संयुक्त शिक्षण कार्यक्रम की सुविधा की अनुमति देने के लिए एक सक्षम विनियामक तंत्र का प्रस्ताव किया गया है। यूजीसी ने इसके अनुरूप ऐसी डिग्रियों की व्यवस्था के लिए देशी और विदेशी संस्थाओं के बीच अकादमिक सहयोग से संबधित नियमन 2021 की पेशकश की है। ये नियम भारत के उन उच्च शिक्षा संस्थानों पर लागू होंगे जो स्नातकोत्तर और डाक्टरेट कार्यक्रमों सहित डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए विदेशों के अग्रणी शिक्षा संस्थानों के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं।

## ट्रेनों में कंटेंट ऑन डिमांड सेवा इस महीने शुरू की जाएगी: अधिकारी

**नई दिल्ली।** ट्रेनों में बहुप्रतीक्षित कंटेंट ऑन डिमांड (सीओडी) सेवा इस महीने शुरू की जाएगी। रेलवे पीएसयू रेलटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सेवा के तहत चलती ट्रेनों में पहले से लोड की गई बहुभाषी सामग्री के जरिए इन्फोटेनमेंट (ज्ञानरंजन) प्रदान किया जाएगा जिसमें फिल्में, समाचार, संगीत वीडियो और सामान्य मनोरंजन शामिल होंगे। रेलटेल के सीएमडी पुनीत चावला ने कहा कि बफर-फ्री सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए मीडिया सर्वर को डिब्बों के अंदर लगाया जाएगा। यात्री निजी उपकरणों में उच्च गुणवत्ता वाले बफर-फ्री स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकेंगे और समय-समय पर सामग्री अपडेट होती जाएगी। इस सेवा को 5,723 उपनगरीय ट्रेनों सहित 8,731 ट्रेनों और वाई-फाई से लैस 5,952 से अधिक स्टेशनों पर चालू किया जाएगा।

# भारतीय वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस में बदलाव, प्रोटीन का पता लगाया

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के एक अध्ययन में कोविड-19 के लिए जिम्मेदार सार्स कोव-2 वायरस में आए कई बदलाव और विशिष्ट प्रोटीन की पहचान की गई। बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि जर्नल ऑफ प्रोटिओम रिसर्च में प्रकाशित हालिया अध्ययन में बताया गया कि प्रतिरक्षा के तौर पर वायरस का वाहक कई प्रोटीन का उत्पादन करता है।

वायरस में किस तरह बदलाव आता है और इसके प्रोटीन पर अध्ययन के लिए जैव रसायन विभाग में प्रोफेसर उत्पल टाटू के नेतृत्व में एक टीम ने सार्स कोव-2 वायरस के जीनोम अनुक्रमण का विश्लेषण किया। उत्पल टाटू ने कहा कि वायरस के स्वरूप का अनुक्रमण करना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे इसमें आ रहे बदलाव को जानने में मदद मिलती है। उनकी टीम के अध्ययन से पता चला कि वायरस पहले की तुलना में तेजी से अपना स्वरूप बदल रहा है।

टीम ने कहा कि सार्स कोव-2 वायरस जीनोम कोड में 25 से ज्यादा प्रोटीन होते हैं लेकिन इनमें से कुछ ही प्रोटीन की अब तक पहचान हो पाई है। विश्लेषण के लिए टीम ने 13 अलग प्रोटीन का पता लगाया जिसके बारे में पहले से पता नहीं था। टाटू ने कहा, ऐसे ही एक प्रोटीन ओआरएफ9बी की पहचान की गई, जो कि वायरस के वाहक के प्रतिरक्षा तंत्र को भेद देता है। टीम ने कोविड-19 संक्रमण के संबंध में 441 प्रोटीन का पता लगाया जिसके बारे में माना जाता है कि प्रतिरक्षा तंत्र में ए बड़ी भूमिका निभाते हैं।

# पेज 1 का शेष

## गोरखपुर में...

एवं रसायन मंत्रालय ने कोविड के दौरान भी खाद की कहीं कमी नहीं होने दी। कहा कि उर्वरक एवं रसायन मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा हर 15 दिन पर खाद कारखाना निर्माण कार्य की समीक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि वर्ष 1967-68 में जब फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया के सहयोग से गोरखपुर में खाद कारखाना का निर्माण शुरू हुआ तो जापान की टोयो कंपनी ने काम किया था। कंपनी ने अच्छा काम किया और यहां की यूरिया को उत्तर प्रदेश, बिहार के साथ ही झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी काफी पसंद किया जाता था। वहां भी गोरखपुर की यूरिया काफी लोकप्रिय थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिलुआताल खाद कारखाना के लिए बड़ा जलस्रोत बना है। खाद कारखाना और यहां बनाए गए आवासों में जलापूर्ति के बाद जो पानी बचेगा उसका शहर में उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पानी हर घर तक पहुंचाने के लिए हो रहे कार्यों के बारे में भी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता अभियान और साफपानी की उपलब्धता के कारण जेई व एईएस से मौत और बीमारों की संख्या पर लगाम लग चुकी है। वर्ष 1977 से 2017 तक हर साल जेई से 12 सौ से 15 सौ बच्चों की बाबा राघवदास मेडिकल कालेज में मौत हो जाती थी। इतनी ही संख्या में बच्चे घरों में बिना इलाज दम तोड़ देते थे। अब जेई से बीमारों की संख्या पर 75 फीसद और मौत पर 95 फीसद नियंत्रण पा लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एचयूआरएल के एमडी अरुण कुमार गुप्ता की तारीफ की। कहा कि जब खाद कारखाना का काम शुरू होना था तब अरुण कुमार गुप्ता आए थे। वह पूरी तत्परता से खाद कारखाना का निर्माण पूरा कराने में जुटे हुए हैं। निर्माण कार्य में रुचि लेते हैं और जरूरतों के बारे में तत्काल अवगत कराते हैं।

## मुन्ना बजरंगी...

के कालेज से गिरफ्तार खान मुबारक गैंग के शार्प शूटर व एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित अपराधी नीरज सिंह ने पूछताछ पर बताया था कि माफिया दिलीप मिश्रा के कहने पर मैंने वकील पाण्डेय के साथ मिलकर सुजीत सिंह नैनी प्रयागराज जो आरएसएस से सम्बन्ध रखते हैं तथा लवायनकला निवासी नन्हें खां के दामाद सलील अहमद पुत्र मंजूर अहमद निवासी घोघापुर थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज जो समाजवादी पार्टी से सम्बन्ध रखते हैं एवं ब्लाक लेवल के नेता भी हैं। दिलीप मिश्रा के कहने पर इनकी हत्या करने हेतु नीरज सिंह के साथ वकील पाण्डेय ने तीन बार रैकी की थी लेकिन नीरज सिंह के गिरफ्तार हो जाने के कारण यह सफल नहीं हो पाया था। झारखंड के कोयला माफिया व धनबाद के डिप्टी मेयर स्वर्गीय नीरज सिंह की हत्या में शामिल मुन्ना बजरंगी का शार्प शूटर अमन सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी जगदीशपुर जनपद अम्बेडकर नगरए जो वर्तमान समय में रांची के होटरवार जेल में निरुद्ध है, के कहने पर वकील पांडेय व अमजद अपने साथियों के साथ मिलकर रांची के होटरवार जेल के किसी अधिकारी कर्मचारी की हत्या कर सनसनी फैलाना चाहते थे, जिससे अमन सिंह का दबदबा एक बार जेल में हो जाए लेकिन एसटीएफ द्वारा 11 फरवरी 2021 को इनके साथी अभिनव प्रताप सिंह उर्फ वरुण पुत्र दिनेश प्रताप सिंह निवासी ज्ञानपुर जनपद अयोध्या के पकड़ जाने के बाद यह घटना रुक गयी। इसे अभिनव सिंह ने अपने बयान में भी बताया था।

## पूर्व सांसद...

अजीत सिंह की हत्या कर दी थी। इस मामले में साथ में रहे मोहर सिंह ने वाराणसी निवासी गिरधारी शर्मा उर्फ डॉक्टर सहित कई लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लखनऊ पुलिस से बचने के लिए गिरधारी दिल्ली की अदालत में सरेंडर कर दिया था। विभूतिखंड पुलिस ने अदालत में रिमांड पर लेने के लिए अर्जी डाली। अदालत से रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस उसे लखनऊ लेकर आई और घटना में इस्तेमाल आला कत्ल को बरामद करने के लिए ले जा रही थी कि गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर रेलवे क्रासिंग पर पहुंचते ही गिरधारी पुलिस अभिरक्षा से भागने के लिए पुलिस वाहन से कूद पड़ा और पुलिस के असलहे पुलिस दल पर फायरिंग झोंकना शुरू कर दिया। जवाबी फाायरिंग में गिरधारी मारा गया। बताया गया कि मौत होने के पहले गिरधारी ने जौनपुर निवासी पूर्व सांसद धनंजय सिंह का नाम लेकर बताया कि अजीत सिंह की हत्या कराने में धनंजय सिंह की अहम भूमिका रही। पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस ने धनंजय के खिलाफ गैर जमानती वारंट हासिल किया। इसके बाद से ही वह फरार चल रहे हैं।

## 61 अनुपयोगी...

खन्ना द्वारा उक्त आशय का विधेयक लाए जाने पर सबसे पहले नेता प्रतिपक्ष रामगोबिन्द चौधरी, बसपा के लालजी वर्मा और कांग्रेस की आराधना मिश्रा ने विरोध दर्ज कराया। इसके बावजूद संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना सत्र के अंतिम दिन इस विधेयक को पारित कराए जाने की मांग कर रहे थे। उनकी इस मांग को संपूर्ण विपक्ष ने अलोकतांत्रिक और गैरकानूनी बताया। इसके विरोध में तीनों दलों ने बारी-बारी से वाकआउट किया। विपक्ष के वाकआउट के बाद संसदीय कार्यमंत्री ने उक्त विधेयक पटल पर रखा। जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विपक्ष के सदस्यों का आरोप था कि इस सत्र के अंतिम दिन जो आचरण दिखा वह मर्यादा के खिलाफ था। इसी के साथ सदन में उत्तर प्रदेश फण्डामेंटल रूल 56 संशोधन तथा विधिमान्यकरण विधेयक 2021, उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण संशोधन 2021, और उत्तर प्रदेश लोकसेवा शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण संशोधन विधेयक 2021 भी पारित कर दिया गया।

## दरोगा ने...

वाले और परिवार के साथ चिनहट क्षेत्र में रहते थे। बताया गया कि वे बंथरा से सचिवालय के सामने आए और खुद को गोली मार ली। गोली लगते ही निर्मल सड़क पर गिर पड़े। दरोगा द्वारा खुद को गोली मारने की खबर मिलते ही पुलिस अफसरों में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल दरोगा को सिविल अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अनुराग, तापसी...

एवं प्रतिभा प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। वहीं, आधिकारिक सूत्रों ने इनकी पहचान पन्नू और फैंटम फिल्म्स के पूर्व प्रवर्तक कश्यप, निर्माता-निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी, निर्माता विकास बहल और निर्माता-वितरक मधु मंटेना के रूप में की है। सूत्रों ने सेलिब्रिटी और प्रतिभा प्रबंधन कंपनियों की पहचान केडब्ल्यूएएन और एक्सीड के रूप में की है। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माण से जुड़ी जिस दूसरी कंपनी पर छापेमारी की गई, वो अनुराग कश्यप से संबंधित है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की वास्तविक कमाई की तुलना में अग्रणी फिल्म निर्माण कंपनियों द्वारा आय को काफी कम करके दिखाने के साक्ष्य का पता लगाया गया है। इसमें आरोप लगाया गया, फिल्म निर्देशकों और साझेदारों के बीच फिल्म निर्माण कंपनियों के शेयर लेन-देन के हेरफेर और कम मूल्यांकन संबंधी साक्ष्य भी सामने आए हैं और करीब 350 करोड़ रुपए की कर पेचिदगियां पाई गई हैं। इनके बारे में आगे जांच की जा रही है। सीबीडीटी ने दावा किया, एक मशहूर अभिनेत्री द्वारा पांच करोड़ की रकम नकद प्राप्त करने के भी साक्ष्य मिले हैं और इस बारे में आगे की जांच जारी है। उन्होंने दावा किया कि इसी तरह की कई वित्तीय अनियमित्ताओं की जानकारी सामने आई है।

## हाईकोर्ट ने...

की प्रमुख पीठ प्रयागराज में स्थापित करने की बात कही गयी है। पीठ के समक्ष पूर्व आदेश के अनुपालन में एडीशनल सालीसीटर जनरल शशि प्रकाश सिंह उपस्थित हुए। बताया कि केंद्र व जीएसटी काउंसिल ने नौ फरवरी 2021 को जारी इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करने का निर्णय लिया है। इस आदेश से हाईकोर्ट की इलाहाबाद खंडपीठ ने एक समयसीमा में जीएसटी काउंसिल प्रयागराज में गठित करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान अवध बार के अध्यक्ष व वरिष्ठ वकील एचजीएसस परिहार तथा वरिष्ठ वकील जेएन माथुर व एलपी मिश्रा ने तर्क देते हुए कहा कि पहले जीएसटी काउंसिल ने अपीलेट ट्रिब्युनल लखनऊ में गठित करने का निर्णय लिया था। लेकिन बाद में अपना निर्णय बदल दिया। जो आधारहीन व गलत भी है। इनका कहना था कि ऐसा इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक पीठ द्वारा जीएसटी अधिकारियों की बार बार तलबी से तंग आकर किया गया था। कहा गया कि लखनऊ में ट्रिब्युनल गठित होने से वादकारियों को ही सुविधा होगी। गौरतलब है कि हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार बढ़ाने व नए बनने वाले सभी ट्रिब्युनल को लखनऊ में गठित करने का इलाहाबाद के वकील विरोध करते हैं। वहीं लखनऊ के वकीलों ने इस मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई लड़ने की ठान ली है। बीते 24 फरवरी से वकील न्यायिक कार्यो का बहिष्कार कर रहे हैं। शुक्रवार को भी वकील न्यायिक कार्यो से विरत रहकर धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। अवध बार के महामंत्री शरद पाठक ने बताया कि छह मार्च को आस पास के उन जिलों के बार एसोसिएशनों को आमंत्रित किया गया है, जिन्हें लखनऊ खंडपीठ से जोड़ने की मांग की जा रही है।

# भारतीय फिरकी के जाल में फंसे अंग्रेज

## आखिरी टेस्ट : टीम 205 रन पर आउट, भारत ने पहला विकेट जल्दी खो दिया

भाषा। अहमदाबाद



अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की जोड़ी ने एक बार फिर फिरकी का जाल बुनकर चौथे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले ही दिन इंग्लैंड को 205 रन पर समेट दिया लेकिन जवाब में भारत ने पहला विकेट जल्दी खो दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत का स्कोर एक विकेट पर 24 रन था। रोहित शर्मा आठ और चेतेश्वर पुजारा 15 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत ने शुभमन गिल का विकेट पारी की तीसरी ही गेंद पर गंवा दिया जिन्हें जेम्स एंडरसन ने पगबाधा आउट किया। उस समय भारत का खाता भी नहीं खुला था।

इसी मैदान पर तीसरे टेस्ट में 112 और 81 रन पर सिमटने वाली इंग्लैंड की टीम ने सुबह टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन बेन स्टोक्स (55) को छोड़कर कोई बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल सका। विकेट से टर्न और उछाल तो मिल रहा था लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने ज्यादातर विकेट अपनी गलतियों के चलते गंवाए। पिछले टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले स्थानीय सितारे अक्षर ने 68 रन देकर चार विकेट लिए जबकि अश्विन ने 47 रन देकर तीन विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। भारत श्रृंखला में 2-1 से आगे है और उसे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए बस ड्रॉ की जरूरत है।

न्यूजीलैंड फाइनल में पहले ही पहुंच चुका है। अक्षर ने सुबह इंग्लैंड को दो झटके दिए और मेहमान टीम लंच तक तीन विकेट 74 रन पर गंवा चुकी थी। छठे ओवर में ही गेंदबाजी के लिए आए बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर ने आर्म बॉल पर डोम सिबले (दो) को बोल्ड करके रवाना किया। इसके बाद क्रॉली (आठ) मिडआफ में सिराज को कैच देकर लौटे। जो रूट (पांच) को सिराज ने शानदार इनस्विंगर पर पगबाधा आउट किया। पहले ही घंटे में इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 30 रन था। कप्तान विराट कोहली ने 20वें ओवर में रविचंद्रन अश्विन को गेंद सौंपी। दोनों छोर से स्पिनरों ने दबाव बनाना जारी रखा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की विकेट से टर्न और उछाल दोनों मिल रहा था लेकिन लगातार नहीं जिससे इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज शुरूआती झटकों से संभलते नजर आए।

### आर्चर कोहनी की चोट के कारण अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाए, स्टोक्स और कुछ अन्य को पेट में संक्रमण

**अहमदाबाद।** इंग्लैड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को कोहनी मे चोट से परेशानी के कारण भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश मे नही चुना गया जबकि बेन स्टोक्स सहित टीम के कुछ अन्य सदस्यो को पेट मे संक्रमण है। इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। आर्चर इसी चोट के कारण चेन्नई मे दूसरा टेस्ट नही खेल पाए थे। ईसीबी के अपडेट के अनुसार, जोफ्रा आर्चर कोहनी की चोट के बरकरार रहने के कारण इस टेस्ट मे नही खेल रहे है। ईसीबी की मेडिकल टीम आगे इस पर अपडेट देगी। इसके अनुसार, बेन स्टोक्स को पेट मे गड़बड़ी है और दौरा करने वाली टीम के अन्य सदस्यो को भी इससे परेशानी है। लेकिन उन्हे मैदान से दूर रखने की उम्मीद नही है।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड पहली पारी :** क्रॉली का सिराज बो पटेल 9, सिबली बो पटेल 2, बेयरस्टॉ पगबाधा बो सिराज 28, रूट पगबाधा बो सिराज 5, स्टोक्स पगबाधा बो सुंदर 55, पोप का गिल बो अश्विन 29, लॉरेंस स्ट पंत बो पटेल 46, फोक्स का रहाणे बो अश्विन I, बेस पगबाधा बो पटेल 3, लीच पगबाधा बो अश्विन 7, एंडरसन नाबाद 10, **अतिरिक्त :** 10 रन, **कुल योग :** 75 . 5 ओवर में 205 रन, **विकेट पतन :** I-10, 2-15, 3-30, 4-78, 5-121, 6-166, 7-170, 8-188, 9-189, **गेंदबाजी :** ईशांत 9-2-23- 0, सिराज 14-2-45-2, पटेल 26- 7 -68- 4, अश्विन 19.5-4-47-3, सुंदर 7-1-14-1

**भारत पहली पारी :** गिल पगबाधा बो एंडरसन 0, रोहित नाबाद 8, पुजारा नाबाद 15, **अतिरिक्त :** एक रन, **कुल योग :** 12 ओवर में एक विकेट पर 24 रन, **विकेट पतन :** I-0, **गेंदबाजी :** एंडरसन 5-5-0-1, स्टोक्स 2-1-4-0, लीच 4- 0-16-0 बेस I-0-4-0

### नागल की एटीपी कैरियर की सबसे बड़ी जीत

**ब्यूनस आयर्स।** भारत के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपने एटीपी कैरियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त चिली के क्रिस्टियन गारिन को सीधे सेटों में हराकर अर्जेंटीना ओपन एटीपी 250 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 150वें स्थान पर काबिज नागल ने दूसरे दौर में 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। गारिन विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर हैं। एटीपी टूर स्तर पर नागल पहली बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं।

### मुक्केबाजी : पूजा रानी सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन पूजा रानी (75 किलो) स्पेन के कास्टेलोन में चल रहे 35वें बॉक्सेम अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि दो बार की विश्व कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। बुधवार को देर रात खेले गए मुकाबले में रानी ने इटली की असुंता कैनफोरा को हराया। इससे पहले एम सी मैरीकॉम (51 किलो), सिमरनजीत कौर (60 किलो) और जास्मीन (57 किलो) अंतिम चार में पहुंच चुकी है।

### सानिया कतर में हारी

**दोहा।** एक साल से अधिक समय बाद पहले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और उनकी स्लोवेनिया की जोड़ीदार आंद्रेजा क्लेपैक को गुरुवार को यहां कतर टोटल ओपन के महिला युगल सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सानिया और स्लोवेनिया की उनकी जोड़ीदार को अमेरिकी की निकोल मेलिशर और नीदरलैंड की डेमी शुर्स के खिलाफ एक घंटे और 28 मिनट में 5-7 6-2 5-10 से हार झेलनी पड़ी। सानिया हाल में कोविड-19 से उबरने के बाद टूर पर वापसी कर रही है। सानिया के शीर्ष 200 में जगह बनाने की उम्मीद है। वह मौजूदा 254 से 177वें पायदान पर पहुंच सकती है।

### चौधरी ने नियम का उल्लंघन नहीं किया: आईपीसी

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन और पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भाला फेंक खिलाड़ी संदीप चौधरी को प्रतियोगिता से इतर परीक्षण के लिए उपलब्ध नहीं होना रहने के समय संबंधी नियम का उल्लंघन नहीं माना जाएगा क्योंकि उन्होंने पहले ही अपनी मौजूदगी के नए स्थान की सूचना दे दी थी। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) ने यह फैसला किया है। सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का हिस्सा चौधरी पिछले महीने उस समय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम परिसर में मौजूद नही थे जब डोप नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) उनका नमूना लेने आए थे। आईपीसी के पत्र के अनुसार, एथलीट अपनी पूर्व निर्धारित जगह पर मौजूद नही था।

## हुसामुद्दीन सेमीफाइनल में, अमित पंघाल क्वार्टरफाइनल में हारे



**नई दिल्ली।** मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर एक पदक पक्का कर लिया लेकिन विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (52 किग्रा) स्पेन के कास्टेलोन में चल रहे 35वें बॉक्साम अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में गुरूवार को हारकर बाहर हो गए। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने इटली के सिमोन स्पाडा को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया जहां उनका सामना पनामा के ओरलांडो मार्टिनेज से होगा। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके एशियाई खेलों और एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल विभाजित फैसले में यूरोपीय खेलों के चैम्पियन गैब्रियल एस्कोबार से हारकर बाहर हो गए।पंघाल के लिए यह हार चौंकाने वाली रही जिन्होंने दो महीने पहले कोलोन विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। 23 साल के इस मुक्केबाज को एस्कोबार के खिलाफ कमजोर डिफेंस का खामियाजा हार से भुगतना पड़ा। स्पेनिश मुक्केबाज ने शुरूआती राउंड में ही उन्हें चौंका दिया, हालांकि पंघाल ने अंतिम तीन मिनट में वापसी की लेकिन तब तक एस्कोबार को जीत के लिए अंक मिल चुके थे। हीं हुसामुद्दीन ने स्पाडा के खिलाफ दबदबा बनाया, मुकाबले में उनका फुटवर्क शानदार रहा और उन्होंने बेहतरीन मुक्कों से अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त किया।

### नीरज कांस्य पदक की दौड़ में

**रोम।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवान नीरज 63 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक की दौड़ में बने हुए हैं लेकिन गुरुवार को यहां यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन उनके चार हमवतन पहलवान हार गए। नीरज को क्वार्टर फाइनल में सुल्तान असीतुली के खिलाफ I-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन कजाखस्तान के पहलवान के फाइनल में पहुंचने के कारण उन्हें रेपेचेज दौर में जगह मिली। नीरज ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए रूस के एलेक्सेई तेडिकिन को 7-3 से हराकर कांस्य पदक के प्ले आफ मुकाबले में जगह बनाई जहां उनका सामना अमेरिका के सैमुअल ली जोन्स से होगा। गौरव दुहून ने हालांकि मौका गंवा दिया जब उन्हें 67 किग्रा वर्ग के रेपेचेज दौर में तुर्की के मुरात फिरात के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। अर्जुन हलाकुर्की ने तकनीकी दक्षता के आधार पर आंद्रे रिकार्डो कार्डोसो ओलिविएरा सिल्वा को हराया लेकिन

### कमल प्री क्वार्टर में हारे

**दोहा।** भारत का अभियान गुरूवार को यहां विश्व टेबल टेनिस कंटेडर सीरीज में अनुभवी शरत कमल के पुरूष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के दुनिया के सातवें नंबर के लिन युन जू से हारने से खत्म हो गया। अड़तीस वर्षीय भारतीय खिलाड़ी को लिन से 6-11 4-11 8-11 से पराजय का सामना करना पड़ा। दुनिया के 32वें नंबर के शरत कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के ब्रेक के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रहे थे। अपने से ऊंची रैंकिंग के लिन के खिलाफ अंत में अच्छी चुनौती पेश करने के बाद वह लय हासिल नहीं कर सके। इससे पहले मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला भी महिला एकल वर्ग में अपने अंतिम क्वालीफाइंग राउंड के मैच गंवा बैठी।

## पोलार्ड के छह गेंद में छह छक्के

### वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराया

भाषा। कूलिज (एंटीगा)



श्रीलंका के लेग स्पिनर अकिला धनंजय ने टी20 क्रिकेट के उतार चढाव एक ही मैच में देख लिए जब क्रिस गेल के विकेट समेत हैट्रिक लेने के बाद कीरोन पोलार्ड ने पहले मैच में उन्हें एक ओवर में छह छक्के जड़ डाले। पोलार्ड भारत के युवराज सिंह के बाद टी20 क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले दूसरे और सभी प्रारूपों में तीसरे बल्लेबाज बन गए। युवराज ने टी20 विश्व कप 2007 में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में यह कारनामा किया था। वेस्टइंडीज ने बुधवार को यह मैच 41 गेंद बाकी रहते चार विकेट से जीता। वेस्टइंडीज ने 132 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 134 रन बनाए। धनंजय टी20 क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले दुनिया के 15वें और श्रीलंका के चौथे गेंदबाज बन गए।

### बावुमा दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों की टीम के कप्तान बने, टेस्ट टीम की कमान एल्गर को

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने गुरुवार को तेम्बा बावुमा को सीमित ओवरों की टीम जबकि डीन एल्गर को टेस्ट टीम का कप्तान बनाया। सीएसए के बयान मे क्रिकेट निदेशक ग्रीम स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए मुश्किल समय मे टीम की अगुआई करने के लिए क्विंटन डिकॉक का आभार जताया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ ने कहा, सीमित ओवरो के प्रारूप मे टीम के कप्तान के रूप मे क्विंटन ने जो काम किया हम उसके लिए उसके आभारी हैं। हम उसके आभारी है कि उसने उस समय आगे बढ़कर अगुआई की जबकि राष्ट्रीय चयन पैनल टेस्ट कप्तान की तलाश कर रहा था।

## सिंधु, जयराम व श्रीकांत क्वार्टरफाइनल में

### स्विस ओपन

भाषा। बासेल



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, पूर्व चैम्पियन किदाम्बी श्रीकांत ने दो अन्य भारतीयों के साथ गुरूवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। सिंधु और श्रीकांत ने विपरीत जीत दर्ज की, अजय जयराम और पिछले चरण के उप विजेता बी साई प्रणीत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर 300 टूर्नामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश किया। वहीं युवा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को दोहरी खुशी मिली क्योंकि उन्होंने अपने जोड़ीदारों अश्विनी पोनप्पा और चिराग शेट्टी के साथ मिलकर मिश्रित युगल और पुरूष युगल दोनों स्पर्धाओं में क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु को महिला एकल स्पर्धा में अमेरिका की इरिस वांग को 21-13 21-14 से हराने में जरा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी जबकि पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने पुरूष एकल के दूसरे दौर के मैच में फ्रांस के थॉमस रोक्सेल पर 21-10 14-21 21-14 से जीत दर्ज की और जयराम ने तीसरे वरीय रासमस गेमके को 21-18 17-21 21-13 से पराजित किया। प्रणीत ने बाद में स्पेन के पाब्लो एबियन को 21-12 21-17 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। जनवरी में टोयोटा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल तक पहुंची सात्विक और अश्विनी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पिठा हैनिंगटयास मेंटारी की जोड़ी को मिश्रित युगल के दूसरे दौर के मुकाबले में 21-18 21-16 से शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फिर इंडोनेशिया के प्रमुद्या कुसुमावर्दाना और एरेमिया एरिच योचे याकोब रैम्बितियन पर 21-17 20-22 21-17 की जीत से अंतिम आठ में प्रवेश किया। दूसरी वरीय सिंधु की भिड़ंत अब थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरूंगफान से होगी जबकि चौथे वरीय श्रीकांत का सामना अब अंतिम आठ में थाईलैंड के छठे वरीय कांटाफोन वांगचारोएन से होगा। जयराम अंतिम आठ में आठवें वरीय थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण से भिड़ेंगे और प्रणीत का सामना मलेशिया के दूसरे वरीय ली जि जिया से होगा। सात्विक और अश्विनी की जोड़ी का सामना मलेशिया के टान कियान मेंग और लाई पेई जिंग की पांचवीं वरीय जोड़ी तथा जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसेन और किलासु ओस्टरमेयर के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने जर्मनी का दौरा हार से समाप्त किया



**डुसेलडोर्फ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरूवार को यहां चौथा और अंतिम मैच I-2 से गंवाने से जर्मनी के दौरे का समापन एक और हार से किया। दुनिया की तीसरे नंबर की जर्मनी की टीम के लिए नाओमी हेन (29वें) और चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (37वें) ने गोल दागे। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल लालरेमसियामी ने 51वें मिनट में किया। यह भारत की चौथे मैच में चौथी हार थी। बारिश के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई। जर्मनी ने शुरू में ही आक्रामकता बरती और 10वें मिनट में ही पेनल्टी कार्नर हासिल कर लिया। सविता और उनकी रक्षात्मक पंक्ति ने विपक्षी टीम को दूर ही रखा। भारत को भी एक मिनट बाद एक पेनल्टी कार्नर मिला।

## लंदन की कंपनी कैप को 10,500 करोड़ रुपए में खरीदेगी विप्रो

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने बृहस्पतिवार को बताया कि वह वैश्विक स्तर पर प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में परामर्श सेवाएं देने वाली कंपनी कैपको को 1.45 अरब डालर (10,500 करोड़ रुपए) में खरीद रही है। कैप्को का मुख्यालय लंदन में है। भारतीय कंपनी द्वारा किसी कंपनी को खरीदने का सबसे बड़ा सौदा है। विप्रो ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा है कि कैपको के आने से परामर्श और सूचना प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र में उसकी स्थिति मजबूत होगी। यह सौदा जून के अंत तक बराबर हो सकता है। कैपको 1998 की कंपनी है और इसके 100 से अधिक ग्राहक हैं इनमें से कुछ लम्बे समय से इसके साथ जुड़े है। कंपनी में 16 देशों में स्थापित उसके 30 प्रतिष्ठानों में 5,000 कंसल्टेंट काम कर रहे हैं।

### गैर-बासमती चावल का निर्यात जनवरी तक 26,058 करोड़ रुपए तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश से गैर- बासमती चालव का निर्यात 2020-21 के पहले दस महीनों अप्रैल-जनवरी के दौरान 26,058 करोड़ रुपए का रहा। इससे पिछले वर्ष इसी दौरान इसका निर्यात 11,543 करोड़ रुपए रहा था। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के चेयरमैन एम अंगमुतू ने बृहस्तपतिवार को बताया कि चावल निर्यात को सुचार रूप से करने के लिए माल की स्वच्छता तथा शुद्धता को सुनिश्चित करने के अनेक उपाय किए गए हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि अप्रैल-जनवरी 2020-21 में गैर-बासमती चालव में जोरदार तेजी दिखी। इस तरह के चावल का निर्यात इस दौरान 26,058 करोड़ रुपए (3.51 अरब डालर) के बराबर रहा। वर्ष 2019-20 में इसी दौरान यह निर्यात 11,543 करोड़ रुपए (1.63) अरब डालर का था।

### नाजुक नागरिकों को टीका लगाने के लिए ऊबर निशुल्क राइड प्रदान करेगा

**आगरा।** ऊबर ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य सरकारों एवं स्थानीय एनजीओ को अपना सहयोग देने की घोषणा की। इस सहयोग के तहत दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में मदद करने के लिए 10 करोड़ मूल्य की निशुल्क राइड प्रदान की जाएंगी। इन निशुल्क राइड्स का उपयोग 60 व 45 के आयु समूह के को मॉर्बिडिटी वाले नागरिक एवं भारत के टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण के लिए चयनित लक्षित समूह नजदीकी अधिकृत वैक्सीनेशन केंद्र से आवागमन के लिए कर सकेंगे। ऊबर के इस अभियान द्वारा आसानी से रिडीम किए जा सकने वाले प्रोमो कोड द्वारा नाजुक नागरिक वैक्सीनेशन केंद्रों तक का सफर आसान व सुरक्षित बना सकेंगे। ऊबर नाजुक एवं वंचित समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों को वैक्सीनेशन केंद्रों तक पहुंचाने के लिए अपने एनजीओ पार्टनरए जैसे रॉबिन हुड आर्मी एवं अन्य की मदद भी लेगा। टीका लगवाने के प्रति संकोच दूर करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को अपने सहयोग के तहत ऊबर अपने ऐप एवं सोशल मीडिया चैनलों द्वारा जागरुकता का प्रसार करेगा।

### इसुजू डी-मैक्स की कीमत बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** जापानी वाहन कंपनी इसुजु ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वाणिज्यिक वाहन डी-मैक्स रेगुलर कैब और डी-मैक्स एस-कैब की कीमतों में पहली अप्रैल से एक लाख रुपए की वृद्धि करेगी। इसुजु मोटर्स इंडिया ने कहा कि उत्पादन तथा परिवहन लागत लागत बढ़ने से उसे दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं।

## सेंसेक्स, निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक गिरावट







### वैश्विक शेयर बाजारों में बिकवाली

भाषा। मुंबई

अमेरिका में बांड में निवेश पर कमाई में उछाल से वैश्विक शेयर बाजारों में फिर बिकवाली का दौर शुरू होने का असर बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयरों पर भी दिखा। इसके चलते वित्त, ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली हुई, जिससे सेंसेक्स करीब 599 अंक लुढ़ककर 51 हजार के स्तर से नीचे आ गया।

सेंसेक्स लगातार तीन दिन से चढ़ रहा था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 905 अंक तक गिर गया था। उससे उबर कर अंततः यह 598.57 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,846.08 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी इसी तरह 164.85 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,080.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी, एलएंडटी, एसबीआई, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयर 2.62 प्रतिशत तक गिरे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 नुकसान के साथ बंद हुए। रिलायंस सिक्योरिटीज में रणनीति प्रमुख बिनोद मोदी ने कहा, घरेलू शेयर बाजार आज मुख्य रूप से कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण गिरावट में रहे। वित्तीय और धातु कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर कुछ ज्यादा था। इसके विपरीत रोजमर्रा के उपभोक्ता सामान , औषधि और सूचना प्रौद्योगिकी वर्ग के सूचकांक कुछ हद तक टिके रह सके। दस साल की मियाद वाले अमेरिकी सरकारी बांड में निवेश पर कमाई की दर 0.06 प्रतिशत की तेजी ने निवेशकों को पशोपेश में डाल दिया। इससे पहले पिछले तीन सत्रों में सेंसेक्स कुल मिला कर 2,344.66 अंक यानी 4.77 प्रतिशत और निफ्टी 716.45 अंक यानी 4.93 प्रतिशत बढ़ा था। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर ने बाजार से उलट प्रदर्शन किया और 4.07 प्रतिशत चढ़ गया। इसके अलावा डॉ रेड्डीज, एशियन पेंट, मारुति सुजुकी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में भी तेजी रही।

### अप्रैल-दिसंबर 2020 में एफडीआई 40 प्रतिशत बढ़कर 51.47 अरब डॉलर रहा: सरकारी आंकड़ा

**नई दिल्ली।** देश मे चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का आंकड़ा 40 प्रतिशत बढ़कर 51.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ो मे यह कहा गया है। इस दौरान देश मे कमाई गई राशि को फिर से निवेश करने सहित कुल मिलाकर 22 प्रतिशत अधिक 67.54 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया गया। यह राशि एक साल पहले की इसी अवधि मे 55.14 अरब डॉलर रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ो के मुताबिक, 2020- 21 के पहले नौ माह के दौरान एफडीआई प्रवाह एक साल पहले की इसी अवधि मे हुए प्रवाह के मुकाबले 40 प्रतिशत बढ़कर 51.47 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले पहले नौ माह मे देश मे 36.77 अरब डॉलर का एफडीआई प्रवाह हुआ था।

### रुपया, डालर के मुकाबले 11 पैसे गिर कर 72.83 पर

**मुंबई।** विश्व की प्रमुख मुद्राओ के समक्ष अमेरिकी डालर मे मजबूती लौटने और स्थानीय शेयर बाजार मे गिरावट के बीच रुपए मे तेजी का दो दिन का सिलसिला टूट गया और बृहस्पतिवार को रुपया 11 पैसे नरम होकर प्रति डालर 72.83 पर बंद हुआ। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बजार मे डालर-रुपया दर 72.99 पर कमजोरी के साथ खुली। रुपया एक समय मजबूत हो कर 72.62 तक पहुंच गया था। अंत मे विनिमय दर 72.83 रुपए प्रति डालर पर बंद हुई। यह पिछले दिन के मुकाबले रुपए मे 11 पैसे की नरमी दर्शाता है। बुधवार को डालर-रुपया दर 72.72 पर बंद हुई थी। रिलायंस सिक्यूरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने अमेरिकी डालर के लगातार मजबूत होने से रुपया तीन दिन मे पहली बार गिरा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के बृहस्पतिवार की रात को होन वाले व्याख्यानर से पहले अमेरिकी ट्रेजरी बांडो के बाजार मे निवेश पर प्रतिफल की दर मे उछाल के बीच डालर सूचकांक मे सुधार हुआ।

## ईपीएफओ ने 2020- 21 के लिए ब्याज दर 8.5 प्रतिशत पर बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने बृहस्पतिवार को वर्ष 2020- 21 के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर को 8.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया। इस संगठन की योजना में पांच करोड़ से अधिक अंशधारक जुड़े हैं। श्रम मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केन्द्रीय न्यासी बोर्ड ने बृहस्पतिवार को श्रीनगर में हुई बैठक में यह निर्णय लिया। इससे इसके अंशधारकों को वर्ष 2020-21 के लिए अपने जमा कोष पर 8.5 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। वक्तव्य में कहा गया है कि ईपीएफओ के केन्द्रीय न्यासी बोर्ड की 228वीं बैठक बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर के श्रीन्नगर में श्रम एवं रोजगार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष गंगवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। केन्द्रीय न्यासी बोर्ड के ब्याज दर के बारे में किए गए फैसले को अब वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में चालू वित्त वर्ष के लिए 8.5 प्रतिशत की दर से ब्याज राशि डाल दी जाएगी।

### कोटक लाईफ ने शुरु किया आउटडोर अभियान

**लखनऊ।** कोटक महिन्द्रा लाईफइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कोटक लाईफने लखनऊ में आउटडोर विज्ञापन अभियान शुरु करने की घोषणा की है। कंपनी अपने कॉम्प्रिहेंसिव हैल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट,कोटक हैल्थ शील्ड के बारे में लोगों को जागरुक करेगी। यह प्रचार अभियान अन्य शहरों में भी चलाया जा रहा है। कोटक महिन्द्रा लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में मार्केटिंग इंस्टीट्यूशनल बिज़नेस एंड अलायंसिस के प्रमुख शुभाशिष घोष ने कहा कि क्रोनिक बीमारियों में निरंतर बढ़ोतरी के चलते हैल्थकेयर और हैल्थ इंश्योरेंस लोगों के लिए प्राथमिक बन गए हैं। कोटक लाईफके पहले फ्लैगशिप हैल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट कोटक हैल्थ शील्ड के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हमने अपने आउटडोर विज्ञापन अभियान का दूसरा चरण शुरु किया है। हर शहर में आउटडोर विज्ञापन अभियान के लिए सावधानीपूर्वक जगहें चुनी गई हैं। इस चयन हेतु अधिक दृश्यताए लोकेशन और उपलब्धता को ध्यान में रखा गया है।

### महिला दिवस पर शुरू होगी स्टेफ्री की पीरियडशाला

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश में स्कूली लड़कियों को मासिक धर्म या पीरियड्स और उससे जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी प्रदान करने के लिए स्टेफ्री ने एक बहुत ही अनोखी पहल की योजना बनायी है पीरियडशाला। यह अपने तरह का पहला डिजिटली चलाया जाने वाला अभियान है। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में 5 मार्च 2021 को शुरू किया जाएगा। इस अभियान के जरिए क्षेत्र के हज़ारों विद्यालयों में पढ़ रही,5 लाख से ज़्यादा लड़कियों तक जानकारी पहुंचाना ब्रांड का लक्ष्य हैए जिससे माहवारी के बारे में उनकी समझ विकसित होगी, साथ ही इस सामान्य शारीरिक प्रक्रिया से जोड़े गए मिथकों और अंधविश्वास दूर करने में मदद मिलेगी। इस पहल के बारे में जॉन्सन एंड जॉन्सन के फेमकेयर एंड ओरल केयर के मार्केटिंग डायरेक्टर कश्यप गाला ने बतायाए स्टेफ्री पिछले 60 सालों से भी ज्यादा समय से देश में सैनिटरी नैपकिन उद्यम में अग्रसर है। पीरियडशाला में यह ब्रांड युवा लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देगा।

## भारत ने ओपेक , अन्य देशों को तेल के दाम स्थिर रखने के उनके वादे को याद दिलाया

**नई दिल्ली।** पेट्रोल, डीजल की खुदरा कीमतें आसमान छूने के साथ ही भारत ने बृहस्पतिवार को तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) तथा अन्य देशों से एक बार फिर कच्चे तेल के उत्पादन पर लागू प्रतिबंधों को उठाने और दाम स्थिर रखने के वादे को पूरा करने का आग्रह किया। भारत जिस हिसाब से कच्चे तेल का आयात करता है उसके तहत अप्रैल से दिसंबर 2020 की अवधि में उसके लिए औसत दाम 50 डालर से कम बना हुआ था। जबकि 2019- 20 में इसका औसत दाम 60.47 डालर प्रति बैरल के दायरे में रहा लेकिन इसके बाद पेट्रोल, डीजल के दाम एतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गए। इस दौरान सरकार ने एक साल पहले जब दाम एतिहासिक निम्नस्तर पर पहुंचे थे, उस समय जो कर लगाए गए थे उन्हें वापस नहीं लिया है। ईंधन पर लागू रिकार्ड कर दरों के साथ ही कच्चे तेल के दाम वापस कोविड- पूर्व के उच्चस्तर पर लौट आने से देश में राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में कुछ सथानों पर पेट्रोल के दाम 100 रुपए लीटर से ऊपर निकल गए हैं।

## पेट्रोल, डीजल को जीएसटी में लाने से भाव घट कर 75 , 68 रुपए लीटर तक आ सकते हैं: एसबीआई इकोनोमिस्ट

भाषा। मुंबई



पेट्रोल को यदि माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के दायरे में लाया जाता है तो इसका खुदरा भाव इस समय भी कम होकर 75 रुपए प्रति लीटर तक आ सकता है। एसबीआई इकोनोमिस्ट नेबृहस्पतिवार को एक विश्लेषणात्मक रपट में यह बात प्रस्तुत की। केंद्र और राज्य स्तरीय करों और कर-पर-कर के भारत से भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम दुनिया में सबसे उच्चस्तर पर बने हुए हैं। जीएसटी में लाने पर डीजल का दाम भी कम होकर 68 रुपए लीटर पर आ सकता है। ऐसा होने से केन्द्र और राज्य सरकारों को केवल एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होगा जो कि जीडीपी का 0.4 प्रतिशत है। यह गणना एसबीआई इकोनोमिस्ट ने की है जिसमें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम को 60 डालर प्रति बैरल और डालर- रुपए की विनिमय दर को 73 रुपए प्रति डालर पर माना गया है। वर्तमान में प्रतएक राज्य पेट्रोल, डीजल पर अपनी जरूरत के हिसाब से मूल्य वर्धित कर (वैट) लगाता है जबकि केन्द्र इस पर उत्पाद शुल्क और अन्य उपकर वसूलता है। इसके चलते देश के कुछ हिस्सों में पेट्रोल के दाम 100 रुपए लीटर तक पहुंच गए हैं।

# म्यांमा की सेना तख्तापलट के विरोध से सकते में: बर्गनर

● बर्गनर ने कहा, कि सेना सकते में है, क्योंकि इस बार उसकी योजना सफल नहीं हुई, जबकि 1988, 2007 और 2008 में अतीत में वह सफल रही थी

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**म्यांमा के लिए** संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत क्रिस्टीन श्रानेर बर्गनर ने कहा कि म्यांमा में सत्ता हथियाने वाले जनरलों ने संकेत दिया है कि वे नए प्रतिबंधों से डरते नहीं हैं, लेकिन सैन्य शासन कायम करने की उनकी योजना को लेकर देश में हो रहे विरोध से वे सकते में हैं। बर्गनर ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि एक फरवरी को सैन्य तख्तापलट के बाद उन्होंने म्यांमा की सेना को चेतावनी दी थी कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विश्वभर के देश कड़े कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, उनका जवाब था कि हमारे लिए प्रतिबंध नई बात नहीं है, हमने पहले भी ऐसे प्रतिबंध झेले हैं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने सेना को चेतावनी दी कि म्यांमा अलग-थलग पड़ जाएगा, तो उनका जवाब था कि हमें कुछेक मित्रों के साथ ही चलना सीखना होगा। बर्गनर ने कहा कि तख्तापलट के खिलाफ विरोध का नेतृत्व युवा कर रहे हैं, जो पिछले 10 साल से आजाद माहौल में रह रहे थे। उन्होंने कहा, वे संगठित और प्रतिबद्ध हैं, वे तानशाही नहीं चाहते और न ही अलग-थलग होना चाहते हैं। बर्गनर ने कहा, सेना ने मुझे अपनी योजना बताई थी कि वे लोगों को डराएंगे, उन्हें गिरफ्तार करेंगे और फिर अधिकतर लोग डर कर घर चले जाएंगे। इसके बाद फिर से सेना का नियंत्रण होगा और लोग हालात के आदी हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि तख्तापलट को लेकर हो रहे विरोध से सेना सकते में है। बर्गनर ने कहा, मुझे लगता है कि सेना सकते में हैं, क्योंकि इस बार उसकी योजना सफल नहीं हुई, जबकि 1988, 2007 और 2008 में अतीत में वह सफल रही थी। गौरतलब है कि म्यांमा में सेना ने एक फरवरी को तख्तापलट कर देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। सेना का कहना है कि देश में आंग सान सू ची की निर्वाचित असैन्य सरकार को हटाने का एक कारण यह है कि वह व्यापक चुनावी अनियमितताओं के आरोपों की ठीक से जांच करने में विफल रही।



मिल्टन में भारत से भेजी गई कोविड 19 वैक्सीन के साथ खड़ीं कनाडा की सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री अनीता आनंद और कनाडा में भारत के उच्चायुक्त अजय बिसारिया

# अमेरिका ने इराक को सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी

**एपी।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस ने** चेतावनी दी कि अमेरिका पश्चिमी इराक में बुधवार को एक वायुसेना अड्डे को निशाना बनाकर किए गए रॉकेट हमले के जवाब में सैन्य कार्वाई पर विचार कर सकता है। इससे क्षेत्र में हिंसा का नया दौर शुरू होने की आशंका बढ़ गई है।

जिस वायुसेना अड्डे को निशाना बनाकर हमला किया गया था, उसमें अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन के सैन्यकर्मी मौजूद थे।वायुसेना अड्डे को निशाना बनाकर कम से कम 10 रॉकेट दागे गए थे। इस दौरान दिल का दौरा पड़ने से एक अमेरिकी कांट्रैक्टर की मौत हो गई। इराक-सीरिया सीमा पर ईरान से संबद्ध मिलिशिया को निशाना बनाकर पिछले सप्ताह की गई अमेरिका की बमबारी के बाद से यह पहला हमला है।इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया संगठनों के साथ बढ़ते तनाव से क्षेत्र में और हमले होने की आशंका है। इससे ईरान के साथ 2015 में हुए परमाणु समझौते को लेकर बातचीत शुरू करने के संबंध में बाइडन प्रशासन की इच्छा और एशिया पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की अमेरिका की रणनीति पर असर पड़ेगा।हमले के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने संवाददाताओं से कहा, हम इस पर गौर कर रहे हैं। बाइडन ने कहा, शुक्र है कि रॉकेट हमले में किसी की जान नहीं गई, लेकिन एक कांट्रैक्टर की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। हम इस बात का पता लगा रहे हैं कि इस हमले के लिए कौन जिम्मेदार है और इसके बाद फैसला किया जाएगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा, यदि हमें लगता है कि जवाबी कार्वाई की आवश्यकता है, तो हम हमें सही लगने वाले तरीके से उचित समय पर कदम उठाएंगे। पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि कांट्रैक्टर को हमले से बचने के दौरान

## अफगानिस्तान की मदद के लिए कूटनीतिक समाधान में समर्थन देना चाहते हैं: अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडन के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा है कि अमेरिका अफगानिस्तान की मदद के लिए कूटनीतिक समाधान तलाशने में मदद करना चाहता है, ताकि वह राजनीतिक सुलह और एक स्थाई एवं समग्र संघर्षविराम तक पहुंच सके।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि अफगानिस्तान में सुलह के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि जलमय खलीलजाद ने काबुल में तीन दिन के दौरे में सरकारी अधिकारियों, नागरिक समाज के सदस्यों, महिला नेताओं और अन्य अफगानी नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया।खलीलजाद ने



ट्वीट किया, मैं सभी पक्षों के लिए इस बात को रेखांकित करना चाहता हूं कि हमारा ध्यान अफगानिस्तान एवं कूटनीति पर केंद्रित है और हम व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन हासिल करना चाहते हैं, ताकि शांति प्रक्रिया में अधिक तेज प्रगति के लिए अफगानों की मदद की जा सके।

उन्होंने कहा, इस्लामिक गणराज्य एवं तालिबान को राजनीतिक सुलह और एक स्थाई एवं समग्र संघर्षविराम तक पहुंचने का मार्ग तलाशना चाहिए। मैंने काबुल में इस प्रक्रिया को तेज करने के विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह अफगानिस्तान के नेतृत्व वाली प्रक्रिया है।उन्होंने कहा कि अमेरिका अफगानिस्तान की मदद के लिए कूटनीतिक समाधान तलाशने में मदद करना चाहता है, ताकि वह राजनीतिक सुलह और एक स्थाई एवं समग्र संघर्षविराम तक पहुंच सके। प्राइस ने जलालाबाद में तीन महिला मीडियाकर्मियों की हत्या को दुखद समाचार बताया और कहा, हम जानते हैं कि इन हमलों का एक ही मकसद है। इसका मकसद डराना है। इनका मकसद पत्रकारों को झुकाना है।

## हम सुनिश्चित करेंगे चीन नहीं, हम अंतरराष्ट्रीय एजेंडा तय करें: बाइडेन प्रशासन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा है कि अमेरिका की विश्वसनीयता बहाल करते हुए और वैश्विक नेतृत्व का लक्ष्य रखते हुए वह यह सुनिश्चित करेगा कि हठधर्मी एवं सत्तावादी चीन नहीं बल्कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय एजेंडा तैयार करे। प्रशासन ने कहा कि वह भारत तथा अन्य देशों के साथ नए नियमों और समझौतों को आकार देने के लिए मिल कर काम करेगा। ये बातें बाइडन प्रशासन की बुधवार को जारी इंटरिम नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटजिक गाइडेंस में कही गईं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह अमेरिका के उस दृष्टिकोण को पेश करता है कि कैसे हम अमेरिकी प्रभुत्व को देश में तथा विदेशों में आगे बढ़ाने के लिए इस दुर्लभ अवसर का इस्तेमाल कर सकते हैं। साकी ने कहा, यह बदले हुए रणनीतिक परिदृश्य की व्याख्या करता है।

## क्विक न्यूज

### परमाणु हथियार बनाने के लिए प्लूटोनियम उत्खनन का प्रयास कर रहा है उत्तर कोरिया : वेबसाइट

**सियोल।** उत्तर कोरिया संबंधी अध्ययन पर केंद्रित वेबसाइट दी 38 नॉर्थ ने उपग्रह से हाल में प्राप्त तस्वीरों के हवाले से दावा किया कि उत्तर कोरिया अपने मुख्य परमाणु परिसर में और परमाणु हथियार बनाने के लिए संभवतः प्लूटोनियम उत्खनन का प्रयास कर रहा है। कुछ हफ्ते पहले ही उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने का संकल्प लिया था।इसमें कहा गया कि उत्तर कोरिया के यांगब्योन परमाणु परिसर में स्थित कोयला आधारित बिजली संयंत्र का परिचालन दो वर्ष तक बंद रहने के बाद फिर शुरू हो गया है। उपग्रह की तस्वीरों में फरवरी के अंत और मार्च की शुरुआत में संयंत्र से कई बार धुआं निकलता देखा गया। वेबसाइट पर बुधवार को प्रकाशित आलेख में कहा गया कि इससे ऐसा लगता है कि उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियारों के लिए आवश्यक प्लूटोनियम के उत्खनन के लिए पहले इस्तेमाल किए जा चुके परमाणु ईंधन के पुनः प्रसंस्करण की तैयारी हो रही है। परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए आवश्यक दो महत्वपूर्ण घटक संवर्धित यूरेनियम और प्लूटोनियम हैं। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया कि इसका एक मतलब यह भी हो सकता है कि संयंत्र को रेडियोएक्टिव कचरे के निबटान के लिए तैयार किया जा रहा हो। इस हफ्ते की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रोस्सी ने कहा था कि उत्तर कोरिया में कुछ परमाणु संस्थानों का परिचालन जारी है।

### मैक्सिको के सीमावर्ती इलाके में छह लोगों के शव मिले

**सिउदाद विक्टोरिया (मैक्सिको)।** अमेरिका के टेक्सास मे मैकएलेन की सीमा से लगते मैक्सिको के शहर रेनोसा के पास कुख्यात मादक पदार्थ गिरोह की जैकेट पहने छह लोग मृत पाए गए। उत्तरी मैक्सिको सीमावर्ती राज्य टामुआलिपास मे अधिकारियों ने यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बातया कि मारे गए छह लोगो के सिर मे गोली लगी थी और उन्होने सेना जैसी जैकेट पहन रखी थी जिस पर सीडीजी लिखा था जो कुख्यात मादक पदार्थ गिरोह कार्तेल देल गोल्फो द्वारा प्रयोग किया जाता है। ये शव रेनोसा के बाहरी इलाके मे एक खेत में मिले। यह क्षेत्र रियो ग्रेनेड के निकट है। हालांकि शवो के पास कोई हथियार या पहचान पत्र बरामद नही हुआ है।इस आपराधिक समूह का क्षेत्र पर लंबे समय तक प्रभुत्व रहा था।

### रक्षा उपकरणों की बिक्री भारत की सुरक्षा, संप्रभुता के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है : अमेरिका

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने बुधवार को कहा कि भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री देश की सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अमेरिका द्वारा भारत को रक्षा उपकरणो की बिक्री का दायरा बढ़ाकर अब 20 अरब डॉलर तक कर दिया गया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन मे कहा, इस साल अमेरिका ने भारत के लिए 20 अरब डॉलर तक के रक्षा उपकरणो की बिक्री को मंजूरी दी है। रक्षा के क्षेत्र मे बिक्री का दायरा बढ़ाने की पेशकश भारत की सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए हमारी प्रतिबद्धता है। यह पूछे जाने पर कि क्या बाइडन प्रशासन अन्य देशो के अलावा भारत के साथ भी अपने रक्षा सौदो की समीक्षा कर रहा है। इस पर प्राइस ने कहा, यह वैश्विक, व्यापक, रणनीतिक साझेदारी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हाल मे अमेरिका मे भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा था कि द्विपक्षीय सैन्य एवं सुरक्षा संबंध पहले की तुलना मे अधिक मजबूत हुए है।संधू ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत को प्रमुख रक्षा साझेदार का दर्जा देना और स्ट्रैटजिक ट्रेड ऑथोराइजेशन-। के दर्जे को मान्यता देने तथा चार मूलभूत समझौतो पर हस्ताक्षर से दोनो देशो की सेनाओ के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा कि भारत ने दोनो देशो की सेनाओ के बीच सहयोग के लिए अमेरिका के साथ लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (लेमोआ), कम्युनिकेशंस कॉम्पैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (कॉमकासा), इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एनेक्स और बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) पर हस्ताक्षर किए है।



# नेपाल ने साम्यवादी विद्रोही समूह के साथ किया समझौता

● माओवादियों के संघर्ष में देश में 17,000 लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग लापता है

**एपी।** काठमांडू

**नेपाल सरकार** ने देश में हिंसक हमलों, जबरन वसूली और बमबारी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए जाने जाने वाले एक साम्यवादी विद्रोही समूह के साथ बृहस्पतिवार को एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।सरकार ने शांति वार्ता के बाद कहा कि उसने समूह से प्रतिबंध हटाने, जेल में बंद उसकी पार्टी के सभी सदस्यों एवं समर्थकों को रिहा करने और उनके खिलाफ सभी कानूनी मामले वापस लेने पर सहमति जताई है, जबकि समूह ने हिंसा का त्याग करने और सभी मसलों को शांतिपूर्ण वार्ता के जरिए सुलझाने पर सहमति व्यक्त की है।प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और विद्रोही समूह के नेता नेत्र विक्रम चंद शुक्रवार को एक संयुक्त समारोह में समझौते की विस्तार से जानकारी देंगे। नेत्र विक्रम चंद को विप्लव नाम से जाना जाता है। ये विद्रोही समूह स्वयं को नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी कहता है।हिंसा करने, धमकियां देने और हड़ताल करने के लिए जाना जाने वाला यह समूह 1996 और 2006 में सरकारी बलों के खिलाफ लड़ने वाली माओइस्ट कम्युनिस्ट पार्टी से उस समय अलग हो गया था, जब उसने अपना सशस्त्र विद्रोह त्याग दिया था। माओइस्ट कम्युनिस्ट पार्टी ने संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में शांति वार्ता पर सहमति जताई थी और वह मुख्यधारा में शामिल हो गई थी।




ढाका में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता करते भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर व बांग्लादेश के विदेशमंत्री एके अब्दुल

# प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा की तैयारी के लिए विदेश मंत्री जयशंकर पहुंचे बांग्लादेश

**भाषा।** ढाका

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बांग्लादेश की आगामी यात्रा की तैयारी के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति को लेकर बांग्लादेश के अपने समकक्ष ए के अब्दुल मोमेन से वार्ता करेंगे।

बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन ने यहां कुरमीटोला वायुसेना अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच बृहस्पतिवार को बाद में मुलाकात होने की संभावना है।बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय से एक बयान में कहा, यह एक महत्वपूर्ण बैठक है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की आगामी यात्रा और प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ उनकी वार्ता के लिए तैयारी किए जाने की उम्मीद है। जयशंकर मोमेन के आमंत्रण पर यहां आए हैं। दोनों नेताओं के बीच कई द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर चर्चा होने की संभावना है।प्रधानमंत्री मोदी 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल होने के लिए 26 मार्च को दो दिवसीय यात्रा पर यहां आएंगे। जयशंकर की यात्रा संबंधी जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्री यहां अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री हसीना से भी मुलाकात करेंगे।

उन्होंने बताया कि दोनों विदेश मंत्री उन द्विपक्षीय एमओयू की समीक्षा करेंगे, जिन पर मोदी अपनी यात्रा के दौरान हस्ताक्षर कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्री ढाका और पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच सीधी यात्री ट्रेन सेवा को हरी झंडी दे सकते हैं। मोदी और हसीना ने 17 दिसंबर को डिजिटल शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जिसमें उन्होंने हल्दीबाड़ी और चिल्हाटी के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दी थी। बांग्लादेश के विदेश सचिव मासुद बिन मोमेन ने जनवरी में भारत की यात्रा की थी और इस दौरान दोनों पक्षों ने मोदी की बांग्लादेश यात्रा के कार्यक्रम पर विस्तार से विचार-विमर्श किया था।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि जयशंकर बांग्लादेश की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। करीब 93,000 पाकिस्तानी बलों ने भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के संयुक्त बलों के आगे 16 दिसंबर, 1971 को समर्पण कर दिया था, जिसके बाद बांग्लादेश की स्थापना हुई।

## बांग्लादेश सरकार जिया की सजा माफ करने जमानत की शर्तों में ढील देने पर फैसला करेगी

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की खराब सेहत के कारण कानून मंत्रालय से चर्चा के बाद 17 साल की उनकी सजा को माफ करने और जमानत की शर्तों में ढील देने पर कोई फैसला करेगी। गृह मंत्री के हवाले से मीडिया में आई खबरों में यह कहा गया है।सरकार ने मार्च 2020 में जिया (74) को छह महीनों के लिए इस शर्त पर रिहा किया था कि वह देश में कोरोना वायरस महामारी के कारण घर पर ही रहेंगी और उपचार कराएंगी तथा विदेश नहीं जाएंगी। पिछले साल सितंबर में उनकी रिहाई को छह महीने के लिए और बढ़ा दिया गया था।बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख जिया भ्रष्टाचार के दो मामलों में आठ फरवरी 2018 से 17 साल की कैद की सजा काट रही हैं। ढाका ट्रब्यिून के मुताबिक गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल ने बुधवार को कहा कि बीएनपी अध्यक्ष की सजा रद्द करने और उन्हें रिहा करने के बारे में फैसला कानून मंत्रालय के साथ चर्चा के बाद किया जाएगा। कमाल ने कहा, हमें खालिदा जिया की ओर से उनके परिवार का एक पत्र मिला है।

## कश्मीर में आर्थिक और सियासी हालात सामान्य करने के कदमों का अमेरिका ने स्वागत किया

**एपी।** वाशिंगटन

**भारत द्वारा** अपने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आर्थिक एवं सियासी हालात को पूर्ण रूप से सामान्य करने की दिशा में उठाए गए कदमों का अमेरिका ने बुधवार को स्वागत किया।विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका जम्मू-कश्मीर में बदलते हालात पर लगातार नजर रख रहा है। उन्होंने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कश्मीर के संबंध में अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।प्राइस ने कहा, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आर्थिक और सियासी हालात को पूरी तरह से सामान्य करने के लिए उठाए गए कदमों का हम स्वागत करते हैं। जैसा कि हमने पहले कहा है, विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकेन को अपने भारतीय समकक्ष के साथ द्विपक्षीय रूप से और क्वाड के जरिए बात करने के अवसर मिले हैं।

# जर्मनी में 28 मार्च तक बढ़ा लॉकडाउन

## लोगों को कुछ पाबंदियों में आंशिक छूट दी गई

**एपी।** बर्लिन

**जर्मनी ने** देश में कोरोना वायरस से निपटने के मद्देनजर लगे लॉकडाउन को और तीन सप्ताह यानी 28 मार्च तक बढ़ाने का फैसला किया है हालांकि इस दौरान कुछ पाबंदियों में छूट दी जाएगी।

जर्मनी की चांसलर एंजेल मर्केल और देश में 16 राज्यों के गवर्नर के बीच बुधवार को करीब नौ घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान कोरोना वायरस के नए स्वरूप के बढ़ते खतरे और सामान्य जीवन को पटरी पर लौटने को लेकर चर्चा की गई।देश में पिछले सप्ताह छात्रों के लिए प्राथमिक स्तर तक के स्कूल खोल दिए गए थे। वहीं करीब ढाई महीने बाद सोमवार को हेयरड्रेसर काम पर लौटे। बैठक में तय किए गए लॉकडाउन के नए नियम देश में रविवार से लागू किए जाएंगे। मर्केल और राज्यों के गवर्नर ने बुधवार को पाबंदियों में ढील देने की एक चरणबद्ध योजना भी तैयार की।बर्लिन में मर्केल ने पत्रकारों से

● जर्मनी की चांसलर एंजेल मर्केल और देश में 16 राज्यों के गवर्नर के बीच बुधवार को करीब नौ घंटे तक बातचीत हुई इस दौरान कोरोना वायरस के नए स्वरूप के बढ़ते खतरे और सामान्य जीवन को पटरी पर लौटने को लेकर चर्चा की गई।

कहा कि ये कदम हमें आगे कि ओर ले जाने के लिए होने चाहिए लेकिन साथ ही इससे वायरस से निपटने की दिशा में अभी तक हासिल हुई प्रगति प्रभावित नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा, यूरोप में तीसरी लहर के कई भयावह उदाहरण मौजूद हैं। मर्केल ने संकल्प लिया कि 2021 का वसंत पिछले साल के वसंत से अलग होगा। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में संक्रमण के मामले कम हैं, वहां गैर-जरूरी सामान की दुकानें, संग्रहालय और अन्य केन्द्र सीमित समय के लिए खुलेंगे।अधिकतर दुकानें देश में 16 दिसम्बर को लागू किए लॉकडाउन के समय से ही बंद हैं। वहीं रेस्तरां, बार, खेल केन्द्र आदि पिछले साल दो नवम्बर से बंद हैं। होटलों को केवल व्यवसाय के लिए यात्रा करने वाले लोगों को ठहराने की अनुमति दी गई थी।जर्मनी के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के रॉबर्ट कोच ने बुधवार को बताया कि पिछले सप्ताह करीब 25,000 नमूनों की जांच में 46 प्रतिशत में ब्रिटेन में सामने आया कोविड-19 का नया स्वरूप मिला था। देश में मंगलवार तक 5.3 प्रतिशत आबादी को कोविड-19 के टीके की पहली खुराक लग गई थी और 2.7 प्रतिशत लोगों को दूसरी खुराक भी लग चुकी है।राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के अनुसार देश में बुधवार को कोरोना वायरस के 9,019 नए मामले सामने आए, जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 24.6 लाख के पास पहुंच गई। वहीं 418 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 70,881 हो गई।



## कार्तिक की फिल्म 'धमाका' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर



कार्तिक आर्यन की नई थ्रिलर फिल्म 'धमाका' थियेटर के स्थान पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ के लिए तैयार है। इस बात की पुष्टि स्वयं कार्तित आर्यन ने की है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सबसे पहले उन्होंने प्रशंसकों को इस बारे में सूचित किया। उन्होंने लिखा, 'जो भी कहूंगा सच कहूंगा, धमाका शीघ्र ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।' इस सूचना के साथ ही उन्होंने फिल्म की एक क्लिप भी संलग्न की।

## सत्यवचनः गौहर खान



'मैं गैर फिल्मी पृष्ठभूमि से आती हूं और इस प्रकार फिल्मों में अपना स्थान बना लेने के लिए मैं स्वयं अपनी पीठ थपथपाना चाहती हूं। मेरे कोई गॉडफादर और मार्गदर्शक आदि भी नहीं थे। केवल एक ही व्यक्ति था जिसने मेरे कॅरियर के आरंभ में ही मुझे सलाह दी थी और वो यहां तक पहुंचाया, उनका नाम था फिल्म रॉकेट सिंह के लेखक जैदीप साहनी, वो आज भी सर्वश्रेष्ठ लेखक हैं उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हें ये जान लेना चाहिये कि तुम्हारी क्षमताएं विस्तृत हैं।'

## दिन-प्रतिदिनः बादशाह



'हर व्यक्ति के अपने विचार और दृष्टिकोण होते हैं, उदाहरण के लिए मैं पंजाब के चंडीगढ़ में रहकर प्रसन्न हूं और वहां से कभी जाना नहीं चाहूंगा। ये मेरी इच्छा है। अंततः तो व्यक्ति की अवधारणा पर ही हम निर्भर करते हैं। अब यदि कोई देश से बाहर जाना चाहता है तो जा सकता है ये उसकी इच्छा है और मैं उसका भी सम्मान करता हूं। मेरे पास भी कनाडा में स्थापित होने के ऑफर हैं लेकिन मैं वाहं जाना नहीं चाहता।'

## लॉकडाउन में माताओं ने उठाए कष्टः जेनिफर



**ऑस्कर** विजेता हॉलिवुड अभिनेत्री जेनिफर गार्नर का कहना है कि पिछले साल का लॉकडॉउन कालखंड किसी के लिए भी आसान नहीं रहा था। विशेष रूप से माताओं के लिए। बतादें कि उनके तीन बच्चे हैं। माताओं के लिए ये साल बहुत ही दुष्कर रहा हैं। हमें अपने बच्चों के लिए सुनिश्चित करना था कि वे घर पर सुरक्षित रहें। इसके लिए हमें कई चीजों का परित्याग करना पड़ा।' को घर पर रखना।'

# किशोर-मधुबाला के गाने का पुनर्प्रस्तुतीकरण

**अभिनेता अजय केसरवानी और उर्वशी रौतेला स्वयं को पुराने हिट गाने 'एक लड़की भीगी भागी सी' को दुबारा प्रस्तुत करने हेतु सौभाग्यशाली मानती हैं**

इस गाने को लाने का ये बिलकुल सही समय है। कूल लिप म्यूज़िक तथा वाइट बिलिनेयर के सहयोग से एक्स बियॉन्ड म्यूज़िक एसोसियेशन पुराने हिट गाने 'एक लड़की भीगी भागी सी' को दुबारा बना रहे हैं। मूल गाने को प्रख्यात गायक और अभिनेता किशोर कुमार तथा मधुबाला पर फिल्माया गया था और वो आज भी लोगों के मस्तिष्क में गहरे अंकित है। इन दोनों कलाकारों का सम्मान प्रदान करते हुए निर्माता विरालल मोटानी, पाखी हेगड़े तथा मनोज लखियानी इसे एक नई संकल्पना के आधार पर दुबारा से प्रस्तुत करने की योजना बना रहे हैं।

इसका लेखन और निर्देशन किया है प्रभु दयाल गुप्ता ने तथा संगीत बनाया है विकी-हार्दिक ने। इसे गाया है नवोदित गायक अजय केसरवानी ने और इसमें परदे पर उनके साथ होंगी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला। इसे फिल्माया गया है अल कदरा जैसे रमणीक मरुस्थल में। इसके वीडियो में सूर्यप्रकाश में सोने से दिखते रेतीले पठार, एक पर्व पर मनाई जा रही पार्टी, मरुस्थल में एक बाथटब के साथ ही इसमें समुद्र के नीचे के दृश्य भी रखे गए हैं।

गायक और अभिनेता के साथ ही कई वाद्ययंत्रों में सिद्धहस्त अजय केसरवानी ने बताया, 'ये गाना अद्भुत है और समय की कसौटी पर निरंतर खरा उतरा है। जब भी मैं इसे सुनता हूं एक नई स्फूर्ति का अनुभव करता हूं। इस पुनर्प्रस्तुति के माध्यम से मैं अपने सबसे प्रिय गायक किशोर दा को श्रद्धांजलि प्रस्तुत करना चाहता हूं। मुझे लगता है कि हमारी टीम ने जिस प्रकार से अपने सभी प्रयासों और संसाधनों को इस गाने के निर्माण में लगाया है वो इसके संगीत तथा वीडियो की गुणवत्ता से स्पष्ट है।' उर्वशी ने कहा,




'मेरे लिए किसी गाने के लिए मधुबाला जी बनना एक सपने के सच होने जैसा अनुभव हैं। गाना अब सबके सामने रखा जा चुका है और मैं लोगों की प्रतिक्रिया सुनने के लिए उत्साहित हूं। मैं इसके निर्माता विराल मोटानी, पाखी हेगड़े तथा मनोज लखियानी इस अतिविशिष्ट गाने के लिए मुझे चुनने के लिए कृतज्ञ हूं।'

वीडियो के निर्माता बियॉन्ड म्यूज़िक के विराल मोटानी ने कहा, 'मैं इस गाने को दर्शकों तथा श्रोताओं के समक्ष रखता हूं। अजय, विकी हार्दिक तथा उर्वशी के साथ इस गाने को बनाना अद्भुत अनुभव रहा है। पाखी हेगड़े, मनोज लखियानी तथा मैं हमारे इससे पहले के संगीत को पसंद करने के लिए प्रशंसकों के प्यार के लिए उनके कृतज्ञ हैं। मुझे आशा है कि इस नए गाने को भी उनका वैसा ही प्यार और स्नेह मिलेगा। इस गाने को सारे गामा के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है।'

# सर्जरी के बाद अमिताभ ने कविता पोस्ट की... दृष्टिहीन हूं, दिशाहीन नहीं

भाषा। मुंबई



**अमिताभ** बच्चन ने अपनी आंखों की सर्जरी के बाद बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक कविता साझा करते हुए कहा कि वह अभी दृष्टिहीन , लेकिन दिशाहीन नहीं। एक मार्च को अभिनेता की आंख की सर्जरी हुई। अभिनेता ने कविता में प्रशंसकों का भी उनकी शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। बृहस्पतिवार को अपने आधिकारिक ब्लॉग पर पोस्ट की गई कविता में, बच्चन ने लिखा, हूँ दृष्टिहीन ,पर दिशाहीन नहीं मैं, हूँ सुविधाहीन, असुविधाहीन नहीं मैं। सहलाने वालों की, मृदु है संगत, बहलाने वाले सब, यहाँ सुसज्जित। स्वस्थ रहने का प्यार मिलाअ हृदय प्रफुल्लित आभार खिलाअ कुछ क्षण के लिए हूँ मैं समयबद्ध, प्रार्थनाओं के लिए हूँ मैं करबद्ध। हाँ हूँ करबद्ध, सदा मैं करबद्ध। अभिनेता ने सोमवार को कहा था कि उनका बेहतरीन इलाज किया जा रहा है। बच्चन ने कहा कि इस उम्र में आंख की सर्जरी नाजुक होती है और सटीक देखभाल की जरूरत होती है। सबसे अच्छा काम किया जा रहा है और उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। उन्होंने निर्देशक विकास बहल के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग से पहले पूरी तरह से ठीक होने की उम्मीद जताई। बच्चन की चार फिल्में आने वाली हैं, जिनमें ब्रह्मास्त्र, मईडे, चेहरे और झुंड शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर बनेगी फिल्म

भाषा। कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरित फिल्म एक और नरेन का निर्माण किया जाएगा और इसमें गजेंद्र चौहान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। चौहान ने मशहूर टीवी सीरियल महाभारत में युधिष्ठिर की भूमिका निभाई थी।



फिल्म निर्देशक मिलन भौमिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिल्म एक और नरेन की कहानी में दो किस्से होंगे, एक में नरेंद्रनाथ दत्त के रूप में स्वामी विवेकानंद के कार्य एवं जीवन को दर्शाया जाएगा जबकि दूसरे में नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को दिखाया जाएगा। भौमिक ने कहा कि फिल्म में दो हस्तियों के जीवन को पेश किया जाएगा। विवेकानंद ने अपना जीवन वैश्विक भाई-चारे के संदेश के प्रसार में समर्पित किया था। उन्होंने कहा कि दूसरी शख्सियत नरेंद्र मोदी हैं जोकि भारत को एक नई उंचाई पर ले गए और वह राजनीति क्षेत्र के सबसे मशहूर नेताओं में शुमार हैं। वहीं, अभिनेता गजेंद्र चौहान ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पिछले 20 वर्षों से निजी तौर पर जानते हैं। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के नाते ऐसी शख्सियत का किरदार निभाना उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।



## कॅरियर के लिए टीवी के कृतज्ञ हैं रोनित रॉय

अभिनेता रोनित रॉय टीवी पर लोकप्रिय रहे धारावाहिक 'कसौटी जिंदगी के, से प्रसिद्धि पाए थे और इसके बाद उन्हें हम 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी, बंदिनी, अदालत तथा कई अन्य धारावाहिकों में देख चुके हैं।

टीवी धारावाहिकों के अलावा उन्हें हम उड़ान, बॉस, सरकार 3, 2 स्टेट्स, स्टूडेंट ऑफद इयर तथा शूटआउट एट वडाला, जैसी फिल्मों में भी देख चुके हैं। लेकिन रोनित रॉय का कहना है, 'उन्होंने टेलीविज़न जैसे प्लेटफॉर्म को कभी नहीं छोड़ा और ये कोई संपूर्ण कहा जा सकने वाला रोल भी नहीं है। मुझे टेलीविज़न पर काम करना अच्छा लगता है और इसपर लोगों की प्रतिक्रिया भी अच्छी रहती है। मेरा तो पूरा कॅरियर ही टेलीविज़न पर निर्भर रहा।'

रोनित रॉय वर्तमान में शेमारू टीवी के अपराध आधारित शो 'जुर्म और जज़्बात' तथा एक दूसरे प्रोजेक्ट 'कैंडी' के लिए शूटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा भी मेरे पास कई दूसरे प्रोजेक्ट भी हैं।'

# कहानी पटरी से उतरी

**द गर्ल ऑन द ट्रेन**
**नेटफ्लिक्स**
**कलाकारः परिणीति चोपड़ा, अदिति राव हैदरी, कीर्ति कुल्हरि, अविनाश तिवारी**
**रेटिंगः 5/10**

पहले हम इसके सकारात्मक पहलुओ पर बात कर लेते हैं। इसका प्रारंभ अच्छा रहता हैं। पहले ही दृश्य से लगने लगता है कि फिल्म आगे रोचक होने वाली हैं। हत्या और अपराध थ्रिलर फिल्मों में रोचकता तो होती ही है। यही बात परिणीति चोपड़ा की फिल्म पर भी लागू होती है। कई बार ऐसा होता है कि एक लड़की ट्रेन पर एक दूसरी महिला का जीवन देखकर अपने जीवन की कल्पना करने लगती है और सोचने लगती है कि काश! उस लड़की के स्थान पर वो होती! ऐसा सोचना तो सामान्य ही कहा जाता है। विशेष रूप से ये तब होता है जब हमारा जीवन कष्टपूर्ण हो और जीवन में कुछ भी सही न हो रहा हो। यहां तक तो सबकुछ सही रहा।

लेकिन इसके बाद इसकी कहानी पहिये से उतर गई और फिर ऐसी उतरी कि वापस पटरी पर आई ही नहीं। फिल्म निर्माताओं ने इसे बॉलिवुड श्रेणी जैसी ही फिल्म बनाने का प्रयास किया होगा और यही कारण था कि इसके बाद गाना और नृत्य के दृश्य दिखाए गए। लेकिन कहानी से इतना हटने की किसी को कल्पना तक नहीं थी। यदि




निर्माताओं ने नाम के अनुसार कहानी को आगे बढ़ाया होता और सारे दृश्य उसी अनुसार रखे होते तो वे ब्रिटिश लेखक पॉओला हॉकिंस के 2015 के इसी नाम के उपन्यास के अनुसार इसे बना सकते थे। समझ में नहीं आता कि उन्हें इसमें इतने सारे मोड़ डालने की आवश्यकता क्या थी जिनका कोई अर्थ भी समझ में नहीं आता। इस तरह से तो कहानी में इतनी दरारें आ गई थीं जिन्हें भरा नहीं जा सकता था। वही हुआ भी। लेकिन यदि आप इसे किसी उपनगरीय फिल्म की भांति देख सकते हों और गंभीर प्रश्न आदि न पूछें तो इस फिल्म को देखा जा सकता है लेकिन ऐसे में एक शर्त होगी कि उसने इसी नाम के उपन्यास को न पढ़ा हो और न ही उसने एमिली ब्लंट अभिनीत की 2016 में बनीं इसी नाम की फिल्म को भी न देखा हो। इसके हिंदी संस्करण में परिणीति चोपड़ा ने मुख्य चरित्र निभाया है।

अब यदि आपने इन दोनों में से एक को भी पढ़ा या देखा है तो उसे फिल्म देखने में किसी प्रकार का आनंद नहीं आ सकता जबकि इसके क्लाइमेक्स में एक आश्चर्यजनक बदलाव भी किया गया है।

# ऋचा और अली ने अपनी निर्माण कंपनी की पहली फिल्म की घोषणा की

भाषा। मुम्बई



**अदाकारा** ऋचा चड्ढा और उनके प्रेमी एचं अभिनेता अली फजल ने अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम गर्ल्स विल बी गर्ल्स होगा। ऋचा और अली की निर्माण कम्पनी पुशिंग बटंस स्टूडियो के बैनर तले इसका निर्माण किया जाएगा। शुचि तलाती इस फिल्म का निर्देशन करेंगी और इसकी पटकथा भी उन्होंने ही लिखी है। यह 16 वर्षीय एक लड़की कहानी है, जो एक छोटे से हिमालई पहाड़ी शहर के बोर्डिंग स्कूल में रहती है। यह फिल्म मां और बेटी के रिश्ते पर आधारित है, जिसमें नायिका और उसकी मां के अलग-अलग नजरिए को दिखाया गया है। ऋचा ने एक बयान में कहा कि इस फिल्म में मां और बेटी के रिश्ते को एक अलग अंदाज में दिखाया जाएगा। यह रोजर्मा की जिंदगी के काफी करीब है। वहीं, फजल ने कहा कि उनकी निर्माण कम्पनी की पहली फिल्म होने के कारण यह उनके दिल के काफी करीब है।

# सुनील शेट्टी ने फर्जी पोस्टर साझा करने पर प्रोडक्शन कंपनी के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

भाषा। मुंबई



**बॉलीवुड** अभिनेता सुनील शेट्टी ने फर्जी फिल्म पोस्टर साझा करने के लिए यहां एक प्रोडक्शन कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस पोस्टर में दिखाया गया है कि शेट्टी फिल्म में मु य भूमिका निभा रहे हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शेट्टी ने वर्सोवा थाने में बुधवार को यह शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शेट्टी ने प्रोडक्शन कंपनी पर उनकी अनुमति के बिना उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करने और झूठ बोलने का आरोप लगाया कि वह फिल्म में मु य भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। अधिकारी के अनुसार 59 वर्षीय अभिनेता ने आरोप लगाया कि निर्माता ने फिल्म का फर्जी पोस्टर साझा किया, जिससे वह जुड़े नहीं हैं। यह घटना सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्टर के दिखने के बाद सामने आई। शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि शेट्टी ने आरोप लगाया है कि कंपनी लोगों से संपर्क कर रही है और उनके नाम पर रुपए मांग रही है। वर्सोवा थाने के वरिष्ठ निरीक्षक सिराज इनामदार ने कहा कि उन्हें शिकायत मिली है, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। किसी को भी बयान दर्ज कराने के लिए नहीं बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच कर रही है।



## मां बनने वाली हैं श्रेया घोषाल

**मुंबई।** चर्चित गायिका श्रेया घोषाल ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि वह मां बनने वाली हैं। घोषाल (36) ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर भी साझा की है। गायिका ने फोटो को शीर्षक दिया, घर में नया मेहमान आने वाला है। आप सबके साथ यह खबर साझा कर रोमांचित महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा, अपनी जिंदगी का नया अध्याय शुरू करने के लिए आप सबका प्यार और आशीर्वाद चाहिए। गायिका ने उद्यमी शिलादित्य मुखोपाध्याय (37) से 2015 में शादी की थी। घोषाल ने 2019 की फिल्म कलंक के घर मोरे परदेसिया , 2018 की धड़क के शीर्षक गीत, बाजीराव मस्तानी (2015) से दीवानी मस्तानी और देवदास से बैरी पिया समेत कई लोकप्रिय गीत गाए हैं।

रिश्तों के कत्ल से इंसानियत हुई शर्मसार

# बेटों ने पिता को उतार दिया मौत के घाट

- पराई औरत के संग रहने से खफा थे बेटे हमले में जख्मी औरत सीएचसी रेउसा में भर्ती

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**आपको बता दें,** कि रेउसा थानाक्षेत्र के बम्भनाव निवासी 65 वर्षीय रामसहाय पुत्र बलदेव अपनी पत्नी की मौत के बाद गांव की दूसरी औरत के साथ लखनऊ में रहने लगा था। इससे उसके दोनों बेटे नाराज थे। गुरुवार की दोपहर एक बजे अपने घर से गृहस्थी का सामान लखनऊ ले जाने के लिए वह गांव पहुंचा था। इसी बीच उसके बेटे संतराम और सहजराम पहुंच गए। बाप-बेटों में विवाद होने लगा जिससे गुस्साए बेटों ने



रेउसा-घटना के बाद मौजूद भीड़

ईंटों से अपने पिता रामसहाय के सर पर ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिए। हमले में लहूलुहान होकर रामसहाय जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हमले में मृतक के साथ रहने वाली गांव की महिला भी जख्मी हुई है। वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से भाग निकले। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को रेउसा सीएचसी में भर्ती कराते हुए षव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रेउसा के चिकित्सक नरेश बाबू ने बताया महिला को आयरन रॉड से मारा गया है। सिर पर चोट है। इलाज किया जा रहा है। थाना प्रभारी रेउसा सतेन्द्र कुमार राय ने बताया घायल महिला की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाष की जा रही है।

# सपा कार्य करती तो जहांगीराबाद में रोड पर गंदा पानी न भरता: ज्ञान तिवारी

## भूमि पूजन के बाद सेउता विधायक ज्ञान तिवारी ने जंहागीरबाद में जन चौपाल में सुनीं समस्याएं

संवाददाता। जहांगीराबाद सीतापुर

**विधायक ज्ञान** तिवारी ने बताया की कस्बा जहांगीराबाद के लोगो से केवल वोट लिया गया विकास के नाम पर कोई भी कार्य नही कराया गया भारतीय जनता पार्टी जाति पाति नही देखती सबका साथ सबका विकाश की बात करती है जहांगीराबाद के निवासी कई सालों से इस गंदे पानी से परेशान थे पानी निकलने के लिए कोई नाला नही था लोग गिरते थे चोटिल होते थे कस्बा जहांगीराबाद के मेन रोड से नाला बनवाने के लिए सरकार द्वारा रू. 40,00000 विधायक ज्ञान तिवारी ने स्वीकृत कराया और इस गन्दगी से निजात दिलाया वंही जहांगीराबाद रेउसा मार्ग पर रपटा पुलिया पर आए दिन एक्सीडेंट होते थे मैने मुख्यमंत्री जी से बात कर उस पुलिया को दोबारा बनवाने के लिए रू.1,50,00000 स्वीकृत करवा कर कार्य चालू करवा दिया गया कस्बा जहांगीराबाद की जनता ने विधायक ज्ञान तिवारी का धन्यवाद किया इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश मिश्रा,जे ई



जहांगीराबाद-पूजन करते विधायक ज्ञान तिवारी

मनोज कुमार श्रीवास्तव राकेश कुमार ,रामू चौरसिया,राजाराम निषाद,शिवकुमार गुप्ता,सुरेन्द्र सिंह,हरजीत सिंह,लवकुश,रिंकू,बबलू,मनोज नौसाद,इकराम बाबा रफी गुड्डू आगरा सहबाज मंसूरी इम्तियाज अहमद,फुरकान, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### जुफर फारूकी फिर बने सुन्नी वक्फबोर्ड के चेयरमैन

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड के निवर्तमान चेयरमैन जुफर अहमद फारूकी के चेयरमैन की हैट्रिक लगाने का रास्ता साफहो गया है। गुरुवार को वह मुतवल्ली कोटे से लगातार पांचवी बार निर्विरोध मेंबर चुन लिए गए। लहरपुर निवासी जुफर अहमद फारूकी का इस बार भी तीसरी बार लगातार उत्तर प्रदेष सुन्नी वक्फबोर्ड का चेयरमैन बनना लगभग तय माना जा रहा है। समर्थकों ने मुतवल्ली चुने जाने पर बधाई दी है।

### छह मार्च को होगी दिशा की बैठक

**सीतापुर।** भारत सरकार की संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर 6 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिशा की बैठक सीतापुर से भाजपा सांसद राजेष वर्मा की अध्यक्षता में होगी। जिसमें जनपद के सभी सांसद विधायक मौजूद रहेंगे। गत 28 अक्टूबर को दिषा की बैठक पूर्व में हुई थी।

### आठ मार्च को आएंगे केरल के राज्यपाल

**महमूदाबाद सीतापुर।** केरल के राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान का आगामी 8 मार्च को जनपद आगमन हो रहा है। वह बहराइच से कार द्वारा 5 बजे प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री भाजपा नेता डा. अम्मार रिजवी के महमूदाबाद स्थित मौलाना आजाद रूरल यूनिवर्सटी में आयोजित तृतीय राश्ट्रीय उर्दू कांफ्रेस में मुख्य अतिथि के रूप में षामिल होंगे। राज्यपाल 2 घंटे तक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### दो गांवों के 17 मकान आग से जले

**रामपुरमथुरा सीतापुर।** सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के 2 गांवों में करीब 17 मकान आग की चपेट में आ गए। आग की चपेट में आने से 17 मकान जलकर खाक हो गए। क्षेत्र के भागीपुर गांव में 15 घर व केवड़ा ग्राम सभा उसके धपालीपुरवा में दो घर जल कर खाक हो गए, जिससे लाखों का नुकसान हो गया। ग्रामीणों के फूस के बने छप्पर जब एक साथ धू-धू कर जलने लगे तो ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत पर काबू पाया लेकिन काबू पाते पाते आग ने विकराल रूप ले लिया था। फिलहाल आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल सका।

# आज सहूलियतों की सौगात देंगे जीएम रेलवे

- सीतापुर में महाप्रबंधक कई रेल परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर

**पूर्वोत्तर रेलवे** गोरखपुर के महाप्रबंधक वीके त्रिपाठी गुरूवार को सीतापुर में रेलवे यात्रियों और कर्मचारियों को सुविधाओं की कई सौगातें देंगे। महाप्रबंधक अपने सीतापुर दौरे में महाप्रबंधक एकीकृत करू लॉबी रर्निंग रूम में टीईटी के लिए नवनिर्मित बीस बेड की क्षमता के विश्रामालय कक्षों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही उनके द्वारा रेलवे अस्पताल में ऑन लाइन हेल्थ इनफॉरमेशन सिस्टम तथा सीतापुर जंक्शन स्टेशन के प्लेटफार्म यार्ड में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोलिंग सिस्टम का भी शुभारंभ किया जाएगा। रेल महकमे ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आपको बता दें कि पहले सीतापुर में उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल का सीतापुर कैंट और पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का छावनी स्टेशन स्थापित था, लेकिन अमान परिवर्तन के फैसले के बाद दोनों ही स्टेशनों को मिलाकर सीतापुर जंक्शन बना दिया गया हैं। बाद इसे पूर्वोत्तर रेलवे को सुपुर्द कर दिया गया है। कोरोना के चलते यहां के नए ट्रैक पर ट्रेनें फुल स्पीड में फर्राटा भर




सीतापुर-जंक्शन पर बनकर तैयार रनिंग रूम

नहीं पा रही हैं, हालांकि अमान परिवर्तन में सीतापुर जंक्शन स्टेशन का विस्तार कर वहां पर यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही है। सीतापुर जंक्शन पर ट्रेनों को लेकर आने वाले टीईटी को विश्रामालय की बेहतरीन सहूलियत देने को एकीकृत करू लॉबी में बीस बेडों की क्षमता का नया टीईटी विश्रामालय की स्थापना की गई। रेल कर्मचारियों को इलाज की अत्याधुनिक सुविधा देने को ऑन लाइन हेल्थ इनफॉरमेंशन सिस्टम विकसित किया गया है। साथ ही सीतापुर जंक्शन प्लेटफार्म यार्ड में रेलवे यात्रियों को बेहतर सुरक्षा देने के लिए 33 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की कंट्रोलिंग आरपीएफ करेगा, इसके लिए वहां पर कंट्रोलिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। गुरूवार को सीतापुर दौरे में महाप्रबंधक त्रिपाठी सभी परियोजनाओं का शुभारंभ कर यात्रियों और कर्मचारियों को तोहफा देंगे।

# रामराज में न्याय के लिये भटक रही है 'जसोदा'

- पांच साल में भी पूरा नहीं बना पीएम आवास

संवाददाता। थानगांव सीतापुर

**एक कहावत है** कि-''आसमान से गिरे खजूर में अटके। वो आजकल रेउसा ब्लॉक की नसीपुर देवरिया ग्रामसभा की जसोदा पत्नी जगदीश पर सटीक बैठती है। सन 2017 में जसोदा का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयन हुआ था। जसोदा का आरोप है कि-प्रधानमंत्री आवास के प्रथम किस्त के चालीस हजार रुपये खाते में आये हुए थे। जिसको निकलवाने के बाद निवर्तमान प्रधान पूरनलाल भारती ने ये कहते हुए ले लिया कि-ये पैसे हम ईंट के लिए ईंट भट्ठे पर जमा करेंगे। लेकिन पूरनलाल ने भट्ठे पर पैसे जमा नहीं किया।दूसरी किस्त सत्तर हजार की पाने पर पीड़िता जसोदा ने घर की दीवालें तो खड़ी कर दी लेकिन करीब 5 साल होने को है अभी तक जसोदा के घर पर छत नहीं पड़ पाई है। पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे, बिना छत के सोने पर मजबूर है। दीवालें तो हैं लेकिन छत नहीं है। जिस उद्देश्य के लिए सरकार ने आवास दिए थे वह उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। जसोदा का कहना है कि -उसने खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत



प्रार्थना पत्र दिखती पीड़िता

अधिकारी ,जिलाधिकारी, सहित मुख्यमंत्री को भी शिकायती पत्र दिया है। लेकिन अभी तक इतने दिन हो जाने के बाद भी उसकी सुनवाई नहीं हो पा रही है। पैसे मांगने पर निवर्तमान प्रधान पूरनलाल भारती पीड़िता को धमकाते हैं और देख लेने की बात भी कहते हैं। लेकिन इसके उलट निवर्तमान प्रधान नसीरपुर देवरिया पूरन लाल भारती का कहना है कि- हम पर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह बिल्कुल निराधार आवास का पैसा लाभार्थी के सीधे खाते में आता है जिससे ग्राम प्रधान का कोई लेना देना नहीं होता है। अब देखना यह है की जसोदा को इस सरकार में छत मिलती है या नहीं।

गुरुवार को डीएम ने रूढ़ा गांव का किया मुआयना

# खफा हुए डीएम, अधिकारियों को लगाई फटकार

- शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के नवनिर्मित स्मारक का जायजा लिया, शहीद स्मारक का जल्द होना है लोकार्पण

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज ने गुरुवार को परमवीर चक्र विजेता षहीद मनोज पांडेय के पैतृक गांव रूढ़ा का मुआयना किया। यहां नवनिर्मित षहीद कैप्टन मनोज पांडेय का स्मारक देखा। मार्गो व साफ-सफाई की व्यवस्था परखी। इस दौरान गंदगी देख खफा डीएम ने बीडीओ कसमंडा और सचिव को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देष दिए। इसके बाद डीएम का काफिला कमलापुर चीनी मिल ग्राउंड पहुंचकर हेलीपैड का निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम सिधौली संतोश राय, बीडीओ कसमंडा काजल, थाना प्रभारी कृशण मोहन सिंह, सचिव दिनेष वर्मा आदि मौजूद थे। आपको बता दें, कि रूढ़ा में नवनिर्मित स्मारक के मध्य षहीद कैप्टन



कमलापुर-निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज।

मनोज पांडेय की 6 फीट की प्रतिमा लगवाई गई है। सेना द्वारा बनवाए गए इस स्मारक का जल्द ही लोकार्पण होना है। जिसकी तैयारियां इन दिनों तेजी से चल रही हैं। पिछले दिनों आर्मी के कर्नल और ब्रिगेडियर भी रूढ़ा पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले चुके हैं।

## यहां एंटी भूमाफिया अभियान का नहीं दिख रहा असर

# आबादी की जमीन पर लगातार प्लाटिंग कर रहे हैं भूमाफिया

- राजस्व कर्मियों से सांठगांठ कर सरकार को लगा रहे चूना

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**सरकारी जमीन** को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के मकसद से चलाए जाने वाले एंटी भूमाफिया अभियान का लहरपुर तहसील में कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। यहां तहसील प्रषासन की कार्रवाई भी भूमाफिया के हौसले पस्त नहीं कर सकी है। बेखौफ भूमाफिया लगातार आबादी की जमीन पर प्लाटिंग करते हुए करोड़ों के वारे-न्यारे कर रहे हैं। इन प्लाटों पर निर्माण कार्य भी जारी है।

आपको बता दें, कि तहसील क्षेत्र लहरपुर की ग्राम सभा रायपुर गंज में लहरपुर-हरगांव हाईवे के किनारे आबादी भूमि है। यह बेशकीमती व सुरक्षित भूमि सरकारी अभिलेखों में गाटा संख्या 1 रायपुर गंज में वर्ग 6-2 में दर्ज है। भूमाफिया इस जमीन पर प्लाटिंग कर करोड़ों रुपए अर्जित करने के साथ सरकार की संपत्ति पर डाका डाल रहे हैं। वर्ष 2018 से कई बार भू माफियाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है, किंतु भू माफियाओं द्वारा कोई समुचित उत्तर तहसील प्रशासन को नहीं दिया गया। कमिश्नर लखनऊ मंडल लखनऊ द्वारा करीब 6 माह पूर्व जिलाधिकारी सीतापुर को आदेश जारी कर संबंधित आबादी भूमि की भौतिक एवं अभिलेखीय स्थिति की आख्या तलब की गई थी। इसके बाद तत्कालीन उप जिलाधिकारी राम दरस राम ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवाते हुए अवैध कब्जेदारों पर लहरपुर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

उनका तबादला होने पर दर्ज प्राथमिकी में कार्यवाही कराने के बजाय राजस्व कर्मियों ने भूमाफिया से मिलकर इस आबादी भूमि का स्वरूप बदलने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। तहसीलदार मदन मोहन वर्मा के मुताबिक मामला संज्ञान में आया था उप जिलाधिकारी प्यारेलाल मौर्य द्वारा निर्माण कार्य रुकवाए जाने का आदेश भी जारी किया गया था। यह सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई थी फिर भी यदि निर्माण कार्य जारी है तो तत्काल उसे रुकवाया जाएगा।

# आप पार्टी के मंत्री ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**सीतापुर।** दिल्ली राज्य सरकार के मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने गुरूवार को सीतापुर का भ्रमण किया। उन्होंने पंचमपुरवा स्थित सांवरिया गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी में गुंडा राज चरम पर है, प्रदेश में बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं रह गई हैं, ऐसे में जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है, उत्तर प्रदेष में बदलाव की बयार बह रही है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य, महासचिव लवकुश यादव, उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, रियाजुद्दीन, पूजन मिश्रा, अखलाख अंसारी, अबू साईद, आसिम हैदर जाफरी, राजीव वर्मा, अंकुल वर्मा आदि मौजूद थे।

# होली मेला को लेकर ब्राह्मण सभा ने सीएम को भेजा ज्ञापन

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**महर्षि दधीचि** की तपोस्थली क्षेत्र में होली मेले के आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आशीष तिवारी सीतापुर के बैनर तले मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मिश्रिख को सौंपा गया इन सभी पदाधिकारियों ने मांग की है कि संपूर्ण विश्व में धार्मिक ख्याति प्राप्त हिंदुओं का पवित्र दधीच तीर्थ स्थल स्थित है प्रतीक वर्ष यहां पर होली मेले का आयोजन किया जाता है इसमें कई देश विदेशसे साधु संत व बाहर से दुकानदार यहां पर आते हैं साधु संतों की भीड़ यहां एकत्रित होती हैं यहां की संस्कृति व धरोहर के रूप में महर्षि दधीच आश्रम स्थित है प्रशासन द्वारा वर्तमान वर्ष 2021 में कोविड-19 का हवाला देकर मेला न कराए जाने की बात कही जा रही है जबकि पड़ोसी जिले हरदोई में



मिश्रिख-एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी

नुमाइश चल रही है वह प्रयागराज में भी कुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है पड़ोसी जिले हरदोई में नुमाइश का आयोजन प्रशासन द्वारा 10 मार्च तक किया जा रहा है ऐसे में सभी पदाधिकारी की मांग करते हैं कि हिंदुत्व स्थानों का सम्मान करते हुए कोविड-19 प्रोटोकोल के साथ मेला को संयोजित करने के लिए अनुमति प्रदान की जाए वह प्रशासन को निर्देशित करते हुए यहां की व्यवस्थाएं की जाए इस मौके पर जिला महामंत्री मनीष मिश्रा, पुलकित शर्मा, संजीव कुमार मिश्रा, अनिल मिश्रा, धीरज मिश्रा, शुभम शुक्ला ,सुखदेव शुक्ला, अभिषेक अवस्थी ,संतोष शुक्ला ,अभिनंदन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पंचायत आरक्षण से हताशा, मगर उम्मीद बाकी

- पहले दिन डीपीआरओ कार्यालय में आईं 54 आपत्तियां सभी ब्लाकों में 200 आपत्तियां आईं

संवाददाता। सीतापुर

**पंचायत आरक्षण** की अनंतिम सूची के प्रकाशन के बाद अब जिला पंचायत राज अधिकारी समेत ब्लॉक कार्यालयों में सीटों के आरक्षण पर आपत्तियां दाखिल करने का दौर शुरू हो गया है। चुनावी समर में जनादेश लेने को जनता की अदालत में पहुंचने से पहले सीटों के आरक्षण ने संभावित दावेदारों को चुनावी अखाड़े से बाहर कर दिया। इससे वो हल्के से मायूस जरूर हुए हैं, मगर उन्होंने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी। आरक्षण की आपत्तियों के निस्तारण में वो आज भी उम्मीद संजोए हैं। उन्हें उम्मीद है कि आपत्तियों के निस्तारण में फैसला उनके पक्ष में आएगा। शायद यही वजह है कि वो सीटों के आरक्षण पर




सीतापुर-विकास भवन के बाहर मौजूद भीड़

आपत्तियां डालने में मशगूल दिखे। पहले दिन डीपीआरओ कार्यालय में सबसे ज्यादा 54 शिकायतें आईं। जबकि ब्लॉक मुख्यालयों पर इनकी संख्या कम ही रही। सीतापुर के 19 ब्लॉकों में दो सौ से ज्यादा आपत्तियां दाखिल की गई हैं। सबसे ज्यादा आपत्तियां जिला पंचायत और प्रधान पदों पर आई हैं। आपको बता दें कि बीडीसी को छोड़कर शेष पंचायत के सभी पदों का पंच वर्षीय कार्यकाल 25 दिसंबर को पूरा हो चुका है। बीडीसी का कार्यकाल भी 18 मार्च को खत्म हो जाएगा। कार्यकाल पूरा होने से पहले नई सरकार का गठन हो जाना चाहिए था, लेकिन कोरोना के चलते यह चुनाव समय से कराए नहीं जा सके। मजबूरन योगी सरकार को यह चुनाव कराने के लिए छह माह का समय बढ़ाकर उन पदों पर प्रशासक बिठाने पड़े। अब कोरोना के बीच में ही सरकार पंचायत चुनाव कराने की तैयारी में है। सीतापुर में भी 1599 पदों पर चुनाव होने हैं। इन पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया अपनाई जा रही है। आरक्षण की अनंतिम सूची का प्रकाशन हो चुका है। अब सीटों पर आपत्तियां मांगी गई है। ये आपत्तियां आठ मार्च तक डीपीआरओ व संबंधित ब्लॉक कार्यालयों में स्वीकार की जाएगी। सभी आपत्तियों का नौ मार्च को डीपीआरओ कार्यालय में संकलन किया जाएगा। बाद में डीएम द्वारा गठित समिति सभी आपत्तियों का निस्तारण करेंगी। पंद्रह चौदह मार्च को सभी पदों का आरक्षण का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा।

## भागवत कथा के अंतिम दिन बही भक्ति की रसधार

**बल्दीराय,** सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम बिसुहिया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा व्यास श्री आचार्य अमर देव जी महाराज ने उपस्थित कथा प्रेमियों को श्रीमद्भागवत का रसास्वादन कराते हुए कहा कि कपिल भगवान कर्दम और देव हू ति के यहां प्रकट होकर जी वो के कल्याण के लिए माता देवहूति के माध्यम से सांख्य योग का ज्ञान कराया था। कथा के अंतिम दिन भक्ति की खूब रसधार बही। कथा व्यास श्री महाराज जी ने बताया कि जीव सांख्य योग के माध्यम से कैसे भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान आस्था और भक्ति को देखकर ही प्रसन्न होते हैं भगवान के प्रशन मात्र से ही भक्तों की दुख दरिद्रता स्वता समाप्त हो जाती है।

# रेल टिकट ब्लैक करने वाले तीन पकड़े गए

- चौदह हजार से ऊपए कीमत के थे आरक्षित ईटिकट
- लगभग दो माह से कर रहे थे ब्लैक मार्केटिंग



संवाददाता । मैलानी-खीरी।

**मैलानी आर** पी एफको मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गोला गोकर्णनाथ के कुछ व्यक्ति अवैध रूप से रेलवे की टिकटों की बिक्री करते हैं। सूचना लखनऊ की टीम में अपराध शाखा के एसआईपीएफ कैलाश प्रसाद, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार शाही, आरक्षी राकेशधर द्विवेदी, मैलानी की टीम में एसआई चन्द्रिका यादव, एएसआई हिम्मत सिंह, आरक्षी धर्मदेव यादव, गोला गोकर्णनाथ खीरी में रामजन सेवा केंद्र निकट रोडवेज बस स्टाफ पर छापा मारकर राम निवास राठौर पुत्र राम लखन निवासी हफीजपुर गोला गोकर्णनाथ व अभिजीत निवासी कुम्हारन टोला गोला गोकर्णनाथ तथा आकाश पुत्र दाताराम ग्राम बस्तौला थाना भीरा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान 15 रेल आरक्षित ईटिकट, जिनकी कीमत 14278 रुपए हैं, बरामद किए गए। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त ने बताया कि वह लोग यह अवैध टिकट बिक्री का कारोबार लगभग दो माह से कर रहे थे। आरपीएफ द्वारा गिरफ्तार किये गये अभियुक्त को लखनऊ न्यायालय में पेश करके अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# चालीस लीटर शराब व दो हजार लीटर लहन नष्ट



**मोहम्मदी-खीरी।** आबकारी विभाग का चुनाव में सीटो के आरक्षण के बाद कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों पर कार्रवाई शुरू करते हुए बृहस्पतिवार को बहुत बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर आरके मिश्रा, दीवान अयाजउद्दीन खां और पूरी टीम ने गांव उधनापुर, गदमापुर, खाकिन, झाराखेमपुर, पालचक्र में छापेमारी की। यहां 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं 2000 लीटर लहन नष्ट की गई। शराब बनाने के उपकरण भी नष्ट किए गए। दो अभियुक्त मौके से फरार हो गए। फरार अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसमें अवैध शराब बनाने और बेंचने वालों में हड़कंप मच गया। आबकारी विभाग ने शराब बनाने वाले उपकरणों, भटिठयों सहित लहन को तहस-नहस कर डाला। आबकारी इंस्पेक्टर ने कहा कि किसी भी कीमत पर कच्ची शराब बनने व बिकने नहीं देंगे। जहां से भी ऐसी शिकायतें आएंगी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में दीवान अयाजुद्दीन, हरिश्चंद्र व नीरज पांडे सहित पूरी टीम मौजूद रही।

# अनुदेशकों ने सिखाए आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता। मितौली-खीरी

**परिषदीय उच्च** प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को भारत सरकार की वार्षिक कार्ययोजना के प्रोजेक्ट अप्रूवल द्वारा जेंडर इक्विटी कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण संविलियन विद्यालय रतहरी में दिया जा रहा है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिका शिक्षा एवं सशक्तीकरण के क्रम में आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बालिकाओं को आत्मरक्षा के पाठ पढ़ाये जा रहे हैं। बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मितौली सुनील कुमार और एआरपी राजेश पाण्डेय ने चल रहे प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया और कार्यक्रम को बेहतर बनाने हेतु उपयोगी सुझाव दिए। समग्र शिक्षा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शारीरिक शिक्षा के अनुदेशक शिक्षकों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मितौली ब्लाक की छात्राओं को शारीरिक शिक्षा के 22 अनुदेशक शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में संविलियन विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय रतहरी में प्रशिक्षण अनुदेशक शिक्षक मुनेश कुमार द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। स्वयं के द्वारा आत्मरक्षक कौशलों के माध्यम से आकस्मिक आक्रमण से स्वयं की सुरक्षा की जा सके। प्रशिक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा गुणवत्ता का अनुश्रवण भी किया जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**मैलानी-खीरी।** शासन के निर्देश पर मैलानी नगर में थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला, उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के अध्यापक अध्यापिकाओ व नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती के नेतृत्व में इंटर कालेज से नारी शक्ति नारी सम्मान व नारी स्वालंबन को लेकर जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। लड़कियों व महिलाओं को टोल फ्री नंबर भी अंकित कराए गए। जिसमें किसी समस्या में होने पर तत्काल पुलिस उनकी सहायता के लिए पहुंच सके। इसको लेकर नगर में जागरूकता रैली का शुभारंभ श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर से हुआ। यह रैली चलकर मुख्य बाजार, दामोदरपुर व मुख्य बाजार पानी टंकी निकट तिराहा बाईपास तक पहुंची। रैली का समापन पुनः कालेज में पहुंच कर किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जगदम्बा प्रसाद, सुरेश कुमार, कमला रावत, राबर्ट विलियम सेम्सन सहित तमाम अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# महिला सशक्तीकरण को लेकर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम




**मोहम्मदी-खीरी।** नगर के दून पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अभय प्रताप मल्ल, एसएसआई अमर नाथ राय, राजवीर सिंह, नायब तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह ने छात्राओं व महिला शिक्षकों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर प्रबंधक डा. गुरुमेजर सिंह, आवासीय निर्देशिका सुरेंदर कौर, डारेक्टर वीई थामस, प्रधानाचार्य सतनाम सिंह, उप प्रधानाचार्य सहित महिला कांस्टेबल नेहा यादव, रंजू यादव, गरिमा यादव व वंदना धाकरे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से मिली एक साल में 116 बच्चों को नई जिंदगी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**राष्ट्रीय बाल** स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात दोषों से ग्रस्त बच्चों का इलाज कराया जा रहा है। कोरोना काल में भी करीब 116 ऐसे बच्चों का इलाज योजना के अंतर्गत कराया गया है। यह सभी बच्चे अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। आरबीएस के टीम की देखरेख में है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. आरपी दीक्षित ने बताया कि जनपद के समस्त विकास खंडों में तैनात आरबीएसके टीमों द्वारा लगातार ऐसे बच्चों की खोज की जा रही है जो जन्मजात दोषों से ग्रस्त हैं। इनमें पिछले 1 साल में करीब 116 बच्चों का ऑपरेशन कराया गया है। इनमें क्लब लिफ्ट पैलेट (कटे तालु या होंठ) के 21 बच्चों का ऑपरेशन स्माइल ट्रेन लखनऊ से कराया गया है। वहीं सीएचडी (दिल में छेद) का एक आपरेशन अलीगढ़ मेडिकल कालेज में कराया गया है। क्लब फुट (मुड़ा पैर) के 22 बच्चों के ऑपरेशन कराए गए हैं। कंजेनाइटल कांट्रैक्ट के 10 आपरेशन सीतापुर आई हास्पिटल में कराए गए हैं। एक न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट का आपरेशन सैफई मेडिकल कालेज में कराया गया है। साथ ही 61 अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया गया है। ऐसे कई अन्य बच्चों का इलाज योजना के अंतर्गत अभी भी चल रहा है। वहीं डीईआईसी मैनेजर अमित खरे द्वारा बताया गया कि कोरोना काल में इस योजना के अंतर्गत जिन बच्चों को फायदा मिला है उन सभी से लगातार क्षेत्र में तैनात आरबीएस के टीम संपर्क में है। इन सभी को लगातार ऑब्जर्व किया जा रहा है। समय.समय पर दवाइयां दी जा रहे हैं। टीम को यह भी निर्देशित किया गया है कि किसी भी बच्चे की दवाई किसी भी दशा में छूटे नहीं। अन्य ऐसे बच्चे जिन्हें जन्म से समस्याएं हैं उन्हें तत्काल चिन्हित कर कार्यक्रम द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत इलाज मुहैया कराने के लिए स्कूलों के भ्रमण जारी रखा जाएं।

# कोराना वैक्सीन के लगे टीके



**मैलानी-खीरी।** शासन के निर्देश पर मैलानी नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 के टीकाकरण को लेकर चिकित्सा प्रभारी डा. संजीव कुमार, फार्मासिष्ट तुषार वर्मा के नेतृत्व में अन्य दो टीमें बनाई गई। पहली टीम सीएचओ बांकेगंज सोहन सिंह, एएनएम सीमा साईन व स्टाफ नर्स दीपा शर्मा, दूसरी टीम में एएनएम साहिन अंसारी व स्टाफ नर्स सरिता दीक्षित तथा एलटी अनुपमा द्वारा 60 वर्ष के महिलाओं व पुरूषो का रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त लगभग तीस लोगों को टीका लगाया। चिकित्सा प्रभारी डाक्टर संजीव कुमार ने बताया कि यह टीका करण कोराना वाइरस के चलते बचाव के शासन के निर्देश पर कराया जा रहा है।

# जमीन पर कब्जे को लेकर पीड़ित बैठे अमरण अनशन पर

संवाददाता। बिंदकी (फ्तेहपुर)

**नगर के ललौली** रोड स्थित गाटा संख्या 1034/44 तथा 44/25 जो जाफ्राबाद बाहरी क्षेत्र के अभिलेखों में दर्ज है जिस पर दबंग भू-माफ्यिा सलीम, हनीफ् रेहाना तथा विधायक प्रतिनिधि विपिन पटेल द्वारा उक्त गाटा संख्या पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहा था। जिसको लेकर पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तक न्याय मांगने की गुहार लगाई परंतु सत्ता पक्ष के दबाव के चलते अधिकारियों द्वारा उन्हें न्याय नहीं दिलाया गया। जिसको लेकर पीड़ित मनीषा देवी, राम प्रकाश, राम नारायण, विद्या यादव, अंकित तिवारी, आशा तिवारी विवादित भूखंड पर भूख हड़ताल पर बैठ गए। प्रशासन को जानकारी होते ही हाथ पांव फूल गए। मौके पर पहुंचकर तहसीलदार गणेश सिंह, कोतवाली प्रभारी आशुतोष सिंह ने अनशन कारियों को आश्वासन देते हुए आमरण अनशन धरना समाप्त करने की अपील की। जिस पर पीड़ितों ने भू-माफ्यिाओं के खिलाफ मुकदमा तथा 145 की कार्रवाई होने के बाद ही आमरण अनशन खत्म करने की बात कही। गौरतलब बात यह है कि प्रदेश मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा भू-माफ्यिाओं के खिलाफकठोर कार्रवाई कर उनके द्वारा जबरन की गई कब्जे वाली जमीनों को मुक्त कराकर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई का फ्रमान जो जारी किया है परंतु उनका यह आदेश बिंदकी तहसील क्षेत्र के भू-माफ्यिाओं पर कुछ असर नहीं पड़ रहा है। सत्ता पक्ष के दबाव में आकर शासन-प्रशासन भू-माफ्यिाओं के सामने घुटने टेक रहे हैं जिसके चलते पीड़ितों को न्याय मिलना टेढ़ी खीर साबित हो रही है।

## सुरक्षित वातारण के लिए महिलाओं को होना होगा जागरुक

**फतेहपुर।** समाज में सुरक्षा तथा स्वावलम्बन के लिए महिलाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। उक्त आवाह्न सीओ सिटी संजय सिंह ने किया। वे डॉ0 भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए यौनन शोषण, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा आदि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा चलायी जा रहीं महिला हेल्पलाइन सेवाओं के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने कहा कि स्वतन्त्रता संग्राम में महिलाओं की महती भूमिका रही है। उन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से असहयोग आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पूर्व चौरी-चौरा काण्ड के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में काव्य पाठ का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्राओं कु0 कोमल, कु0 मोनिका, कु0 सान्या शुक्ला, कु0 प्रियांशी साहू के साथ ही प्राध्यापक डॉ0 रमेश बाबू, डॉ0 प्रशान्त द्विवेदी तथा बसन्त मौर्य ने भी ओजस्वी देशभक्ति कविताओं के पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 उत्तम शुक्ल ने कार्यक्रम का संचालन तथा कविता पाठ किया। साथ ही महाविद्यालय में विभिन्न परिषदों का पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। उक्त समारोह में इतिहास परिषद् की तरफसे कु0 उर्वशी यादव, कु0 निकिता, कु0 रसिका, अंगूरी, अँग्रेजी परिषद की तरफ से कु0 आयशा, कु0 प्रिया गुप्ता, कु0 सरस्वती, कु0 निधि सिंह, कु0 जाह्नवी हिन्दी परिषद् की तरफसे कु0 कोमल, कु0 मोनिका द्विवेदी, कु0 शबीना खातून, कु0 सरस्वती देवी, कु0 लल्ली दीक्षित, राजनीति विज्ञान परिषद् की तरफसे कु0 मीमताज़ रेशमी, कु0 शालिनी, कु0 वन्दना, कु0 पारूल, कु0 खुशनुमा, कु0 प्रियंका तथा समाजशास्त्र परिषद् से कु0 मरियम महफूज़, कु0 लक्ष्मी देवी, कु0 श्वेता तिवारी तथा कु0 कविता सोनी को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न परिषदों तथा मिशन-शक्ति आयोजन समिति की तरफ से डॉ0 सरिता गुप्ता, डॉ0 शोभा सक्सेना, डॉ0 गुलशन सक्सेना, डॉ0 शकुन्तला, डॉ0 लक्ष्मीना भारती, डॉ0 प्रशान्त द्विवेदी, डॉ0 उत्तम शुक्ल ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## हालत बिगड़ने पर युवक की मौत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुम्भी में बुधवार की देर शाम 30 वर्षीय एक युवक की अचानक तबियत खराब होने पर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं परिजन शव को लेकर वापस अपने घर चले गये। जानकारी के अनुसार कुसुम्भी गांव निवासी चन्द्रभूषण शुक्ला का पुत्र रवि शुक्ला की बुधवार की शाम घर पर अचानक तबियत बिगड़ गयी। जिस पर परिजन सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन शव को लेकर घर चले गये।

## युवक की हत्या में तीन नामजद

**फ्तेहपुर।** खागा कस्बा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने शव रख हंगामा करते हुए पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाया। मामले को शांत करते हुए पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।खागा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को पांभीपुर गांव निवासी प्रमोद 19 वर्ष अपने पड़ोसी भानु प्रताप सिंह के साथ लकड़ी कटाई के लिए गया था। पेड़ काटते समय सांयकाल करीब साढ़े छः बजे पेड़ की डाल ऊपर से टूटकर अचानक युवक पर गिर गई। गंभीर अवस्था में साथी युवक उसे हरदों सीएचसी ले गये, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि पिता नवरंग का आरोप है कि लकड़ी कटाई के लिए साथ ले गए भानु प्रताप का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगा कर हंगामा कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

**बरेली।** तेजी से आ रही मोटरसाइकिल अचानक बेकाबू होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। जिससे उस पर सवार युवक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।इज्जत नगर थाने के पहाड़पुर निवासी 24 वर्षीय विजय पुत्र गंगाराम को आज दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उन्होंने बताया कि विजय मोटरसाइकिल से अपने किसी काम से एक दोस्त से मिलने के लिए घर से निकला था। लेकिन जब उसकी बाइक बीसलपुर रोड पर चौराहा पर पहुंची। तभी एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक बेकाबू हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज कर उसके घर वालों को सूचना दे दी दे। जिला अस्पताल पहुंचे घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

### किला नदी में मिली अज्ञात युवक की लाश

**बरेली।** किला नदी में आज सुबह एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर इज्जतनगर और जिला पुलिस दोनों मौके पर पहुंच गई। काफ्ी देर तक दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद को लेकर उलझी रही जिसके बाद इज्जतनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफ्ी कोशिश के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि शव करीब 1 से 2 दिन पुराना है जो पानी में रहने की वजह से फूल गया है। जिस वजह से मृतक की शिनाख्त करने में काफ्ी दिक्कत आ रही है।

### देवर-देवरानियों ने मिलकर भाभी को पीटा

**फ्तेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मुहल्ले में नये घर का निर्माण करा रही 45 वर्षीय महिला को देवर व देवरानियों ने मिलकर बुरी तरह पीट दिया जिसे मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जानकारी के अनुसार कलक्टरगंज निवासी मीना पत्नी स्व0 मो0 आसिफपीरनपुर मुहल्ले में अपने नये घर का निर्माण करा रही थी तभी उसके देवर मो0 गुड्डू, इरशाद व देवरानी शकीला एवं साली ने लाठी-डण्डों से बुरी तरह पीट दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान घायल महिला ने बताया कि उसने मो0 आसिफसे शादी की थी और पीरनपुर मुहल्ले में अपनी ससुराल में रहती थी। बटवारा होने के बाद वह अपने नये घर का निर्माण करा रही थी। जिस पर देवर व देवरानी उससे वह जमीन हथियाना चाह रहे थे इसी बात को लेकर उस पर जानलेवा हमला किया गया है।

### 31 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन पर चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद की आधा दर्जन थानों की पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी चार, हुसैनगंज पांच, खखरेरू तीन, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी दस, ललौली सात तथा थरियांव थानाध्यक्ष ने दो लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### कैंट बोर्ड की टीम और ठेले वालों में तनातनी

**बरेली।** बुधवार सुबह कैंट बोर्ड की टीम और ठेले वालों में जमकर तनातनी हो गई। मामला कैंट थाने पहुंच गया।ठेला संचालक ने कैंट बोर्ड की टीम और सेनेटरी इंस्पेक्टर पर उगाही का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। सूचना पर कैंट बोर्ड की टीम भी थाने पहुंच गई जहां हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।मालूम हो कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर कैंट बोर्ड इन दिनों क्षेत्र में वेडिंग जोन और पार्किंग बना रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण की वजह से कैंट बोर्ड ने हर तरह की फेरी पर भी रोक लगा दी है। सदर बाजार का रहने वाला जमाल फ्ल का ठेला लगाता है। आरोप है कि वह आज सुबह ठेला लेकर फ्ल बेचने जा रहा था। इसी बीच कैंट बोर्ड की टीम ने उसे रोक लिया। सेनेटरी इंस्पेक्टर ठेला लगवाने के बदले में दो हजार प्रति माह की मांग की। विरोध करने पर टीम उसका ठेला ले जाने लगी। जिसका विरोध करने पर हंगामा हो गया। यह देखकर आसपास के और भी लोग आ गए। जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे में जमकर धक्का-मुक्की हुई। ठेला संचालक ने थाने पहुंचकर कैंट बोर्ड की टीम के खिलाफउगाही का आरोप लगाकर तहरीर दी। इसकी भनक लगते ही कैंट बोर्ड की टीम भी थाने पहुंच गई। जहां सेनेटरी इंस्पेक्टर ने बताया कि जमाल गलत जगह ठेला लगा रहा है। जिसका विरोध करने पर लोगों ने बवाल किया। काफ्ी देर तक थाने में चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह के लिए करें आवेदन:डीएम

संवाददाता । लखीमपुर खीरी

**डीएम शैलेंद्र** कुमार सिंह ने बताया कि श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु मण्डलीय सामूहिक विवाह 15 मार्च को लखनऊ स्थित वृन्दावन योजनाए आवास विकास परिषद, रायबरेली रोड, लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपों स्थल पर आयोजित किया जा रहा हैं। उपरोक्त सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से लखनऊ मण्डल के सभी 6 जनपद व अयोध्या मंडल, अयोध्या के बाराबंकी जनपद को सम्मिलित करते हुए 3500 जोड़ों के विवाह बंधन में बंधने का लक्ष्य है। जिसमें जनपद लखीमपुर खीरी के लिए 500 जोड़ों का लक्ष्य नियत हैं। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग के तत्वावधान में उप्र भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के तहत मण्डलीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। योजना में बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु रुण् 75 हजार का अनुदान अनुमन्य हैं। जिसमें से रुण10 हजार पंजीकृत निर्माण श्रमिक के खाते में विवाह के एक सप्ताह पूर्व वर.वधू की पोशाक क्रय हेतु अग्रिम दिया जायेगा। शेष रुपए 65 हजार मण्डलीय सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित होने व विवाह सम्पन्न होने के सत्यापन के बाद पुत्री के पिता के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित होने हेतु श्रमिक का पंजीयन विवाह तिथि 15 मार्च से कम से कम 100 दिन के पूर्व का होना अनिवार्य हैं। कन्या की उम्र 18 वर्ष से अधिक व वर की उम्र 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। ज़िले में लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 184 आवेदन पत्र बोर्ड के पोर्टल पर फीड कराया जा चुका है। जोड़ों के चयन हेतु श्रम विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त सभी बीडीओ को भी निर्देशित किया। ज़िले के सार्वजनिक स्थलो पर होर्डिंग व अन्य माध्यमो से मण्डलीय सामूहिक विवाह समारोह की सूचना प्रसारित की जा रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग हाईवे पर गुरूवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

# बुंदेलखंड राज्य को लेकर दिया ज्ञापन

**फ्तेहपुर।** बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष इं0 प्रवीण पांडेय ने जिलाध्यक्ष अंशू सिंह परमार एवं बुन्देली समाज के युवाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा के पार्टी कार्यालय में दो दिवसीय प्रवास में आई प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत के माध्यम से अलग बुन्देलखण्ड राज्य को लेकर ज्ञापन दिया।बीआरएस के नाम से चर्चित बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति संगठन अनवरत शासन, प्रशासन जगाओ, इन्हें ज्ञापन पहुँचाओ, बुन्देलखण्ड राज्य बनाओ अभियान जोरो से चला रहा है। केंद्रीय अध्यक्ष बताया कि दो राज्यों के बीच पिस रहे बुंदेलखंड को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए 11 फ्रवरी को बजट सत्र के दौरान हमीरपुर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने पृथक बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा लोकसभा में उठाया था। संसद में बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा उठाकर बुंदेलों की भावनाओं को संसद में मुखर करने में सहयोग करें। केन्द्रीय मंत्री व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति, केन्द्रीय मंत्री व दमोह के सांसद प्रहलाद सिंह पटेल, मध्यप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष व खजुराहो के सांसद वीडी शर्मा, झांसी के सांसद अनुराग शर्मा, बांदा के सांसद आरके पटेल व जालौन के सांसद भानु प्रताप वर्मा से भी संसद में बुंदेलखंड राज्य का मुद्दा उठाने का आग्रह कर रहे हैं। सभी सांसदों को खून से खत लिखकर भेजे हैं। बजट सत्र का दूसरा भाग 8 मार्च से पुनः शुरू होना है। अगर आप लोग भी बुंदेलखंड राज्य का मसला संसद में उठाने में सहयोग करती हैं तो पूरा बुंदेली समाज आपका ऋणी रहेगा। वही केंद्रीय प्रवक्ता देवब्रत त्रिपाठी ने कहा कि अलग राज्य बनाने के लिए इससे अच्छा मौका फ्रि नहीं मिलेगा। केन्द्र के साथ यूपी और एमपी दोनों में भाजपा की सरकार है। वैसे भी भाजपा हमेशा छोटे राज्यों की पक्षधर रही है। अगर ऐसा न होता तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक साथ तीन नये राज्य कैसे बना देते। ज्ञापन कार्यक्रम मेंयुवाशक्ति जिलाध्यक्ष अंशू सिंह परमार, हिमांशु त्रिपाठी, शुभम द्विवेदी, नीरज बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं नें कलश यात्रा निकाल कर जगायी आत्मनिर्भरता की अलख

**फ्तेहपुर।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह नियमानुसार दस दिनों तक प्रशिक्षण ग्रहण करने के उपरांत महिलाओं नें ब्लाक स्तरीय पदाधिकारियों के समक्ष न्याय पंचायत संकुल संघ का गठन किया। विभिन्न पदों पर नियुक्ति हुई। आयोजन में महिलाओं नें मुख्य अथिति के रूप में गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल को आमंत्रित किया। अध्यक्ष नें कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अपनी छोटी छोटी आर्थिक बचत करके स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करके आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार को प्रगति की ओर अग्रसर कर सकेंगी। जिले के शाह कस्बे में एक सैकड़ासे अधिक महिलाओं नें सिर पर कलश रख कर यात्रा निकली।

# कलमबंद हड़ताल पर गए जिला जजी के अधिवक्ता

संवाददाता। औरैया



**गुरुवार को** जनपद न्यायालय के अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता के अपमान को गंभीरता से लेते हुए जनरल हाउस की बैठक बुलाकर निर्णय लिया कि जब तक न्यायिक अधिकारी स्वयं घटना के बारे में माफी नहीं मांगते तथा अपना आचरण नहीं बदलते तब तक जिला जजी के सभी अधिवक्ता अपने अपने कार्य से पृथक रहेंगे। महामंत्री राजू शुक्ला उर्फदारा ने बताया कि अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए वह वचनबद्ध है और किसी भी अधिवक्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारी अपनी मनमानी करते हैं और अधिवक्ताओं का अपमान करना अब उनकी आदत बन गई है। न्यायिक अधिकारी जब तक अधिवक्ताओं से माफी नहीं मांगते, तब तक यह आंदोलन अनवरत चलेगा और इस आंदोलन को चलाने के लिए सभी अधिवक्तागण सहमति हैं। महामंत्री ने कहा कि अधिवक्ताओं का सम्मान यदि न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ उसी आचरण का पालन किया जाएगा, जिसके वह अधिकारी हैं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता एचएन पांडेय, कुलदीप दुबे, सतीश चंद्र राजपूत ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अधिवक्ता न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं और अपने फरियादियों से कराने का पूरा प्रयास करते हैं। लेकिन न्यायिक अधिकारी हम लोगों का उपहास करते हैं, जिससे हम लोगों को भारी पीड़ा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की मांग जब तक पूरी नहीं होती तब तक यह कलम बंद हड़ताल चलती रहेगी। वहीं कोई भी अधिवक्ता किसी की पैरवी करने न्यायालय नहीं जाएगा। बार एसोसिएशन के आवाहन पर गुरुवार को जिला जजी परिसर में अधिवक्ताओं ने रणनीति बनाई और अपनी मांगों को पूरा होने तक हड़ताल रहने की चेतावनी दी।

## समूह बनाकर रोजगार शुरु करें महिलाएंः एसडीएम

**औरैया।** गुरुवार को सदर तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सदर रमेश चंद्र यादव ने की। मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को सदर तहसील परिसर में महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सदर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के लिए यह योजना संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने परिवार को अच्छी दिशा में ले जाने के लिए स्वयं का रोजगार शुरु कर सकतीं हैं। बताया कि वह अपने आसपास की कुछ महिलाओं को एकत्रित कर एक समूह का निर्माण करें। समूह निर्माण के उपरांत उन्हें बैंक द्वारा धनराशि मुहैया कराई जाएगी। जिसके उपरांत वह अपना रोजगार शुरु कर अपने परिवार के भरण-पोषण में सहभागिता कर सकती है। तहसीलदार राजकुमार चौधरी ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न नंबरों को जारी किया गया है।

# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**औरैया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट) रामनेत ने थाना बेला क्षेत्र के ग्राम सहमऊ में सिल-बट्टे से अपनी पत्नी के हत्या के दोषी को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। झगड़े की चश्मदीद गवाह मृतिका की पुत्री ने अपने पिता के विरुद्ध गवाही देकर उसे आजीवन कारावास की सजा दिलाई।

इस मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार पोरवाल के अनुसार मृतिका के पिता वादी कुतुबदीन निवासी नेवादा दरिया थाना शिवराजपुर (कानपुर) ने थाना बेला में रिपोर्ट लिखाई कि उसकी बेटी भूरी उर्फनाजमाबानों की शादी 21 जून 2006 को मो0 गुड्डू पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम सहमऊ (बेला) से हुई थी, जो अब 30 वर्ष की है। मेरा दमाद अक्सर मेरी बेटी को परेशान करता था तथा झगड़ा करता रहता है। 27/28 अगस्त 2013 की रात लगभग 12 बजे मेरे दामाद ने मेरी बेटी के साथ झगड़ा व मारपीट की तथा सिल-बट्टे से सिर पर चोट पहुंचाई। जिसके कुछ देर बाद भूरी की मृत्यु हो गई। इस झगड़े एवं मारपीट की सारी घटना को मेरी नातिन अन्जुम जिसकी उम्र करीब 07 वर्ष है, ने अपनी मां को आंखों से देखा है। धारा 302 का यह मुकदमा चार्जशीट के बाद कोर्ट में चला। घटना के बाद से जिला कारागार इटावा में निरुद्ध मोहम्मद गुड्डू को सजा दिलाने में चश्मदीद गवाह मृतका की बेटी अंजुम ने कोर्ट में गवाही दी। बचाव पक्ष ने आरोपी को मांफ करने की अपील करते हुए बताया कि पति गुड्डू को मांक करने की अपील करते हुए बताया कि पति गुड्डू को अपने कृत्य पर अफसोस है तथा अभियुक्त की परिस्थिति तथा उसके पश्चात को ध्यान में रखते हुए कम से कम दंड देने की बहस की। वहीं अभियोजन की ओर से एडीजीसी मुकेश पोरवाल ने पत्नी की हत्या के आरोपी को कठोर दंड देने की मांग की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद एडीजे फास्ट ट्रेक रामनेत ने हत्याभियुक्त मोहम्मद गुड्डू पुत्र नूर मोहम्मद निवासी सहमऊ (बेला) को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया।

## क्विक न्यूज

### काकोरी कांड के शताब्दी वर्ष में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी श्रीमती उर्मिला वर्मा सम्मानित



**फर्रुखाबाद।** भारत में क्रांतिकारियों और ब्रिटिश राज के बीच हुआ काकोरी कांड की शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व रामचन्द्र वर्मा की पत्नी श्री उर्मिला देवी का एंव उनके आश्रित बड़े पुत्र रविन्द्र वर्मा का फूल मालाओं से सम्मान किया। सर्व प्रथम स्वर्गीय रामचन्द्र वर्मा के चित्र पर मोर्चा के पदाधिकारियों ने माल्यापर्ण किया। इसके बाद शीला श्रीवास्तव ने श्रीमती उर्मिला देवी को माल्यार्पण एंव अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उनके आश्रित बड़े पुत्र रविन्द्र वर्मा को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीमती वर्मा को पुष्प भेंट कर आर्शीवाद लिया गया। इस अवसर पर जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव कन्हैयालाल श्रीवास्तव,सुरेश चन्द्र शर्मा,शिव कुमार वर्मा,डा0 मंहेदी हसन,शिवा जी कटियार,पृथ्वी नारायण आदि मौजूद रहे।

### संजीव मिश्रा बॉबी रेलवे परामर्शदायी समिति के सदस्य बने

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश फर्रुखाबाद के युवा व्यापारी नेता एवं स्वच्छ राजनीति के लिए विशेष पहचान रखने वाले समाजसेवी संजीव मिश्रा ष्बॉबीष् को पूर्वोत्तर रेलवे का क्षेत्रीय रेलए उपयोगकर्ता परामर्शदायी समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवेए गोरखपुर के उप महाप्रबंधक केसी सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार बॉबी यह जिम्मेदारी 1 फरवरी 2021 से 31 जनवरी 2023 तक निर्वहन करेंगे।

### नीम के पेड़ से लटककर युवक ने दी जान

**फर्रुखाबाद।** अज्ञात कारणों से युवक ने नीम के पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव जिन्दापुर निवासी निर्मल सिंह उर्फ भूरे पुत्र राजबहादुर ने मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस को गुरुवार सुबह लिखित रूप से सूचना दी कि उसके पुत्र शिवम ने गुरुवार सुबह 3 से 4 बजे के बीच घर से लगभग 300 मीटर दूर खेत के पास पुराने ट्यूबवेल के पास स्थित नीम के पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार युवक ने अपने गले के मफलर से फांसी का फंदा बनाया और पेड़ की डाल से लटक गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### शार्ट शर्किट से लगी आग से आठ घरों की गृहस्थी राख

**फर्रुखाबाद।** शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग नें आठ घरों की गृहस्थी को राख के ढेर में बदल दिया। जिससे भगदड़ मच गयी। सूचना पर पंहुची दमकल नें बमुश्किल आग पर काबू पाया। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम पंखियन की मडैया में दीन मोहम्मद के घर शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे भगदड़ मच गयी। देखते ही देखते आग नें बिकराल रूप ले किया। आग नें पास के ही नदीम, नवीन, नसीम खान, बिलाल, जमाल, खलील व नसीम के घरों को भी जद में ले लिया। आग से दीन मोहम्मद की बेटी रानी और अफसाना की शादी के लिए रखे 35 हजार रूपये के साथ ही अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। जबकि नदीम के घर में रखे 10 हजार की नकदी व घर का सामान जल गया। अन्य घरों की भी गृहस्थी जलकर राख हो गयी। घटना की सूचना दमकल को दी गयी। जिसके 45 मिनट के बाद दमकल मौके पर आ गयी। उसने आग पर बमुश्किल काबू पाया।

### गैंगरेप की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर दर्ज

**औरैया।** कोतवाली अजीतमल क्षेत्र के ग्राम निवासी एक युवती ने कोतवाली में न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि विगत दिनों हिमांशु गुप्ता, मनीष उर्फअभिषेक गुप्ता तथा जतिन गुप्ता निवासी सूर्या होटल के सामने सिकंदरा जनपद कानपुर देहात ने उसे कमरे में बंद करके नशीली दवा खिलाकर मारपीट करते हुए जबरन बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके अलावा उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने उपरोक्त नामजद आरोपितों के खिलाफन्यायालय के आदेश पर मामले की विभिन्न धाराओं के अलावा दुष्कर्म की धारा में मामले की रिपोर्ट दर्ज की।

### बांदा में फिर दलित मासूम से बलात्कार

**बांदा।** बृहस्पतिवार को फिर एक मासूम दलित बच्ची को हवस का शिकार एक 65 वर्ष के बुजुर्ग ने किया बलात्कार। बच्ची जीवन मौत से संघर्ष कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक बाँदा नेघटना की पुष्टि की है। मामला जनपद के बबेरू थाना अंतर्गत ग्राम जारी का है, मासूम जिसको आंख से कम दिखता है शौच के लिए घर से बाहर गई थी। इसबीच ग्राम जारी के एक निशाचर ने इस मासूम को जबरन रास्ते से उठा ले गया। बलात्कार के दौरान उसने कई जगह बच्ची को दांत से काटा भी। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया और उसका 164 का बयान भी दर्ज कराया।

# एसडीएम के मौके पर न रुकने से ग्रामीणों ने लगाया जाम



**फर्रुखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद.कायमगंज मार्ग पर नगला कलार के निकट बाइक और साइकिल की भिड़न्त में एक वृद्ध की मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार व वृद्ध की पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। इसी दौरान वहाँ से कायमगंज जा रहे एसडीएम कायमगंज को ग्रामीणों ने मौके पर रोकने की कोशिश की लेकिन उनके घटनास्थल पर न रुकने से नाराज ग्रामीणों ने एसडीएम मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए फर्रुखाबाद.कायमगंज मार्ग पर जाम लगा दिया।

खिनमिनी प्रधान मौरश्री के प्रतिनिधि विजय पाल सिंह शाक्य ने मऊदरवाजा थाना पुलिस को घटना की सूचना दी जिस पर मऊदरवाजा थाने के एसआई इन्द्रजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया।

विवरण के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 11:20 बजे बाइक संख्या यूपी 87 एम 9339 पर सवार होकर एक युवक वृद्ध एवं वृद्धा को बैठाकर फर्रुखाबाद से कायमगंज की ओर जा रहे थे। तभी नगला कलार के निकट कायमगंज की ओर से आ रही साइकिल से टकरा गयी। जिससे बाइक चलाने वाले युवक के हेलमेट के दो टुकड़े हो गये और वृद्ध शिक्षक व उनकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। लोगों का कहना है कि बाइक सवार कासगंज जनपद के थाना सुन्नगढ़ी के गांव किशौल के निवासी हैं।

## कोर्ट के आदेश पर क्षेत्रीय वन अधिकारी सहित पांच पर लूट की रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्रीय वन अधिकारी समेत पांच लोगों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने दर्ज कराए मुकदमे में कछुए की गलत बरामदी दिखाकर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का भी आरोप लगाया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगानगर शिव मंदिर वाली गली निवासी शुभमकांत तिवारी ने आवास विकास कालोनी निवासी क्षेत्रीय वन अधिकारी उदय प्रताप सिंह व चार अज्ञात लोगों के खिलाफकोर्ट के आदेश पर फतेहगढ़ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें बताया कि उसकी फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला मछली टोला में श्रीबाला जी पेट शॉप के नाम से दुकान है। दुकान पर वह और उसका भाई सौरभ मछली व कुत्ते बेचते हैं। 1 जनवरी को क्षेत्रीय वन अधिकारी उदय प्रताप सिंह व चार अज्ञात लोग दुकान पर कुत्ता खरीदने के लिए आए। इनको तीस हजार व पंद्रह हजार के कुत्ते दिखाए। इस पर उदय प्रताप ने कह कि वह वन अधिकारी हैं कुत्ते का एक रुपये नहीं देंगे। इस पर दोनों भाइयों ने बिना रुपये के कुत्ता देने से इनकार कर दिया।

# जिलाधिकारी के सामने ही लाभार्थियों ने नगर पालिका व बैंक प्रबंधकों पर लगाए रिश्वतखोरी के आरोप, हंगामा



**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के गंगादरवाजा स्थित शिवाला भवन में ठेली वालों रेहड़ी वालों तथा रिक्शा चालक समूह के गरीबों को माइक्रो क्रेडिट स्कीम के अंतर्गत मिले 10000 लोन स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरण करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया था । जिसमें आए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह जब इस समूह के लाभार्थियों से रूबरू हुए ्। तो लाभार्थियों ने बताया कि साहब हम लोगों से इस सुविधा के लिए सबसे पहले तो नगर पालिका परिषद कायमगंज में ही आवेदन के नाम पर 500 तथा आवेदन रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन कराने के नाम पर 50 से 100 तक रिश्वत के रूप में लिए गए । इतना ही नहीं लाभार्थियों ने हंगामा काटते हुए कहा कि अब बैंक मैनेजर 500 प्रति लाभार्थी से धन स्वीकृत होने तथा भुगतान के नाम पर सुविधा शुल्क वसूल रहे हैं ।

कुछ लाभार्थियों ने जब ऊंचे स्वर में इस भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए नगर पालिका तथा बैंकों को दोषी ठहराया ्। उसी समय वहां मौजूद लगभग सभी लाभार्थी उनकी बात को सही बताते हुए हंगामा करने लगे । इस तरह के आरोप लगते ही वहां मौजूद अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर तथा नगरपालिका अध्यक्ष सुनील चक एवं संबंधित बैंक मैनेजर हक्के बक्के से नजर आ रहे थे । उनके चेहरे पर हवाइयां सी उड़ती नजर आई फिर भी अपने बचाव में उन्होंने हंगामा करते हुए। रिश्वतखोरी की पोल खोल रहे इन गरीबों को यह कहकर कि समझ लिया जाएगा। या फिर देख लिया जाएगा। शांति से बैठ जाओ, हंगामा मत करो, जैसे डायलॉग बोलकर शांत कर दिया। भले ही शासन गरीबों के उद्धार के लिए कितनी भी अच्छी योजना क्यों न चलाए। किंतु जिस तरह इस छोटी धनराशि की स्कीम में भ्रष्टाचार का घुन लगा दिखाई दिया तो फिर भलाण् गरीबों का उदाहरण शासन की नीति को भ्रष्टाचारी क्या पलीता लगाने में कभी कसर छोड़ेंगे ्। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कई लाभार्थियों ने बताया कि उनके खातों में अब तक 6000 से 7000 रुपया ही जमा हुआ है। कुछ लोगों के खातों में ही पूरा 10000 जमा हो सका है।

वही कुछ गरीब आज भी अपना आवेदन फार्म हाथ में लिए पंजीयन के लिए भटकते नजर आ रहे थे । जिस समय अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर अपना बचाव करती नजर आ रही थीए ठीक उसी समय गंगादरवाजा के ही निवासी राघव कौशल जितेंद्र कौशल सहित बहुत से रिश्वतखोरी से पीड़ित गरीब लाभार्थी वसूली गई रिश्वत के भ्रष्टाचार की परतें खोलकर मीडिया के सामने अपनी व्यथा सुना रहे थे ्। अब प्रश्न यह पैदा होता है कि क्या वास्तव में समय रहते इन गरीबों की आवाज पर कोई विधिक कार्यवाही करते हुए प्रशासन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करता है या फिर इन गरीबों की आवाज यूं ही दबी रह जाएगी ।

# आरक्षण घोषित होते ही राजनैतिक सरगर्मी बढ़ी

**गकानपुर देहात।** वुधवार की देर रात्रि घोषित किये गये जिला पॅचायत, ब्लाक प्रमुख, बीडीसी, ग्राम प्रधान व ग्राम पॅचायत सदस्यों के आरक्षण की सूची जारी होते ही गॉवों में राजनैतिक सरगर्मियॉ तेज हो गयी है। अनारक्षित सीटों की सम्भावना को देखते हुये गॉवों में समाजसेवा कर निर्वाचित होने का ख्वाब देखने वालों को गहरा आघात पहुॅचा है वहीं कई दावेदारों को आरक्षण के बाद परिणाम अनुकूल आने की सम्भावना पर अभी से मुॅगेरीलाल के हसीन सपने आने शुरू हो गये है। वुधवार की रात्रि को 9 बजे के बाद जिला पॅचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों की आरक्षित व अनारक्षित सीटों की लिस्ट सीडीओ सौम्या पाण्डेय द्वारा जारी की गयी थी। परिसीमन के बाद आरक्षित हुयी सीटों पर पहले से दावेदारी कर जनप्रतिनिधि का सपना सॅजोये कई लोगों की उम्मीद टूट गयी वहीं कई गुमनाम चेहरे सामने आने लगे। वहीं कई सीटें अनारक्षित होने पर इन सीटों पर चुनावी घमासान होना तय नजर आ रहा है। गॉवों में आरक्षण घोषित होने के बाद राजनैतिक व चुनावी सरगर्मिया तेज हो गयी है। चुनावी चौपाल पर लोग प्रत्याशी की जीत हार की गणित लगाने में तल्लीन दिखे। हमारे रसूलाबाद सॅवाददाता के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आरक्षण घोषित हो गया। जिसके बाद पंचायत चुनाव की हलचल अचानक तेज हो गई है। गांव गांव प्रत्याशी दिखने लगे हैं।

# काली सूची में डाली गई फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी

**औरैया।** जिला प्रशासन ने धान खरीद में भुगतान लंबित रखने के मामले में औरैया फार्मर कृषि प्रोड्यूसर कंपनी को काली सूची में डाल दिया है। कंपनी ने अभी तक 17.83 फीसदी किसानों का भुगतान करने पर डिप्टी आरएमओ ने कार्रवाई की है। डिप्टी आरएमओ ने औरैया एग्रोकेयर फार्मर प्रोड्यूसर दो और नैफेड कंपनी को किसानों के लंबित भुगतान के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।

जिले में फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के चार केंद्रों से 838 किसानों से 3928.03 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। जिसमें अभी तक 525 किसानों का चार करोड़ 24 लाख 76 हजार रुपये का भुगतान किया गया। 313 किसानों का अभी भी तीन करोड़ आठ रुपये बकाया है। औरैया मंडी समिति में लगाए गए औरैया केंद्र के फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी खरीद केंद्र पर 111 किसानों से 475.16 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। जिसमें 25 किसानों का 16.25 लाख का भुगतान किया गया। जबकि 86 किसानों का 74 लाख 98 हजार रुपया बकाया पड़ा है। इस संबंध में एडीएम रेखाएस चौहान व डिप्टी आरएमओ सुधांशू शेखर चौबे ने लंबित भुगतान को लेकर नोटिस और रिमाइंडर भेजे गए, लेकिन कंपनी की ओर भुगतान नहीं किया गया। इस पर डिप्टी आरएमओ ने फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी औरैया केंद्र को काली सूची में डाल दिया है। उन्होंने बताया कि फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के चार में एक का शत-प्रतिशत भुगतान हो चुका है। एक केंद्र को काली सूची में डाल दिया गया है। जबकि फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के दो केंद्रों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है। इसी तरह से नैफेड पर दो लाख दो लाख रुपया 272 किसानों को बकाया है। इस कंपनी को भी एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम में नवनियुक्त शिक्षक हुए सम्मानित

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शिक्षा में सुधार सर्व शिक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य मानकर शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं में से एक योजना मिशन शक्ति कार्यक्रम भी सम्मिलित है। इस योजना के अंतर्गत आज परिषदीय विद्यालय मऊ रशीदाबाद में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें वरिष्ठ परिषदीय शिक्षकों ने नवनियुक्त अपने साथी शिक्षकों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। आयोजित गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम संयोजक लईक मोहम्मद खा ने कहा कि शिक्षा वह प्रकाश है जो व्यक्ति के अंधेरे को मिटाकर ज्ञान रूपी प्रकाश प्रकट करता है ्। स्कूलों में बेहतर शिक्षा हो एबच्चे सुसंस्कारित रूप से बदलते परिवेश में शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य का स्वयं निर्माण करें । ऐसा प्रयास हम सभी शिक्षकों का होना चाहिए ्। उन्होंने गोष्ठी स्थल पर मौजूद सभी शिक्षक साथियों अभिभावकों तथा नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए अपने नौनिहालों को हर हाल में अच्छी शिक्षा दिलाने का आवाहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक राजकिशोर शुक्ला जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी शिक्षकों का दायित्व है कि जिस विद्यालय में कार्यरत हो उस विद्यालय को प्रेरक विद्यालय बनाने का संकल्प ले प्उसे हर हाल में पूरा भी करें । इस अवसर पर डॉ आकांक्षा असमी नाज लक्ष्मी देवी शोभना गुप्ता मुकेश कुमार आदि नेभी अपने विचार व्यक्त किए ।

# पुखरायां में माध्यमिक शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण संपन्न




**पुखरायां।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की ओर से गुरुवार को स्थानीय रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शपथ ली। इस दौरान दूरदराज से आए शिक्षक साथियों चोखा बाटी का स्वाद चखा।

प्रदेशीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेशीय महामंत्री ठाकुर प्रसाद यादव जी ने कहा कि समान कार्य लिए समान वेतन से ही प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सकता है वही मंडली मंत्री वी के मिश्र जी ने कहा की पुरानी पेंशन शिक्षकों की बुढ़ापे की लाठी है। सरकार को तत्काल पुरानी पेंशन बहाल कर देना चाहिए। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा मनमाने ढंग से फ्रीज किए हुए डीडीए को तत्काल बहाल किया जाए। जिलामंत्री अमरनाथ यादव ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी के लिए चिकित्सा भत्ता बहुत जरूरी है। जिसे प्रत्येक कर्मचारी को मिलना ही चाहिए। बाद में प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद यादव ने सभी नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष जिला मंत्री कोषाध्यक्ष उपाध्याय संयुक्त मंत्री और सदस्यों को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी से कहा कि प्रत्येक दशा में जिले के समस्त शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करवाएं।

# घाटमपुर के 27 जनसेवा केंद्रों पर गिरी गाज, लाक हुई आईडी, मचा हड़कम्प

**घाटमपुर।** बिभिन्न अनियमितताओं के आरोप में तहसील क्षेत्र के 27 जनसेवा केन्द्र संचालकों की आई0डी0 लाक कर दी गयी। और उन्हें नोटिस भेज जवाब मांगा गया है। उधर अचानक आई0डी0 बन्द होनें से आय, जाति, निवास के अलावा बरासत का आनलाइन आवेदन करने के लिये लोग जनसेवा केंद्रों के चक्कर काटत दिखे। बताया जाता है कि बीते माह किसी बात को लेकर नायब तहसीलदार अतुल हर्ष का कुछ जनसेवा केंद्र संचालको से बिवाद हो गई थी। बाद में तत्कालीन उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने पंहुच कर मामलें को शांन्त करा दिया था। बताते हैं उपर से तो मामला शांन्त दिखा पर अंन्दर खाने घटना की जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय तक पंहुची तो उन्होंने मामले की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी से माॅग ली तो तहसीलदार बिनीत कुमार ने आनन-फानन कस्बे के अलावा ग्रामीण इलाके के 27 जनसेंवा केन्दों की जांचकर उप जिलाधिकारी को प्रेषित कर दीथी। तहसीलदार की जाॅच रिपोर्ट में कहा गया है कि 27 जनसेवा केन्द्रों की जांच में पता चला की बड़ी संख्या में जनसेवा केंद्रों में रेट सूची का बोर्ड नही टंगा है और निधार्रित शुल्क से ज्यादा पैसा लिया जा रहा है। कुछ जनसेवा केंद्र स्वीकृत स्थान की जगह घाटमपुर में संचालन कर रहें है। जांच रिपोर्ट उप जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी बित्त एंव राजस्व बीरेन्द्र पांण्डेय को भेज दी जाॅच रिपोर्ट को अपर जिलधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर सीएमएस कम्प्यूटर लखनऊ और बीएसएनएल इन्टरनेशनल लि0 लखनऊ को भेजकर कार्रवाई की बात कही थी। उधर इस संबंध में तहसीलदार बिनीत कुमार का कहना है कि उन्हें 27 जनसेवा केन्द्रों की आई0डी0 बन्द होने की जानकारी नही है जानकारी की जायेगी।

# भाकियू महिला जिलाध्यक्ष से मारपीट, मुकदमा दर्ज



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद में अबला पर हमला का मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन की महिला जिलाध्यक्ष को न केवल पीटा गया, बाहुबलियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। बुधवार रात्रि मामले की रिपोर्ट दर्ज की गयी। किसान नेता अस्पताल में भर्ती हैं, उनका उपचार किया जा रहा है।

- जान से मार देने की दी धमकी

मामला नगर के मोहल्ला बजरिया सालिग्राम का है। रामकिशन अवस्थी की पत्नी बिट्टो अवस्थी भाकियू (टिकैत गुट) की जिलाध्यक्ष हैं। बिट्टो अवस्थी ने मोहल्ला सालिग्राम के निवासी नवनीत मिश्रा, विनीत मिश्रा, उनके पिता सूर्यकांत मिश्रा, छन्नू उर्फ कमलकांत पुत्र प्रेम नारायण के विरुद्ध मुकदमा फर्रुखाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार बिट्टो मंगलवार रात 9 बजे घर से मन्दिर जा रही थीं। जब वह मोहल्ले से ही गुजर रही थी। तभी आरोपियों ने बिट्टो को रोक लिया और दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। उपरोक्त लोगों ने बिट्टो को भद्दी गालियां देकर पीटना शुरू कर दिया।

पीड़िता के शोर मचाने पर मोहल्ला बजरिया मैदान निवासी सुषमा आदि लोगों ने बिट्टो को पिटने से बचाया। तभी हमलावर गाली देते हुए यह कहकर चले गए कि आज तू बच गई है तुझे छोड़ेंगे नहीं जान से मार देंगे।दर्ज करायी गयी रिपोर्ट के मुताबिक मारपीट से बिट्टो को गंभीर चोटें आई हैं। घायल किसान नेता का कहना है कि वह घटना की रिपोर्ट लिखाने कई बार कोतवाली गई, लेकिन कोतवाल नहीं मिले। बिट्टो अवस्थी बीती रात करीब 9 बजे किसान यूनियन की कई पदाधिकारियों के साथ कोतवाली गयीं। तब उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली प्रभारी को तहरीर दी। पुलिस ने घायल बिट्टो को डॉक्टरी परीक्षण के लिए लोहिया अस्पताल भेजा। सूत्रों के अनुसार घायल महिला के शरीर पर करीब आधा दर्जन चोटों के निशान हैं। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। गुरुवार को उनका एक्स.रे भी किया जाएगा। सुषमा भी किसान यूनियन की सदस्य हैं। घायल महिला के करीबियों ने बताया कि आरोपियों ने अपना बिजली के कनेक्शन जुड़वाने के लिए बिट्टो से 42 हजार रुपये उधार लिए थे। जब बिट्टो ने रुपयों का तगादा किया था तभी उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गयी।

# वाहन खरीद मामले में पालिकाध्यक्ष और ईओ आए आमने-सामने

**उरई (जालौन)।** जिला मुख्यालय की नगर पालिका परिषद उरई में कुछ समय पहले सवा करोड़ की लागत से वाहनों की खरीद करने के मामले को लेकर चेयरमैन व ईओ में ठन गयी है। जब इस संबंध में निर्वाचित सभासदों से जानकारी चाही तो उनका कहना था कि वाहन खरीदने के संबंध में किसी भी बोर्ड मीटिंग में कोई प्रस्ताव ही नहीं आया तो फिर वाहनों की खरीद कैसे हो गयी। ऐसे अनगिनत सवाल हैं जो बिजली की भांति पालिका दफ्तर के कर्मियों के दिमाग में बार-बार कौंध रहे हैं। तो अनेकों कर्मी नाम न छापने की शर्त पर कहते सुने जा रहे हैं कि वाहन खरीद के मामले में कहीं कटमनी का खेल तो नहीं खेला जा रहा है। फिलहाल हो कुछ भी लेकिन यह मामला उरई पालिका में चर्चा का विषय बना हुआ है।

गौरतलब हो कि नगर पालिका परिषद उरई के अनोखे कारनामे जहां नगर की जनता के बीच में चर्चा का विषय बने हुये हैं तो वहीं हाल ही में गुपचुप तरीके से लगभग सवा करोड़ के भारी भरकम बजट से वाहनों की खरीद करने का मामला भी पालिका दफ्तर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले को जहां जनता द्वारा निर्वाचित सभासद अनजान बने हुये हैं तो वहीं वाहन खरीद मामले में पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के बीच भी ठन गयी है। पालिका सूत्रों की मानें तो दो दिन पूर्व ही रात के अंधेरे में अचानक चेयरमैन पालिका कार्यालय पहुंचे तो वहां पर पहले से ही ईओ भी अपनी मंडली के साथ अपने कक्ष में बैठे हुये थे। इसके बाद वाहन खरीद मामले को लेकर दोनों पक्षों में पहले तो शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत होती रही लेकिन बाद में दोनों ओर से तीखे शब्दों का प्रयोग होते ही मामला गर्मा गया तो गुपचुप तरीके से वाहन खरीद मामले का भंडाफोड़ होते ही पालिका कर्मियों के बीच में भी चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

# धर्मनगरी के विकास को लेकर संकल्पित है मोदी-योगी सरकार

● पीएम के गुजरात से जुड़ी भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट:पटेल, सांसद ने किया बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस का शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



**बरौनी से** सीधे अहमदाबाद गुजरात जाने वाली बरौनी एक्सप्रेस को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। टेऊन चालक को फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार धर्म नगरी चित्रकूट के पर्यटन विकास के प्रति संकल्पित है।गुजरात और चित्रकूट के बीच सीधी रेल सेवा शुरू होने से क्षेत्र का पर्यटन विकास होगा। गुरुवार को निर्धारित समय से एक घंटा विलम्ब से ट्रेन चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन पहुंची। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, प्रदेश मंत्री अशोक जाटव, वरिष्ठ नेता रंजना उपाध्याय, पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, रवि प्रकाश त्रिपाठी, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, महामंत्री सुशील गुप्ता, महामंत्री दिलीप केशरवानी, राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता आदि ने गर्मजोशी से टेऊन चालक का स्वागत कर टेऊन के इंजन को फूलमाला पहनाये।

इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि सरकार पहले घोषणाये करती थी, लेकिन ट्रेन नहीं चलती थीं। बिहार का रेलमंत्री है तो बिहार के लिए टेऊन चलती थी। पश्चिम बंगाल का रेलमंत्री है तो पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेन चलती थी। शेष भारत में घोषणायें होती थीं। उन्होंने कहा कि यह पहली ट्रेन है जो बुन्देलखण्ड के लोगों को अहमदाबाद गुजरात से जोडेगी। इस टेऊन के चलने से सूरत-अहमदाबाद जाने वाले मजदूरों की राह आसान होगी। पर्यटन की दृष्टि से भी यह टेऊन उपयोगी है। यह टेऊन इलाहाबाद प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा, खजुराहो और ललितपुर,भोपाल आदि महानगरों से गुजरेगी। अहमदाबाद में स्थापित दुनिया की सबसे बडी सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के दर्शन करने का मौका मिलेगा। इस टेऊन के संचालन के लिए सांसद ने केन्द्र सरकार को बधाई दी। कहा कि यह टेऊन प्रतिदिन चलेगी। अहमदाबाद से रात 12.25 पर चलकर शाम 5.50 बजे भोपाल, रात 11.50 पर टीकमगढ, रात 12.12 मिनट पर छतरपुर और रात 1.20 पर खजुराहो पहुंचेगी। इससे पूर्व वरिष्ठ वाणिज्य मंडल प्रबंधक नवीन दीक्षित,स्टेशन प्रबंधक आर सी यादव,मुख्य बुकिंग पार्सल क्लर्क गिरीश पांडेय आदि ने सांसद आर के सिंह पटेल का माला पहनाकर स्वागत किया।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूद दी जान

**चित्रकूट।** मध्य प्रदेश के रीवां से मानिकपुर के गुरौला गांव के पास रेलवे लाइन में प्रेमी युगल ने टेऊन के आगे कूदकर जान दे दी। दोनों प्रेमी युगल मप्र डभौरा चाकघाट के बताये जा रहे हैं।

ये हादसा मानिकपुर के गुरौला गांव के पास बुधवार की रात 11 बजे हुआ। बताया गया कि मप्र के रीवां के चाकघाट थाना क्षेत्र के किराना दुकानदार के बेटे का पडोस की युवती से प्रेम संबंध थे। छिपकर मिलने के साथ जीने-मरने की कसमे खा चुके थे। प्रेम प्रसंग की जानकारी परिजनों को हुई तो प्यार पर पहरा लगा दिया। शादी के प्रस्ताव को परिजन तैयार नहीं हुए। ये देखकर प्रेमी युगल घर से भाग निकले। एक सप्ताह से भटकते हुए मानिकपुर स्टेशन आ गये। बुधवार की रात दोनों मुम्बई-हावडा रेलखण्ड के मानिकपुर पनहाई सेक्सन के बीच गुरौला गांव के पास पहुंच गये। गुरुवार की सुबह दोनों के शव रेलवे ट्रैक पर पडे मिले। मानिकपुर थाना प्रभारी सुभाषचन्द्र चौरसिया ने बताया कि प्रेमी युगल के पास मिले आधारकार्ड से उनकी शिनाख्त की गई। दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। चाकघाट थाना में गुमशुदगी दर्ज है।

## क्विक न्यूज

### सुभ्रांत कुमार शुक्ला ने संभाला चित्रकूट डीएम का पदभार



**चित्रकूट।** नवागन्तुक जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कोषागार पहुंच विधिवत कार्यभार ग्रहण कर कोषागार का निरीक्षण कर पेंशन मामलों की बाबत पटल सहायकों से जानकारी ली। गुरुवार को जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला ने पटल सहायकों को निर्देश दिये कि पेंशनरों से मधुर व्यवहार करें। कार्यों में देर होने से पेंशनरों को काफी समस्या होती है। पेंशनरों के कार्य को लम्बित न रखें। उन्होंने एलआईसी में वीडीओ कांफ्रेसिंग रुम व कलेक्टेऊट परिसर का निरीक्षण कर लोगों की समस्यायें सुनीं। जिलाधिकारी को जिला मुख्यालय में लोनिवि निरीक्षण गृह में गार्ड आफ आनर दिया गया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी से विकास कार्यों तथा राजस्व के बारे में चर्चा की। इस मौके पर सीडीओ अमित आसेरी, एडीएम जीपी सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार, एसडीएम सदर रामप्रकाश, अपर उपजिलाधिकारी राजबहादुर, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### घायल को अस्पताल में भर्ती कराया

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव में पारिवारिक विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई व भाभी को जमकर मारापीटा। पीडित पक्ष की सूचना पर पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया है। करगवां गांव निवासी शीली पत्नी चंद्रशेखर ने आरोप लगाते हुये बताया कि गुरूवार को उसके देवर ने मकान का ताला तोड़कर जबरन कब्जा कर रहा है। जब उसने व उसके पति ने इसका विरोध किया तो देवर ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उन दोनों को लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। मारपीट से उसे व उसके पति को चोटें आईं है। बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी में इलाज के लिये भर्ती कराया है।

### घायल दंपति ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई

**राठ (हमीरपुर)।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन पर जनपद में अपराधी में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जलालपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। जलालपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि एसआई योगेंद्र बहादुर सिंह ममना राठ रोड पुरैनी तिराहा से अरविंद पुत्र प्रभुदयाल राजपूत निवासी पुरैनी को 1 किलो 400 ग्राम अवैध सूखा गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### जुआरियों के लिये पुलिस ने शुरु किया नया फंडा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में जुएं पर नियंत्रण पाने के मकसद से अब पुलिस ने नया फंडा चालू किया है जिसके तहत पकड़े गए जुआरी कम से कम 24 घंटे हवालात के अंदर रखे जाते हैं इसी के बाद उनकी जमानत लेने वाले को जमानत पर दिया जाता है। 2 दिन के अंदर स्थानीय पुलिस ने एक दर्जन जुआरियों को पकड़कर उनसे कई हजार रुपया फड़ से बरामद किया।कोतवाल मनोज शुक्ला ने बताया कि कस्बे में तमाम प्रयासों के बावजूद कई स्थानों पर जुआ खेलने की शिकायतें प्राप्त होने पर अब उन्होंने जुआ पकड़ने के लिए अलग से टीमें बना रखी है पकड़े गए जुआरियों को तत्काल नहीं छोड़ा जाता है उनसे जांच पड़ताल कर उन्हें नियम अनुसार निर्धारित समय तक हवालात में बंद रखा जाता है तब कहीं उनकी जमानत लेने वालों को जमानत दी जाती है आज पकड़े गए जुआरियों में बाबू निवासी पूर्वी तरौस अनीस पूर्वी तरौस सईद अहमद इलाई तालाब, कल्लू यादव इलाही तालाब मिथिलेश कुमार इलाही तालाब आदि लोग रहे।

### चुनाव को देखते हुये स्टाम्प में आयी तेजी

**मौदहा (हमीरपुर)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण होने के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं कई स्थानों पर जहां पर वर्षो से लोग इन पदों पर काबिज रहे हैं। अब ऐसे लोग जिन्होंने किसी तरह अपनी सीटें आरक्षण से बचा ली है वह पूरे दमखम के साथ यह चुनाव जीतना चाहते हैं इतना ही नहीं अभी मतदान की तिथियां घोषित नहीं हुई है। लेकिन प्रत्याशियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और कुछ लोग अग्रिम रूप से मतदाताओं को अपने पाले में रखने के लिए उनकी हर तरह की सेवाएं करने में जुट गए हैं यहां तक कि किसी ना किसी तरह पैसा भी दिए जाने के साथ मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित किया जाता है। इस समय चुनाव लड़ने वाले मतदाता सूचियां लेने के साथ ही तहसील में निवास व जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जुटे हुए हैं शपथ पत्र ,चरित्र प्रमाण पत्र आदि के लिए इन्हें बेहद महंगे दामों पर स्टांप मिल रहे हैं यहां तक कुछ लोगों ने बताया कि 10 का स्टांप 15 और 20 रुपये में खुलेआम धड़ल्ले से से बेचा जा रहा है। वहीं गांवों में आप देर रात तक चौपालों के बीच प्रधानी के चर्चे तेज हो रहे हैं और हर व्यक्ति जो चुनाव लड़ने का इच्छुक है वह अपने अपने समर्थक भी जुटाने में लग गए है।

### दो के विरुद्ध छेड़छाड़ व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पुराने विवाद को लेकर युवती के साथ गांव के ही दो लोगों ने अभद्रता व छेड़छाड़ करते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के संबन्ध में पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव के राही व बृजकिशोर आए और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर उक्त गणों ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पिडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### महिलाओं पर हो रहे अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे: कुमुद श्रीवास्तव

**कन्नौज।** जनपद की महिलाओं के साथ आयोग हमेशा खड़ा रहेगा अगर किसी तरह की कोई परेशानी हो तो पीड़ित कोई भी बहन बेटी राज्य महिला आयोग को सूचित कर दे जिससे संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करने में कोई कठिनाई न हो। कहा कि आरोपी चाहे कितना ही बडा रसूखदार हो उसके विरुद्ध कडी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उक्त उद्गार गुरूवार को जनपद भ्रमण पर आई प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य कुमुद श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित हो रहे अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पूर्व उनके द्वारा महिला डिग्री कॉलेज छिबरामऊ, वृद्ध आश्रम कन्नौज व जिला अस्पताल में नवजात बच्चियों के परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और किट भी भेंट की गई। इस अवसर पर जिला अस्पताल स्टाफव अन्य नागरिक मौजूद रहे।

### जनचौपाल में कमिश्नर व डीआईजी ने बुजुर्गों को किया सम्मानित

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल के मंडलायुक्त दिनेश कुमार सिंह व डीआईजी के सत्यनारायण की अध्यक्षता में थाना भरतकूप के रसिन गांव में लगी जनचौपाल में ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर तत्काल निस्तारण कराया गया। गुरुवार को कमिश्नर व डीआईजी ने रसिन गांव में जनचौपाल में आगामी पंचायत चुनाव बाबत लोगों से चर्चा की। किसी प्रकार के पुराने विवादों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी लाइसेंसधारकों से शस्त्र जमा करने को कहा। सभी से शान्तिपूर्वक पंचायत चुनाव सम्पन्न कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांव में किसी प्रकार का विवाद होने पर इलाका पुलिस को तत्काल सूचना दें। गांव के बुजुर्गों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। जनचौपाल में सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय, थानाध्यक्ष संजय कुमार उपाध्याय, तहसीलदार कर्वी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने एसडीएम से की नगर पालिका की जांच कराने की मांग

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगरपालिका परिषद में लम्बे समय से अधिशाषी अधिकारी व पालिका अध्यक्ष के बीच चल रहे विवादों ने खासा तूल पकड़ लिया है। जिसके चलते शुरू हुई जांचों के क्रम में अधिशाषी अधिकारी को लखनऊ स्थित प्रदेशीय कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है वहीं अब इस मामले को लेकर नगरपालिका परिषद से भाजपा प्रत्याशी रहे उमाशंकर मधुपिया ने इन दोनों की मिली भगत से नगरपालिका में भारी घोटाले और मनमानी किए जाने की शिकायत शासन सहित उपजिलाधिकारी से कर जांच की मांग की है।

भाजपा नेता उमाशंकर मधुपिया ने अपने शिकायती पत्र में अधिशाषी अधिकारी राजेश कुमार वर्मा व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रामकिशोर पर आरोप लगाया है किनगरपालिका परिषद के डिमांड रजिस्टर सहित सम्पत्ति रजिस्टर में भवन स्वामियों के नाम हस्तांतरित किए गए हैं और उनकी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है बिना किसी जांच पड़ताल प्रकाशन के एक ही दिन व एक ही तारीख में आवेदन लेकर उसी तारीख में दूसरों के नाम दर्ज कर दिए गए हैं वहीं पालिका कार्यालय सहित अन्य छोटे बड़े कार्यों की निविदाएं ऐसे अखबारों में प्रकाशित की गई हैं जिनका कस्बे व क्षेत्र में कोई प्रचार प्रसार नहीं है वहीं नगरपालिका परिषद के खेती की जमीन बिना नीलामी किए ही अपने निकटतम लोगों को देकर फसल बोवा दी गई है जिससे पालिका को आर्थिक क्षति पहुंची है, तत्काल जांच कराई जाए, वहीं नगरपालिका परिषद की भूमि जिस पर वृक्षारोपण हुआ था व कुछ भूमि तालाब के भीटों की अपने निकटतम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए दी गई है तो वहीं भाजपा नेता ने दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि नगरपालिका परिषद में अधिशाषी अधिकारी का आवास नहीं है लेकिन फिर भी फिर भी आवास में उपयोग के नाम पर बेड,इन्वर्टर, कूलर, फ्रिज आदि उपकरणों के नाम पर फर्जी भुगतान किया गया है जो कि जांच का विषय है।

## श्री श्याम महोत्सव का तिर्वारोड पर आयोजन आज

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** श्री श्याम महोत्सव कमेटी के पदाधिकारी अमित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 5 मार्च शुक्रवार को नगर के तिर्वा रोड मतौली बस स्टॉप के निकट श्री श्याम महोत्सव के भव्य कार्यक्रम का आयोजन देर शाम 5 बजे से किया जाएगा। जिसमें दूरदराज से आए कलाकारों द्वारा भक्ति रस में डूबी आरती एवं श्री श्याम जी की स्तुति प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने नागरिकों सहित क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की है। बताया कि कार्यक्रम में दिव्य ज्योति, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, पुष्प व इत्र वर्षा आदि भव्य कार्यक्रमों का आयोजन प्रशांत सूर्यवंशी दिल्ली, वसुंधरा इटावा, आकाश गुप्ता फर्रूखाबाद, संदीप मस्ताना गुरसहायगंज, सोनू सुरेले कानपुर के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर ज्योति, दीपक गुप्ता, सुमित गुप्ता, दिनेश, शेखर गुप्ता, बबलू राजावत सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वेतन रोकने का आदेश वापस नहीं लिया गया तो डीएम के खिलाफ होगा प्रदर्शन

संवाददाता। हमीरपुर



एडीएम को ज्ञापन सौपते कलक्ट्रेक कर्माचारी संघ के सदस्य

**राजस्व** लिपिक के हत्यारे को गिरफ्तार करने के लिये आंदोलन कर रहे कलक्ट्रेट कर्मियों का डीएम द्वारा तीन दिन का बेतन रोकने से नाराज कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ के सद्यों का आज भी धरना प्रदर्शन कर हड़ताल रखी। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि कल दस बजे तक जिलाधिकारी धरना स्थल पर आकर वेतन रोकने का आदेस वापस नहीं लिया तो जोरदार प्रदर्शन किया जायेगा।

जानकारी के मुताबिक पिछले रविवार को मौदहा तहसी में नियुक्ति राजस्व लेखाकार पंकज तिवारी की गांव निवादा में ही गांव में गोली मारकर हत्या कर दी थी इस पर कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने सोमबार,मंगलवार, बुधवार को कार्य वहिष्कार कर हत्यारे को गिरफ्तार करने को लेकर कल्क्ट्रेट में धरना दिया था इस पर जिलाधिकारी डा. ज्ञानेश्वर तिवारी ने धरना पर बैठे कर्मियों का बेतन रोकने का आदेश कर दिया। इस पर कर्मियो मे नाराजगी व्याप्त हो गयी और आज भी कार्य का बहिष्कार कर चेतावनी दी है कि यदि जिलाधिकारी ने बेतन काटने का आदेश वापस नही लिया तो कल दस बजे सुवह जोर दार प्रदर्शन किया जायेगा इसकी समस्त जिम्मेदारी जिलाधिकारी की होगी. कर्मियो ने एडीएम को ज्ञापन भी सौपा। इस मौके पर जगदीश निगम, सूर्यकुमार तिवारी, प्रकाश सौरभ, लतीफअहमद, आशीष कुमार कौसल, रश्मी सचान, आशीष कुमार, लल्लू कुशवाहा, राजकुमार त्रिवेदी, प्रशस्ति तिवारी, जितेंद्र यादव, शिवमूरत शुक्ला, दिलीप श्याम विहारी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल के अपराधी बने उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी चुनौती

● जाली करेंसी को लेकर आईजी ने की क्राइम बैठक

बांदा। आलोक निगम



**उत्तर प्रदेश के** चित्रकूट धाम मंडल के आईजी के सत्यनारायण क्राइम मीटिंग के दौरान एक बहुत बड़ी बात का खुलासा किया। साइबर क्राइम मैं ज्यादा से ज्यादा लोग पश्चिम बंगाल और कोलकाता एरिया के मुलजिम है उनको किस तरह से पकड़ा जाए। एक बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि उत्तर प्रदेश कई राज छोड़कर आखिरी राज्य पश्चिम बंगाल है पूरे मंडल के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया वर्तमान समय में पश्चिम बंगाल से नकली नोटों की करेंसी काफी तादाद में आती है। जैसा कि पिछली बार भी उत्तर प्रदेश के चुनाव के दौरान अतर्रा में करोड़ों रुपए पुलिस द्वारा पकड़े गए थे। अब फिर से उत्तर प्रदेश में और पश्चिम बंगाल चुनाव का दौर चालू हुआ है। नकली करंसी अब कहां तैयार होती है यह बहुत बड़ा जांच का विषय है। पश्चिम बंगाल से सीधे उत्तर प्रदेश के बांदा में करोड़ों अरबों रुपए का नकली करेंसी का कारोबार होता है। पक्की बात है पूर्व का यहां पर कई करोड़ पकड़े भी जा चुके हैं। अब उसी तर्ज पर आईजी फिर से नकली करेंसी के अड्डों को जड़ से समाप्त करने का बीड़ा उठा लिया है।

आपको बताते चलें की उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम मंडल मैं 4 जनपद आते हैं चारों जनपद के पुलिस अधिकारी की गोपनीय मीटिंग में एक नकली करेंसी को रोकने के लिए पूरी प्लानिंग की जा रही है किस तरह से मुख्य लोगों तक कानून का शिकंजा कसा जाए जिससे देश द्रोही पकड़े जा सके और उनको सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

## निर्माण कार्यों में ठेकेदारों ने की करोड़ों की रायल्टी चोरी

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली खनिज सामग्री में रायल्टी चोरी का घोटाला सामने आया है। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शासनादेश के मुताबिक रायल्टी चोरी जमकर हुई है। जिलाधिकारी ने रायल्टी चोरों के खिलाफ कोई कार्रवाई आज तक नहीं की है। जिला पंचायत के पूर्व सदस्य डॉ रमेशचन्द्र पटेल ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के सचिव को लिखे पत्र में कहा कि जिलाधिकारी ने शासनादेश पर ग्राम पंचायतों के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री में रायल्टी की दरें निर्धारित की थीं। किसी भी ठेकेदार व कार्यदायी संस्था ने न परिवहन पत्र पेश किया और न ही रायल्टी का भुगतान किया। शासनादेश के मुताबिक रायल्टी न देने पर छह गुना रायल्टी कटौती के आदेश का कर्वी, मानिकपुर, पहाडी, रामनगर, मऊ ब्लाकों में जमकर उल्लंघन किया गया है।

मौजूदा समय में ठेकेदारों व कार्यदायी संस्थाओं ने करोडों रुपये की रायल्टी चोरी कर शासन के राजस्व को क्षति पहुंचाई है।

## शासन से प्राचार्य की नियुक्ति, एकल संचालन मगर कई महीने से शिक्षकों को वेतन नहीं

**हमीरपुर।** मुस्करा ब्लाक के पीएनवी इंटर कालेज चिल्ली में प्रबंधक व शिक्षकों में घमासान मचा हुआ है। शासन से कालेज में प्राचार्य की नियुक्ति व डीआईओएस के एकल संचालन के बाद भी प्राचार्य समेत पूरा स्टाफ को चार माह से बेतन नही मिल रहा है यहा तक कि चार शिक्षकों को सात माह से बेतन नही मिल रहा है, प्राचार्य ने आज जिलाधिकारी से मिलकर अपनी लिखित पीड़ा बतायी है।

जानकारी के मुताबिक कालेज में 18 शिक्षक,छह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व एक लिपिक कार्यरत है, कालेज के प्राचार्य राकेश कुमार ने जिलाधिकारी को बताया कि सहायक अध्यापक रामप्रवेश को सात माह व प्रदीप कुमार त्रिपाठी को ग्यारह माह, मृगेद्र सिंह को छह माह, राकेश कुमार को छह माह से बेतन नही मिल रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम सरोज ने तीन महीने पहले कालेज के खाते का एकल संचालन कर दिया था,मगर बेतन बिल पंजिका प्राचार्य को उपलब्ध नहोने के कारण बेतन नही मिल पा रहा है। प्राचार्य का कहना है कि नियमानुसार यदि प्रबंधक बिल पंजिका नही दे रहे है तो डीआईओएस के पंजिका उपलब्ध करा देना चाहिये मगर जिला विद्यालय निरीक्षक जानबूझकर मामला टाल रहे है जिससे शिक्षण व्यवस्था कालेज की ध्वस्त होती जा रही है। यह मामला शिक्षक विधायक सुरेश त्रिपाठी ने सदन में उठाया था जिस पर शासन स्तर पर जांच कराने के कहा था मगर उसका कोई असर नही हुआ बिवाद ज्यो कात्यो बना हुआ है। जिला विद्लायय निरीक्षक श्याम सरोज का कहना है कि इस मामले में प्रबंधक को कई कड़े पत्र लिखे जा चुके है, शीघ्र ही कार्यवाही की जायेगी, विभाग के जेडी संजय यादव का कहना है कि मामले का पूछताछ डीआईओएस से करेगे। शिक्षकों का कहना है कि बिवाद सात माह से नही सुलट रहा है ज्यादातर लोगों को बेतन नही मिल रहा है जिससे लोग आर्थिक स्थिति से जूझ रहे है मगर कोई सुनने वाला नही है।

## प्रवर्तन दल व विद्युत कर्मियों नें छापेमारी कर पकड़ी विद्युत चोरी

● ब्याज माफ योजना के तहत पंजीकरण कराकर भुगतान करें: एसडीओ



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विद्युत प्रवर्तन दल व उपखण्ड अधिकारी नें कर्मियों के साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाकर छापामार कार्यवाही की जिसमें दो दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। विद्युत विभाग के चेकिंग अभियान से बिजली चोरी करनें बाले लोगों में हडकम्प मच गया। गुरूवार की सुबह स्थानीय विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह राजपूत, विद्युत प्रवर्तन दल प्रभारी निरीक्षक शिव कांत शुक्ला, अवर अभियंता विकास कुमार सहित कर्मियों द्वारा सम्मिलित रूप से नगर के विभिन्न मोहल्लों में चोरी रोको अभियान के तहत विद्युत चेकिंग अभियान में 19 लोगों पर बिजली चोरी करनें की धारा 135 सहित 7 लोगों के विरुद्ध मीटर में छेडछाड की धारा 138 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। इस दौरान एसडीओ कुलदीप सिंह राजपूत नें उपभोक्ताओं से ब्याज माफी योजना के तहत पंजीकरण कराकर अपने विद्युत देयों का भुगतान करने की अपील की।

## बांदा को नई ट्रेन की सौगात, अब अहमदाबाद जाना हुआ आसान

**बांदा।** यूपी के बांदा में आज एक नई ट्रेन की शुरुआत की गई बांदा से अहमदाबाद के लिए अब तक कोई भी ट्रेन डायरेक्ट नहीं की और अहमदाबाद जाने के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। बांदा चित्रकूट के सांसद आरके सिंह पटेल के प्रयास से यह ट्रेन आज से शुरू की गई। यह ट्रेन बरौनी से अहमदाबाद प्रतिदिन चलेगी स्टैंड के सामने से बांदा चित्रकूट के लोगों को अहमदाबाद जाने के लिए सीधी ट्रेन मिल गई है। सांसद ने बतायाा कि बुंदेल वर्तमान भाजपा सरकार बुंदेलखंड के प्रतिबंध है इसी के चलते बुंदेलखंड एक्सप्रेस का काम चल रहा है जबकि रेलवे के विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। साथ ही रेलवे की डबल लाइन का चल रहा है जल्दी ही यह काम भी पूरा हो जाएगा रेलवे दोहरीकरण के बाद बाँदा को और भी ट्रेने मिल जाएगी। सांसद जी ने कहा कि हमारी सरकार घोषणाएं नहीं करती है सीधे काम करती है और इस ट्रेन की भी हमें सरकार ने घोषणा नहीं की थी सीधी ट्रेन चलाकर से काम करके दिखाया है। सांसद आरके पटेल ने पूर्व की सरकारों पर निशान लगते बताया कि पूर्व की सरकारों में जिस क्षेत्र रेल मंत्री होता था उसी क्षेत्र को ट्रेन मिलती थी और बुंदेलखंड को ट्रेनों की कमी से जूझता था लेकिन हमारी सरकार ने सबका साथ सबका विकास की नीति अपनाते बुंदेलखंड के विकास का बीड़ा उठाया है।




### योजनाओं से चार सालों में रोजगार को मिली रफ्तार

**बांदा।** रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं। चार सालों में इन योजनाओं से रोजगार को नई रफ्तार मिली है। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन विभाग की अगुवाई में खादी ग्रामोद्योग व श्रम विभाग ने अपने.अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पेश की। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के कार्यालय में गुरुवार को इन विभागों के अधिकारियों ने योजनाएं गिनाई। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के उपायुक्त मोण्जहीरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि उनके यहां प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ;पीएमईजीपीद्ध मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ;एमवाइएसवाइद्ध एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण मार्जिन मनी योजना ;ओडीओपीद्ध टूल किट एवं प्रशिक्षण विश्वकर्मा श्रम सम्मान टूल किट एवं प्रशिक्षण हस्तशिल्प कौशल विकास प्रशिक्षण योजना संचालित हैं। पीएमईजीपी के तहत वर्ष 2017.18 से 2020.21 तक 35 एमवाइएसवाइ में 28 को मार्जिन मनी दी गई। वहीं ओडीओपी में 26 रोजगार सृजित किए। हस्तशिल्प कौशल विकास प्रशिक्षण में 40 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

## स्थानांतरित शिक्षक को दी गई यादगार विदाई, हुआ सम्मान



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के कस्बा समधन देहात के प्राथमिक विद्यालय अनीभोज के शिक्षक मो0 अहमद का गृह जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षक संकुल संजीव राजपूत ने सराहना कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुये कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सदैव याद रहते हैं।

क्षेत्र के कस्बा समधन देहात के प्राथमिक विद्यालय अनीभोज में आयोजित शिक्षक विदाई सम्मान समारोह में शिक्षकों ने शिक्षक मोहम्मद अहमद का फूल मालाएं पहनाकर सम्मान किया। मौजूद शिक्षकों नें शिक्षक द्वारा 5 वर्षों से शिक्षा सेवा प्रदान करने तथा बच्चों को शिक्षा से लगातार जोड़ने, स्कूल प्रबंधन व शिक्षा से बच्चों को अनवरत प्रयास करके आगे बढ़ाने रहने की अथक प्रयास की सराहना की। शिक्षक के विदाई समारोह के दौरान बच्चों से लेकर अभिभावकों व शिक्षकों सभी की आंखें नम हो गई। लालपुर प्राथमिक विद्यालय सहायक अध्यापक उमेश कुमार नें कहा कि शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर समाज व देश का भविष्य तैयार करनें का कार्य करता है। विदाई समारोह में प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार यादव, सहायक अध्यापक आशीष कुमार, सहायक अध्यापिका वीना देवी, आलोक कुमार, अब्दुल जब्बार, अवनीश कुमार, रहनुमा, सुदीप कुमार, नीलू देवी सहित रसोइया मौजूद रही।

# पुराने वादों को तेजी से निपटाएं: मण्डलायुक्त

**● कमिश्नर ने तहसील सदर व कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण, दिया निर्देश**


निरीक्षण करते मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल

**सुलतानपुर।** आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या एमपी अग्रवाल द्वारा गुरूवार को जनपद भ्रमण के दौरान तहसील सदर पहुँचकर गार्ड आफ आनर लेने के पश्चात जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के साथ तहसील सदर व जिलाधिकारी कार्यालय आदि का गहन निरीक्षण कर अभिलेखों का रख रखाव के साथ-साथ साफ-सफाई नियमिति रूप से किये जाने के निर्देश उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। आयुक्त, अयोध्या मण्डल श्री अग्रवाल ने तहसील सदर के तहसीलदार कोर्ट में लंबित पांच साल पुराने मामलों से संबंधित पत्रावलियों एवं कम्प्यूटर में फीड रिकार्डों का गहन निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यालय रजिस्ट्रार कानूनगो रूम में आर-6 रजिस्टर का निरीक्षण कर अमलदरामद, गार्ड फाइल, दाखिला सूची रजिस्टर, दैवी आपदा, विविध प्रपत्र रजिस्टर, सेवा पंजिका, केस डायरी, राजस्व भू अभिलेखागार में पुराने रिकार्डों से संबंधित पत्रावलियों, खेवट खसरा, संग्रह कार्यालय में राजस्व वसूली से सम्बन्धित रजिस्टर, व्यापार करध्विद्युत देय आदि पंजिका का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। उन्होंने संग्रह कार्यालय निरीक्षण के समय राजस्व वसूली से सम्बन्धित रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें वसूली रजिस्टर निरीक्षण के समय कम्पलीट न होने पर सम्बन्धित पटल सहायक को एक सप्ताह के अन्दर दुरूस्त करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल को आश्वस्त किया गया कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियाँ प्रकाश में आयी हैं उसे सम्बन्धित से यथाशीघ्र दूर कराया जायेगा। तत्पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचकर जिलाधिकारी कोर्ट का निरीक्षण कर कम्प्यूटर में फीड फाइलों के विषय में जानकारी सम्बन्धित पटल सहायक से प्राप्त की। उन्होंने संयुक्त कार्यालय का भी निरीक्षण कर राजस्व सहायक पटल पर अधिकारियों से सम्बन्धित अभिलेखोंध्पत्रावलियों, बिल लिपिक से सम्बन्धित 11-सी वेतन आदि से सम्बन्धित अभिलेख, जे0ए0 पटल सहायक से कानून व्यवस्था एवं गैंगेस्टर अभियोजन आदि से सम्बन्धित पत्रावलियों, संग्रह अनुभाग में आर0सी0 रजिस्टर, आपदा से सम्बन्धित पत्रावली, सीलिंग अनुभाग कार्यालय में शिकायत पटल से सम्बन्धित पत्रावली, नजारत अनुभाग में न्यायिक अभिलेखागार एवं राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट में रखे पुराने अभिलेखों का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। मण्डलायुक्त अयोध्या ने लंबित विवरण पत्र राजस्व अभिलेखागार, पत्रावलियों की वीडिंग, राजस्व ग्रामों के सजरों एवं जिल्द बन्दोबस्त की उपलब्धता एवं रख रखाव की स्थिति सामान्य पाये जाने पर संतोष व्यक्त किया। मण्डलायुक्त अयोध्या के जनपद में आगमन पर स्थानीय पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में डीएम रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सीडीओ अतुल वत्स द्वारा स्वागत किया गया।

## सर्राफा व्यवसायी हुआ टप्पेबाजी का शिकार

**लालगंज,रायबरेली।** ज्वैलर्स की दुकान से एक उचक्का अपने साथी के साथ आभूषणों से भरा डिब्बा लेकर फरार हो गया।डिब्बे में चार लाख रूपये से अधिक कीमत के जेवर थे। कनकापुर गांव निवासिनी नीरजा देवी पत्नी स्व.महेंद्र सिंह अपने भाई नागेंद्र के साथ महेश नगर मुहल्ले में सत्यदेव सोनी की आभूषण की दुकान पर आई थी।उन्होंने अपने आभूषण एक डिब्बे में बंद कर सत्यदेव को रखने के लिए दिए।नीरजा का कहना था कि वह बैंक में लाकर लेने जा रही है। जैसे ही लाकर मिल जाएगा वह जेवर ले जाएंगी।इस बीच उनकी दुकान पर एक युवक आया था जिसने सोने की बाली खरीदी और चला गया।सत्यदेव का आरोप है कि कुछ देर बाद वही युवक अपने साथी के साथ दुबारा आया और आभूषण दिखाने के लिए कहा। आभूषण दिखाने के दौरान ही युवक ने कहा कि जो आंटी अभी आभूषण दे गई हैं उसकी डिजाइन दिखा दो। वह आभूषण दिखाने लगा इसी बीच युवक आभूषणों से भरा डिब्बा लेकर चला गया।

## क्विक न्यूज

### गायब छात्र को पुलिस ने किया बरामद

**लालगंज,रायबरेली।** गायब छात्र प्रयागराज में मिला। पुलिस ने प्रयागराज पहुंचकर उसे बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया। उल्लेखनीय है कि बेनीमाधवगंज निवासी रिशी पुत्र पवन गुप्त लालगंज अपनी बहन के साथ पढ़ने आया था। शाम को घर नही पहुंचा तो परिजनों ने कोतवाली लालगंज में शिकायती पत्र दिया था। हरकत में आई पुलिस ने खोजबीन शुरू की तो उसके प्रयागराज में होने की बात पता चली। पुलिस ने प्रयागराज के सरायं इनायत कोतवाली से सम्पर्क कर रिशी जिस बस में सवार था उससे उतरवा लिया। कोतवाल ने बताया कि रिशी गांधी चौराहे से फतेहपुर बस से गया। वहां से वह वाराणसी के लिए बस में सवार हो गया। प्रयागराज में टोल प्लाजा के पास वह बस से उतरकर फिर से फतेहपुर की तरफआने वाली बस में बैठ गया और बस में दूसरे से फोन मांगकर अपने पिता को फोन कर उसे ले जाने की बात कही। उस नंबर को सर्विलांस पर लगवाने के साथ ही सरांय इनायत पुलिस से सम्पर्क कर रिशी को बस से उतरवा लिया। लालगंज से परिजनो के साथ पुलिस टीम रवाना हुई जिसने रिशी को परिजनों के सुपुर्द किया।

### श्रीराम मंदिर में अपना सहयोग प्रदान किया

**रायबरेली।** कोचिंग एसोसिएशन से भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए मोहम्मद उमरउमर केमेस्ट्री क्लासेस नौशाद अहमद ब्रिटिश इंस्टीट्यूट ऑफइंग्लिश लैंग्वेज मोहम्मद फारुख सार्थक इंस्टीट्यूट और चांद अहमद श्री गुरुदेवइंस्टीट्यूट ने राम मंदिर हेतु स्वयं व छात्रों की तरफसे संगठन केमाध्यम से श्री राम मंदिर में अपना सहयोग प्रदान किया संस्था के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया की श्री राम मंदिर हेतु संगठन की तरफसे समस्तकोचिंग संचालक विद्यार्थियों के माध्यम से अपना योगदान प्रदान कर रहे हैंसंगठन की इस मुहिम में कार्यक्रम अधिकारी विवेक सिंह और कार्यक्रम संयोजकआलोक सिंह का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है

### अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** गुरुवार की सुबह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है । मृतक की पहचान नहीं हो पाई है ।यह हादसा कानपुर से प्रयागराज जा रही इंटर सिटी एक्सप्रेस से हुआ है । सुबह करीब नौ बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन जब ऊंचाहार स्टेशन पर पहुंची, और उसे प्लेटफार्म संख्या एक पर रोका जा रहा था , तभी एक अधेड़ प्लेटफार्म के विपरीत दिशा में ट्रेन की चपेट में आ गया ।जिससे वह ट्रेन के साथ काफी दूर तक घसीटता हुआ चला गया। परिणामस्वरूप उसकी मौके पर मौत हो गई है ट्रेन के चले जाने के बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया । शव के पास ऐसे कोई कागजात भी नहीं मिले है , जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके

### 154 फुटपाथ दुकानदारों को मिली ऋण की इमदाद

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोरोना संक्रमण काल के दौरान अपनी जीविका गवाने वाले फुटपाथ के दुकानदारों को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से उन्हें नगर निकाय द्वारा ऋण दिया जा रहा है । शासन के निर्देश पर इस समय निकाय में मेला लगाकर ऋण का वितरण हो रहा है । जिसमे ऊंचाहार नगर में अब तक कुल 154 लोगो को ऋण स्वीकृत किया जा चुका है ।यह जानकारी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निखिलेश कुमार ने दी है । पीएम स्वानिधी योजना के अन्तर्गत एक मार्च से छह मार्च तक निकाय कार्यालय में प्रतिदिन मेले का आयोजन किया जा रहा है । इसमें ठेले वाले , रेहड़ी , पटरी के दुकानदारों को सरकार दस हजार रूपए का ऋण दे रही है । मार्च महीने में ऊंचाहार में कुल 234 लोगो को ऋण दिया जाना है । नगर पंचायत अध्यक्ष शाहीन सुल्तान ने बताया कि ऋण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ चल रही है । गरीब दुकानदार इसमें आवेदन करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### गोवंश तस्करी करते चार गिरफ्तार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** गांव में घूम रहे बेसहारा गोवंश को ट्रक से लादकर ले जा रहे चार लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक ट्रक और पकड़े गए गोवंश को बरामद किया है । पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की है । कोतवाल ने बताया कि कुछ लोग क्षेत्र के मवई गांव के पास बेसहारा गोवंश को पकड़कर पास में बाग में एकत्र कर रहे थे । सूचना पाकर उपनिरीक्षक बलराम किशोर द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारा । जहां पर एक ट्रक में चार गोवंश लादे जा चुके थे । चार लोगो को हिरासत में लेकर गोवंश को मुक्त कराया गया है। गिरफ्तार किया गए लोगो में कौशांबी जनपद निवासी इमरान व चांद बाबू और ऊंचाहार मवई गांव निवासी कालिका सिंह व अरुण सिंह शामिल है । यह लोग गोवंश की तस्करी करके उन्हें वध के लिए ले जा रहे थे । सभी के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई ह

### मदिरा के निर्माण व बिक्री के अड्डे समाप्त के लिए टीमे गठित

**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध मद्यनिष्कर्षण एवं अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों को समाप्त करने के लिए तथा मदिरा की तस्करी के सम्भावित मार्गो पर सघन चेकिंग अभियान चलाने हेतु समस्त तहसीलवार 6 टीमो का गठन किया गया है। आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य किया जाना है। जिसमें समस्त तहसीलों के उपजिलाधिकारी, पुलिस उपधीक्षक एवं आबकारी निरीक्षक नियुक्त किये गये है। उन्होंने निर्देश दिये है कि आबकारी अधिकारी अभियान में सहयोग करते हुए प्रभारी तरीके से प्रवर्तन का कार्य करायेंगे।..

### भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**लालगंज।** कस्बे के करूणा बाजार चौराहे के निकट चल रही भागवत कथा का समापन हो गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।उल्लेखनीय है कि पिछले सात दिनो से कथा ब्यास पं.झिलमिल जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का बखान किया जा रहा था। गुरूवार को कथा समापन पर विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हवन पूजन हुआ। दोपहर से प्रांरभ हुआ भंडारा देर शाम चक चला जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक 8 मार्च को

**गोंडा।** देवीपाटन मण्डल आयुक्त एसबीएस रंगाराव की अध्यक्षता में आगामी 08 मार्च 2021 को पूर्वान्ह 11.30 बजे आयुक्त, कार्यालय सभाकक्ष में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित की गयी है। जानकारी देते हुए संयुक्त आयुक्त उद्योग ने सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने विभाग से सम्बन्धित बिन्दुओं की अद्यतन प्रगति के साथ बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें।

### ई-ईपिक डाउनलोडिंग को लगेगा कैम्प

**गोंडा।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा ने बताया है किभारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उन निर्वाचकों जिनके नाम विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान जोड़े गये हैं एवं जिनका यूनिक मोबाइल नंबर डाटाबेस में उपलब्ध है, को ई-ईपिक डाउनलोडिंग की सुविधा प्रदान की गयी है । जनपद के ऐसे निर्वाचक जिनके ई-ईपिक डाउनलोडिंग अभी तक नहीं हो सके हैं, उनके ई-ईपिक डाउनलोडिंग किये जाने हेतु जनपद में समाविष्ट समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त पदाभिहित स्थलों/पोलिंग बूथों पर आगामी 07 मार्च 2021 (रविवार) तथा 13 मार्च 2021 (शनिवार) को कैम्प आयोजित किया जायेगा।

# महिला पुलिस अफसरों ने दो टूटते परिवारों को बचा लिया

**सुलतानपुर।** समाज में तेजी से बढ़ रहे वैवाहिक विवाद के मामलों का पटाक्षेप करने में महिला थाना की भूमिका वाकई में काबिले तारीफ है। जहां पति-पत्नी के बीच छोटी छोटी बात को लेकर दाम्पत्य जीवन कष्टदायी बनता जा रहा है वहीं वैवाहिक मामलों का आपसी रजामंदी से सुलह समझौता कराकर दो परिवारों की खुशियां संजोकर जिले का महिला थाना एक अलग पहचान बनाता रहा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अहिमाने गांव निवासी आंचल मिश्रा पत्नी राजकुमार मिश्रा के बीच आपसी वैवाहिक विवाद को लेकर शादी टूटने तक की नौबत आ गई थी। कोई भी पक्ष अपनी गलती को मानने को तैयार नही हो रहा था। एक पक्ष दूसरे पक्ष पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते चले जा रहे थे। विवादों के बीच दो परिवार की खुशियां टूटने के कगार तक पहुंच गई थी। मामला महिला थाना प्रभारी मीरा कुशवाहा, उप निरीक्षक चित्रा सिंह के बीच पहुंचा तो महिला पुलिस अफसरों ने मामले को तूल देने के बजाए आपसी रंजामंदी से विवाद को खत्म करने की योजना बनाई। दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया और दोनों की बातें सुनी गईं। एक पक्ष दूसरे पक्ष पर आरोप लगा रहे थे। उप निरीक्षक चित्रा सिंह ने दोनों की बातों को सुनकर मामले का हल चुटकी में निकाल लिया। आखिरकार सुलह समझौते की बात शुरू हुई तो दोनों पक्ष अपनी-अपनी गलती मानते हुए फिर से एक साथ राजी-खुशी रहने को तैयार हो गए। पुलिस अफसरों की पहल ऐसी रंग लाई की दो परिवारों की खुशियां बिखरने से बच गईं। थाने से ही जोड़ों की विदाई कराई गई। एसआई चित्रा सिंह ने कहा कि वैवाहिक मामलों को तूल देने के बजाए यदि पति-पत्नी आपस में ही मिल बैठकर अपनी-अपनी गलती मान लें तो शायद विवाद घर पर ही खत्म हो जाएगा।

# पंचायत चुनाव के किंग मेकर्स पर रखें पैनी नजर: डीएम

**● अनुपस्थित रहने वालों का रूका वेतन एक की सेवा समाप्ति के आदेश**


डीएम के ताबडतोड़ निरीक्षण से मचा हड़कम्प

**गोंडा।** गुरुवार को डीएम मार्कंडेय शाही के औचक निरीक्षणों से हड़कंप मचा रहा। डीएम ने एक ही दिन में दो तहसीलों, चार ब्लाकों तथा सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले पूर्ति निरीक्षक कर्नलगंज बालेश्वर मणि त्रिपाठी व दिनेश कुमार वर्मा, ईओ कर्नलगंज राजीव रंजन व परसपुर ईओ का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं तथा परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के टेलीमेडिसिन काउन्सलर की सेवाएं समाप्त करने के आदेश दिए हैं। तहसील व ब्लाक स्तरीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित कराने तथा आसन्न पंचायत चुनाव के दृष्टिगत तहसीलों एवं ब्लाकों पर की जाने वाली तैयारियों को समय से मुकम्मल कराने के दृष्टिगत डीएम ने गुरूवार को ताबड़तोड़ निरीक्षण किये। डीएम सबसे पहले तहसील करनैलगंज पहुंचे। एसडीएम कार्यालय, नजररत, भूलेख अनुभाग, पूर्ति निरीक्षक आफिस, संग्रह कार्यालय,सीओ कार्यालय, ई-डिस्ट्रिक्ट सेल, तहसीलादर कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। एसडीएम द्वारा सार्वजनिक शौचालय व कर्मियों के पृथक से शौचालय न होने की समस्या बताई। डीएम ने ईओ करनैलगंज को तत्काल सामुदायिक शौचालय बनवाने का काम शुरू करने के निर्देश दिए। तहसील में अपनी फरियाद लेकर आए लोगों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण भी किया। डीएम ने बीडीओ करनैलगंज से पंचायत चुनाव को लेकर तैयार किए जा गए एकशन व रूट प्लान को देखा तथा पोलिंग पार्टियों की रवनानगी से लेकर ब्लाक मुख्यालय पर नामांकन आदि के लिए किए जाने वाले प्रबन्धों की गहन समीक्षा की। डीएम विकासखण्ड परसपुर मुख्यायल पहुंचे। वहां पर कार्यालय में व्यवस्थाएं दुरूस्त व साफ-सफाई संतोषजनक न मिलने पर प्रभारी बीडीओ को एक सप्ताह में कार्यालय में रंगाई-पुताई एवं फर्नीचर आदि की उचित व्यवस्था कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि रूट प्लान, नामांकन हेतु व्यवस्था, पोलिंग पार्टियों की रवानगी, स्ट्रांग रूम आदि का चिन्हांकन कर अभी से तैयारी शुरू कर दें। इसके बाद डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसपुर का औचक निरीक्षण किया। वहां पर डीएम ने सबसे पहले उपस्थिति चेक की तो ज्ञात हुआ कि टेलीमेडिसिन के लिए नियुक्त कर्मचारी अखिलेश कुमार विगत कई दिनों गैर हाजिर चल रह है। डीएम कर्मचारी की सेवा समाप्त कर अवगत कराने के निर्देश दिए। सीएचसी पर आवश्यक दवाओं की सूची अपडेट मिली परन्तु सभी दवाएं उपलब्ध नहीं पाई गई। डीएम ने तत्काल इन्डेन्ट करने के निर्देश दिए। डीएम ने पूछा कि वहां पर रैवीज और सर्पदंश की दवाएं उपलब्ध हैं अथवा नहीं। गन्दगी मिलने पर डीएम ने एक सप्ताह में साफ-सफाई कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिए हैं। सीएचसी का निरीक्षण करने के बाद डीएम सीधे विकास खण्ड बेसलर पहुंचे।

## विद्युत विभाग ने शुरू की एकमुश्त समाधान योजना

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**प्रदेश सरकार** द्वारा विद्युत बिल जमा करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना का शुभारम्भ किया है। जिसके द्वारा एलएमवी-1 घरेलू एवं एलएमवी निजी नलकूप श्रेणी के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के विलम्बित भुगतान अधिभार की 100 प्रतिशत छूट हेतु ''एकमुश्त समाधान योजना'' कॉमन सर्विस सेन्टरों ( सी एस सी केन्द्रों) के माध्यम से शुरू की गयी है। जो कि जनपद में स्थिति सभी सी एस सी केंद्रों पर उपलब्ध है। एकमुश्त समधान योजना में ग्रामीण के सभी घरेलू और निजी नलकूप के बकायेदारों को उनके 31 जनवरी 2021 तक के विद्युत बकाये पर सरचार्ज के रुप में लगायी गयी धनराशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह योजना मे पंजीकरण 01 मार्च 2021 से 15 मार्च 2021 तक लागू रहेगा। सभी विद्युत बकायेदार इस अवधि में अपने बिल का भुगतान कर सकते हैं।

# 14.24 करोड़ रुपये अब भी सरकारी खाते में, जिपं अध्यक्ष खर्च नहीं कर सके

**● अब प्रशासन इसे अपने स्तर से विकास कार्यों के भुगतान में खर्च करेगा**



**रायबरेली।** जिला पंचायत की कार्यशैली का नतीजा है कि जिला पंचायत के खाते में 14.24 करोड़ रुपए अध्यक्ष छोड़ गए हैं जिसका उपयोग नहीं किया जा सका है अब जो बजट देश बचा है उसे डीएम के दिशा निर्देशन में विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा उनके द्वारा ही उनके भुगतान भी किए जाएंगे। कहा तो यह भी जा रहा है गांव को चमकाने के 15 वे वित्त के बजट की मदद लेने का मौका अध्यक्ष को नहीं मिला! क्योंकि फिर 3 महीने का ही समय शेष मिला था और इसी वर्ष के 8 महीनों के बाद सितंबर में शासन से धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन दुर्भाग्य ही है की जनपद में आए धन का पूर्ण रूप से इस्तेमाल नहीं किया जाता है या कोई पहला मामला नहीं ऐसे पहले भी हो चुका है जिसमें विकास कार्यों की धनराशि वापस चली गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पांच साल के इस कार्यकाल का 2020-21 उनके लिए अंतिम वित्तीय वर्ष रहा। इसमें विकास कार्यों की खातिर राज्य वित्त से 255299000 और 15वां वित्त से कुल 12 करोड़ का बजट मिला था। राज्य वित्त से तो 220860000 रुपये खर्च हो गए। जबकि 15वां वित्त के 12000000 रुपये ही अध्यक्ष विकास में लगा सके। इस तरह 142439000 करोड़ की धनराशि जिपं के खाते में पड़ी है, जिसे अध्यक्ष खर्च नहीं कर पाए। शेष बचे बजट में 108000000 रुपये 15वां वित्त के हैं। जबकि राज्यवित्त का 34439000 रुपये ही बचा है। अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद शासन के निर्देश पर डीएम वैभव श्रीवास्तव ने यहां बतौर प्रशासक कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनकी देखरेख में ही जरूरत के हिसाब से विकास कार्यों पर यह धनराशि खर्च की जाएगी। जी .के. सिंह अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से कोई भुगतान नहीं किया गया है। जो बजट शेष बचा है, उसे जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उनके द्वारा ही इनके भुगतान भी किए जाएगे।

# मजदूरी मांगने पर दामाद की ससुर व साले ने की जमकर पिटाई, छीना मोबाइल, पैसे

**बछरावां रायबरेली।** एक तरफ महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर जहां केंद्र सरकार व राज्य सरकार पूरी तरह सजग है। मिशन शक्ति को लागू करके तरह तरह के नियम कानून बना रही है। वहीं दूसरी तरफ महिलाओं द्वारा आरोप लगाकर पुरुषों का भी उत्पीड़न थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामला ओम प्रकाश पुत्र बृजपाल निवासी ग्राम देवी खेड़ा मजरे राघोपुर थाना बछरावां का है। पीड़ित ओम प्रकाश ने बछरावां थाने में लिखित शिकायत देकर अवगत कराया है कि मैंने अपनी ससुराल रामपाल गंज मजरे नीमटीकर विकास खंड बछरावां में एक माह तक राजमिस्त्री का काम किया और आज जब आवश्यकता पड़ने पर अपनी मजदूरी 15000 रूपए मांगने के लिए गया तब भगवानदीन ससुर व उनके दोनों पुत्र मनीष उर्फ मोनू व अजय ने मुझे कमरे में बंद कर कर पिटाई कर दी। वहीं इसके साथ ही साथ लगभग 1000 रूपए व मोबाइल भी छीन लिया। वहीं घटना कारित होने के बाद पत्नी भी मायके से ससुराल नहीं आ रही है। वहीं जहां मां की ममता को भगवान कहा जाता है उससे विरत होकर दो वर्ष के बच्चे सौरभ को मारपीट कर भगा दिया। उसके बाद बच्चे को पिता ओमप्रकाश लेकर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। वही शौचालय बनवाने के लिए आया हुआ 12000 रूपए भी पत्नी के पास थे। जिसको ससुराली जनों ने बहला-फुसलाकर ले लिया। पीड़ित ओमप्रकाश की शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व हुई थी। वहीं एक 6 वर्ष की पुत्री व एक 2 वर्ष का बालक भी उनके साथ है। मायके वालों का कहना मान कर ओम प्रकाश की पत्नी सरोजिनी अब अपने ससुराल आने को तैयार नहीं है। वही अपने अबोध सन्तानो को छोड़कर वह मायके मे रह रही है। वही पीड़ित ओम प्रकाश ने न्याय की गुहार लगाई है। दोनों के बीच आपसी विवाद होने पर तीन बार बछरावां थाने से वह एक बार महिला थाना रायबरेली से समझौता भी हो चुका है लेकिन पत्नी सरोजिनी व उनके ससुराल के लोग हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

# जागरूकता से ही रुकेंगी दुर्घटनाएं: जीवी सिंह

**● बजाज चीनी मिल ने मनाया 50वॉ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस**

**संवाददाता।** गोंडा


बजाज चीनी मिल में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते इकाई प्रमुख जीवी सिंह।

**बजाज हिन्दुस्थान** शुगर लिमिटेड, कुन्दुरखी में 50वॉ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस इकाई प्रमुख जीवी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कारखाने के कामगारों हेतु सुरक्षा से संबंधित निबंध, स्लोगन, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताएँ व नुक्कड़ नाटक आयोजित किये गये। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ प्रबन्धक (ईएचएस) गोपेश शर्मा एवं सहायक प्रबन्धक (ईएचएस) करनदीप सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इकाई प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि सभी को कारखाने में दुर्घटनाओं की रोकथाम, गृह व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। जागरूक होकर ही हम दुर्घटनाओं पर पूर्णतया विराम लगा सकते हैं। महाप्रबन्धक (उत्पादन) ने बताया कारखाने में सुरक्षा हेतु सभी कामगारों को स्वयं जागरूक होना चाहिए। महाप्रबन्धक (यांत्रिकी) पीके पाण्डेय ने सभी कर्मचारियों से अपने दैनिक जीवन में भी सुरक्षा मानकों को अपनाने की बात कही। महाप्रबन्धक (गन्ना) योगेन्द्र सिंह ने कारखाना सुरक्षा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक किया। उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन)/कारखाना प्रबन्धक आरसी पाण्डेय ने कारखाने में सुरक्षा के क्षेत्र में उच्च मानदंड स्थापित किये जाने की बात कही। सहायक महाप्रबन्धक (गुणवत्ता नियंत्रक) ओपी गुप्ता ने कामगारों से कारखाने में सुरक्षा उपकरणों का भलिभॉंति उपयोग करने पर बल दिया।

कार्यक्रम में सुरक्षा सप्ताह पर आयोजित प्रतियोंगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सहायक महाप्रबन्धक (सेल्स) आर.पी. सिंह, सहायक महाप्रबन्धक (लीगल) सुशील शुक्ला, सहायक महाप्रबन्धक (इलेक्ट्रीकल) वीरेन्द्र कुमार, सहायक महाप्रबन्धक (व्यालर) ओपी वर्मा, सहायक महाप्रबन्धक (इन्सट्रुमेन्ट) डीके राय, स्टोर हेड संजीव पाण्डेय, हरीश सिह, अजय कुमार सिन्हा डा. राजेश कुमार मौर्य, अर्पित शुक्ला, कमलेश कुमार, अनुज दयाल, अशोक पाण्डेय, सुनील भटनागर, श्रवण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ को कोरोना काल के दौरान बेहतर व्यवस्था के लिए डीएम ने किया सम्मानित

**श्रावस्ती।** कोरोना काल के दौरान जिले में आये प्रवासियों को क्वारन्टाइन कर उन्हे समय से नाश्ताए भोजनए पानी उपलब्ध कराने के साथ ही क्वारन्टाइन समय पूरा होने के उपरान्त उन्हें सुरक्षित घर भी भिजवाया गया इसके साथ ही जिले में भंगहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोविड.19 अस्पताल की स्थापना कर वहां आये मरीजों को बेहतर ढंग से इलाज मुहैया कराकर उन्हें स्वस्थ्य कर उनके घर भी सुरक्षित भेजा गया जिसके लिए जिलाधिकारी टीके शिबु व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य को सेवा भारतीए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जनपद श्रावस्ती के तत्वाधान में प्रदेश के क्षेत्र सेवा प्रमुखए राष्ट्रीय सेवक संघए के नवल जी द्वारा भिनगा स्थित अरविन्द उत्सव पैलेस में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेयए उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमारए प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा देवेन्द्र पाण्डेय एवं प्रभारी डायल 112 विनोद कुमार अग्निहोत्री को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना बीमारी अभी पूर्ण रूप से गयी नही है जिले में कई दिनों के बाद भी कोरोना के मरीज मिले है जो चिन्ता का विषय हैए इस बीमारी से हम सब एहतिहात बरत कर ही बच सकते है इसके लिए अभी भी लोग सोशल डिस्टेन्सिंग अपनाये और अनिवार्य रूप से मास्क भी लगाये ताकि लोग स्वस्थ्य और सुरक्षित रहें। जिला प्रशासन जन.जन को स्वस्थ्य रखने हेतु प्रतिबद्ध है इसके लिए भी लगातार कार्य किये जा रहे है। जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक केन्द्रो ध्प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो को समय से संचालन कराने के साथ ही हर जरूरतमंद को इलाज की सभी सुविधाएं नि:शुल्क मुहैया करायी जा रही है तथा चिन्हित स्थानो पर कोविड.19 वैक्सिनेशन भी कराया जा रहा है।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए चला रखी हैं महत्वपूर्ण योजनाएं : विमला बाथम



**रायबरेली।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा-सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति के तहत बछरावा के दयानन्द डिग्री कालेज में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने दो दिवसीय मिशन शक्ति-महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल कार्यक्रम के दूसरे दिन दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। नारी सशक्त है किसी भी मामले में कमजोर नही है उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि एक दिन अपने घरों में प्रयोग करके देखे कि पति या पुरूष को घर का सौपे तथा आप पति व पुरूषो की भांति घर के बाहर या कार्यालयों का कार्य करें जब आप शाम को घर आयेगी तो आपके चेहरों पर एक खुशी और मुस्कान रहेगी जबकि पति व पुरूष घर के काम करने के कारण थका, हारा दिखाई पड़ेगा तथा आपकी प्रशंसा करते हुए मिलेगा। इससे आप अनुमान लगा सकती है कि आप घर और बाहर के कार्यो के लिए सक्षम है। यदि महिलाए ठान ले तो कोई भी कार्य असम्भव नही है।उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाए चला रखी है जिसको महिलाए जाने और उसका लाभ लेकर आगे बढ़े। नारी शक्ति का पुंज है जो कि बहुत कुछ है और वह बहुत कुछ कर सकती है। स्वयं को जाने और अपनी छिपी हुई ताकत को बाहर निकाल कर रचनात्मक और सकारात्मक कार्य करे। महिलाए को आर्थिक रूप से सशक्त पढ़ा-लिखा होने से उसको आजादी व स्वावलम्बन अपने आप प्राप्त हो जायेगा। महिलाएं स्वयं पढ़े व अपने बच्चियों व बच्चों को पढाये तथा बेटियों पर विशेष ध्यान देकर पढ़ाये और आगे बढ़ाये। बेटिया आगे चलकर दो परिवारों को जोड़कर सशक्त कर अपना नाम रोशन कर अपना परचम फैला रही है। तीन बच्चों को अन्नप्राशन में खीर भी खिलाई तथा एक महिला की गोद भराई।

# सांसद ने गांवों में लगाई चौपाल

## अनुप्रिया पटेल ने विभिन्न गांवों का किया दौरा, लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निस्तारण किया



**मीरजापुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्रीए अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने गुरुवार को जनपद के विभिन्न गांवों का दौरा किया और जनपदवासियों से मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती पटेल ने जनपदवासियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने जनपद के पीपराडाह गांव का दौरा किया और लोगों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामवासियों ने आयुष्मान कार्ड न मिलने की शिकायत की। लोगों की समस्याओं के निदान के लिए श्रीमती पटेल ने मौके पर ही प्रभारी राहुल मिश्रा से बात की और आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रीमती पटेल के निर्देश पर प्रभारी ने शुक्रवार को गांव में कैम्प लगाने का आश्वासन दिया।सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने जनपद के दुर्गापुरा ;धन्नी पट्‌ ?टीद्ध गांव में रमाशंकर बिंद जी के घर पहुंची। रमाशंकर बिंद के पुत्र का हाल ही में दुर्घटना में निधन हो गया था। श्रीमती पटेल ने इस घटना पर शोक संवेदना व्यक्त की एवं पीड़ित परिवार के हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान आर्थिक तौर पर बेहद कमजोर रमाशंकर बिंद जी के घर में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए श्रीमती पटेल ने बिजली अधिकारियों को निर्देश दिया एवं उनकी बेटी के विवाह हेतु मुख्यमंत्री विवाह योजना के अंतर्गत शामिल करने हेतु खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया। श्रीमती पटेल ने सिनहरए नौहां सहित कई गांवों का दौरा किया और चौपाल के जरिए लोगों को संबोधित किया एवं उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को मौके पर ही समस्या निवारण का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान अपना दल ;एसद्ध के जिलाध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंदए अनुसूचित मंच के जिलाध्यक्ष श्री ज्ञान चंद कनौजियाए युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेलए आईटी मंच के जिलाध्यक्ष हेमंत बिंदए जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेलए जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेलए जिला उपाध्यक्ष गोपाल दास शर्माए सांसद प्रतिनिधि रामनारायण बिंदए जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहानए युवा नेता रामवृक्ष बिंदए अजय पाठक सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आरक्षण प्रकिया पर उठे सवाल

## पहले दिन सैकड़ों की संख्या में दाखिल हुईं आपत्तियां

## सबसे अधिक प्रधान के आरक्षण पर आपत्ति



**संवाददाता।** बस्ती

**दावा** तो आरक्षण सूची को शत-प्रतिशत नियमों के तहत जारी करने का किया जा रहा हैं, मगर जिस तरह पूरे जिले में आपत्तियां दाखिल हो रही है, उससे आरक्षण सूची पर ही सवाल उठने लगें है। हालांकि प्रशासन ने पहली बार आरक्षण सूची को फइनल करने के लिए सभी एसडीएम को लगा रखा था, किसी जिले की आरक्षण सूची पर एसडीएम का हस्ताक्षर नहीं है, मगर जिले में इसके लिए एसडीएम को भी जिम्मेदार बनाया गया। बावजूद लोगों ने आरक्षण सूची पर असंतोष जताया। आरक्षण प्रक्रिया से नाराज अधिकतर आपत्तिकर्त्ताओं ने निस्तारित ना होने की दशा में कोर्ट में जाने की बात कही है।

विकास भवन में बकायदा आपत्ति काउंटर स्थापित किया गया। आपत्ति दाखिल करने के लिए इस काउंटर पर सुबह से ही दूरदराज से आने वालों का मजमा लगा रहा। दोपहर तक आपत्ति दाखिल करने वालों की संख्या 60 से अधिक हो गई। इनमें सबसे अधिक 54 आपत्ति प्रधान पद के लिए दाखिल हुई। बीडीसी के छह और जिला पंचायत सदस्य की तीन आपत्ति दाखिल हुई। सबसे अधिक आपत्ति सल्टौआ, परसुरामपुर और सदर ब्लॉक की रही। सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम पंचायत साड़ी हिच्छा के राम मोहरत यादव, मधवापुर प्रथम के सूर्य प्रकाश उपाध्याय, भादी खुर्द के राम सुमेरन, ग्राम पंचायत पचानू के कृपा शंकर, अशोक एवं ग्राम पंचायत हरदिया के सिद्वेश्वर शुक्ल आदि की ओर से दाखिल की गई आपत्ति को लेकर कहा गया कि आरक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं निभाई गई। आरक्षण को लेकर आपत्तिकर्त्ताओं में इस कदर नाराजगी देखी गई, कि मानो किसी ने उनसे प्रधानी पद छीन लिया हो, लगभग सभी आपत्तिकर्त्ताओं ने आपत्तियों का निस्तारण ना होने की दशा में में मामले को हाईकोर्ट में जाने की बात कही है। इसके लिए कइयों की ओर से महानिबंधक रजिस्टार उच्च न्यायालय के यहां भी आपत्ति दाखिल करना शुरू कर दिया है।

### आपत्तियों के निस्तारण में बाधक बन सकता एफआईआर

**अंदरखाने** की खबर है कि आरक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर जो आपत्तियां दाखिल हो रही है, उसके निस्तारण में विधिक कार्रवाई बाधक बन सकता है। नियमानुसार अगर एक भी आपत्ति सही पाई जाती है तो इसके लिए डीपीआरओ के खिलाफमुकदमा भी दर्ज हो सकता है। इस लिए कोई भी डीपीआरओ अपने खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा कर जेल जाना नहीं पसंद नहीं करेगा। इससे पूरी प्रक्रिया को ही संदिग्ध माना जा सकता है। विभाग के एक जिम्मेदार का कहना है कि आरक्षण सूची डीपीआरओ और लिपिक अजय पांडेय की देखरेख में फइनल हुआ। आरक्षण सूची में गड़बड़ी होने भी इंकार नहीं किया जा सकता। यह संभावना डीपीआरओ कार्यालय की खराब छवि को देख कर जताई जा रही है। आपत्तियों के निस्तारण के बाद फाइनल सूची के जारी होने के बाद उसमें संशोधन के रास्ते बंद हो जाएगा, फिर उसका निस्तारण हाईकोर्ट में ही संभव है। आज भी कई ऐसे प्रधान पद के प्रत्याशी है, जो इच्छित आरक्षण पाने के लिए कोई भी कीमत देने को तैयार है। वैसे आरक्षण सूची से संतुष्ट होने वालों की संख्या कम नहीं है। असंतुष्ट होने वालों में भाजपाइयों की संख्या अन्य पार्टी के लोगों से अधिक है। ऐसे लोगों का कहना है कि इच्छित आरक्षण दिलाने का वादा तो कई माननीयों ने किया, मगर उनका वादा, वादा ही रह गया

### मेधा ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

मेधा कि पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने डीएम के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को चार सूत्रीय ज्ञापन देकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए आरक्षित सूची में मनगढन्त त्रुटियों के सुधार एवं सामान्य सीट पर अन्य आरक्षण की भांति केवल सामान्य वर्ग के लोगों को चुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने की मांग किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना संकट काल के बाद हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के आरक्षित सूची में बस्ती जनपद के साथ ही प्रदेश के अनेक जनपदों में घोर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इसका प्रभावी निस्तारण बिना पक्षपात के नियमानुसार कराने के साथ ही दोषियों को दण्डित कराया जाय जो चुनाव की शुचिता, पवित्रता को प्रभावित करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जन जाति के घोषित सीटों पर सामान्य वर्ग के लोग चुनाव नहीं लड़ सकते किन्तु सामान्य वर्ग के सीट पर पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोग उम्मीदवार बन जाते हैं। यह स्थितियां समान अवसर और संविधान की मंशा के विपरीत है। तत्काल प्रभाव से ऐसा शासनादेश निर्गत किया जाय कि सामान्य वर्ग के सीट पर पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जन जाति के लोग उम्मीदवार ना बन सके और सामान्य वर्ग को दिए गए 10 प्रतिशत आरक्षण की भी स्थिति स्पष्ट हो। ज्ञापन सौंपने वालों में उमेश पाण्डेय मुन्ना, प्रमोद पाण्डेय, राहुल तिवारी, हरिओम तिवारी, प्रवेश शुक्ल, नरोत्तम तिवारी, हरि प्रसाद पाण्डेय, यश सिंह, चन्दन सिंह, देवी दयाल पाण्डेय, दीपक मिश्रा व अन्य शामिल रहे।

# जिले में कृषि यंत्रों की खरीद में भ्रष्टाचार, सरकार करा रही जांच

## पीएम कृषि सम्मान निधि पाने से वंचित हैं 42 हजार से अधिक किसान

**संवाददाता।** बस्ती

**जिले** में प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि पाने से 42 हजार 27 किसान ना केवल वंचित है बल्कि कृषि यंत्रो की खरीद में भी भ्रष्टाचार हुआ है। यह खुलासा रूधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल द्वारा विधान सभा सत्र में उठाए गए अतारांकित सवाल के बाद हुआ है। कृषि मंत्री की ओर से जो जवाब दिए गए है उसमें स्वीकार किया गया है कि जनपद में संचालित कृषि यांत्रिकीकरण योजना के अर्न्तगत कृषि उपकरणों की खरीद में भ्रष्टाचार की शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं। पिछले पांच वर्षो में योजना के तहत कृषि यंत्रों की खरीद की जांच कराए जाने के सवाल के बावत बताया गया है कि कृषि निदेशक के आदेष पर इसकी जांच शीघ्र पूर्ण कर आख्या उपलब्ध कराने के लिए गोरखपुर मण्डल के उप कृषि निदेशक (भूसं) की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। जिले में प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि कितने किसानों को प्राप्त हो रही है और कितने किसान इससे वंचित है का सवाल पूछा गया। इस पर जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 4 लाख 27 हजार 689 किसानों को लाभ मिल रहा है, जबकि विभिन्न त्रुटियों के कारण जिले में 42 हजार 27 किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वंचित किसानों को योजना से जोड़े जाने की जानकारी दी गई है। बताया गया है कि अपवर्जन श्रेणी के किसानों को छोड़कर सभी किसानों को उनके पंजीकरण की तिथि से लाभ दिए जाने का प्राविधान है। आवेदन पत्रों की त्रुटियों के निवारण के लिए एक फरवरी से तीन फरवरी तक समाधान दिवस आयोजित कर त्रुटियों का निवारण किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वरिष्ठ महिलाओं को लगेगा कोरोना टीका

**संवाददाता।** सोनभद्र

**मिशन** शक्ति के अंतर्गत जनपद में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन कर वरिष्ठ नागरिक महिलाओं को कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा। जिले में तीन स्थानों का चयन कर टीकाकरण कार्य कराया जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. राम कुंवर ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जिले में चरणबद्ध तरीके से कोविड-19 टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। शासन स्तर पर प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार कोविड-19 के तीसरे चरण में गत एक मार्च से 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अपर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा निर्देश दिया गया है कि मिशन शक्ति के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को जिले में वृहद संख्या में वरिष्ठ नागरिक महिलाओं को कोविड-19 टीकाकरण से आच्छादित किया जाए। उक्त निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य महकमा पूरी तैयारी में लग गया है जिससे वरिष्ठ नागरिक महिलाओं को लाभान्वित कराया जा सके। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के मुताबिक टीकाकरण के लिए जिले में 3 स्थलों का चयन किया जा रहा है। जिला स्तर पर दो एवं ग्रामीण स्तर पर एक स्थल का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि चयनित तीनों टीकाकरण स्थलों पर कार्य करने वाली महिला कर्मचारी ही होंगी।

# मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारेगी भारतीय जनता पार्टी

## पंचायत चुनाव प्रभारी डॉ. समीर ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के निमित्त मंडप मैरिज हॉल खलीलाबाद में बृहस्पतिवार को भाजपा की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता डा. समीर सिंह ने बताया कि पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से कमर कस चुकी है तथा सभी सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवारों को उतारेगी।

भाजपा के कार्यकर्ता पुरे जोश में है तथा विपक्षी दलों के अनर्गल प्रचार को भाजपा के कार्यकर्ता समाप्त करने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने बताया कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के क्रम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आगामी पंचायत चुनाव में विजयी होकर पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। पंचायत चुनाव के बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, प्रभारी संयोजक वार्ड, प्रभारी संयोजक ब्लॉक प्रभारी, मोर्चा के प्रमुख एवं जनपद में निवास करने वाले व क्षेत्र और प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रमुख जिला पदाधिकारी में अनिरुद्ध निषाद, विवेकानंद वर्मा, जगदंबा लाल श्रीवास्तव, अमरीश राय मंटु, प्रशांत मिश्रा, किरण प्रजापति, संगीता वर्मा, उर्मिला त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री नीतू सिंह, सुनीता अग्रहरी, रजनी पाण्डेय, अब्दुल हक, जिला पंचायत प्रतिनिधि अरुण कुमार, आलोक सिंह, दीपू सिंह, सेतवान राय, अशवनी गुप्ता, आनंद त्रिपाठी, धनंजय पाण्डेय, दुर्गा पाण्डेय, उर्मिला त्रिपाठी, डॉ मनोज पाण्डेय, श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्रा, विशाल श्रीवास्तव जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईएमए ने डीएम आशुतोष को दी भावभीनी विदाई

**बस्ती।** इण्डियन मेडिकल एसो. के पदाधिकारियों और सदस्यों ने निर्वतमान डीएम आशुतोष निरंजन को भावभीनी विदाई देकर देवरिया जिले के डीएम के रूप में उनकी नई पारी के लिए शभकामना दी। आईएमए के सचिव डा. नवीन कुमार ने डीएम के कार्य, व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि वे एक बहुत ही सुलझे और व्यवहार कुशल जिलाधिकारी हैं।

कोरोना संकट काल में जिस कुशलता से उन्होंने जिले को संभाला और कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन किया उसके लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। इस मौके पर आईएमए अध्यक्ष डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव, डा. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डा. आरएन चौधरी, डा. दीपक श्रीवास्तव, डा. अश्विनी कुमार सिंह, डा. एमएम सिंह, डा. अभिजात व अन्य शामिल रहे।

# मॉडल गांव बनाएंगे, घर-घर खुशहाली लाएंगे

**संवाददाता।** सोनभद्र/ मीरजापुर

**गांव** में बदलाव की बयार के साथ ही हर किसी के जीवन में खुशहाली लाने के लिए मॉडल गांव बनाने की अनूठी पहल पर गंभीरता से विचार चल रहा है । इसके पीछे सोच यह है कि अगर देश को विकसित और खुशहाल बनाना है तो सबसे पहले अपने गांवों का चतुर्दिक विकास करना होगा क्योंकि सही मायने में भारत गांवों में ही बसता है । इसी सोच को साकार करने और इसे सही मायने में धरातल पर उतारने में आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सहयोग से पूरी एक टीम दिन-रात काम कर रही है । इस नवप्रयोग के प्रेरक आईएएस अधिकारी हीरा लाल ने भी एक खाका तैयार करने में जुटे हैं जो कि गांव के लोगों को तरक्की की राह दिखा सके ।

हीरा लाल का कहना है कि जिलाधिकारी के कार्यकाल के दौरान वह मॉडल गांव बनाने की पहल कर चुके हैं, जिसके सकारात्मक परिणामों से उत्साहित होकर उस नवप्रयोग को अब पूरे प्रदेश में लागू करने को कुछ संगठन और अधिकारी आगे आये हैं। इस पहल के तहत सर्वप्रथम गांव घोषणा पत्र के माध्यम से लोगों को इस सोच के बारे में अवगत कराना हैए जिसके जरिये गांव में विकास का एजेंडा स्थापित कर और चेंज मेकर तैयार कर गांव का सर्वांगीण विकास किया जा सके । इस तरह अभी पूरा जोर हर गांव में विलेज मेनीफेस्टो को हर सदस्य तक पहुंचानेए हर गांव में विलेज चेंज मेकर तैयार करने और हर गांव स्तर पर किसान उत्पादक संगठन बनाने पर पूरा जोर है ।

**क्या है गांव घोषणा पत्र**

जिला कार्य कम अधिकारी पीके सिह का कहना है कि गांव घोषणा पत्र का मुख्य उद्देश्य इसके माध्यम से गांव में विकास का एजेंडा स्थापित कर और चेंजमेकर तैयार कर गांव का सर्वांगीण विकास करना है । इसके अलावा इसमें उन मूलभूत सुविधाओं को शामिल किया गया है, जो उसे मॉडल गांव की श्रेणी में शामिल कर सके और गांव खुशहाली ला सके। इन प्रमुख बिन्दुओं में शामिल हैं। गांव की सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त हो, गांव में कोई भी अनपढ़ ना हो, इलाज, दवा के साथ योगा की भी हो व्यवस्थाए बिजली भरपूर मात्रा में मिले खासकर सोलर वाला गांव बनाने पर जोर होए पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की अच्छी व्यवस्था हो, रोजगार यानि सभी हाथ को काम पर जोर दिया जाए, गांव में संवाद तंत्र यानी आधुनिक इंटरनेट की सुविधा होए उत्पादों को बेचने की भरपूर और अच्छी व्यवस्था हो। गांव में जैविक उत्पाद को प्राथमिकता मिलेए गांव को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर हो, विवाद रहित खुशहाली वाले गांव की सोच विकसित की जाएए गांव का नियम और लेखा का रखरखाव होए गाँव का बायोडाटा प्रोफाइल तैयार किया जाएए किसान उत्पादक संगठन बनाने पर जोर होए प्रवासी ग्रामवासी संपर्क व सहायता की व्यवस्था हो और कुपोषण को ख़त्म करने पर जोर हो । इसके अलावा वृक्षारोपण (मेड़ पर पेड़) पर जोर हो, खेल, कला व् संस्कृति के विकास का ध्यान रखा जाएए महिला विकास पर जोर हो, प्रतिभा चयन व विकास की व्यवस्था हो।

### बदलाव लाने वालों की कहानी करेगी प्रेरणा का काम

देश के विभिन्न हिस्सों में इस तरह के मॉडल गांव बनाने की दिशा में अग्रसर कुछ युवाओं और किसानों की प्रेरक कहानियों का भी इसके लिए सहारा लिया जा रहा है । इसी तरह की एक प्रेरक लघु फिल्म है गुजरात के पुनसारी गांव के हिमांशु पटेल द्वारा अपने गांव को मॉडल गांव बनाने के लिए किये गए प्रयासों के बारे में, जिसके जरिये भी लोगों को इस पहल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है । इसमें बताया गया है कि हिमांशु पटेल का गांव आज देश का एक ऐसा गांव बन गया है जिसे देखने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लोग पहुंच रहे हैं । हिमांशु की कहानी हर किसी को प्रेरित करने वाली है कि अगर हम अपने गांव को मॉडल गांव बनाने की ठान लें तो हमें कोई भी ताकत उससे रोक नहीं सकती।

# गोष्ठी में वक्ताओं ने रसायन विषय पर किया गहन मंथन



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**रसायन** शास्त्र विभाग, हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में हरित रसायन विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में गोरखपुर विश्वविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो सुधा यादव ने कहा कि हरित रसायन की भूमिका आज के प्रदूषित परिवेश में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जिसके लिए उन्होंने कुल 12 स्तरों पर विधिवत चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि उक्त बारह स्तर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अमृत बताया। अध्यक्ष रसायन शास्त्र,हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद डा. राजकुमारी ओझा ने कहा कि रासायन विज्ञान की उपयोगिता को मानव कल्याण के संदर्भ में परिभाषित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्राचार्य डॉ मंजू मिश्रा ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र में जनउपयोगी औषधि निर्माण निर्यात में रसायन शास्त्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर डॉ रेणु शंकर, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ आशा मिश्रा, डॉ अनुपम पति त्रिपाठी, डॉ रंजन त्रिपाठी, डॉ अमरनाथ

# रोटरी क्लब ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को किया जागरूक



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

रोटरी क्लब उदय वाराणसी रोटरी यात्रा -2 के खलीलाबाद बाईपास चौराहा पर पहुंचने पर अध्यक्ष रोटेरियन डॉ विजय कुमार राय, डॉ दिग्विजय नाथ पाण्डेय एवं सहायक मंडलाध्यक्ष रोटेरियन रामकुमार सिंह ने स्वागत किया गया। इसका उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त भारत, नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्त भारत, 100 प्रतिशत साक्षरता स्वच्छ एवं स्वस्थ्य भारत कार्यक्रम के द्वारा सशक्त भारत बनाना है। रोटरी टीम द्वारा इस संदर्भ में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम जन को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सहित स्काउट एवं इंटरैक्ट क्लब के बच्चे एवं बच्चियां उपस्थित रहीं।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद स्थापित करने में अंग्रेजी की मुख्य भूमिकाः डा. श्रीवास्तव

## भाषा ज्ञान के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**स्थानीय** हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में बृहस्पतिवार को अंग्रेजी विभाग के अंतर्गत अंग्रेजी-समस्या और संभावना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ मंजू मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अंग्रेजी साहित्य में भारतीय लेखन परम्परा की विशिष्ट पहचान है। भारतीय अंग्रेजी साहित्यकारों की समृद्ध परंपरा में हमारे अतिथियों की एक विशिष्ट पहचान है। डॉ मिश्रा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि,राजकीय महाविद्यालय, कुशीनगर के आचार्य डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने भाषा संबंधी उच्चारण एवं अंग्रेजी भाषा मे निपुणता प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिया। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि साथ ही साथ हमारे जीवन में अंग्रेजी भाषा की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ राजेश ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद स्थापित करने में अंग्रेजी की मुख्य भूमिका है एवं इसके माध्यम से हम अपने विचार का आदान प्रदान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आसानी से कर सकते है। मुख्य अतिथि डॉ रघुवंश मणि त्रिपाठी, प्राचार्य शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य एक बौद्धिक आयाम प्रदान करने का श्रोत है एवं कबीर की कविताओं पर चर्चा करते हुए बताया कि कबीर की कविता सम्पूर्ण मानवता के लिए एक विस्तृत आयाम स्थापित करती हैं। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि साहित्य किसी भी तरह के प्रश्न पूछने के छूट देता अर्थात साहित्य सीमाओं से परे होता है। प्रश्न के स्तर पर उसके उत्तर साहित्य में देखने को ही मिलते है। डॉ त्रिपाठी ने छात्रों को विवेकानंद, टैगोर सहित अनेक भारतीय अंग्रेजी साहित्यकारों की रचनाओं से परिचय कराया। अंग्रेजी विभाग के आचार्य पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ विजय कृष्ण ओझा, डॉ दिग्विजय नाथ पाण्डेय, डॉ दिनेश गुप्ता, डॉ अमित भारती, शशिकांत राव, डॉ विजय मिश्र, डॉ मनोज मिश्र, प्रियंका यादव, निश्छल, अनन्त, आस्था, दिलीप, विदिशा, सौम्या सहित महाविद्यालय के समस्त आचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चर्च की दुकानों को ढहाने का मामला

# प्रभारी मंत्री ने आयुक्त से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**बस्ती।** चर्च की जमीन पर बनी दुकानों को ढहाने का मामला प्रभारी मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह' मोती सिंह' के दरबार तक पहुंच गया है। रूधौली के भाजपा विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने प्रभारी मंत्री से चर्च कम्पाउण्ड से उजाड़े गए दुकानदारों को दुकान/ जमीन एलाट कर उन्हे पुनः प्रतिस्थापित कराए जाने का आग्रह किया है। प्रभारी प्रभारी मंत्री ने विधायक के पत्र को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त बस्ती मण्डल से एक सप्ताह में उनसे मामले में विस्तृत जानकारी मांगा है। शास्त्री चौक से दीवानी कचहरी चौराहा तक चर्च की सम्पत्ति पर बनी दुकानों को किराए पर लेकर वर्षो से दुकान चलाकर परिवार की जीविका चला रहे दुकानदार प्रषासन के एक फरमान से सड़क पर आ गए। जिला प्रषासन ने इसे नगर पालिका की सरकारी सम्पत्ति बताते हुए जेसीबी/ बुलडोजर से दुकानों को ध्वस्त करा दिया या खाली करा लिया। उजाड़े गए दुकानदारों ने डीएम से गुहार भी लगाई। कहा कि वे चर्च के प्रबन्धक को नियमित रूप से तयषुछा किराया देते थे। दुकानों के छिन जाने से उनके समक्ष रोजगार और परिवार की जीविका का संकट खड़ा हो गया है। ऐसी स्थिति में संवेदनात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए खाली कराई गई जमीनों/ दुकानों को एलाट कर रोजगार सृजन के लिए गुहार लगाया। रूधौली विधायक को भी अपनी समस्या और पीड़ा से अवगत कराया। विधायक ने दुकानदारों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए उन्हे पुर्न स्थापित कराए जाने का जिले के प्रभारी मंत्री से आग्रह किया है।

# पीएम स्वनिधि योजना से खिले दुकानदारों के चेहरे

**500 से अधिक ने कराया पंजीकरण**

**पालिका के सात स्थानों पर कैम्प लगाकर चलाया जा रहा सघन अभियान**

**विशेष अभियान में छह मार्च तक करवा सकते हैं पंजीकरण**



संवाददाता। मऊ

**प्रधानमंत्री** स्वनिधि योजना के तहत पटरी दुकानदारों को स्वावलंबी बनाने के उदेद्श्य से नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एक मार्च से चल रहा है। जो 6 मार्च तक चलेगा। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नगर के सात स्थानों पर वृहद कैम्प लगाकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पटरी दुकानदारों का पंजीकरण किया जा रहा है। अब तक 500 से अधिक पटरी दुकानदारों द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के लिए पंजीकरण कराया जा चुका है। कैम्प में पीएम स्वनिधि योजना के लिए पंजीकरण कराने के लिए पटरी दुकानदारों में काफी उत्साह दिखाई दिया। सरकार द्वारा पटरी दुकानदारों को स्वावलंबी बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना का संचालन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये के ऋण से पटरी दुकानदारों को लाभान्वित करने के लिए शासन के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन की ओर से 1 मार्च से 6 मार्च तक विशेष अभियान चलाकर नगर क्षेत्र के सात प्रमुख स्थानों पर विशेष कैम्प लगाया गया है। विशेष कैम्प का आयोजन नगर क्षेत्र के गाजीपुर तिराहा, बालनिकेतन, आजमगढ़ मोड़ए मिर्जाहादीपुरा, भीटी, रौजा बाजार तथा ताजोपुर में किया गया है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्र ने बताया कि नगर क्षेत्र में लगाए गए विशेष कैम्प के दौरान अधिक से अधिक पटरी दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत जागरुक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पर्वेक्षक के रुप में गाजीपुर तिराहा पर अनिक सिंह की तैनाती किया गया है। इसी प्रकार बालनिकेतन पर धर्मेन्द्र पाण्डेयए आजमगढ़ मोड़ पर रिजवान अहमद, मिर्जाहादीपुरा में चन्द्रिका, भीटी में नरेन्द्र कुमार, रौजा बाजार में आदर्श त्रिपाठी तथा ताजोपुर में नरेश कुमार सफाई इंस्पेक्टर को पर्वेक्षक बनाया गया है। कैम्प में पटरी दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में गहनता के साथ जानकारी प्रदान किया जा रहा है। सभी रेहड़ी.पटरी दुकानदारों से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये का ऋण लेकर अपने व्यापार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया जा रहा है। विशेष शिविर के दौरान अब तक 500 से अधिक पटरी दुकानदारों का ऋण के लिए आनलाइन पंजीकरण स्वीकृत किया

## राज्य स्तरीय पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में अनुज ने चौथा स्थान हासिल किया



**रुद्रपुर,देवरिया ।** उत्तर प्रदेश रायफल एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय पिस्टल शूटिंग चैम्पियनशिप के आयोजन में जिले के रुद्रपुर नगर के सभासद सतेंद्र रावत के सुपुत्र अनुज रावत ने इस प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल कर रुद्रपुर क्षेत्र का मान बढ़ाया। इनके सफ्लता पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। अनुज रावत ने हाईस्कूल की पढ़ाई करने के बाद आगे की पढ़ाई गोरखपुर से किया व वही रहकर पढ़ाई के साथ पिस्टल शूटिंग में हाथ आजमाया। इनकी सफ्लता पर चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा, डॉ रामभरोसा त्रिपाठी, छठ्ठेलाल निगम, सुभाष चन्द्र मद्देशिया, जितेंद्र गुप्ता, सौरभ मिश्रा, कैंसर अली, अजय जायसवाल ने बधाई दी।

## लाखों का धान व नगदी लेकर फरार होने पर व्यापारी के खिलाफ प्रदर्शन

**सकलडीहा,चन्दौली।** उकनी पाल राय गांव के एक धान व्यापारी द्वारा दर्जनों किसानों का लाखों का धान सहित लाखों रुपया नगदी अन्य लोगो का लेकर परिवार सहित फरार हो गया है। जिसकी जानकारी होने पर किसान सहित अन्य व्यापारियों में हड़कम्प मचा हुआ है। बुधवार को किसानों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर धान व्यापारी द्वारा घोटाला का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। तहसील प्रशासन और कोतवाली में धान व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराया। उधर व्यापारी के परिवार सहित गायब होने व मोबाइल बंद होने पर तरह तरह की चर्चा व्याप्त है। उकनी पाल राय गांव के एक धान क्रेता लम्बे समय से क्षेत्र के विभिन्न गांवों के किसानों से धान की खरीदारी करता रहा। इसके अलावा गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान और सकलडीहा में बाइक एजेंसी चलाता था। जिसको लेकर कस्बा के कई व्यापारी और बैंकों से लाखों रुपया का कर्ज लिया था। कस्बा के एक व्यापारी द्वारा बाइक एजेंसी अपने नाम से करा लिये जाने पर धान विक्रेता मानसिक रूप से परेशान था। पिछले तीन दिन पूर्व धान व्यापारी परिवार के साथ कही लापता होगया है। इसकी जानकारी किसान और व्यापारियों को होने पर हड़कम्प मच गया। दर्जनों किसान लाखों का धान लेकर व्यापारी के फ्रार होने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## अधीक्षक ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**चकिय।** शहाबगंज पुलिस अधीक्षक चन्दौली अमित कुमार द्वारा थाने का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा थाना कार्यालयए आरक्षी बैरकए सीसीटीएनएस कार्यालयए महिला हेल्प डेस्क सहित थानें के विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। अभिलेखों के रख रखाव सहित थाना परिसर की साफसफाई हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया तथा अन्य आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

## मांगों के समर्थन में मजूदर संगठन का प्रदर्शन

**सकलडीहा,चन्दौली।** विद्युत मजदूर संगठन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लामबंद है। गुरूवार को विद्युत वितरण उपखंड तृतीय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अपनी मांगों के समर्थन में मांग पत्र सहायक अभियंता आकाश सिंह को सौपा। मांगे पूरा होने तक आन्दोलन व प्रदर्शन की चेतावनी दिया। विद्युत मजदूर संगठन और विद्युत संविदा मजदूर संगठन के संरक्षक आर एस राय के आवाहन पर संगठन के पदाधिकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आन्दोलनरत है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नियमित कर्मचारियों को टीजीए कार्यकारी सहायकों को ग्रेड वेतन 4200 तृतीय टाइम स्केल 6600 व टीजी पदोन्नति अवर अभियंता पर एवं संविदा कर्मियों के परिवार को अनुग्रह धनराशी पांच लाख से बढ़ाकर बीस लाख और कुशल श्रमिकों का वेतन 25 हजार और श्रमिकों को 22 हजार व कम्प्यूटर आपरेटरों को 25 हजार दिलाने की मांग रखा। अंत में संविदा कर्मियों की 29 लम्बित समस्याओं के निदान के लिये एसडीओ को पत्रक सौपा।

## आबकारी विभाग ने गांव में की छापेमारी

**सकलडीहा,**चन्दौली। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शासन की ओर से गांव गांव में सर्तकता बढ़ा दिया गया है।अपर मुख्य सचिव एवं आबकारी आयुक्त की निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और आगामी त्योहार को देखते हुए विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू किया गया है। गुरूवार को जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्र के विभिन्न ईंट भट्टा और गांवों में छापेमारी किया गया। इस दौरान एक युवक को 8 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विभागीय कार्रवाई से खलबली मचा हुआ है।सकलडीहा तहसील क्षेत्र के चहनियाए धानापुरए सकलडीहा के विभिन्न गांव में आरक्षण जारी होते ही चुनाव की सरगर्मी तेज होगया है। वही आबकारी विभाग ने भी गांव से लेकर ईट भट्टों पर विशेष नजर गड़ाये हुए है। इस दौरान धनउर गांव से एक व्यक्ति को 8 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। इसबाबत आबकारी इंस्पेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान कही भी शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर छापेमारी टीम में आबकारी सिपाही उमाशंकर यादव,विरेन्द्र सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को जागरूकता जरूरी : न्यायाधीश



**देवरिया।** श्रम विभाग द्वारा विकास भवन प्रांगण में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरूकता कैम्प लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवेन्द्र कुमार मिश्र न्यायधीशए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया ने अपने उदबोधन में महिलाओं को प्रदान की जा रही विधिक सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। वही न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा किमहिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरूकता जरूरी। न्यायाधीश ने महिलाओं से सीधे वार्ता कर उनके समस्याओं को सुनते हुए मनरेगा के महिला एवं पुरुष श्रमिकों को 100 दिवस रोजगार देने हेतु उपायुक्त श्रम एवं रोजगार मनरेगा को निर्देश दिये तथा श्रमिक रोजगार प्राप्त किया कि नहीं उसकी समस्याओं को सुनने एवं उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीयन कर उसे हितलाभ देने हेतु सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं उपायुक्त श्रम एवं रोजगार मनरेगा को संयुक्त रूप से ब्लाक कार्यालय में कैम्प लगाकर आपसी समन्वय द्वारा मौके पर श्रमिकों की समस्याओं का निदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

## चार दिवसीय कार्यशाला

**जौनपुर।** रामानुजन सोसाइटी ऑफ मैथमेटिक्स एंड मैथमेटिकल साइंसेस के तत्वाधान में डीएसटी प्रायोजित चार दिवसीय कार्यशाला पापुलराइजेशन इंप्रूवमेंट एंड क्वालिटी एजुकेशन इन साइंस एंड मैथमेटिक्स एंड इट्स इंपैक्ट फॉर स्कूल स्टूडेंट्स एंड टीचर भाग 2 के कार्यक्रम का शुभारंभ राजा हरिपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ जौनपुर में हुआ । कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक कुंवर जय सिंह एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों डॉ शिव प्रसाद सिंहए प्राचार्य डॉ एनके सिंह एडॉ सी एम त्रिपाठी द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती एवं कुंवर श्रीपाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गयास इसी क्रम में महाविद्यालय की छात्रा साक्षी दुबे ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की साथ ही महाविद्यालय के छात्र कुमार राज पांडे ने महाविद्यालय के कुल गीत का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया अगले क्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह गणित विभाग सिंगरामऊ के द्वारा लिखी पुस्तकष् वैदिक मैथमेटिक्स ष्का विमोचन हुआ।

## जेसीआई शाहगंज ने किया प्रशिक्षण का आयोजन

शाहगंज,जौनपुर। जेसीआई शाहगंज शक्ति व जेसिरेट जेसीआई शाहगंज सिटी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक सूर्या हास्पिटल के डायरेक्टर डाण् रुचि मिश्रा ने छात्रों के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषकर महावारी के समय होने वाली समस्या व सावधानी सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। संचालन विद्यालय की एकता नीलम ने किया।

## नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया डेक्स बेंच देने की घोषणा

**शाहगंज, जौनपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि व सभासद प्रदीप जायसवाल ने सपरिवार जाकर अपना जन्मदिन मनाया। नगर पालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल व बच्चों ने भी उनके जन्मदिन पर कस्तूरबा के छात्राओं को उपहार दिये और उनके द्वारा बच्चों को स्वादिष्ट भोजन भी कराया गया।

## नये मतदाता का नाम सूची में उपलब्ध, अपने मोबाइल नंबर को देख ले : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**देवरिया ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा डाउनलोडिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ 11 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस से किया गया है। जिसके तहत प्रथम चरण में नये मतदाताओ, जिनके नाम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2021 के दौरान जोड़े गये एवं जिनका यूनिक मो नम्बर डाटाबेस में उपलब्ध है।

# पुलिस ने थाने के मंदिर में कराई प्रेमी युगल की शादी

संवाददाता। मदनपुर,रूद्रपुर देवरिया



**उत्तर** प्रदेश देवरिया जनपद के मदनपुर थाना में अनोखी शादी देखने को मिला आप को बताते चले कि प्रशासन के सहयोग व ग्रामीणों के सहयोग से प्रेमीयो की शादी संपन्न हुई । जानकारी के मुताबिक मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिया निवासी मनीष यादव पुत्र प्रेमनारायण व पूनम पुत्री रामकिशन निवासी जोगिया जिनका प्रेम करीब 2 वर्षों से बेसुमार चल रहा था। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा। पुलिस प्रशासन ने परिजनों को समझाने बुझाने के बाद दोनों परिवार के लोग दोनों को एक परिणय सूत्र में बांधने के लिए तैयार हो गए । वही थाना परिसर में ही प्रशासनिक सहयोग से प्रेमी जोड़ो की शादी थाना परिसर में स्थित माँ दुर्गा मंदिर में करवा दी गई। जिस के गवाह थाना प्रभारी पीडी सिंह,एस आई श्रीनिवासन चौहान,कांस्टेबल पिंटू चौहान कांस्टेबल संजय यादव और श्रीकान्त यादव, रामअवतार, कल्पनाथ, राघव ए रविन्द्र, रमेश, दरस गोपी, गामा एमुरली, तेजू, जवाहिर महिला कांस्टेबल प्रतिभा मिश्रा आदि ग्रामीण प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# एसपी ने किया मदनपुर थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



संवाददाता। देवरिया

**गुरुवार** को पुलिस अधीक्षक देवरिया डॉ श्रीपति मिश्र द्वारा थाना मदनपुर का औचक निरीक्षण किया गयाए इसके दौरान पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा थाना कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां कार्यालय में उपस्थित पुलिसकर्मियों से अभिलेखों के संबंध में पूछताछ करते हुए उनके रखरखाव हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त भोजनालय में बन रहे खाने का निरीक्षण करते हुए आरक्षी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया एवं थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी के प्रति व कर्तव्य और दायित्व के प्रति उचित दिशा निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त महिला हेल्प डेस्क पर उपस्थित महिला आरक्षी से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुएए महिला हेल्प डेस्क के संबंध में कार्यों के प्रति उचित दिशा निर्देश दिया गया तथा पुलिसकर्मियों को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं होली त्यौहार के दृष्टिगत अपने.अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा 10 व सी.प्लान एप में प्रत्येक ग्राम से 10 संभ्रांत व्यक्तियों की सूची अपडेट रखते हुए उनसे संपर्क कर उनके गांव के संबंध में जानकारी इकट्ठी की जाए।

## वेदनाओं की अभिव्यक्ति है कविता: कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में पूर्वांचल साहित्य महोत्सव.2021 का आयोजन गुरूवार को किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश शासन के अनुमोदन से थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट समिट के तहत ष्आत्मनिर्भर भारत एवं युवा विषयष् पर काव्य गोष्ठी आयोजित हुआ। इस दौरान कवियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में कुलपति प्रोण् निर्मला एसण् मौर्य ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि साहित्य का समाज को दिशा देने में विशेष योगदान है। इन युवा काव्य प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इच्छाओं की तरह कविता मुक्त और त्याग की कथा हैए वेदनाओं की अभिव्यक्ति भी है कविता। कुलपति ने अपनी एक रचना भी प्रस्तुत की.। कौन सी कविता होती है पूरीए सदा रहती है अधूरी। थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट में ,आत्मनिर्भर भारत एवं युवाष् विषय पर विद्यार्थियों ने काव्य पाठ किया। बीटेक के छात्र अश्वनी ठाकुर फौजी प्रथम स्थान, गाजीपुर राजकीय महाविद्यालय की बीए की छात्रा सौम्या मिश्रा द्वितीय स्थान, श्वेता यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आमंत्रित कवियों ने भी अपना काव्य पाठ कर खूब तालियाँ बटोरी।

## पंचायत चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने गाँव में बैठक की

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने गांवों में शांति समिति की बैठक आयोजित करानी शुरू कर दी हैं। गुरुवार को भवानीगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चौरा बनगवां में शांति समिति की बैठक हुई। प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को आयोजित गणमान्यों की बैठक में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर सम्भावित प्रत्याशियों का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है ।

## आठ से फिर फर्राटा भरेगी प्रयागराज-मऊ डीएमयू

**मऊ।** कोरोना संक्रमण के चलते लाकडाउन घोषित होने के बाद छोट-छोटे स्टेशनों पर ट्रेनों में चढ़ने-उतरने की राह देखने वाले लोगों के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से डीएमयू ट्रेन चलाने की बड़ी खुशखबरी आई है। 11 माह बाद आठ मार्च से प्रयागराज रामबाग,मऊ जंक्शन के मध्य एक जोड़ी अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष गाड़ी को रविवार को छोड़ सप्ताह में छह दिन चलाने का निर्णय लिया गया है। वाराणसी डीआरएम के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05138 प्रयागराज रामबाग.मऊ अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 08 मार्च को प्रयागराज रामबाग से 06: 10 बजे प्रस्थान कर दारागंज, झूसी, रामनाथपुर, सैदाबाद, हंडिया खास,भीटी, अतरौरा, जंगीगंज, सराय जगदीश, ज्ञानपुर रोड, अलमऊ हाल्ट, अहिमनपुर,माधोसिंह, कटका, कछवा रोड, निगतपुर,बहेरवा हाल्ट, राजा तालाब, हरदत्तपुर, भूलनपुर, मंडुवाडीहए वाराणसी कैंट 09.40 बजे, वाराणसी सिटी से 09:50 बजे, सारनाथ, कादीपुर, रजवारी, औंड़िहार, माहपुर, सादात, हुरमुजपुर हाल्ट, जखनियां, दुल्लहपुर, नायकडीह, पिपरीडीह, पनियरा हाल्ट से होते हुए 12 बजे मऊ जंक्शन पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05137 मऊ-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष गाड़ी सात मार्च से शनिवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन मऊ से 14:45 बजे प्रस्थान कर पनियरा हाल्ट से 14:55 बजेए पिपरीडीह से 15:01 बजेए नायकडीह से 15:12 बजेए दुल्लहपुर से 15:19 बजे चलकर 20:45 बजे रामबाग पहुंचेगी। इस गाड़ी में मेमू के 8 कोच लगाए जाएंगे। इस गाड़ी से सफर करने के लिए आरक्षित टिकट लेने की जरूरत नहीं होगी।

## मैहर मन्दिर में श्रृंगार महोत्सव के समापन पर भंडारा का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** श्री माँ शारदा शक्तिपीठ ;मैहर मन्दिरद्ध शास्त्रीनगर, परमानतपुर में गुरूवार को प्रातःकाल से ही माँ का दिव्य श्रृंगार व आरती पूजा कर मंदिर परिसर के राम दरबार में आयोजित अयोध्या से आये संतों द्वारा रामचरित मानस पाठ के समापन पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। 28वाँ स्थापना दिवस के समापन पर दोपहर माँ की आरती महंत सूर्य प्रकाश जायसवाल ने किया। उसके पश्चात राम दरबार में आरती पूजा व हवन कुंड में यज्ञ हुआ। भण्डारा दोपहर 1 बजे से रात्रि तक चलती रही। भक्तों ने भारी संख्या में आकर माँ का प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या व देवी देवताओं की झांकी कार्यक्रम अन्य जिलों में कोरोना के पुनः प्रभाव को ध्यान में रखकर मंदिर ट्रस्टी की सहमति से रद्द कर दिया। भण्डारे में भक्तों के लिये समुचित व्यवस्था किया गया।

## सड़क हादसे में चाचा भतीजा घायल

**सुइथाकला,जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गलगला शहीद बाजार में गुरुवार की दोपहर बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को आसपास के लोग स्थानीय सीएचसी ले गये जहाँ हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुकर्णाकला गाँव निवासी विजय कुमार पुत्र प्रेमू लाल अपने चाचा बजरंगी पुत्र बंशू को बाइक पर बैठाकर गलगला शहीद बाजार में हाईवे पार कर रहा था कि रोडवेज बस की चपेट में आ गये। हादसे में दोनों गम्भीर अवस्था में घायल हो गये। आसपास के लोग आनन.फानन में सीएचसी सुइथाकला ले गये जहाँ हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया।

## प्रदेश भर के तकनीशियन 8 मार्च को भरेंगे हुंकार

**जौनपुर।** बिजली विभाग में कार्यरत तकनीशियन संवर्ग की कई वर्षों से लंबित समस्याओं का निवारण न करने के कारण राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ आंदोलन के दौरान छठे चरण में 8 मार्च को पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में विरोध प्रदर्शन करेंगे। पूर्वांचल महासचिव सत्य नारायण उपाध्याय ने बताया कि 4200 ग्रेड पेए समयबद्ध वेतनमान क्रमशः अवर अभियंताए सहायक अभियंताए अधिशासी अभियंता का पदोन्नति में 10 वर्ष की बाध्यता खत्म करनेए आमेलन को प्रत्येक वर्ष चालू करने जैसे मुद्दों के निवारण हेतु केंद्रीय नेतृत्व ने शीर्ष प्रबंधन को लगातार पत्राचार किया लेकिन प्रबंधन अपनी हठधर्मिता करते हुए आज तक समस्याओं का निवारण न कर लगातार शोषण कर रहा है जिससे तकनीशियन कर्मियों में आक्रोश है। 8 मार्च को पूरे प्रदेश से 20 हजार की संख्या में तकनीशियन शक्ति भवन पहुँच कर हुंकार भरेंगे।

## युवती के साथ पकड़े गये युवक की परिजन ने धुनाई कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता। मड़ियाहूं, जौनपुर

**स्थानीय** थाने के सामने गुरुवार को युवती के साथ पकड़े गये एक युवक के परिजनों ने जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। गांधी तिराहे के पास घटी घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। कोतवाली परिसर के सामने लड़की के साथ खुलेआम दबंगई से लोग इधर.उधर भागने लगे। माजरा जब तक समझते सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया तब जाकर मामले का खुलासा हो सका। गांव की युवती को एक युवक काफी दिनों से लेकर फरार चल रहा था। परिजनों ने इसकी गुमशुदगी लाइन बाजार थाना में दर्ज कराई है। गुरुवार की दोपहर गांधी तिराहे के पास युवती को ले जाते हुए एक युवक बाइक से दिखाई पड़ा। परिजनों ने तुरंत युवती को अपने कब्जे में लेते हुए युवक की तिराहे पर जमकर पिटाई करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक लाइन बाजार थाने का आरोपी है जिसे छोड़ा न जाए।

# पुलिस लाइन में मिशन शक्ति पर संगोष्ठी



संवाददाता। देवरिया

**गुरुवार** को जनपद देवरिया के पुलिस लाईन स्थित प्रेक्षा गृह में मिशन शक्ति के अन्तर्गत मिशन शक्ति संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग उप्र उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चैधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक देवरिया डा.श्रीपति मिश्र की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित करते हुए किया गयाए उक्त गोष्ठी में जनपद देवरिया के समस्त थानो,कार्यालयों,शाखाओं में नियुक्त महिला मुख्य आरक्षियों व महिला आरक्षियों ने प्रतिभाग लिया। गोष्ठी में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वालम्बन में महिला पुलिस कर्मियों का योगदान प्रमुख रहा। राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चैधरी द्वारा गोष्ठी का शुभारम्भ करते हुए कहा गया कि महिला पुलिस कर्मियों को मिशन शक्ति के अन्तर्गत समस्त थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त किया गया है कि वह वहॉ आने वाली महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए उनका निराकरण करायेंगीए जो एक अहम जिम्मेदारी है। प्रत्येक महिला पुलिस कर्मी को अपने विचारए अपना आचरण तथा अपनी वाणी मधुर रखना चाहिएए जिससे कोई पीड़िता प्रभावित होकर आपको अपनी समस्या पूर्ण व स्पष्ट रूप से बता सकेए कभी भी किसी महिला पीड़िता से कटु वचन का प्रयोग नहीं करना चाहिएए जिससे वह सहम जाये और आपको अपनी समस्या बताने में झिझके। जैसे कोई मरीज डॉक्टर के पास जाता है तो वह उसकी समस्या को बहुत ध्यान से सुनता हैए जिससे मरीज की आधी समस्या स्वयं खत्म हो जाती हैए वैसे ही आप को करना चाहिए। आप लोग किसी पीड़िता के लिए एक संजीवनी के समान होती हैं जो आप से मिलने के उपरान्त आपके मधुर व्यवहार से वह अपनी कुछ पीड़ाएं भूल जाती है और उनमें यह उमीद जागृत हो जाती है कि उनके साथ न्याय होगा और यही भरोसा आपको बनाये रखना होगा। आप लोगों को पूर्ण विश्वास व आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ना हैए आपको पूर्ण रूप से संकल्पित होकर पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करना है। जिससे आप अपने भविष्य को उज्जवल कर सकें। हमेशा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर आपकी अन्तरात्मा आसे कहेगी कि आपने सही किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया डा रामयश सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी श्रीमती नीलू सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उनि नवीन चैधरी,थानाध्यक्ष महिला थाना उ0नि0 प्रिती सिंहए आदि उपस्थित रहे।

## डा. अंजना ने बैंक का किया निरीक्षण

सवांददाता। केराकत, जौनपुर

**स्थानीय** तहसील क्षेत्र के उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड की शाखा केराकत का औचक निरीक्षण वाराणसी मंडल की निदेशक डाण् अंजना श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान उन्होंने केराकत में बांटे गये लोन वितरण रजिस्टर, लोन रिकवरी रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर एवं बैंक के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का निरीक्षण किया।

किसानों के लिये कृषि लोन व कामर्शियल लोन दिया जाता है। पूरे प्रदेश में इस समय 323 शाखाएं कार्य कर रही हैं। पूर्व सरकारों में बैंक की स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। वर्तमान सरकार ने इस प्रकार के बैंकों द्वारा किसानों को सुविधाजनक तरीके से लोन दिया जा सके आदि को सुधारने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की अच्छी नीतियों के कारण प्रदेश की सभी शाखाएं अच्छी तरह से किसानों को लोन देने का कार्य कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने इंद्रावती देवी व अन्य किसानों को लोन का चेक भी प्रदान किया। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धकए सदस्य राकेश तिवारीए सभासद अवधेश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## अपने कर्मों से मिलता है मनुष्य को पाप व पुण्य का फलः स्वामी हरिहरानन्द

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** मनुष्य को जो जीवन काल मिला है वह साधारण नहीं अपितु असाधारण है। मनुष्य के कर्मों के हिसाब से ही उसे पाप और पुण्य मिलता है। यह बातें दैवी सम्पद मण्डल के महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानन्द जी महराज ने नगर के मोहल्ला गुड़हाई स्थित स्वण् मेवालाल साहू सत्संग भवन में पहले दिन की सत्संग कथा में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इसी जीवन में पाप पुण्य की प्राप्ति मनुष्य अपने कर्मों से प्राप्त करेगा। इस महान भारत देश की भूमि में अनेकों महापुरुषों का अवतरण हुआ है। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष शिव गोविन्द साहू, अरविन्द साहू बच्चा,अयोध्या प्रसाद गुप्त, घनश्याम दास गुप्ता, राजबहादुर चौरसिया, दिनेश साहू, संजय उमरवैश्य, डाा् हरिश्चन्द्र गुप्तए इन्द्रमणि मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## 10 से 31 मार्च तक चलाया जाएगा आयुष्मान गोल्डन कार्ड अभियान

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** तहसील डुमरियागंज अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड अभियान जो 10 मार्च से 31 मार्च तक शासन द्वारा निर्धारित किया गया है एजिसमें सहज जन सेवा केंद्र आशा एआंगनवाड़ी एकोटेदार और रोजगार सेवक की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत आज दिनांक 4 मार्च को जन सेवा केंद्र के ऑपरेटरों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में बैठक की गई। जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डुमरियागंजध् भनवापुर तथा खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज, एडीओ पंचायत डुमरियागंज तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे । इस मीटिंग में निम्न निर्देश एवं कार्रवाई की गई । समस्त जन सेवा केंद्र के ऑपरेटरों को बताया गया कि 10 मार्च से 31 मार्च तक आयुष्मान कार्ड बनाने में कोई धनराशि उनके खाते से नहीं कटेगी बल्कि सरकार इंसेंटिव के तौर पर उन्हें धनराशि उपलब्ध कराएगी। 20 से अधिक जन सेवा केंद्र के ऑपरेटर अनुपस्थित रहे जिन्हें पुन: कल 10 : 00 बजे परिसर में मीटिंग में प्रतिभाग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# ट्रेन पलटाने के इरादे से कुंडा में काट दी पटरी

## सुबह कीमैन ने देखा ,मौके पर पहुंचे रेलकर्मियों ने पटरी की मरम्मत की

## ट्रेनें कॉशन पर गुजारी गईं, तहरीर दी

संवाददाता। प्रतापगढ़

**ट्रेन** पलटाने के इरादे से अराजकतत्वों ने बुधवार रात प्रयागराज-लखनऊ रेल रूट पर पटरी को चार स्थानों पर काटने का प्रयास किया। एक स्थान पर करीब चार मिलीमीटर तक पटरी काट भी दी। गुरुवार सुबह कीमैन ने इसे देखा तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे रेलकर्मियों ने पटरी की मरम्मत की तो ट्रेनें कॉशन पर गुजारी गईं। कुंडा और मानिकपुर रेलवे स्टेशन के बीच बहरामई के पास कीमैन विश्व व्यापक सिंह गुरुवार सुबह 7:50 बजे पहुंचा। उसने किलोमीटर संख्या 48 के पास देखा तो रेल पटरी को चार स्थानों पर काटने का प्रयास किया गया था। एक जगह तो करीब चार एमएम पटरी काट दी गई थी।

तीन जगह आरी ब्लेड चलाने के निशान बने थे। कीमैन ने इसकी सूचना मेठ रमेशचंद मीना को दी। रमेशचंद ने ऊंचाहार के पीडब्ल्यूआई सईद अहमद को बताया। कुंडा के स्टेशन अधीक्षक वीपी शुक्ला को 8:40 बजे जानकारी देकर इस रूट पर ट्रेन संचालन ठप कराया गया। कुंडा के आरपीएफ इंस्पेक्टर अवधेश नारायण पांडेय, कुंडा चौकी प्रभारी नंदलाल मौके पर पहुंचे। ट्रेन पलटाने के लिए पटरी काटने के प्रयास की जानकारी मिलने पर सीओ कुंडा जितेंद्र सिंह परिहार, थाना प्रभारी कुंडा डीपी सिंह और एसओ मानिकपुर सुभाष यादव भी पहुंच गए।

इस दौरान गुजरने वाली ट्रेनें आसपास के स्टेशन पर खड़ी रहीं। रेलकर्मियों ने कटी पटरी के पास जागल क्लैम्प लगाकर उसकी मरम्मत की। 11:05 बजे कॉशन पर ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया। घटना के संबंध में पीडब्ल्यूआई सईद अहमद ने मानिकपुर थाने में तहरीर दी है।

उनका कहना है कि ट्रेन पलटाने के लिए पटरी काटने का प्रयास किया गया है। हालांकि देर शाम तक मामले में रिपोर्ट नहीं दर्ज की जा सकी थी।

## प्राथमिक शिक्षकों को बताई गई शिक्षण कार्य की बारीकियां

**लालगंज**। ब्लॉक परिसर के बीआरसी केंद्र पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय विकासखण्ड परिसर स्थित बीआरसी केन्द्र पर मिशन प्रेरणा के तहत दो दिवसीय आधारशिला क्रियांवयन संदर्शिका, समृद्ध हस्त पुस्तिका प्रिंट रिच मटेरियल एवं गणित से सम्बन्धित प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी मो. रिजवान के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में मॉस्टर टेऩर के रूप मे एआरपी जयप्रकाश पाण्डेय, राजेश कुमार वर्मा, रमेश मिश्र, राजीव नाथ पाण्डेय, अवनीश मिश्र ने प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षण कार्य की बारीकियों को शिक्षकों के सामने प्रस्तुत किया। प्रशिक्षकों ने मिशन प्रेरणा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों से विद्यालय में प्रशिक्षण के अनुरूप शिक्षण कार्य कर नौनिहालों को गुणवत्तापरक व व्यवहारिक शिक्षा देने का आहवान किया।

# जिला स्वास्थ्य समिति की सीडीओ ने की समीक्षा

संवाददाता। प्रतापगढ़

**मुख्य** विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने संस्थागत प्रसव, घरेलू प्रसव, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं-कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं-कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निर्देशित किया कि लाभार्थियों का भुगतान यथाशीघ्र किया जाये एवं अनटाइड फण्ड की धनराशि के जो बिल भुगतान हेतु लम्बित है उनका भुगतान कराया जाये। समीक्षा में पाया गया कि सीएचसी अमरगढ़ के सफाईकर्मी का भुगतान नही हुआ, एएनएम सेन्टर के साफ-सफाई हेतु आवंटित धनराशि का अभी तक 53 प्रतिशत ही भुगतान किया गया है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही जल्द से जल्द की जाये। रानीगंज, गौरा, कहला सीएचसी में आयुष्मान कार्ड के सम्बन्ध में आयुष्मान मित्र द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित आयुष्मान मित्र के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि 10 से 24 मार्च तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जाएगा। सीडीओ ने निर्देशित किया कि इस पखवाड़े में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भागीदारी सुनिश्चित करायी जाये, स्कूल, पंचायत भवन प्रांगण एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर वाल पेंटिंग करायी जाए।

## ट्रक-कार की भिड़न्त में दो की मौत

**प्रतापगढ़**। थाना रानीगंज क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर ट्रक और कार की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाह समारोह में शामिल होने संभल से वाराणसी जा रहे लोगों की कार वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर खरहर गांव के नजदीक बुधवार देर रात सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। घटना में कार सवार सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां गब्बर (40 वर्ष) और एक अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में घायल अन्य लोगों की हालत गम्भीर होने के चलते सभी को उपचार हेतु प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

**प्रतापगढ़**। सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नगर कोतवाली क्षेत्र के दहिलामऊ निवासी एसपी पांडेय के पुत्र रवीन्द्र (44 वर्ष) बुधवार रात स्कूटी से घर जा रहे थे। दहिलामऊ में अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौत हो गई। उनकी लाश सड़क पर पड़ी मिली। मौत की खबर पहुंचते ही घर पर कोहराम मच गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## कम समय में भी कर सकते है ईश्वर की आराधना



**फतेहपुर**। कस्बे के जैन सन्मति भवन में भावलिंगी सन्त श्रमणाचार्य विमर्श सागर गुरुदेव के सानिध्य में चल रहे आठ दिवसीय आनन्द महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को आचार्य श्री ने भक्तों को अपने आराध्य की विनय, वंदना, पूजा करने का ज्ञान कराया। उन्होंने कहा कि भगवान की पूजा भी बड़े भाव पूर्वक करनी चाहिए। आप के पास यदि समय का अभाव है।तो आप कम समय मे भी ईश्वर की आराधना ज्ञान से कर सकते है। जरूरी नही की अधिक समय ही भगवान का भजन करें। आप कम समय मे भी गुरु द्वारा बताए अनुसार भी पूजा भजन कर सकते है। भक्तों ने संगीत की भक्तमई धुनों पर भावनृत्य करते हुए पूजा आरती की। शाम को मंदिर से आनन्द यात्रा निकाली गई। बघ्घिओं व डीजे के साथ निकली यात्रा में भक्तों ने नृत्य किया। गुरुदेव के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

## मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**ललितपुर**। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विज्ञान केन्द ललितपुर पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गांव के 30 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर डॉ नितिन यादव ने वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन के बारे में जानकारी दी देश में पायी जाने वाली मधुमक्खी की किस्मे मधुमक्खी की सरचना मौन गृह मौन गृह के सदस्य का श्रमविभाजन मधुमक्खी की पहचान शहद शाही जैली की औषधीय उपयोगिता आदि के बारे में बताया। इस योजनान्तर्गत ग्रामीण युवा एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने व आमदनी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। डॉ. यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सात दिन तक चलेगा जिसमें मीन गृह का रखरखाव मधुमक्खी पालन हेतु उपकरण मौन गृहों का मौसमीय प्रबंधन शहद निष्कासन मौन विष का निष्कासन मधुमक्खी के कीटो एवं प्राकृतिक शत्रुओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। मधुमक्खी पालन से परागण के माध्यम से फसलों की उपज में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डा. दिनेश तिवारी डॉ पाण्डेय मारूफ अहमद डॉ अर्चना दीक्षित एवं केन्द्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्मृति ईरानी कल अमेठी दौरे पर, देंगी कई सौगातें

संवाददाता। अमेठी

**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास और वस्त्र मंत्री छह मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी को विकास की कई सौगात देने के लिए यूपी सरकार के दो मंत्रियो के साथ आ रही है

अमेठी सांसद स्मृति ईरानी यहा कई कार्यक्रमो मे हिस्सा लेगी और विकास से जुड़ी योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगी। केंद्रीय मंत्री व सांसद के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद शनिवार सुबह पौने नौ बजे दिल्ली से लखनऊ के लिए इंडिगो विमान से प्रस्थान करेंगी दस बजे वह मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगी और अमेठी में दीवानी न्यायालय सहित अन्य योजनाओं को शीघ्रता से पूरा कराए जाने को लेकर बात करेंगी। विजय गुप्ता ने बताया कि स्मृति पौने 11 बजे वह मुख्यमंत्री आवास से निकलकर सीधे अपने संसदीय क्षेत्र के तिलोई विधान सभा क्षेत्र में पहुंचेगी यहां तिलोई बस अड्डे का भूमि पूजन करने के साथ ही लोगों के बीच उद्बोधन भी करेंगी पौने एक बजे वह जायस के लिए निकलेगी। जायस में सवा एक बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण व कोरोना वैक्सीन के वैक्सिनेसन की समीक्षा करेंगी डेढ बजे वह जायस से गौरीगंज के लिए प्रस्थान करेंगी। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि दो बजे गौरीगंज के रणजंय इंटर कालेज मैदान में चल रही श्रीराम कथा स्थल पर पहुंचेगी और यहां दीदी जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन करेंगी द्यपौने तीन बजे गौरीगंज से अमेठी को निकलेंगी तीन बजे अमेठी के सुलतानपुर रोड़ स्थित डायट सेंटर सहित कई योजनाओं को लोकार्पण व शिलान्यास करेंगी।

## प्रत्याशियों ने अधिवक्ता हितों को भरी हुंकार

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। तहसील में आज शुक्रवार को होने वाले संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए प्रातः नौ बजे से मतदान होगा। मतदान अपरान्ह तीन बजे तक किया जाएगा। इसके बाद साढ़े तीन बजे के बाद मतगणना व परिणाम की घोषणा भी होगी। इसके पहले गुरूवार को तहसील के पार्क मे प्रत्याशियों का दक्षता भाषण दिन भर चुनावी सरगर्मी मे दिखा। अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष एवं प्रचार मंत्री पद के उम्मीदवारों ने अपने दक्षता भाषण मे संघ की एकता तथा अधिवक्ताओं के मुददो पर संघर्ष की हुंकार भरी। प्रत्याशियों ने साथी अधिवक्ताओं से समर्थन जुटाने के लिए अपने चुनावी वायदे भी सामने लाये। दक्षता भाषण के दौरान बीच बीच मे समर्थक अधिवक्ताओं द्वारा जिंदाबाद के नारे भी चुनावी सरगर्मी को तेज किये हुये दिखी। प्रत्याशियों ने भाषणों के जरिये शेरो व शायरी तथा कविताओं से भी समर्थन की समां बांधी।

# भाजपा पंचायत चुनाव में जीत का इतिहास रचेगी : संजय राय

संवाददाता। अमेठी



**भारतीय** जनता पार्टी के गौरीगंज स्थित जिला कार्यालय पर पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में मंथन बैठक आयोजित हुई। बैठक में बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद जिला प्रभारी व पार्टी के प्रदेश मंत्री संजय राय ने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र पंचायत चुनाव की जीत हैए उन्होंने कहा कार्यकर्त्ताओं के बल पर जिले में जीत का इतिहास रचा जायेगा। उन्होने कहा कि पांच से 10 मार्च तक ग्राम पंचायतों में बैठके आयोजित होंगी। 11 से 18 मार्च के बीच ग्राम चौपाल आयोजित होगी।। और इस दौरान जनसंपर्क अभियान चलाकर घर.घर दस्तक देते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का पत्रक प्रत्येक परिवार में पहुंचाया जाएगा। पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों के विरूद्ध चुनाव में असहयोग करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध अनुशासनात्मक कठोर कार्रवाई होगी। ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व अध्यक्ष के पद पर पार्टी अपना अधिकृत प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। पंचायत चुनाव संयोजक दयाशंकर यादव ने जिले में पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों का व्यौरा प्रस्तुत किया एवं पार्टी के जिला महामंत्री केशव सिंह ने बैठक का संचालन किया। बैठक के जिला प्रभारी संजय राय की उपस्थित में पंचायत जिला चुनाव संचालन समिति की बैठकआयोजित हुई। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी दी। बैठक में मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, जिला पंचायत वार्ड संयोजक व प्रभारी, ब्लाक संयोजक सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में एफसीआई कर्मी की मौत

**बाराबंकी**। संदिग्ध हालत में एफसीआई कर्मी की देर शाम मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक जहांगीराबाद थानाक्षेत्र ग्राम पंचायत पाराखंदौली सनेहि पुरवा में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थानाक्षेत्र मन्गुर पुर निवासी राजाराम निषाद (55 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय धन्नू अकेले रहकर एफसीआई गोदाम में लोडर का काम करता था। बुधवार की देरशाम घर जा रहे राजाराम के सीने में तेज दर्द होने के बाद उनकी मौत हो गई जिसके बाद ग्रामीणों व एफसीआई कर्मियों ने पुलिस को मौत होने की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

## दो तस्कर मारफीन के साथ गिरफ्तार



**बाराबंकी**। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करके उनके पास से 210 ग्राम मारफीन के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है । मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र रसूलपनाह मोड़ पर सुपर स्प्लेंडर यूपी 41 एएल 7179 सवार दो युवक जा रहे थे। तलाशी में दोनों के पास से 210 ग्राम मारफीन बरामद हुई पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करके जेल रवाना किया है। गिरफ्तार युवक कोतवाली नगर के बड़ेल के रहने वाले हैं और बेहद ही शातिर किस्म का तस्कर रामबाबू गुप्ता पुत्र शिवशंकर गुप्ता व वीरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र काली प्रसाद गुप्ता है।

## पूरे ईश्वरनाथ में शिवाला महोत्सव 10 मार्च से

**प्रतापगढ़**। सदर विधानसभा क्षेत्र के पूरे ईश्वर नाथ स्थित शिवाला मंदिर पर आयोजित होने वाला महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में दो दिवसीय शिवाला महोत्सव लेकर तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई। मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई के साथ ही मंदिर की रंगाई -पुताई का कार्य जोरों पर चल रहा है। बता दे कि सदर विधायक राजकुमार पाल के संरक्षकत्व में महाशिवरात्रि के पर्व के उपलक्ष में 10 मार्च से महोत्सव का शुभारंभ होना है। समापन 11 मार्च को महाशिवरात्रि के पर्व पर होगा। इस मौके पर निरूशुल्क स्वास्थ्य कैम्प व गरीब, असहायों आंखों की जांच के उपरांत निशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। इसी के साथ सांध्य बेला पर सिलवर नाईट जुबली जागरण ग्रुप व आरडीएन फिल्म प्रोडक्शन एवं एनवाईके के नामचीन कलाकारों द्वारा नित्य, गायन के साथ सांस्कृतिक कायक्रम व विविध झाकिया की प्रस्तुति की जाएगी। 11 मार्च को ही विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

# बच्चों की लड़ाई में दो पक्षों में जमकर मारपीट

## भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सहित 10 लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता। फतेहपुर (**बाराबंकी**)

**क्षेत्र** के ग्राम नहरवल में बच्चों बच्चों की लडाई में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने सीएचसी पर भर्ती कराया जहां से दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 38 लोगों के विरूद्ध हत्या का प्रयास के साथ अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नहरवल में एक कार्यक्रम चल रहा थाए कार्यक्रम के दौरान कुर्सी पर बैठने को लेकर बच्चों में झगडा शुरू हो गया। एक पक्ष के लालता प्रसाद व दूसरे पक्ष के राजाराम के बीच कहासुनी होने लगी और दोनों पक्षों के कई लोग एकत्र हो गए। कहासुनी इतनी बढ गई कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में एक पक्ष के इन्द्र बहादुर (17 वर्ष), लालता प्रसाद (45 वर्ष), शिवबरन (30 वर्ष), शैलेन्द्र कुमार (18 वर्ष), शिव करन (31 वर्ष), अमित कुमार (21 वर्ष), रोहित (19 वर्ष) व दूसरे पक्ष के श्रीदेवी (55 वर्ष) विमलेश कुमार (22 वर्ष) सुचित (15 वर्ष) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल शिवबरन व लालता प्रसाद को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 38 लोगों के विरूद्ध हत्या का प्रयास समेत कई गंभीर घाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## छात्र का फंदे से लटकता बाग में मिला शव

**बाराबंकी**। संदिग्ध परिस्थितियों में एक छात्र का शव घर से 500 मीटर दूरी एक बाग में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ से लटकता हुआ ग्रामीणों ने देखा तो हड़कम्प मच गया। ग्रामीणोंकी सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार कोठी थानाक्षेत्र के नियामतपुर असदामऊ निवासी बलवंत कुमार (20 वर्ष) एक डिग्री कॉलेज बीए तृतीय वर्ष का छात्र था बीती शाम उसने परिवार के साथ मे बैठकर भोजन किया और अपने कमरे मे सोने के लिये चला गया गुरुवार की सुबह जब गांव की महिलाएं शौच लिये खेत मे गई तो देखा कि कोई खेत मे पेड़ से लटका हुआ देखा तो हडकंप मच गया। पोस्टमार्टम करवाने आये परिजनों ने बताया कि बलवंत बेहद सरल स्वभाव का था और अपनी पढ़ाई में व्यस्त रहता था आचानक उसके मन मे आखिर क्या आया कि वो घर से निकलकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

# अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



संवाददाता। बाराबंकी

**अल्पसंख्यक** मंत्रालय के सहयोग से सृजन संस्था द्वारा बाराबंकी में संचालित किये जा रहे अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नई रोशनी का प्रथम बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा की नई रोशनी कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उनके आगे बढ़ाने की सोच को जागृत करती है और उनमें आत्मविश्वास जगाती है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर समीर सिंह ने कहा कि वे शोषण के विरुद्ध आवाज उठाएं और आगे बढ़कर अपने अधिकारों की मांग करें। छह दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न विषयों जैसे महिलाओं में नेतृत्व कुशलताएं, महिलाओं के कानूनी अधिकार, स्वच्छ भारत, स्वास्थ्य और स्वच्छता, जीवन कौशल, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय प्रणालियां, शैक्षिक सशक्तिकरण, समाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन के लिए पक्ष-समर्थन से सम्बन्धित विषयों पर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

# भए प्रकट कृपाला, दीन दयाला, कौशल्या हितकारी

## राम कथा में मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

## महिलाओं ने गाया सोहर, राम मय हुआ वातावरण

संवाददाता। अमेठी



**बुधवार** का दिन श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज में चल रही श्री राम कथा में बेहद अहम रहा। उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को श्री राम कथा जन्मोत्सव की कथा सुनाकर कथा व्यास स्वामी राम भद्राचार्य जी ने मंत्र मुग्ध कर दिया। भगवत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर रहे। कथा के तीसरे दिन कथा व्यास नारद मोह से लेकर भगवान राम के जन्म उत्सव की कथा कही। स्वामी जी ने कहा कि पढ़े नारदजी से बचाने के लिए भगवान ने वानर का मुख दिया।इससे नारद को भले ही अटपटा लगाए लेकिन हनुमान जी को जीवन जीने का एक तरीका मिल गया। हनुमान जी ने कहा यदि वानर कब खुलेंगे माया सामने नहीं आती तो मैं वानर के रूप में ही रहूंगा। कथा व्यास महाराज दशरथ द्वारा प्रभु को पुत्र रूप में प्राप्त करें के लिए तप का प्रसंग सुनाया। इसके बाद भगवान राम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति से थिरकने पर मजबूर कर दिया। डॉ अनिल त्रिपाठी द्वारा आयोजित इस कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। पांडाल से बाहर सड़क तक श्रद्धालु खड़े रहे और श्री राम कथा का रसपान करते रहे।

## बुनकरों के बिजली कनेक्शन घरेलू करने की मांग

संवाददाता। ललितपुर

**भारतीय** जनता पार्टी के नगर मंत्री पं संतोष नायक के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि जनपद ललितपुर में रहने वाले 21 बुनकर उपभोक्ताओं के जो घरेलू विद्युत कनैक्शन वर्षों से है उन कनैक्शनों को विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा घरेलू से कर्मशियल कर दिया है जिससे सभी गरीब बुनकर जाति के लोगो को अत्याधिक बिल आ रहे है तथा काफी परेशानी हो रही है इन लोगो के द्वारा बिजली विभाग ऑफिस में जाने पर इन को यहां से वहां घुमाया जा रहा है। जबकि यह लोग जरी सिल्क साड़ी बुनकर अपना भरण पोषण कर रहे है जो अत्याधिक बिल भरने में असमर्थ है । डीएम से उपरोक्त मामले की जांच कराये जाकर इनके कनैक्शन को कमर्शियल कर दिये गये है उन्हें पुन घरेलू कनैक्शनों में अंकित कराने की मांग की।

# आचार्य रमाशंकर ने संस्कृत उत्थान के लिए समर्पित किया अपना जीवन: प्रमोद तिवारी

## लालगंज के भेभौंरा-भभया नगर के नवनिर्मित शैलजा सभागार में जयंती पर शिक्षाविद् ने किया याद

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**क्षेत्र** के भेभौंरा-भभया नगर स्थित नवनिर्मित शैलजा सभागार में बुधवार की शाम संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष आचार्य रमाशंकर मिश्र की जयंती समारोह के रूप मे मनाई गयी। जयंती शताब्दी समारोह में केन्द्रीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने उन्हें संस्कृत का महान् विद्वान बताया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि आचार्य रमाशंकर मिश्र का व्यक्तित्व बहुत ही महनीय रहा है। उन्होनें संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए एक से बढ़कर एक सराहनीय योगदान दिया। जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. यदुनाथ द्विवेदी ने कहा कि विश्व मे सनातन संस्कृति का विशिष्ट गौरव है। भारतीय संस्कृत बंधुत्व व चरित्र निर्माण की प्रेरणा दिया करती है। उन्होनें आचार्य रमाशंकर को संस्कृत के क्षेत्र मे काम करने के लिए याद किया। संस्कृत के विद्वान प्रो. कामता नाथ त्रिपाठी, डा. शक्तिधर नाथ पाण्डेय व डा. शिवमूर्ति त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामफेर पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र नाथ त्रिपाठी, केडी मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख ददन सिंह, गिरिजानंद चौबे, संगमलाल मिश्र, प्रकाशचंद्र मिश्र, पवन शुक्ल, विशालमूर्ति मिश्र आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो भाईयों पर केस

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी दो सगे भाईयों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की 26 वर्षीया विवाहिता ने बीती पांच नवंबर को तहरीर देकर पड़ोस के शिवा गुप्ता व कैलाश गुप्ता पुत्रगण मेवालाल निवासी बसंतगंज जेंवई पर घर मे घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने उसके साथ हुए दुष्कर्म के वारदात की वीडियो क्लिप भी बना ली। वीडियो क्लिप वॉयरल करने की धमकी देकर आरोपियों ने अलग अलग दिनों पर कई बार उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पुलिस ने अनसुनी कर दी तो उसने न्यायालय मे परिवाद दाखिल कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।